www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...


छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक

संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु



रायपुर, बुधवार, 20 सितंबर 2023 | वर्ष – 65 | अंक – 156 | पृष्ठ – 12 | मूल्य – 4.00 प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23

महिला आरक्षण बिल भाजपा का जुमला : कांग्रेस — पृष्ठ 2

■ नये संसद भवन और विशेष सत्र का औचित्य अब साफ है
■ कांग्रेस नेतृत्व 2024 में इंडिया बैनर तले भाजपा से मुकाबले को लेकर ... — पृष्ठ 6

■ अगले हफ्ते कोरिया, चीन, जापान की होगी उच्च स्तरीय वार्ता
■ ईरान की जेलों में बंद पांच अमेरिकी नागरिक रिहा — पृष्ठ 7

हमें हांगजू एशियाई खेलों में है हॉकी में पदक जीतने की आस — पृष्ठ 8

# लोकसभा में महिला आरक्षण बिल पेश

## कानून बनने के बाद महिला सांसदों की संख्या 181 होगी

**नई दिल्ली**, 19 सितम्बर (देशबन्धु)। लोकसभा में मंगलवार को 128वां संविधान संशोधन बिल यानी नारी शक्ति वंदन विधेयक पेश किया गया। इसके मुताबिक, लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 फीसदी आरक्षण लागू किया जाएगा। इस फॉर्मूले के मुताबिक, लोकसभा की 543 सीटों में 181 महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी।

नए विधेयक में सबसे बड़ा पेंच ये है कि यह परिसीमन के बाद ही लागू होगा। ये परिसीमन इस विधेयक के बाद होने वाली जनगणना के आधार पर ही होगा। 2024 में होने वाले आम चुनावों से पहले जनगणना और परिसीमन करीब-करीब असंभव है। विधानसभा और लोकसभा के चुनाव समय पर हुए तो इस बार महिला आरक्षण लागू नहीं होगा। यह 2029 के लोकसभा चुनाव या इससे पहले के कुछ विधानसभा चुनावों से लागू हो सकता है।

**अभी लोकसभा में हैं 82 महिला सांसद**

कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने कहा कि हम ऐतिहासिक बिल लाने जा रहे हैं। अभी लोकसभा में 82 महिला सांसद हैं, इस बिल के पास होने के बाद 181 महिला सांसद हो जाएंगी। यह आरक्षण सीधे चुने जाने वाले जन प्रतिनिधियों के लिए लागू होगा। यानी यह राज्यसभा और राज्यों की विधान परिषदों पर लागू नहीं होगा। लोकसभा की कार्यवाही 20 सितंबर तक के लिए स्थगित कर दी गई है।



- **2024 चुनाव में नहीं हो पाएगा लागू**
- **33 फीसदी आरक्षण दिया जाएगा**
- **नारी शक्ति वंदन विधेयक दिया**

इस विधेयक का उद्देश्य लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी को विस्तार देना है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से हमारा लोकतंत्र और मजबूत होगा : नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

राजीव जी ने पहली बार यह विचार पेश किया। 2010 में, सोनिया के नेतृत्व वाले यूपीए शासन के दौरान, डॉ. मनमोहन सिंह सरकार ने राज्यसभा में महिला आरक्षण बिल पारित किया: केसी वेणुगोपल, कांग्रेस नेता

महिला आरक्षण लैंगिक न्याय और सामाजिक न्याय का संतुलन होना चाहिए। इसमें पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक, आदिवासी की महिलाओं का आरक्षण निश्चित प्रतिशत रूप में स्पष्ट होना चाहिए: अखिलेश यादव, सपा नेता

एनडीए की सरकार को 10 साल होने वाले हैं। अगर उन्होंने यह पहले ही किया होता तो 2024 के चुनाव में महिलाओं को बड़ी तादाद में भाग लेने का मौका मिलता: महबूबा मुफ्ती, पीडीपी प्रमुख

**अमित शाह व अधीर रंजन में हुई बहस**

सरकार द्वारा महिला आरक्षण को लेकर नया बिल पेश करने पर सवाल उठाते हुए हुए लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने राजीव गांधी, नरसिम्हा राव और मनमोहन सिंह सरकार के प्रयासों का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकारों ने कई बार कोशिश किया। लेकिन, यह कभी लोकसभा से पास हुआ तो राज्यसभा से नहीं हुआ और कभी राज्यसभा से पास हुआ तो लोकसभा से नहीं हो पाया। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि जब मनमोहन सिंह सरकार के कार्यकाल में राज्य सभा से पास महिला आरक्षण बिल आज तक जीवित है तो फिर यह नया बिल क्यों लाया गया? अधीर रंजन चौधरी के दावे को गलत बताते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने सदन में खड़े होकर बताया कि अधीर रंजन चौधरी ने दो बातें गलत कही है और या तो वह इसे साबित करें या इसे रिकॉर्ड से हटा दिया जाए।

### महिला आरक्षण विधेयक एक चुनावी 'जुमला': कांग्रेस

- महिलाओं की उम्मीदों के साथ बड़ा धोखा



महिला आरक्षण विधेयक को मोदी सरकार भले ही इसे अपना मास्टर स्टोक मान रही हो, लेकिन कांग्रेस पार्टी ने इसे जुमला करार देते हुए देश की करोड़ों महिलाओं के साथ विश्वासघात करार दिया है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने अपनी सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा कि चुनावी जुमलों के इस मौसम में यह सबसे बड़ा जुमला है। यह विधेयक देश की करोड़ों महिलाओं और लड़कियों की उम्मीदों के साथ बडा विश्वासघात है। उन्होंने लिखा कि वे पहले भी बता चुके हैं कि मोदी सरकार ने अभी तक 2021 में होने वाली जनगणना नहीं कराई है। जयराम में दावा किया कि भारत जी-20 का एकमात्र देश है, जो जनगणना कराने में विफल रहा है।

# तीन अहम मुद्दों पर मंथन के साथ जी-20 की बैठक का समापन





**रायपुर**, 19 सितंबर (देशबन्धु)। राजधानी में दो दिन से जारी जी20 के फ्रेम वर्किंग ग्रुप की बैठक समाप्त हो गई है। नया रायपुर में यह बैठक आज सुबह 10 बजे शुरू हुई थी जो कि शाम 5 तक चली। इस बैठक में विश्व अर्थव्यवस्था से जुड़े तीन अहम् मुद्दों पर डेलीगेट्स के बीच विस्तार से चर्चा हुई। यह पूरी बैठक सकारात्मक रही।

भारत की जी-20 अध्यक्षता के तहत जी-20 फ्रेमवर्क कार्य समूह (एफडब्ल्यूजी) की चौथी और अंतिम बैठक 18 सितंबर को नवा रायपुर में आयोजित हुई। बैठक के पहले दिन की अध्यक्षता भारत सरकार के वित्त मंत्रालय की सलाहकार चांदनी रैना और एचएम ट्रेजरी, ब्रिटेन की मुख्य आर्थिक सलाहकार सैम बेकेट ने किया। पहले दिन नवीनतम वैश्विक आर्थिक दृष्टिकोण और प्रमुख व्यापक आर्थिक मुद्दों के संबंध में नीति मार्गदर्शन पर चर्चा आयोजित की गई। दूसरे सत्र में अमेरिका, ब्राजील, कनाडा और दक्षिण अफ्रीका के विशेषज्ञों द्वारा वैश्विक आर्थिक परिदृश्य पर प्रेंजेटेशन दिया। आर्थिक सहयोगिता विकास संगठन (ओसीएडी), अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ), विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) ने प्रेजेंटेशन दिए और इसके बाद सवाल-जवाब का दौर चला। चीन, दक्षिण कोरिया और जर्मनी के विशेषज्ञों ने भी जानकारी दी। आज बैठक में मजबूत, टिकाऊ, संतुलित और समावेशी विकास पर चर्चा हुई। इसमें ब्रिटेन की अध्यक्षता में अर्जेंटीना, इंडोनेशिया के विशेषज्ञों की ओर से जानकारी दी, समापन ब्राजील ने किया।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रयास से छत्तीसगढ़ में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में छत्तीसगढ़ की परंपरा और संस्कृति को जरूर शामिल किया जाता हैं। जी 20 शिखर सम्मेलन में भी छत्तीसगढ़ी परंपरा, संस्कृति और खान-पान की झलक देखने को मिली। राजधानी नवा रायपुर में आयोजित दो दिवसीय टी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने बड़ी संख्या में विदेशी मेहमान पहुंचे है। जी-20 की बैठक का आज दूसरा और अंतिम दिन है। इससे पहले सोमवार को इस बैठक का पहला दिन रहा। दुनिया भर से आए विषय विशेषज्ञों ने वैश्विक आर्थिक मामलों पर चर्चा की। विदेशी डेलीगेट्स छत्तीसगढ़िया व्यंजन और पारंपरिक नृत्य का लुत्फ में भी लिया।

मेफेयर लेक रिजॉर्ट में ब्रिटेन, फ्रांस, जापान, मैक्सिकों, चीन और जर्मनी जैसे देशों के लोगों को चीला, लाल भाजी, कढ़ी, मुनगा जैसे व्यंजन परोसे गए। देर शाम विदेशी मेहमानों के लिए छत्तीसगढ़ी पारंपरिक लोक नृत्यों का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। पंथी नृत्य और बस्तर का मशहूर गौर नृत्य डेलीगेट्स ने देखा।

**नया रायपुर में लगा अफ्रीकन पेड़**- विदेश मेहमानों ने नवा रायपुर में अफ्रीकी ट्यूलिप का पेड़ लगाया। ये अफ्रीकन पेड़ वहां सदियों से औषधीय उपयोग में लाया जाता है। त्वचा में जलन, बुखार, कब्ज, पेट दर्द, में ये काम आता है। नवा रायपुर के अटल नगर स्थित सेक्टर-24 में चल रहे ऐतिहासिक जी-20 को और भी यादगार बनाने के लिए जी-20 वाटिका तैयार की गई है।

➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## सार संक्षेप

### राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को नुआखाई पर्व की दी बधाई

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेशवासियों और विशेष रूप से उत्कल समाज के लोगों को नुआखाई पर्व की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि उत्कल समाज द्वारा गणेश चतुर्थी के दूसरे दिन ऋषि पंचमी को नुआखाई त्यौहार मनाया जाता है। यह त्यौहार नई फसल के आगमन, धरती एवं भगवान के वंदन और किसान भाईयों के बंधुत्व और एकत्व का प्रतीक है।

### युवा कांग्रेस का चंद्रशेखर राव के खिलाफ पोस्टर युद्ध

**नई दिल्ली।** भारतीय युवा कांग्रेस ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव के खिलाफ पोस्टर युद्ध शुरू करते हुए उन्हें देश का सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री करार दिया है। युवा कांग्रेस के अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी ने मंगलवार को कहा मुख्यमंत्री केसीआर हर चीज में 30 प्रतिशत कमीशन ले रहे हैं, यही कारण है कि हमने 'बुक माय सीएम' पोस्टर लॉन्च किया है। सीएम राज्य में हर परियोजना और योजना में कमीशन ले रहे हैं और जनता का पैसा लूट रहे हैं। पोस्टर वॉर का उद्देश्य सीएम केसीआर के कुकर्मों को उजागर करना और उनके इस्तीफे की मांग करना है।'

### नायडू की गिरफ्तारी के खिलाफ टीडीपी नेताओं का प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** तेलुगू देशम पार्टी (टीडीपी) के नेताओं ने पार्टी महासचिव नारा लोकेश के नेतृत्व में मंगलवार को पार्टी प्रमुख एन. चंद्रबाबू नायडू की गिरफ्तारी के खिलाफ राजघाट पर मौन विरोध प्रदर्शन किया। टीडीपी सांसद और पूर्व सांसद महात्मा गांधी की समाधि पर विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। काले बिल्ले पहनकर नेताओं ने राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि अर्पित की। सोमवार को पार्टी सांसदों ने संसद परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा के पास धरना दिया।

### पंजाब में नहर में गिरी बस, 8 की मौत

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुक्तसर में मंगलवार को एक पुल पार करते समय एक निजी बस अनियंत्रित होकर मुक्तसर-कोटकपुरा राजमार्ग पर सरहिंद फीडर नहर में गिर गई, जिससे 8 यात्रियों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। यह जानकारी पुलिस ने दी। कथित तौर पर दो लोग लापता हैं। 40 लोगों से भरी बस मुक्तसर से कोटकपुरा जा रही थी, जो नहर में गिर गई। दुर्घटना का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है।

**अधीर रंजन ने संसद भवन की स्मृतियों को किया याद**

# संसद से लोगों ने भारत की नियति में बदलाव देखा

**नई दिल्ली**, 19 सितंबर (देशबन्धु)। लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने मंगलवार को कहा कि संसद की पुरानी इमारत से देश ने औपनिवेशिक अतीत से स्वतंत्र भारत तक की यात्रा देखी है और लोगों ने देश की नियति में बदलाव देखा है। सेंट्रल हॉल में पुराने संसद भवन की स्मृति में एक विशेष समारोह को संबोधित करते हुए, चौधरी ने कहा, इस अवसर का लाभ उठाते हुए, बिना कोई शिकायत किए और बिना कोई शब्द कहे, मुझे कहना होगा कि मैं इस मंच पर खड़ा होकर गौरवान्वित और उत्साहित महसूस कर रहा हूं। दिग्गजों की आकाशगंगा के बीच में ऐतिहासिक घटनाओं और कई महत्वपूर्ण घटनाओं का एक कारवां देखा था, जिन्होंने इस प्रतिष्ठित सदन में भारत के संविधान को तैयार करने के लिए अपना दिमाग लगाया और आधी रात को तेल जलाया था जिसे संविधान सभा कहा जाता था। कांग्रेस नेता ने कहा, हमें उन सभी पर गर्व है। उन्होंने पुराने संसद भवन की स्मृतियों को याद करते हुए कहा कि इसी सदन में 22 जनवरी वर्ष 1947 को उद्देश्य प्रस्ताव संख्या 8 पारित किया गया था और अपनाया गया था, जिसे पंडित जवाहरलाल नेहरू ने प्रस्तावित किया था, जो बाद के चरणों में संविधान को आकार देने के लिए आवश्यक था।

**'संविधान सदन' के नाम से जानी जाए पुरानी इमारत**

सेंट्रल हॉल में समारोह को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा मेरा एक सुझाव है। अब जब हम नई संसद में जा रहे हैं तो पुराने भवन की गरिमा कभी कम नहीं होनी चाहिए। इसे सिर्फ पुराना संसद भवन बनकर नहीं छोड़ा जाना चाहिए। इसलिए मेरा आग्रह है कि यदि आप सहमत हैं तो इसे 'संविधान सदन के नाम से जाना जाना चाहिए।'

**संविधान की प्रति लेकर नए भवन पहुंचे कांग्रेस सांसद**

कांग्रेस सांसद मंगलवार को संविधान की एक प्रति के साथ पुराने भवन से नए संसद भवन की ओर चले। लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी, पूर्व पार्टी प्रमुख राहुल गांधी, ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

### पूर्वी भारत में भारी बारिश की आशंका

**नई दिल्ली।** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल-ओडिशा तटों के पास उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र बनने की सूचना दी है। इस मौसम प्रणाली के अगले दो दिनों में उत्तरी ओडिशा और दक्षिणी झारखंड में पश्चिम-उत्तर-पश्चिम वार्डों पर नजर रखने की उम्मीद है, जिससे अगले तीन दिनों तक पूर्वी भारत में भारी वर्षा होने की संभावना है।

# रायगढ़ के एक्सिस बैंक में 7 करोड़ की डकैती

- मैनेजर पर चाकू से हमला
- कट्टे की नोंक पर कर्मियों को कमरे में बंद किया
- 8 की संख्या में आए थे बदमाश

**रायगढ़**, 19 सितंबर (देशबन्धु)। शहर के एक्सिस बैंक में 7 करोड़ रुपये की डकैती हुई है। बदमाशों ने बैंक मैनेजर को चाकू मारकर घायल कर दिया है, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना जगतपुर-ढिमरापुर रोड स्थित एक्सिस बैंक में हुआ है। 6 से 8 बदमाशों के ग्राहक बनकर आने और लूट को अंजाम देना बताया जा रहा है। इस घटना के बाद पुलिस हाई अलर्ट पर है। शहर से आने और जाने वाले मुख्य मार्गों पर नाकेबंदी कर आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस ने आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने लेने का दावा किया है। वहीं बैंक कर्मियों से पूछताछ की जा रही है।





रायगढ़ एसएसपी सदानंद कुमार ने बताया कि लुटेरे 6 से 8 की संख्या में बैंक पहुंचे थे। पहले बाइक से कुछ बदमाश बैंक आए और की रेकी की। इसके बाद कुछ आरोपी कार से आए हैं। बैंक के बाहर लगे सीसीटीवी में आरोपियों की फुटेज कैद हो गई है। बैंक में कुछ लोगों को कमरे में पहले बंद किया। उसके बाद बदमाशों ने मैनेजर को 5 जगहों पर चाकू से वार किया है। बैंक मैनेजर को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एसएसपी उस दौरान बैंक के अंदर मौजूद ग्राहकों और कर्मचारियों से भी पूछताछ की जा रही है। 7 करोड़ रुपये और आभूषण लूटने की खबर है। घटना के समय बैंक का सिक्योरिटी गार्ड ड्यूटी पर नहीं आया था, जिस का भरपूर फायदा डकैतों ने उठाया। पुलिस के अफसर आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने की बात कह रहे हैं।

➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

# एल1 प्वॉइंट की ओर निकला भारत का आदित्य

- सूर्य का निरीक्षण करने के मार्ग पर हुआ रवाना

**चेन्नई**, 19 सितम्बर (एजेंसियां)। भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी ने मंगलवार तड़के आदित्य-एल1 सौर वेधशाला को ट्रांस-लैग्रेंजियन प्वॉइंट 1 पर सफलतापूर्वक स्थापित करके सूर्य की ओर रवाना किया। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अनुसार, देश की अंतरिक्ष-आधारित सौर वेधशाला आदित्य-एल1 को मंगलवार सुबह 2 बजे ट्रांस-लैग्रैन्जियन प्वॉइंट 1 पर स्थापित किया गया।

इसरो ने कहा, अंतरिक्ष यान अब एक प्रक्षेप पथ पर है, जो इसे सूर्य-पृथ्वी एल1 बिंदु पर ले जाएगा। इसे लगभग 110 दिनों के बाद एक प्रक्रिया के माध्यम से एल1 के आसपास की कक्षा में स्थापित किया जाएगा। यह लगातार पांचवीं बार है, जब इसरो ने किसी वस्तु को अंतरिक्ष में किसी अन्य खगोलीय पिंड या स्थान की ओर सफलतापूर्वक स्थानांतरित किया है। इसरो ने अपने अंतरिक्ष यान को तीन बार चंद्रमा की ओर और एक बार मंगल की ओर स्थानांतरित किया है और मंगलवार का सूर्य की ओर स्थानांतरण पांचवीं बार है।

**कश्मीर के कोकेरनाग में 7 दिन से मुठभेड़ जारी**

# लश्कर-ए-तैयबा आतंकी उजैर भी ढेर



- उजैर के दो साथियों के भी शव मिले

**जम्मू**, 19 सितंबर (देशबन्धु)। कश्मीर के अनंतनाग में मुठभेड़ के सातवें दिन लश्कर-ए-तैयबा आतंकी उजैर खान मारा गया। कश्मीर पुलिस ने मंगलवार 19 सितंबर को इसकी पुष्टि की। सुरक्षाबलों ने उजैर खान का शव बरामद किया है। एडीजीपी कश्मीर विजय कुमार ने बताया कि उजैर के अलावा एक और बॉडी देखी गई है। तीसरे आतंकी का भी शव मिलने की संभावना है। एनकाउंटर साइट पर सर्च ऑपरेशन अभी जारी है। अनंतनाग में 13 सितंबर को आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर उस वक्त गोली चला दी, जब वे सर्च ऑपरेशन चला रहे थे। इसमें कर्नल मनप्रीत सिंह, मेजर आशीष धौंचक और डीएसपी हुमायूं भट और दो जवान शहीद हो गए।

**अब तक का सबसे लंबा एनकाउंटर**

कोकेरबाग के घने पहाड़ी जंगलों के बीच आतंकी 12 से 20 फीट गहरी गुफाओं में छिपे हुए थे, जिसके कारण ऑपरेशन में काफी मुश्किल हो रही थी। हेलिकॉप्टर और ड्रोन की मदद से आतंकियों का ठिकाना खत्म किया जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, कश्मीर क्षेत्र में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच यह अब तक का सबसे लंबा एनकाउंटर है। वहीं, जम्मू-कश्मीर में यह तीसरी सबसे लंबी चलने वाली मुठभेड़ है।

**शीर्ष कमांडर था उजैर खान**

विजय कुमार के मुताबिक, उजैर खान आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा का शीर्ष कमांडर था। अनंतनाग में आतंकियों के खिलाफ ऑपरेशन को जल्द से जल्द खत्म करने के लिए पैरा कमांडो और सुरक्षाबलों की 10 और कंपनियां मंगलवार को तैनात की गईं। सोमवार 18 सितंबर को सुरक्षाबलों ने जंगल से दो शव बरामद किए थे। इनमें एक की पहचान जवान प्रदीप सिंह के रूप में की गई है। प्रदीप अनंतनाग में मुठभेड़ के पहले दिन 13 सितंबर से लापता थे।

**जस्टिन ट्रूडो के आरोपों से भारत नाराज**

# कनाडाई राजनयिक को सरकार ने किया निष्कासित

**नई दिल्ली**, 19 सितम्बर (एजेंसियां)। भारत ने कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो द्वारा खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत सरकार की भूमिका का सीधा आरोप लगाये जाने पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए आज कनाडा के उच्चायुक्त को तलब किया और उनके एक वरिष्ठ राजनयिक को पांच दिन के भीतर देश छोड़ने का फरमान सुनाया। भारत ने कनाडा के प्रधानमंत्री के बयान को बेतुका और घरेलू राजनीति से प्रेरित करार देते हुए खारिज कर दिया है और आरोप लगाया है कि कनाडाई राजनयिक देश के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप कर रहे हैं और भारत विरोधी गतिविधियों में लिप्त हैं। भारत एवं कनाडा के बीच इस घटनाक्रम से दोनों देशों के बीच संबंधों में खटास आ गई है। विदेश मंत्रालय ने यहां एक बयान में कहा, भारत में कनाडा के उच्चायुक्त को आज तलब किया गया और भारत स्थित एक वरिष्ठ कनाडाई राजनयिक को निष्कासित करने के भारत सरकार के फैसले के बारे में सूचित किया गया। संबंधित राजनयिक को अगले पांच दिनों के भीतर भारत छोड़ने को कहा गया है।

**दावा** | हितग्राहियों द्वारा आयोजित आभार कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री

# छत्तीसगढ़ को स्वस्थ और खुशहाल बनाने हो रहे उल्लेखनीय कार्य : भूपेश

**रायपुर, 19 सितंबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज राजधानी स्थित एडवांस कार्डियक इंस्टिट्यूट मेकाहारा में मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के हितग्राहियों द्वारा आयोजित आभार कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान इंस्टिट्यूट में मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना से लाभांवित मरीजों तथा उनके परिजनों ने मुख्यमंत्री बघेल का अभिनंदन कर आभार जताया।**

*गौरतलब है कि मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना में 25 लाख रुपए तक की आर्थिक सहायता दी जाती है। कार्यक्रम में संसदीय सचिव विकास उपाध्याय, छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष कुलदीप जुनेजा, मुख्यमंत्री के सलाहाकार रूचिर गर्ग तथा डॉ. प्रीति नागरिया, डॉ. स्मिथ श्रीवास्तव, डॉ. राकेश गुप्ता आदि उपस्थित थे। मुख्यमंत्री बघेल ने आभार कार्यक्रम को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ को स्वस्थ और खुशहाल बनाने के लिए उल्लेखनीय कार्य हुए है। इसके तहत प्रदेश के दूरस्थ वनांचल तक सुगम इलाज के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं का तेजी से विस्तार किया गया है। हमारे लिए यह गर्व की बात हैं कि आज छत्तीसगढ़ के शासकीय अस्पतालों में भी ऐसे उपकरण और ऐसी सुविधाएं हैं, जिनकी तुलना विश्वस्तर पर की जा सकती है। शासकीय भीमराव आंबेडकर अस्पताल का यह एडवांस कार्डियक इंस्टीट्यूट भी इन्हीं में से एक है। मुख्यमंत्री बघेल ने इस दौरान एडवांस कार्डियक इंस्टीट्युट मेकाहारा, रायपुर के सुदृढ़ीकरण के लिए वहां आधुनिक उपकरणों सहित तमाम जरूरी सुविधाओं को शीघ्र पूरा करने के लिए आश्वस्त किया।*



*मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि हृदय रोगों को अत्यंत गंभीर रोगों में शामिल माना जाता है। इन रोगों के उपचार की प्रक्रिया भी बहुत जटिल और महंगी होती है। अस्पतालों में अक्सर जरूरी उपकरणों और संसाधनों का भी अभाव रहता है। एडवांस कार्डियक इंस्टीट्यूट के माध्यम से इन जरुरती को पूरा करने की कोशिश हम लोगों ने की है। हृदय रोगों के साथ-साथ अन्य सभी तरह के रोगों के उपचार में मरीजों को आर्थिक समस्याओं का सामना न करना पड़े, इसके लिए डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना और मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना संचालित की जा रही है। मुख्यमंत्री बघेल ने इस दौरान अवगत कराया कि डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना के दायरे में प्रदेश के 69 लाख परिवार शामिल है। अभी तक 3643 करोड़ 09 लाख रुपए 36 लाख 43 हजार क्लेम प्राप्त हो चुके हैं।*

# देश

**उवाच**

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे द्वारा घोषित की गई अधिकांश योजनाएं पिछली महा विकास अघाड़ी व कांग्रेस सरकारों के कार्यकाल के दौरान चल रही है। उन योजनाओं का केवल नाम बदला गया है।

–अंबादास दानवे,महाराष्ट्र विधान परिषद में विपक्ष के नेता



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 34.0 | 28.0 |
| मुंबई | 30.0 | 28.0 |
| कोलकाता | 28.0 | 26.0 |
| चेन्नई | 32.0 | 28.0 |

# महिला आरक्षण बिल भाजपा का जुमला : कांग्रेस

## नए संसद भवन के पहले दिन मोदी पर लगाया देश की महिलाओं को गुमराह करने का आरोप

**नई दिल्ली/मुंबई,** 19 सितम्बर (देशबन्धु)। महाराष्ट्र विधानसभा में विपक्ष के नेता विजय वाडेट्टीवार ने महिला आरक्षण बिल पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए इसे जुमला करार दिया है। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण बिल सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा का एक जुमला (झूठा वादा) है, जो 2024 के लोकसभा चुनाव के समय लागू नहीं होगा। वाडेट्टीवार ने महिला आरक्षण बिल को सोशल मीडिया पर भाजपा की तरफ से किया गया एक झूठा वादा बताया है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नए संसद भवन में एक और जुमला किया है। महिला आरक्षण बिल दशकीय जनगणना पूरी होने के बाद ही लागू होगा। यह जनगणना 2021 में होना था, जो कि अभी तक नहीं हो पाया है। उन्होंने यह भी दावा किया है कि महिला आरक्षण बिल का प्रस्ताव विधानसभा में सबसे पहले कांग्रेस लेकर आई थी। नए संसद भवन के पहले ही दिन पीएम मोदी ने देश की महिलाओं को गुमराह किया है। वहीं दूसरी तरफ महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीज ने महिला आरक्षण बिल का स्वागत किया है। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा, मुझे यकीन है कि बिल दोनों सदनों से पारित हो जाएगा और हमें विधानसभा और लोकसभा में कई और महिला प्रतिनिधियों को शामिल करने का मौका मिलेगा। महिला आरक्षण बिल को नारी शक्ति वंदन विधेयक का नाम दिया गया है। संविधान के अनुच्छेद 239ए में संशोधन करके महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीटें आरक्षित की जाएंगी। अनुच्छेद 330ए के तहत सदन में एससी/एसटी महिलाओं के लिए सीटें आरक्षित की जाएंगी। कानून मंत्री ने विधेयक पेश करते हुए कहा कि इस विधेयक के पारित होने के बाद लोकसभा में महिला सांसदों की संख्या बढ़कर 181 हो जाएगी। नारी शक्ति वंदन विधेयक को लेकर महिलाओं में खुशी का माहौल। कई हस्तियों ने भी इस विधेयक की तारीफ की।



**नए संसद भवन में मोदी ने एक और जुमला किया है महिला आरक्षण बिल दशकीय जनगणना पूरी होने के बाद ही लागू होगा : विजय वाडेट्टीवार**

### बिल सुनिश्चित करता है कि परिसीमन अभ्यास तक महिलाएं चुनाव से वंचित रहें : वृंदा करात

सीपीएम नेता वृंदा करात ने कहा कि यह बिल सुनिश्चित करता है कि अगले परिसीमन अभ्यास तक महिलाएं चुनाव से वंचित रहें। दूसरे शब्दों में कहा जाए तो 2024 के चुनावों और 18वीं लोकसभा के गठन तक संसद में 1/3 महिलाएं नहीं होंगी, कई विधानसभा चुनावों में 1/3 महिलाएं नहीं होंगी... क्या महिलाओं को मोदी सरकार द्वारा लाए गए इस बिल के लिए आभारी होना चाहिए? मैं कहूंगी कि बिल्कुल भी नहीं। सपा सांसद डिंपल यादव ने कहा कि सरकार को 9 साल पूरे हो गए हैं। अगर इन्हें महिला आरक्षण बिल लाना था तो ये पहले ला सकते थे। ये इसे आखिरी साल में ला रहे हैं, जब चुनाव हैं। सपा ने हमेशा इसका समर्थन किया है और हम सभी चाहते हैं कि ओबीसी महिलाओं का भी इसमें आरक्षण निर्धारित हो क्योंकि जो आखिरी पंक्ति में खड़ी महिलाएं हैं उन्हें उनका हक मिलना चाहिए। जम्मू-कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने मंगलवार को कहा कि उनकी पार्टी संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को आरक्षण के खिलाफ नहीं है।

### महिलाओं को अब और कितने दिनों तक इंतजार करना होगा : वेणुगोपाल



महिला आरक्षण बिल पर कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि यह बिल आया अच्छी बात है, लेकिन इसमें कुछ और करने की जरूरत थी, महिलाओं के आरक्षण के तहत एससी, एसटी का आरक्षण तो ठीक है लेकिन अन्य ओबीसी समुदाय भी आरक्षण का इंतजार कर रहा है। सरकार को यह स्पष्ट करना चाहिए कि वे ओबीसी के लिए क्या करने जा रहे हैं। वे कह रहे हैं कि परिसीमन के बाद ही इसे लागू किया जाएगा तो महिलाओं को अब और कितने दिनों तक इंतजार करना होगा। प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि मैं उम्मीद करती हूं कि यह तुरंत लागू होगा लेकिन बिल में यह लिखा है कि यह परिसीमन के बाद ही लागू होगा। इसका यह मतलब हुआ कि यह आरक्षण 2029 तक लागू नहीं हो सकता। आपने दरवाजे तो खोल दिए हैं, लेकिन दरवाजों पर महिलाओं के लिए अभी भी नो एंट्री है।

# बिहार में महिलाओं को मिले आरक्षण से प्रेरित है केंद्र का महिला आरक्षण विधेयक : जदयू



**पटना।** जनता दल यूनाइटेड (जदयू) ने केंद्र के महिला आरक्षण विधेयक को बिहार में महिलाओं को मिले आरक्षण से प्रेरित बताया और कहा कि इससे केंद्र सरकार ने एक बार फिर साबित कर दिया कि बिहार जो आज करता है, कल पूरा देश उसे अपनाता है। जदयू के राष्ट्रीय महासचिव राजीव रंजन ने केंद्र सरकार के महिला आरक्षण विधेयक को बिहार में महिलाओं को मिले आरक्षण से प्रेरित बताते हुए मंगलवार को कहा कि महिला आरक्षण बिल लाकर केंद्र सरकार ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि बिहार जो आज करता है, कल पूरा देश उसे अपनाता है। भले ही अपने राजनीतिक स्वार्थों के कारण केंद्र के नेता बिहार के खिलाफ दुष्प्रचार करते रहे लेकिन अंदर से उन्हें भी पता है कि महिलाओं के उत्थान और सशक्तिकरण के लिए बिहार सरकार द्वारा किए गए कार्य पूरे देश के सामने एक नजीर हैं। रंजन ने कहा कि यह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार सरकार ही थी जिसने वर्ष 2005 में सत्ता संभालने के तुरंत बाद महिलाओं की नेतृत्व क्षमता पर भरोसा जताते हुए वर्ष 2006 में ही उन्हें पंचायत एवं नगर निकाय चुनावों में 50 प्रतिशत आरक्षण का अधिकार दे दिया था। बिहार उस समय ऐसा कदम उठाने वाला देश का पहला राज्य था। तब से लेकर आज तक बिहार सरकार ने महिलाओं की शिक्षा से लेकर रोजगार तक के लिए कई क्रांतिकारी कदम उठाए हैं जिन्होंने उनका जीवन बदल दिया है। यही वजह है कि आज बिहार की महिलाएं हर क्षेत्र में सक्रिय भागीदारी निभा रही हैं। जदयू राष्ट्रीय महासचिव ने कहा कि नीतीश कुमार के कारण ही बिहार देश का पहला राज्य बना, जहां महिलाओं को सरकारी नौकरी में सशक्त हिस्सेदारी दिलाने के लिए 35 फीसदी का आरक्षण दिया गया।

## संसद से

### स्थगन से हुई नए संसद भवन में राज्यसभा की शुरुआत

नए संसद भवन में राज्यसभा की कार्यवाही की शुरुआत स्थगन के साथ ही हुई और सदन के समवेत होते ही उसकी कार्यवाही आधे घंटे के लिए स्थगित कर दी गयी। नए संसद भवन में राज्यसभा की कार्यवाही का पहला दिन था और कार्यवाही की शुरुआत सवा दो बजे से होनी थी। सभापति ने सही सवा दो बजे सदन की कार्यवाही शुरू करते हुए कहा कि वह सदन में विभिन्न दलों के नेताओं के साथ महत्वपूर्ण विचार विमर्श के लिए कार्यवाही आधे घंटे के लिए स्थगित कर रहे हैं।

### राजनाथ को समझाते दिखे शाह

नई संसद में पहले दिन की कार्यवाही के रूप में मोदी सरकार ने बहुप्रतीक्षित महिला आरक्षण बिल को पेश कर दिया। लेकिन, जब केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल लोकसभा में महिला आरक्षण से जुड़ा 128वां संविधान संशोधन नारी शक्ति वंदन विधेयक-2023 पेश कर रहे थे, उसी समय कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी, गौरव गोगोई और असदुद्दीन ओवैसी सहित कई विपक्षी सांसदों ने बिल के बिजनेस में शामिल नहीं होने और बिल की कॉपी नहीं मिलने का मुद्दा उठाकर हंगामा करना शुरू कर दिया। इस पर लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि नई तकनीक का जमाना है, नई संसद है, इसे टैब पर अपलोड कर दिया गया है, सांसद अपनी सीट पर टैब में देख सकते हैं। स्मृति ईरानी सहित कई केंद्रीय मंत्री भी विपक्षी सांसदों को यह बताते नजर आए कि टैब में बिल दिख रहा है। कई सांसदों और मंत्रियों ने तो अपने सामने लगे टैब को खोल कर खुद ही उसे ढूंढ लिया तो सदन में मौजूद कई कर्मचारी भी सांसदों की मदद करते नजर आए।

### देश के उत्थान में महिलाओं की ज्यादा भागीदारी होगी : वीके सिंह

महिला आरक्षण बिल पर केंद्रीय मंत्री जनरल (सेवानिवृत्त) वीके सिंह ने कहा कि अब जरूरत थी कि नई संसद के साथ एक नई शुरुआत हो और जो चीज अटकी हुई है उसको आगे लाया जाए। बहुत अच्छी बात है कि महिला आरक्षण बिल की शुरुआत की गई है। इससे महिलाओं को अधिकार मिलेगा, महिलाओं का सशक्तिकरण होगा और देश के उत्थान में उनकी भागीदारी होगी।

### सभी महिलाओं को बधाई : चिराग

महिला आरक्षण बिल पर लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास) के अध्यक्ष चिराग पासवान ने कहा कि सबसे पहले मैं देश की सभी महिलाओं को बधाई देता हूं। हम लंबे समय से इसकी उम्मीद लगाकर रखे हुए थे कि महिलाओं का अधिकार कब इस संसद में पारित होगा। इसमें लंबा समय लगा लेकिन हमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर विश्वास था। मुझे खुशी है कि आज सशक्त रूप में नारी शक्ति वंदना के रूप में इस बिल को प्रस्तुत किया गया है।

### हमारी महिला शक्ति हमारे राष्ट्र की नेतृत्व शक्ति बने : स्मृति ईरानी

महिला आरक्षण बिल पर केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि वर्षों से महिलाओं के इस राजनीतिक संघर्ष को अपना संकल्प बनाकर मोदी सिद्धि तक ले जाने वाले हैं। वो हमारी महिला शक्ति हमारे राष्ट्र की नेतृत्व शक्ति बने उसको परिभाषित करेगा। केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि हमारी सरकार महिला नेतृत्व विकास की बात करती है। महिलाएं आगे बढ़कर कैसे नेतृत्व कर देश के विकास में कैसे भागीदार बनें यह भी जरूरी है। महिलाएं निर्वाचित प्रतिनिधि के रूप में पहुंचे और देश हित में जो फैसले होते हैं उन चर्चाओं में योगदान दें और अपना अनुभव साझा करें।

## सार संक्षेप

### अनंतनाग में अनुसंधान केंद्र को भूमि हस्तांतरण की मंजूरी

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर की प्रशासनिक परिषद ने मंगलवार को शेर-ए-कश्मीर कृषि विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (एसकेयूएएसटी) कश्मीर को अनंतनाग जिले में अनुसंधान केंद्र और अतिरिक्त कृषि विज्ञान केंद्र की स्थापना के लिए भूमि हस्तांतरित करने की मंजूरी प्रदान की। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा की अध्यक्षता में यहां परिषद की बैठक में अनुसंधान केंद्र और अतिरिक्त कृषि विज्ञान केंद्रों की स्थापना के लिए एसकेयूएएसटी कश्मीर के पक्ष में सल्लार अनंतनाग में 500 कनाल 11 मरला भूमि हस्तांतरित करने की मंजूरी प्रदान की।

### अजित पवार ने गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं दी

**मुंबई।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार ने मंगलवार को सुखकर्ता विघ्नहर्ता भगवान गणेश के चरणों में श्रद्धा अर्पित की तथा गणेश चतुर्थी और 10 दिवसीय गणेशोत्सव के मौके पर राज्य की जनता को शुभकामनाएं दी। पवार ने कहा कि भगवान गणेश के आगमन से घर में धन की प्रचुरता होगी और समाज में खुशी, उत्साह, भक्ति और जीवन शक्ति का माहौल बनेगा। उन्होंने भक्तिमय माहौल में मनाए जाने वाले गणेशोत्सव को प्रकृति का ध्यान रखते हुए पर्यावरण-अनुकूल तरीके से मनाए जाने की अपील की। उन्होंने कहा भगवान गणेश चतुर्थी सार्वजनिक गणेशोत्सव को सामाजिक एकता, जागरूकता और देशभक्ति की गौरवशाली परंपरा मिली है।

## मणिपुर में सैन्य सम्मान के साथ की गई शहीद सैनिक की अंत्येष्टि

**इंफाल,** 19 सितम्बर (एजेंसियां)। भारतीय सेना के जवान सर्टो थांगथांग कोम की अंत्येष्टि मंगलवार को मणिपुर के चंदेल जिले स्थित उनके पैतृक गांव लितान में की गई। अंत्येष्टि पूरे सैन्य सम्मान के साथ की गई और इसमें परिवार के सदस्य, बड़ी संख्या में ग्रामीण और सेना, असम राइफल्स और जिला प्रशासन के अधिकारी शामिल हुए। तीन हथियारबंद लोगों ने शनिवार को रक्षा सेवा कोर (डीएससी) के 49 वर्षीय कर्मी सर्टो को इंफाल पश्चिम जिले के हैप्पी वैली के तारुंग स्थित उनके घर से बंदूक के दम पर अगवा कर लिया। अगले दिन रविवार को उनका गोलियों से छलनी शव पूर्वी इंफाल जिले के खुनिंगथेक गांव में मिला। उनके परिवार में पत्नी, एक बेटी और एक बेटा है। मणिपुर सरकार ने भारतीय सेना के जवान की हत्या की जांच के लिए पुलिस महानिरीक्षक (जोन-1), थेमथिंग नगाशांगवा के साथ एक सदस्यीय जांच आयोग का गठन किया है।

# मप्र में गैर उज्ज्वला वालों को भी 450 में एलपीजी

**नई दिल्ली,** 19 सितम्बर (देशबन्धु)। मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अगुवाई में राज्य की महिलाओं को उज्ज्वला का लाभ मिल रहा है। कुछ दिन पहले केंद्रीय कैबिनेट ने रसोई गैस में प्रति सिलेंडर 200 रुपए कम करने की घोषणा की थी। उसके बाद पूरे देश में महिलाओं ने प्रधानमंत्री के प्रति आभार जताया था। हाल ही में एक कार्यक्रम में सीएम शिवराज ने प्रदेश की महिलाओं के लिए केवल 450 रुपये में रसोई गैस उलब्ध कराने की बात कही है। अब केवल उज्ज्वला योजना वालों को ही नहीं गैर उज्ज्वला योजना वालों को भी हमेशा 450 रुपए में घरेलू गैस सिलेंडर मिलेगा।



### आंखों को खराब होने से बचाया

रीवा की लखौरीबाग निवासी नूरजहां आंख के दर्द से परेशान थी। जलन इतनी की आंसू रुकने का नाम न लेते। लेकिन अपनी पीड़ा को दरकिनार कर परिवार का पेट भरने के लिए खुद को चूल्हे के आगे झोंकने को बेबस थी, धुएं का गुबार सहन करने को मजबूर थी। धीरे-धीरे दर्द बढ़ने लगा और आंखें खराब होने की कगार पर पहुंच गई। लेकिन अब उज्ज्वला योजना की वजह से परिवार के लिए खाना बनाते समय नूरजहां की आंखों में आंसू नहीं चेहरे पर मुस्कान तैरती है।

### महिलाओं की सेहत सुधार में सहायक उज्ज्वला

साल 2018 में विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के मुताबिक प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना ने गरीबी रेखा से नीचे रहने वाली 37 मिलियन महिलाओं को स्वच्छ घरेलू ऊर्जा उपयोग करने का अवसर प्रदान किया है। भारतीय घरों में एलपीजी कवरेज में यह जबरदस्त वृद्धि महिलाओं को स्वच्छ खाना पकाने का ईंधन और रसोई को धुआं रहित बनाकर पर्यावरण के लिए लाभकारी विकल्प प्रदान करके उनके स्वास्थ्य में सुधार लाने में सहायक रही है।

# मध्य प्रदेश में भाजपा का एजेंडा पूरा करने में लगे वित्त विभाग के अफसर : दिग्विजय

**भोपाल,** 19 सितम्बर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह ने राज्य सरकार के वित्त विभाग के अधिकारियों पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि वे विभिन्न योजनाओं को रोककर भाजपा का एजेंडा पूरा करने में लगे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने एक्स पर लिखा, राज्य सरकार के वित्त विभाग के अधिकारियों को प्रदेश के आर्थिक हालात को देखते हुए सचेत रहने की आवश्यकता है। भाजपा के चुनावी एजेंडा को पूरा करने के लिए वित्त विभाग के आला अधिकारी आंकड़ों की बाजीगरी कर प्रदेश की पहले से डगमगायी वित्तीय हालत को और हानि पहुंचा रहे हैं। वित्त विभाग द्वारा 137 योजनाओं पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। वहीं, अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं में भी बजट को अघोषित तौर पर रोककर भाजपा के चुनावी एजेंडे में सरकार का पैसा डायवर्ट किया जा रहा है। इसी तरह वित्त विभाग के आला अधिकारी कई महत्वपूर्ण खर्चे को टालकर भविष्य के लिए बड़ी देनदारी खड़ी कर रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने आगे कहा, मुझे सूचना मिली है, इसके लिए वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा निचले अधिकारियों पर मनमाफिक नोटशीट लिखने के लिए दबाव बनाया जा रहा है।



■ **137 योजनाओं पर लगा दिया गया है प्रतिबंध**

मुझे सूचना है कि कई विभागों की कई निधियां, जो वित्त विभाग के पास संधारित है, उसमें से अघोषित तौर पर वित्त विभाग द्वारा सरकार के चुनावी एजेंडे हेतु पैसा खर्च कर दिया गया है, जिसके कारण प्रदेश का वास्तविक ऋण वित्त विभाग द्वारा दिखाए गए आंकड़े से कहीं ज्यादा है।

# तेलंगाना में स्कूली बच्चों को मिलेगा मुफ्त नाश्ता

**हैदराबाद,** 19 सितम्बर (देशबन्धु)। राज्य में शिक्षा व्यवस्था को मजबूत कर छात्रों के कल्याण में निरंतर सहयोग कर रहे मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव ने छात्रों के कल्याण की दिशा में एक ऐतिहासिक फैसला लिया है। दशहरे के उपहार स्वरूप, मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव ने 24 अक्टूबर से राज्य भर के सरकारी प्राथमिक और उच्च विद्यालयों कक्षा 1 से 10 तक में पढ़ने वाले छात्रों को मुख्यमंत्री नाश्ता योजना प्रदान करने का निर्णय लिया है। सरकार विद्यार्थियों को अच्छी पढ़ाई के साथ-साथ अच्छा पोषण देने की योजना लागू करेगी। इसके योजना के लिए हर साल लगभग 400 करोड़ रूपए का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। मुख्यमंत्री केसीआर ने गरीब परिवारों के छात्रों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के साथ-साथ पढ़ाई के प्रति उनकी एकाग्रता बढ़ाने की दिशा में कदम उठाया है। राज्य सरकार मुख्यमंत्री केसीआर की मानवीय सोच को प्रतिबिंबित करने के लिए दशहरे से इस नाश्ता योजना को लागू करेगी। मुख्यमंत्री केसीआर के फैसले के बाद राज्य सरकार ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिये हैं। मुख्यमंत्री केसीआर ने हाल ही में इस योजना की प्रक्रिया की जांच करने के लिए आईएएस अधिकारियों की एक टीम तमिलनाडु भेजी थी। तमिलनाडु में इस योजना को सफलतापूर्वक लागू किया जा रहा है। अधिकारियों की एक टीम ने वहां सफलतापूर्वक लागू की जा रही छात्रों के लिए नाश्ता योजना का अध्ययन कर सरकार को एक रिपोर्ट सौंपी है।


ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, सतपाल चैंबर्स, ढांड कॉम्प्लेक्स, राजभवन के पीछे, गौरव पथ, रायपुर, छत्तीसगढ़– 492001

**सार्वजनिक सूचना – संरक्षित संपत्ति की बिक्री हेतु निविदा–सह–ई–नीलामी**

[ नियम 8 (6) का परंतुक देखें ]

**अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु सूचना**

अचल संपत्तियों के विक्रय के लिए ई–नीलामी विक्रय सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुन: निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहपठित प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन नियमावली, 2002 की धारा 8(6) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है।

सर्वजन तथा व्यक्तिगत रूप से कर्ज़दार एवं ज़मानतदार को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शाई गई अचल संपत्ति के संरक्षित ऋणदाता केपास बंधक/ अधिभारित है। उनका **भौतिक अधिग्रहण** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) द्वारा प्राधिकृत अधिकारी के रूप में कर लिया गया है एवं दर्शाए विवरण अनुसार उनके द्वारा "जहाँ है जैसी है", "जैसी है, वैसी है" एवं "जिस भी स्थिति में है" के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए जा रहे हैं :–

| क्र. सं. | कर्ज़दार (रों)/ सह–कर्ज़दारों/ गारंटरों के नाम/ ऋण खाता संख्या | ऋणभारों सहित, प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, यदि कोई | बकाया राशि (रु. में) | सुरक्षित मूल्य (रु. में) / धरोहर राशि जमा (रु. में) | संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | ई–नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | श्री सुमित चंदनानी (कर्ज़दार), घनश्याम आहूजा (सह–कर्ज़दार) LBRPR00004351437 | फ्लैट नंबर 304, ब्लॉक नंबर 1–ए, तीसरी मंजिल, साईं सिमरन, खसरा नंबर 65/3 और 65/27, मौजा/ग्राम–पुरेना, पी.एच. 113, वार्ड क्रमांक 45, रानी दुर्गावती वार्ड, आर.एन.एम.–रायपुर, तहसील एवं जिला–रायपुर, छत्तीसगढ़। क्षेत्रफल सुपर निर्मित क्षेत्र 525 वर्ग फुट। | रु. 12,24,793/- (सितम्बर 12, 2023 तक) | रु. 12,25,000/– / रु. 1,22,500/– | अक्टूबर 20, 2023 को सुबह 11:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक | नवंबर 02, 2023 को सुबह 11:00 बजे से |

ऑनलाइन नीलामी हमारी ई–नीलामी संस्था **मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** की वेबसाइट **(URL Link- https://disposalhub.com)** पर संचालित होगी। बंधकदाताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं को **नवंबर 01, 2023** को **शाम 05:00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने इस/इन पर संरक्षित संपत्ति/यों की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।

संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी **ई** संदर्भ) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, सतपाल चैंबर्स, ढांड कॉम्प्लेक्स, राजभवन के पीछे, गौरव पथ, रायपुर, छत्तीसगढ़– 492001** में **नवंबर 01, 2023** तक **शाम. 05:00** बजे से पूर्व जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावती की स्कैन इमेज, **नवंबर 01, 2023** तक **शाम 05:00** बजे से पूर्व जमा करें। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहने पर वे जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, सतपाल चैंबर्स, ढांड कॉम्प्लेक्स, राजभवन के पीछे, गौरव पथ, रायपुर, छत्तीसगढ़– 492001** में निविदा प्रलेखों की हस्ताक्षरित प्रति को **नवंबर 01, 2023** को **शाम 05:00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट/ पे ऑर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैडूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** की **रायपुर** शाखा के पक्ष में भुगतान हेतु होना चाहिए।

संपत्ति अवलोकन, ई–नीलामी के नियम एवं शर्तों तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** को फोन नंबर **9324948920** पर संपर्क करें।

कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसी **1. मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** इस संपत्ति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न है।

प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाए किसी एक अथवा अधिक निविदा व बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।

बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करें।

**तिथि : सितम्बर 20, 2023**
**स्थान : रायपुर**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड**


**घोषणा** | *जम्मू-कश्मीर में विकासात्मक परियोजनाओं के शिलान्यास के बाद बोले मनोज सिन्हा*

# छह माह में भरे जाएंगे सरकारी विभागों में सभी खाली पद

**जम्मू, 19 सितम्बर (देशबन्धु)। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने मंगलवार को छह महीने के भीतर सभी सरकारी विभागों में रिक्त पड़े पदों को भरा जाएगा। खाली पदों अगले छह महीनों में एक बड़े भर्ती अभियान के माध्यम से भरे जाएंगे। मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले में विकासात्मक परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास के बाद एक सभा को संबोधित करते हुए एलजी मनोज सिन्हा ने यह घोषणा की।**

उपराज्यपाल ने कहा कि यूटी प्रशासन द्वारा एक भर्ती अभियान शुरू किया गया था और सैकड़ों युवाओं को एक पारदर्शी प्रणाली के माध्यम से भर्ती किया गया था। उन्होंने कहा मैं यहां घोषणा करता हूं कि विभिन्न सरकारी विभागों में सभी रिक्त पद उचित भर्ती अभियान के माध्यम से अगले छह महीनों के भीतर भर दिए जाएंगे। उन्होंने कहा, गरीब आदमी के बच्चे को भी अधिकारी बनने का अधिकार है। एलजी ने कहा कि हाल ही में एक सब्जी विक्रेता की बेटी केएएस अधिकारी बनी। वह मुझसे मिली और कहा कि उसने खुद को एक अधिकारी बनते देखने का कभी सपना नहीं देखा था। मैंने उन्हें आश्वासन दिया कि गरीब लोगों के बच्चों को भी अमीर लोगों के समान अधिकार हैं। उपराज्यपाल ने क्षेत्रीय राजनीतिक दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ दलों ने राज्य का खजाना लूटा, विदेशों में बड़े बंगले बनाए और जम्मू-कश्मीर के लोगों को परेशान होने के लिए छोड़ दिया। एलजी ने कहा कि ये लोग (प्रदेश विपक्षी दल) शांति को पचा नहीं पाते हैं और किसी न किसी बहाने लोगों को भड़काने और गुमराह करने की साजिश रचते रहते हैं। उन्होंने कहा कि गांदरबल जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लोगों के बीच 2800 आवास वितरित किए गए। एलजी ने कहा कि मैं स्पष्ट कर दूं, गांदरबल जिले में एक भी गैर जम्मू-कश्मीर निवासी को आवास नहीं दिया गया है। लेकिन कुछ लोग गरीब आदमी को अपना घर बनाते हुए देखना पचा नहीं पाते और इस कदम का विरोध करने की साजिश रचते हैं। उन्होंने कहा कि पिछले साल 1.88 करोड़ पर्यटक जम्मू-कश्मीर आए थे।



■ **गरीब आदमी के बच्चे को भी अधिकारी बनने का अधिकार है : सिन्हा**

## डियर जस्सी ने टोरंटो अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में सर्वश्रेष्ठ फिल्म का प्रतिष्ठित प्लेटफार्म पुरस्कार

**मुंबई।** फिल्म निर्माता तरसेम सिंह धंधवार निर्देशित भारतीय फिल्म डियर जस्सी ने 48वें टोरंटो अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (टीआईएफएफ) में सर्वश्रेष्ठ फिल्म का प्रतिष्ठित प्लेटफॉर्म अवार्ड जीता है। डियर जस्सी टी.सीरीज़ फिल्म्स और वकाओ फिल्म्स प्रोडक्शन के बैनर तले बनी है। इस फिल्म का निर्माण भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, विपुल डी शाह, अश्विन वर्दे, राजेश बहल, संजय ग्रोवर और तरसेम सिंह धंधवार ने किया है। वरिष्ठ कनाडाई पत्रकार फैबियन डॉसन की पत्रकारिता पर आधारित, डियर जस्सी अमित राय द्वारा लिखी गई है। इस फिल्म में अभिनेता पाविया सिद्धू और युगम सूद मुख्य भूमिकाओं में हैं। टोरंटो फिल्म फेस्टिवल में प्रशंसा जीतने के बाद, डियर जस्सी इस साल अक्टूबर में बीएफआई लंदन फिल्म फेस्टिवल में दिखायी जाएगी।

## प्राप्ति शुक्ला ने 'वागले की दुनिया-नई पीढ़ी, नए किस्से शो छोड़ा, बतायी ये वजह



**मुंबई,** 19 सितम्बर (एजेंसियां)। एक्ट्रेस प्राप्ति शुक्ला, जो वर्तमान में टीवी सिटकॉम 'वागले की दुनिया नई पीढ़ी नए किस्से' में गुनगुन की भूमिका निभाती नजर आ रही हैं, ने शो छोड़ दिया है। एक्ट्रेस ने कहा कि शो में गुनगुन का किरदार निभाकर मुझे खुशी हुई। मैं जेडी मजेठिया सर के साथ काम करके अद्भुत महसूस कर रही हूं। मैं बचपन से ही उनकी बहुत बड़ी फैन रही हूं। वह एक बेहतरीन अभिनेता और निर्देशक हैं, सबसे ऊपर एक बहुत ही महान इंसान हैं। मुझे उम्मीद है कि मैं उनके साथ फिर से जुड़ूंगी और उनके शो में लीड रोल निभाऊंगी। उन्होंने कहा कि मैंने नए अवसर तलाशने के लिए शो छोड़ दिया है। लंबे समय तक इंतजार करने के बावजूद मुझे इस शो में अपने किरदार के आगे बढ़ने की कोई उम्मीद नहीं दिख रही थी। मुझे अन्य के ऑफर्स भी आ रहे हैं, लेकिन इसके प्रति मेरी प्रतिबद्धता मुझे आगे बढ़ने से रोक रही थीए इसलिए अब जब मैं किसी प्रतिबद्धता में नहीं हूंए तो मैं वह भूमिका चुन सकती हूं, जिसे मैं निभाना चाहती हूं। वर्कफ्रंट की बात करें तो, प्राप्ति जॉन अब्राहम और सादिया खतीब स्टारर अपकमिंग फिल्म द डिप्लोमैट से बॉलीवुड में डेब्यू कर रही हैं। एक्ट्रेस ने कहा कि वह एक सशक्त मुख्य भूमिका की तलाश में हैं। एक एक्टर के रूप में मैं मुख्य भूमिका निभाना चाहती हूं। मैं अपने दर्शकों का मनोरंजन करते हुए अपने किरदार से ध्यान आकर्षित करना चाहती हूं। मैं एक अभिनेता के रूप में खुद को किसी विशेष माध्यम तक सीमित नहीं रखना चाहती।

### कोविड संक्रमण को लेकर शोधकर्ताओं का अध्ययन

## संक्रमण से होने वाली मौतों के जोखिम को 60 प्रतिशत तक कम करेगी सेल थेरेपी

**नई दिल्ली,** 19 सितम्बर (एजेंसियां)। कोविड-19 रोगियों के इलाज में सेल थेरेपी अपनाने से मृत्यु के जोखिम को 60 प्रतिशत तक कम किया जा सकता है। एक शोध में इसकी पुष्टि हुई है।



व्यवस्थित समीक्षा और मेटा-विश्लेषण में कोविड-19 को लक्षित करने वाली उन्नत सेल थेरेपी के 195 परीक्षणों को शामिल किया गया। परीक्षण जनवरी 2020 और दिसम्बर 2021 के बीच 30 देशों में आयोजित किए गए। साथ ही जुलाई 2022 तक प्रकाशित परिणामों के साथ 26 परीक्षण भी किए गए। जर्मनी और संयुक्त राज्य अमेरिका में सहयोगियों के साथ साझेदारी में ब्राजील में साओ पाउलो विश्वविद्यालय (यूएसपी) के शोधकर्ताओं द्वारा किए गए अध्ययन के निष्कर्ष जर्नल फ्रंटियर्स इन इम्यूनोलॉजी में रिपोर्ट दिए गए थे। सेल थेरेपी हाल के वर्षों में काफी उन्नत हुई है और इसका उपयोग कैंसर और ऑटो-इम्यून, हृदय और संक्रामक रोगों के इलाज के लिए किया गया है। महामारी के दौरान, इसका उपयोग कई परीक्षणों में कोविड-19 के इलाज के लिए किया गया था।

**सेल थेरेपी के 195 परीक्षणों को शामिल**

यूएसपी मेडिकल स्कूल में प्रोफेसर ओटाविओ कैब्रल-मार्क्स ने कहा कि हमारा अध्ययन दुनियाभर में बिखरे हुए इन अनुभवों पर सभी जानकारी की समीक्षा करने और मेटा-विश्लेषण के माध्यम से सत्यापित करने वाला पहला शोध है। इसमें यह बताया गया है कि सेल थेरेपी कैसे काम करती है, जब कोविड-19 और संबंधित जटिलताओं के इलाज के लिए इसका उपयोग किया जाता है।

सेल थेरेपी में रोगी (ऑटोलॉगस) या दाता (एलोजेनिक) की स्टेम कोशिकाओं का उपयोग किया जाता है। बदलाव करने से पहले कोशिकाओं को प्रयोगशाला में संशोधित किया जाता है।

शोध के अनुसार इस अवधि में कोविड-19 के उपचार परीक्षणों में सबसे अधिक इस्तेमाल की जाने वाली कोशिका संयोजी ऊतक (कनेक्टिव टिशु) से बहुशक्तिशाली मेसेनकाइमल स्टेम (स्ट्रोमल) कोशिकाएं थीं। शोध लेखकों के अनुसार सेल थेरेपी पर ध्यान देने के बावजूद, टीकाकरण सुरक्षा पर जोर दिया जाना चाहिए।

## आशिका भाटिया ने बॉलीवुड प्लान का किया खुलासा, बताया कैसे किरदार का कर रही इंतजार



**मुंबई,** 19 सितम्बर (एजेंसियां)। सलमान खान की 2015 की बॉक्स ऑफिस हिट फिल्म प्रेम रतन धन पायो से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली एक्ट्रेस आशिका भाटिया ने हाल ही में बॉलीवुड में और अधिक काम करने की अपनी योजना के बारे में खुलासा किया। उसी के बारे में बात करते हुएए आशिका बताती हैं कि उनके लिए किरदार कितना मायने रखता है।

एक्ट्रेस ने कहा कि मैं अपने टैलेंट पर फोकस करती हूं। मैं ऐसी फिल्में करूंगी, जहां मुझे मजबूत किरदार निभाने को मिलेंगे। मैं अपनी पर्सनैलिटी के आधार पर कोई किरदार निभाना पसंद करूंगी। यह पूछे जाने पर कि क्या प्रेम रतन धन पायो जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्म का हिस्सा बनने के बाद उन्हें दबाव महसूस होता है, एक्ट्रेस आत्मविश्वास से जवाब देती हैं मुझे नहीं लगता कि प्रेम रतन धन पायो जैसी फिल्म में काम करने से मुझ पर बेहतर काम करने का दबाव बढ़ा है। लेकिन, इसने निश्चित रूप से मुझे ऐसे और प्रोजेक्ट करने के लिए प्रेरित किया है और मुझे लगता है कि यह अच्छा है। आशिका ने वेब सीरीज में काम करने के अपने खुलेपन के बारे में भी खुलासा कियाए जो आजकल आम बात लगती है कि मुझे क्राइम थ्रिलर सीरीज और हॉरर सीरीज भी देखना पसंद है। मैं एक मजबूत किरदार निभाना चाहूंगी जहां मैं अपनी एक्टिंग स्किल दिखा सकूं।

## एड्स : समय पर जांच व इलाज से बच जाएगी जान, सिर्फ 500 रुपए में जांच

**नई दिल्ली,** 19 सितम्बर (एजेंसियां)। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों के एक समूह ने एचआईवी एड्स के साथ जी रहे लोगों में क्रिप्टोकोक्कल मेनिन्जाइटिस प्रबंधन को लेकर एक अत्यंत महत्वपूर्ण अध्ययन किया है। इस अध्ययन के मुताबिक एड्स रोगियों की समय पर जांच व इलाज से उनकी मृत्यु दर में कमी लाई जा सकती है। यह जांच बीएचयू के माइक्रोबायोलॉजी विभाग में 500 रुपए में की जाती है।

शोध ने क्रिप्टोकोक्कल संक्रमण के प्रति अति गंभीर एचआईवी संक्रमित मरीज़ों की मृत्यु दर में कमी लाने का एक प्रभावी तरीका सुझाया है। अध्ययन में पाया गया कि उत्तर भारत में एचआईवी के साथ जी रहे कमजोर प्रतिरक्षण वाले लोगों में क्रिप्टोकोक्कल एंटीजेंस की उपस्थिति अधिक है। उत्तर भारत में एचआईवी के साथ जी रहे लोगों में देश के अन्य क्षेत्रों की अपेक्षा क्रिप्टोकोक्कल एंटीजन का प्रसार दर बहुत ऊंचा (15 प्रतिशत) है। क्रिप्टोकोकक्कल मेनिनदाइटिस केन्द्रीय तंत्रिका तंत्र (सीएनएस) से जुड़ा संक्रमण है, जो कवक (फंगल संक्रमण) से होता है, एचआईवी के साथ जी रहे लोगों में मृत्यु का प्रमुख कारण है।




शोधकर्ताओं के मुताबिक इसका इलाज लंबा चलता है और इलाज के बाद भी मृत्यु दर अधिक होती है। हलांकि, बीएचयू के अध्ययन में पाया गया है कि गंभीर रूप से कमजोर प्रतिरक्षण वाले एचआईवी के साथ जी रहे लोगों की क्रिप्टोकोक्कल एंटीजन जांच, लक्षण दिखने से पहले ही व उचित थेरेपी शुरू कर मृत्यु दर कम किया जा सकता है। यह शोध बीएचयू चिकित्सा विज्ञान संस्थान स्थित मेडिसीन विभाग की प्रो. जया चक्रवर्ती एवं प्रो. श्याम सुन्दर तथा माइक्रोबायोलॉजी विभाग की प्रो. रागिनी तिलक एवं डॉ. मुनेश कुमार गुप्ता तथा उनके रेज़ीडेन्ट्स द्वारा किए गए हैं।

प्रो. जया चक्रवर्ती ने बताया कि ऐसे व्यक्तियों की स्क्रीनिंग क्षेत्र के एआरटी सेंटर द्वारा की जानी चाहिए। वर्तमान में यह जांच बीएचयू के माइक्रोबायोलॉजी विभाग में 500 रुपए प्रति परीक्षण के दर से की जाती है। हम उत्तर प्रदेश एड्स नियंत्रण समिति से परीक्षण किट्स नि:शुल्क प्रदान करने का अनुरोध करना चाहेंगेए जिससे एआरटी सेंटर पर ऐसे सभी लोगों की स्क्रीनिंग की जा सके।

प्रो. चक्रवर्ती ने कहा कि यह शोध ऐसे महत्वपूर्ण समय पर आया हैए जब हम स्वास्थ्य देखभाल कार्यकर्ताओं को फंगल संक्रमण के बारे में विचार करने हेतु प्रोत्साहित करने के लिए फंगल संक्रमण जागरूकता सप्ताह मना रहे हैं।

प्रो. जया चक्रवर्ती ने शोध को एचआईवी साइंस पर ब्रिस्बेन में आयोजित अंतरराष्ट्रीय एड्स सोसाइटी के 12वें सम्मेलन में भी प्रस्तुत किया था। यह सम्मेलन एड्स के प्रति जागरूकता तथा बचाव के लिए कार्य कर रहे संगठनों का सबसे प्रमुख आयोजन था। अध्ययन के नतीजे लिप्पिनकोट्ट विलियम्स व विल्किन्स के प्रतिष्ठित एड्स जनरल में हाल ही में प्रकाशित हुए हैं।

## यूनिसेफ के सहयोग से यूपी में आंगनबाड़ियों का होगा बदलाव

**लखनऊ,** 19 सितम्बर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश सरकार ने यूनिसेफ के सहयोग से ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुलभ बनाने के उद्देश्य से आंगनबाड़ी कायाकल्प (एके) योजना शुरू की है। इस योजना का लक्ष्य राज्य के 1.86 लाख आंगनबाड़ी केंद्रों को बच्चों के लिए अधिक अनुकूल बनाना है। जन्म से लेकर 6 वर्ष की आयु तक के बच्चों की देखभाल करने वाली, आंगनबाड़ियां हाशिए पर रहने वाले वर्गों के लिए प्रारंभिक पोषण, स्वास्थ्य देखभाल और बाल देखभाल के मुख्य प्रदाताओं में से एक हैं।

हालांकि वे पोषण और स्वास्थ्य सेवाओं को प्रभावी ढंग से सक्षम कर रहे हैं, फिर भी वे ग्रेड 1 में औपचारिक स्कूली शिक्षा में प्रवेश करने से पहले बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक शिक्षा प्रदान करने में अक्सर पीछे रह जाते हैं।



एकीकृत बाल विकास योजना (आईसीडीएस) निदेशक सरनीत कौर ब्रोका ने कहा कि परिवर्तन 18 संकेतकों के आसपास किया जाएगा। जिसमें बच्चों के अनुकूल शौचालय, मूत्रालय, समूह हाथ धोने की इकाइयां, रेलिंग के साथ रैंप, स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल का प्रावधान, बिजली, मौजूदा संरचनाओं की मरम्मत, नवीनीकरण और अन्य बुनियादी सुविधाएं शामिल हैं। अभियान के दौरान मौजूदा संरचनाओं की मरम्मत और नवीनीकरण भी किया जाएगा। महिला एवं बाल विकास और आईसीडीएस मंत्री बेबी रानी मौर्य ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों का कायाकल्प बच्चों के लिए बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। शिक्षा विभाग और यूनिसेफ द्वारा वास्तविक समय डैशबोर्ड के साथ 18 प्रमुख कायाकल्प संकेतकों पर एक ऑनलाइन मूल्यांकन-सह-योजना उपकरण पहले ही स्थापित किया जा चुका है। यूनिसेफ के कुमार बिक्रम ने कहा कि स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण हर बच्चे का अधिकार है।

## गणेशोत्सव की शानदार शुरुआत

### ढोल-ताशों, डांस और गणपति बप्पा मोरया के जयकारों के साथ जश्न शुरू

**मुंबई,** 19 सितम्बर (एजेंसियां)। करीब तीन साल बाद गणेशोत्सव उत्सव-2023 रंगीन भव्यता के साथ शुरू हुआ। मुंबई और शेष महाराष्ट्र में भगवान गणेश की हजारों मूर्तियां घरोंए आवास परिसरों और सार्वजनिक स्थानों पर स्थापित की जा रही हैं। गणेश चतुर्थी का जश्न ढोल-ताशों, डांस और गणपति बप्पा मोरया के जयकारों के साथ मनाया जा रहा है। इस मौके पर लाखों भक्त पूजा करने और अपनी पसंदीदा 'मोदक' के साथ जुटे। इस साल भगवान गणेश को सजावट के सामयिक विषयों पर प्रस्तुत किया गया है। जिसमें विद्या से लेकर विज्ञान और इतिहास तक शामिल हैं। सजावट में चंद्रमा पर हाल ही में चंद्रयान-3 के अवतरण को उजागर किया गया है जो दक्षिण मुंबई में खेतवाडिचा राजा सार्वजनिक गणेशोत्सव मंडल में भीड़ खींच रहा है। हमेशा से लोकप्रिय रहे लालबागचा राजा को एक सिंहासन पर शान से बैठा हुआ देखा जाता है, जो छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक की 350वीं वर्षगांठ का प्रतीक है, जो दिवंगत कला निर्देशक नितिन सी देसाई की आखिरी रचना है। इस साल 36 फीट लंबी से लेकर 2 फीट छोटी मूर्तियां विभिन्न प्रकार के रंगों, डिजाइनों और सजावट में घरेलू उत्सवों में लोकप्रिय हैं। आयोजकों ने कहा कि देश का सबसे महंगा गणेशोत्सव मार्की जीएसबी सेवा मंडल में है, जहां भगवान गणेश की मूर्ति 60 किग्रा सोने और 336 किग्रा चांदी के आभूषणों से सुसज्जित है। चंद्रयान-3 लैंडिंग और भगवान राम मंदिर की पूर्ति के लिए दो विशेष धन्यवाद हवन, और 350 करोड़ रुपए का एक विशेष समग्र बीमा कवर भी है।



## पुलवामा में दुल्हन करती रही इंतजार, बारात लेकर नहीं आया दूल्हा

**श्रीनगर,** 19 सितम्बर (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में एक दूल्हा अपनी ही शादी में नहीं पहुंचा। पुलवामा के अवंतीपोरा इलाके के कंडीजल गांव के निवासी उस समय हैरान रह गए, जब दूल्हा फैयाज अहमद अपनी शादी में नहीं आया। दुल्हन के पिता मुहम्मद शाबान, जिन्होंने अपनी बेटी की 'बारात' के स्वागत के लिए बड़ी मुश्किल से सारी व्यवस्थाएं की थी, वह बेहद निराशा दिखे।



परिवार और पड़ोसियों ने कहा कि निकाह इस्लामिक शादी की रस्म चार साल पहले किया गया था। फैयाज अहमद को बस बारात के साथ आना था और दुल्हन को घर ले जाना था। सात बेटियों के गरीब पिता अपनी बेटी के लिए कुछ सोना और शादी के कपड़े खरीदे थे। उन्होंने बारात के लिए 'जवान' पारंपरिक बहु-पाठ्य कश्मीरी दावत की भी व्यवस्था की थी। बाद में परिवार को पता चला कि दूल्हा नहीं आ रहा है।

स्थानीय लोगों ने कहा कि मुहम्मद शाबान और उनके परिवार के लिए यह अपमान सहन करना बहुत मुश्किल है। उन्होंने कहा कि यह पुलिस की सामाजिक जिम्मेदारी है कि वह हस्तक्षेप करे और दुल्हन के परिवार को बचाए।

## आईआईटी जीएन ने जीता अंतरराष्ट्रीय ग्रीन यूनिवर्सिटी पुरस्कार 2023

**गांधीनगर,** 19 सितम्बर (एजेंसियां)। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान गांधीनगर (आईआईटी जीएन) ने ग्रीन मेंटर्स-यूएसए द्वारा अंतरराष्ट्रीय ग्रीन यूनिवर्सिटी पुरस्कार 2023 जीता है।

संस्थान की ओर से मंगलवार को यहां जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार अपनी उपलब्धियों में एक और उपलब्धि जोड़ते हुए आईआईटी जीएन ने ग्रीन मेंटर्स, यूएस द्वारा टिकाऊ प्रथाओं और अपने समग्र दृष्टिकोण के लिए अंतरराष्ट्रीय ग्रीन यूनिवर्सिटी अवार्ड 2023 जीता है। ग्रीन मेंटर्स संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक परिषद (ईसीओएसओसी) के साथ विशेष सलाहकार स्थिति वाला एक गैर सरकारी संगठन है।

**बायोगैस और कंपोस्टिंग सिस्टम, सौर पैनल स्थापना, सभी वॉशबेसिन और नल में पानी बचाने वाले एरेटर का उपयोग आदि शामिल**

आईआईटी जीएन को यह पुरस्कार इस सप्ताह न्यूयॉर्क शहर में हो रहे 78वें संयुक्त राष्ट्र महासभा सत्र के मौके पर कॉर्नेल यूनिवर्सिटी, यूएस में 15 सितम्बर को आयोजित सातवें एनवायसी ग्रीन स्कूल सम्मेलन में आईआईटी जीएन के रजिस्ट्रार पी.के. चोपड़ा ने प्राप्त किया। सम्मेलन में दुनिया भर के विचारशील नेताओं, शिक्षकों, शिक्षार्थियों, नीति निर्माताओं, नवप्रवर्तकों, राजनयिकों, प्रशासकों, समाधान प्रदाताओं, बुककीपरों, स्वास्थ्य देखभाल विशेषज्ञों, और जलवायु नेताओं को एक साथ लाया गया ताकि अधिक समावेशी, दयालुता, और वैश्विक शिक्षा को मानवीय बनाने और जलवायु परिवर्तन के प्रति जलवायु सचेत दृष्टिकोण को बढ़ावा देने से संबंधित विषयों की एक विस्तृत श्रृंखला पर चर्चा की जा सके।

इंटरनेशनल ग्रीन यूनिवर्सिटी अवार्ड दुनिया भर के उन विश्वविद्यालयों को मान्यता देता है जिन्होंने समुदाय और छात्र जुड़ाव के लिए अपने मूल मूल्यों, संचालन और शैक्षणिक कार्यक्रमों में स्थिरता को एकीकृत किया है और ऊर्जा-कुशल बुनियादी ढांचे, नवीकरणीय ऊर्जा समाधान, अपशिष्ट कटौती और रीसाइक्लिंग, टिकाऊ परिवहन पहल कार्यक्रमों जैसे टिकाऊ प्रथाओं को लागू किया है।

यह पुरस्कार पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा देने और छात्रों के बीच पर्यावरण के प्रति जागरूक मूल्यों को स्थापित करने में आईआईटी जीएन के उल्लेखनीय प्रयासों और उत्कृष्ट उपलब्धियों को मान्यता देता है। संस्थान पर्यावरणीय जागरूकता और संरक्षण पहलों की एक श्रृंखला के साथ एक टिकाऊ शिक्षण वातावरण को बढ़ावा देता है, जिसमें प्लॉगिंग ड्राइव, विभिन्न हितधारकों के लिए प्रशिक्षण सत्र, निष्क्रिय छायांकन और अभिविन्यास डिजाइन, प्राकृतिक प्रकाश का व्यापक उपयोग, पर्यावरण के अनुकूल सीवेज उपचार संयंत्र, वर्षा जल संचयन प्रणाली, बायोगैस और कंपोस्टिंग सिस्टम, सौर पैनल स्थापना, सभी वॉशबेसिन और नल में पानी बचाने वाले एरेटर का उपयोग, कुशल अपशिष्ट प्रबंधन और आधिकारिक संचार के लिए कागजात के उपयोग को कम करने के लिए ई-ऑफिस प्रणाली का कार्यान्वयन आदि शामिल हैं।

वैश्विक स्तर पर इस मान्यता का श्रेय संस्थान समुदाय के समर्पित प्रयासों को देते हुए, आईआईटी जीएन के निदेशक प्रोफेसर रजत मूना ने कहा कि यह पुरस्कार हमारे परिसर विकास कार्यालय और संपूर्ण आईआईटी जीएन समुदाय के अथक जुनून, प्रतिबद्धता और कड़ी मेहनत का एक प्रमाण है, जो पर्यावरण के साथ सद्भाव में रहने और पर्यावरण के प्रति जागरूक जीवनशैली को बढ़ावा देने में गर्व और खुशी महसूस करता है। इस पुरस्कार ने पर्यावरण संरक्षण और स्थिरता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को और मजबूत किया है।

## बच्चों की रुकी हुई लंबाई को बढ़ाए योगासन

**नई दिल्ली,** 19 सितम्बर (एजेंसियां)। योगासन केवल शारीरिक विकास के लिए ही नहीं होते हैं, बल्कि उनका मानसिक और आध्यात्मिक असर भी होता है। यह शारीरिक कष्टों से राहत दिलाता है तो वहीं मानसिक दबाव को कम करता है। बच्चों की हाइट न बढ़ना आजकल आम समस्या हो गई है। अगर अच्छे खानपान और कई तरह की एक्सरसाइज करने के बावजूद किसी बच्चे की लम्बाई नहीं बढ़ रही है तो ऐसे में पेरेंट्स का चिंता करना लाजमी है। शुरूआत में बच्चों की लम्बाई पर माता-पिता ध्यान नहीं देते हैं लेकिन जब 15 साल के बाद भी उम्र के हिसाब से बच्चे की लम्बाई नहीं बढ़ती है तो उन्हें चिंता होने लगती है। अगर हर तरह के उपाय करने के बावजूद आपके बच्चे की हाइट नहीं बढ़ रही है तो आप इन तीन योगासन की मदद ले सकते हैं। बच्चों की हाइट बढ़ाने के लिए करें ये योगासन



**ताड़ासन :** ताड़ासन को लंबाई बढ़ाने के लिए रामबाण इलाज कहा जाता है। ये आसन पीठ दर्द, लंबाई बढ़ाने और घुटनों से संबंधित हर तरह की समस्या से निजात दिलाता है। इसे करने के लिए सबसे पहले आप अपने दोनों पैरों पर खड़े हो जाएं। इसके बाद अपने हाथों को जोड़ते हुए ऊपर की तरफ ले जाएं। अपने दोनों हाथ और सिर को ऊपर की तरफ खींचने की कोशिश करें। इस दौरान गहरी सांस लें। अब धीरे-धीरे अपनी मुद्रा में वापस आ जाएं। यह आसन अपने बच्चे को दिन 2 से 3 बार कराएं।

**वृक्षासन :** इस आसन को करने पर आपके शरीर में लंबाई वाले हार्मोन की ग्रोथ होती है। बच्चों की लंबाई बढ़ाने के लिए तो ये आसन बेहद फायदेमंद है। इसे करने के लिए आपको सबसे पहले आपको सूर्य की दिशा में सावधान की पोजीशन में खड़े होना है। इसके बाद अपने हाथों को आसमान की तरफले जाते हुए लेफ्ट पैर को राइट पैर की जांघ पर रख लें। अब इसी मुद्रा में थोड़ी देर तक बने रहें। इसके बाद धीरे-धीरे अपनी मुद्रा में वापस आएं। लंबाई बढ़ाने के लिए इसे दिन में 8 से 10 बार करें।

**भुजंगासन :** भुजंगासन स्पाइनल कॉर्ड को मजबूत बनाने में मदद करता है और शरीर की लंबाई में सुधार कर सकता है। यह बॉडी के स्ट्रक्चर को बेहतर करता है।

अंतत: निष्कर्ष से निकलता है कि अगर ये कहा जाए कि योग के पास हमारी सभी समस्याओं का हल है तो गलत नहीं होगा। दिनभर की छोटी मोटी समस्याओं से लेकर कई बड़ी बीमारियों से राहत दिलाने में योग हमारी मदद करता है। योग का निर्माता अभ्यास आपके बच्चों की झुकी हुई लंबाई को बढ़ाने में काफी कारगर सिद्ध होता है इसलिए रोज कर रही हो स्वस्थ रहे मस्त रहे खुश रहे।

रायपुर, बुधवार 20 सितम्बर 2023
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# नारी शक्ति वंदन उर्फ महिला आरक्षण

चुनावी साल में हार की आशंकाओं के बीच जूझ रही भाजपा ने 19 सितम्बर को फिर एक चुनावी दांव चला। दांव पुराना था, लेकिन मोदी सरकार ने अपने चलन के अनुरूप उस पर नया मुलम्मा चढ़ाकर इस तरह पेश किया, मानो यह उसी की पहल हो। 19 सितम्बर, 2023 को संसद के विशेष सत्र के दूसरे दिन संसद के नए भवन से कामकाज शुरु हुआ। मोदी सरकार ने इसके लिए गणेश चतुर्थी का दिन ही क्यों चुना, ये समझना कठिन नहीं है। हिंदुओं के लिए गणेश चतुर्थी का दिन खास मायने रखता है। पहले गणेश उत्सव महाराष्ट्र के अलावा कुछ गिने-चुने राज्यों में ही धूमधाम से मनाया जाता था। लेकिन सिनेमा और टीवी की पहुंच और प्रभाव के कारण धीरे-धीरे सारे देश में इसका दायरा बढ़ने लगा। लेकिन फिर भी इस दिन को राजनैतिक तौर पर भुनाने की कोशिश अब तक किसी सरकार ने नहीं की। श्री मोदी यहां भी कीर्तिमान स्थापित कर गए।

गणेश चतुर्थी के दिन संसद में प्रवेश से पहले, वे सेंट्रल विस्टा का उद्घाटन पंडितों की मौजूदगी में मंत्रोच्चार के बीच कर चुके हैं और दोनों ही अवसरों पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का न होना कई सवालों को खड़े कर देता है। राष्ट्रपति महोदया को इन महत्वपूर्ण अवसरों पर मोदी सरकार ने क्यों शामिल नहीं किया, इसका जवाब वही दे सकते हैं। लेकिन एक बात दीवार पर लिखी इबारत की तरह स्पष्ट है कि संसद के कामकाज में भगवान और पूजा पाठ शामिल कर मोदी सरकार ने संविधान की भावना का अनादर किया, जो धर्मनिरपेक्षता की व्याख्या करता है। मोदी सरकार ने लोकतंत्र के लिए सबसे जरूरी इस मंच को एक धर्म तक समेटने की कोशिश की, ताकि इसका लाभ उन्हें चुनाव में मिल सके। श्री मोदी के पास जनवरी में राम मंदिर के उद्घाटन का मौका अभी बचा है, लेकिन ऐसा लग रहा है कि प्रधानमंत्री मोदी को अपनी सत्ता के हिलने का अहसास होने लगा है और इसलिए वे इस वक्त किसी भी मौके को चूकना नहीं चाहते।

संसद में कई दशकों से महिला आरक्षण पर कानून बनाने की मांग हो रही है। मोदी सरकार ने अपने 9 सालों के कार्यकाल में तो अब तक इस पर कुछ नहीं किया था, लेकिन लोकसभा चुनाव में जब साल भर भी नहीं बचे हैं, तो श्री मोदी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम नाम का जिक्र संसद में किया और कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने इसे सदन के पटल पर रखा। इस विधेयक के पारित होने के बाद लोकसभा में महिला सांसदों की संख्या बढ़कर 181 हो जाएगी। मौजूदा समय में लोकसभा में कुल सदस्य संख्या 543 है। और इस वक्त महिला सांसदों की संख्या 82 है। विधेयक में संविधान के अनुच्छेद- 239 एए के तहत राजधानी दिल्ली की विधानसभा में भी महिलाओं को 33प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। यानी, दिल्ली विधानसभा में भी 70 में से 23 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित रहेंगी। अन्य राज्यों की विधानसभाओं में भी महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण लागू किया जाएगा। जो लोकसभा या विधानसभा सीट महिलाओं के एक चुनाव में आरक्षित होगी अगले चुनाव में वही सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित नहीं होंगी। बल्कि अन्य 33 प्रतिशत सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित की जाएंगी। इसके बाद जो तीसरा चुनाव होगा उसमें बची हुई 33 प्रतिशत सीटों को महिलाओं के लिए आरक्षित किया जाएगा।

इस विधेयक के ऐसे प्रावधानों को सुनकर लगता है कि देश में कोई अभूतपूर्व क्रांति होने वाली है। महिलाओं को एकदम से शक्ति मिलने वाली है। एक झटके में सारी व्यवस्था सुधर जाएगी, महिला विरोधी मानसिकता ठीक हो जाएगी। लेकिन हकीकत फिलहाल ऐसी नहीं है। विधेयक के मसौदे पर में यह लिखा है कि इसे 'संविधान (एक सौ अट्ठाईसवां संशोधन) अधिनियम 2023 के प्रारंभ होने के बाद होने वाली पहली जनगणना के प्रासंगिक आंकड़े प्रकाशित होने' के बाद लागू किया जा सकेगा। इसे निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन या पुनर्निर्धारण के बाद लागू किया जाएगा। लागू होने के बाद अधिनियम 15 वर्ष तक प्रभावी रहेगा। अगली जनगणना कब तक होगी, इसका कोई ठिकाना नहीं है, क्योंकि सरकार की प्राथमिकता में शायद जनगणना के आंकड़े जुटाना है ही नहीं। जब तक जनगणना नहीं होगी, तब तक महिला, पुरुष, अजा, जजा, ओबीसी इन सब के ताजा आंकड़े नहीं आएंगे और जब आंकड़े ही नहीं होंगे, तो आरक्षण की व्यवस्था किस तरह होगी, ये बड़ा सवाल है। यह निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन और कानून लागू होने के बाद पहली जनगणना के बाद ही संभव हो पाएगा।

इसका यही मतलब है कि संसद के नए भवन में प्रवेश के साथ ही मोदी सरकार ने जिस तरह महिला आरक्षण को एक नए नाम नारी शक्ति वंदन अधिनियम के साथ पेश किया, वो सभी दलों से विचार-विमर्श के बाद पूरी तैयारी के साथ पहले या बाद में भी पेश हो सकता था, लेकिन सरकार ने इसी दिन को चुना ताकि अपना नाम इतिहास में दर्ज करा सके। श्री मोदी ने इस विधेयक के बारे में बोलते हुए कहा भी कि ईश्वर ने इस शुभ काम के लिए शायद मुझे चुना है। इस वक्तव्य में श्रेय बटोरने की हड़बड़ी साफ दिखाई देती है। क्योंकि मोदी सरकार ये जानती है कि महिला आरक्षण का विचार राजीव गांधी के प्रधानमंत्रित्व कार्यकाल से ही पनपना शुरु हुआ है, और बाद की तमाम सरकारों ने अपने-अपने स्तरों पर इसे पारित करवाने की कोशिश की। 2010 में सोनिया गांधी के प्रयासों से राज्यसभा तक में महिला आरक्षण विधेयक पारित हो गया, लेकिन तब राजद, सपा जैसे दलों की कुछेक आपत्तियों के कारण लोकसभा में लटक गया। महिला आरक्षण विधेयक के लटकने-अटकने का इतिहास तो सबको ज्ञात है, लेकिन अब मोदी सरकार ने इसके नाम पर भटकाने का रास्ता भी प्रशस्त कर दिया। सरकार ने यही इशारा दिया है कि केवल वही महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए प्रयासरत है, जबकि यह पूरा सच नहीं है। आधे-अधूरे सच और आधी-अधूरी तैयारियों के साथ महिला आरक्षण या नारी शक्ति वंदन अधिनियम किस दिशा में बढ़ता है और किस दशा को प्राप्त होता है, ये जानने के लिए इंतजार करना होगा।

# नये संसद भवन और विशेष सत्र का औचित्य अब साफ है

पूर्व घोषणा के अनुसार भारतीय संसद अपने नये पते पर स्थानांतरित हो गई है। सोमवार को पुरानी इमारत में उसने अपना अंतिम कामकाज निपटाया और मंगलवार को गणेश जी की विधिवत पूजा-अर्चना कर नये भवन का श्रीगणेश हुआ। 22 सितम्बर तक कई काम निपटाकर 5 दिवसीय विशेष सत्र समाप्त तो हो जायेगा लेकिन सोच-विचार करने वाला हर कोई जानता है कि इस नये संसद भवन और विशेष सत्र का औचित्य क्या है। औचित्य पर इसलिये सवाल उठता रहेगा क्योंकि देश के पास पहले से एक शानदार भवन उपलब्ध है जिसने अपने सभा कक्षों एवं गलियारों में देश को निर्मित होते देखा है; और जो अभी भी इस हाल में है कि वह अगले सौ-एक साल तक तो देश को प्रेरणा देने के अलावा हमारी संसदीय ज़रूरतों को पूरा भी कर सकता है- अगर आवश्यक हुआ तो थोड़ी-बहुत मरम्मत करके एवं उसमें कुछ बदलाव लाकर। हालांकि कोई कह सकता है कि अब तो नयी इमारत न केवल बन गई है और संसद का काम-काज नये पते पर प्रारम्भ भी हो गया है, तो इसके निर्माण के औचित्य पर सवाल करने का क्या अर्थ है। तो बात यह है कि संसद भवन देश का है और उसी के पैसों से बना है। फिर, यह ऐसे समय पर बनना शुरू हुआ था तब पूरी दुनिया के साथ भारत के लोग कोरोना की दो-दो लहरों के प्रकोप को भुगत रहे थे। जब लोगों को ऑक्सीजन संयंत्रों, एंबुलेंसों, अस्पताल में विशेष बिस्तरों, दवाओं की आवश्यकता थी तब देश का प्रधान सेवक नयी बिल्डिंग बनवाने में व्यस्त था तथा राजकोष का खर्च इस अब भी गैर जरूरी भवन पर कर रहा था। वैसे नये भवन के औचित्य पर तभी से सवाल उठते रहे हैं जब उसकी योजना बनी ही थी। जवाब न देने की आदी और सफाई देने में अपनी हेठी समझने वाली मोदी सरकार ने इस पर विस्तार से कभी अन्य दलों से चर्चा तक नहीं की। यहां तक कि भाजपा के सासंद तक इससे अनभिज्ञ थे।

दूसरे, जो शासकीय विधेयक लाये जा रहे हैं उनका भी इसलिये औचित्य पूछा जायेगा क्योंकि उन्हें कुछ दिनों पहले समाप्त हुए मानसून सत्र में लाया जा सकता था या वे आगामी शीतकालीन सत्र में भी पारित हो सकते थे। दूसरे, जो 7-8 शासकीय विधेयक लाये जा रहे हैं उनका भी इसलिये औचित्य पूछा जा रहा है कि उन्हें कुछ दिनों पहले समाप्त हुए मानसून सत्र में लाया जा सकता था या वे आगामी शीतकालीन सत्र में भी पारित हो सकते थे। अभी देशवासी इस राष्ट्रीय तमाशे के बीच में पहुंचे थे कि नये-नये तमाशों को एक के बाद एक प्रस्तुत करने में माहिर प्रधानमंत्री ने नया आईटम पेश कर दिया जो सबसे महत्वपूर्ण है- महिला आरक्षण। सोमवार की शाम को कैबिनेट की हुई बैठक में बहुप्रतीक्षित महिला आरक्षण का मसौदा मंजूर करने से लगा था कि इसके लिये भी रास्ता साफ हो गया है। अगर ऐसा होता होता यह अच्छी बात होती परन्तु जो 6 पेजी विधेयक लाया गया तो वह भी 'पोस्ट डेटेड' निकला। इसे परिसीमन के बाद 2026 में लागू किया जायेगा। इसके प्रारूप का अध्ययन करने एवं विभिन्न राजनैतिक दलों के भीतर विचार-विमर्श के लिये सांसदों को समय तक नहीं दिया गया। भारतीय जनता पार्टी के केन्द्र में दूसरे कार्यकाल के लगभग अंतिम चरण में यह विधेयक लाना बहुत कुछ बतलाता है। अब देखना होगा कि जब इसके लागू होने का वक्त आएगा (2026 में) तो इसके प्रावधान क्या होंगे और उसका स्वरूप क्या रहेगा। वह सभी वर्गों की महिलाओं को समुचित न्याय दे पाता है या नहीं, यह भी देखे जाने की आवश्यकता है। पहले और दूसरे दौर में भाजपा के पास बहुमत की कमी तो थी नहीं और उसने अनेक विधेयक बगैर चर्चा या सर्वसम्मति की परवाह किये बिना ही पारित कर कानून बनाये हैं, तो इसे तत्काल पारित करने में कहां दिक्कत थी- यह भी स्पष्ट होना चाहिये।



डॉ. दीपक पाचपोर

**संसद भवन देश का है और उसी के पैसों से बना है। फिर, यह ऐसे समय पर बनना शुरू हुआ था तब पूरी दुनिया के साथ भारत के लोग कोरोना की दो-दो लहरों के प्रकोप को भुगत रहे थे। जब लोगों को ऑक्सीजन संयंत्रों, एंबुलेंसों, अस्पताल में विशेष बिस्तरों, दवाओं की आवश्यकता थी तब देश का प्रधान सेवक नयी बिल्डिंग बनवाने में व्यस्त था तथा राजकोष का खर्च इस अब भी गैर जरूरी भवन पर कर रहा था।**

यह विधेयक पिछले करीब चार दशकों से दिन के उजाले का इंतज़ार कर रहा था। उसके कुछ प्रावधानों को लेकर अनेक दलों की आपत्तियां थीं। मुख्य आपत्ति समाजवादी पार्टी और राष्ट्रीय जनता दल की थी जिनकी मांग थी कि जिस प्रकार इस विधेयक में आरक्षण के भीतर उप आरक्षण के रूप में अनुसूचित जाति एवं जनजातियों के लिये प्रावधान हैं, वैसे ही अन्य पिछड़ा वर्ग के लिये भी प्रावधान हों। भाजपा इन दिनों जातिगत गणना के मुद्दे पर घिरी हुई है क्योंकि कांग्रेस समेत अनेक विपक्षी पार्टियां इसके हक में हैं और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने तो नारा ही दिया है कि 'जिसकी जितनी आबादी उसकी उतनी भागीदारी।' अगर भाजपा सरकार इस विधेयक में उस विसंगति को ठीक कर देती तो यह विपक्ष की जीत मानी जायेगी तथा उसे ओबीसी की अधिक भागीदारी का सिद्धांत मानना होगा। फिर तो जातीय जनगणना भी कराने की मांग जोरदार ढंग से उठेगी। तो भी उम्मीद थी वे विसंगतियां दूर होतीं और विधायिकाओं में प्रतिनिधित्व के बढ़े हुए हक की बाट जोहती देश की आधी आबादी को विधायिकाओं में बड़ी हिस्सेदारी मिल सकती। महिलाओं समेत सभी समतावादियों को मोदी ने निराश किया है। यह भी एक तरह से झुनझुना साबित हो गया है।

ये सारी कवायदें बताती हैं कि मोदी के सामने 2024 का लोकसभा चुनाव जीतना एक बड़ी चुनौती है। वह ऐसे और कठिन होता जायेगा क्योंकि इस साल के अंत में होने वाले 5 राज्यों के विधानसभा चुनाव (छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, राजस्थान, तेलंगाना एवं मिजोरम) भी जीतना भाजपा के लिये कठिन माना जा रहा है। अब तो मुकाबले में मजबूत विपक्षी गठबन्धन इंडिया भी है। प्रशासक के रूप में पूर्णत: नाकाम और हर मोर्चे पर सुपर फ्लॉप साबित हो चुके प्रधानमंत्री के पास ऐसे आयोजनों के जरिये अपनी छवि चमकाने के अलावा और कोई उपाय नहीं हैं। 9-10 सितम्बर को भारत में हुए जी-20 के सम्मेलन की अध्यक्षता करने का अवसर एक तयशुदा रोटेशन व प्रक्रिया के तहत देश को मिला था। इसे यूं प्रचारित किया गया मानों वह मोदी की लोकप्रियता के बल पर हासिल किया गया पद हो।

श्री मोदी के लिये पहले तो अपनी पीएम की उम्मीदवारी को ही बचाने और फिर भाजपा को तीसरी बार सत्ता में लाने के कठिन टास्क हैं। ऐसे में छोटे-मोटे इवेंट काम नहीं आने वाले। इसलिये जी-20 का इस्तेमाल उन्होंने अपनी छवि चमकाने के लिये तूफानी अंदाज़ में किया। दिल्ली में उनके पोस्टर छाये हुए थे तथा उनके आर्थिक मॉडल के दुष्परिणामों को हरे पर्दों से ढंक दिया गया था ताकि विदेशी मेहमान गुजरात मॉडल के ढोल की पोल को न जानें। उसी श्रृंखला में संसद के स्थानांतरण को भी देखा जाना चाहिये। पुराने भवन से नये में जाने के कार्यक्रम को ऐसा डिज़ाइन किया गया था जिससे मोदी की गिरती छवि को टेका मिले। अंतिम समारोह में सत्ता से जुड़े जिन लोगों के भाषण हुए, उन्होंने ख्याल रखा था कि सारा श्रेय मोदी को जाये तथा उनके नेतृत्व की प्रशंसा हो। प्रोटोकॉल के अनुसार समारोह के सर्वोच्च अतिथि उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ तक यह कहकर प्रधानमंत्री को खुश करते नज़र आये कि श्री मोदी के कहने के बाद उन्हें दिक्कत आती है कि अब क्या कहा जाये। नये संसद भवन में इसी तरह से काफी कुछ देखने को मिलेगा क्योंकि मोदी एवं उनकी सरकार पुराने भवन में बनी संसदीय परम्पराओं, मर्यादाओं, आदर्शों और नैतिकता का बोझ उतारकर नये पते पर बिंदास तरीके से रहने जा रही है।

**(लेखक देशबन्धु के राजनीतिक सम्पादक हैं।)**

# कांग्रेस नेतृत्व 2024 में इंडिया बैनर तले भाजपा से मुकाबले को लेकर आश्वस्त

■ **कल्याणी शंकर**

हैदराबाद में पिछले सप्ताहांत कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक के बाद कांग्रेस नेता उत्साहित हैं। वे अब चुनाव में उतरने के लिए तैयार हैं। पार्टी की सर्वोच्च नीति-निर्धारक संस्था सी.डब्ल्यू.सी. ने कई विवादास्पद और संवेदनशील विषयों पर विचार किया और एकजुटता से अपने भविष्य की योजना बनाई।

मल्लिकार्जुन खड़गे के पार्टी अध्यक्ष बनने के बाद यह पहली बैठक थी। सम्मेलन में सोनिया, राहुल और प्रियंका के शामिल होने से गांधी परिवार की मजबूत उपस्थिति रही। इंडिया विपक्षी गठबंधन की तीन सार्थक बैठकों के बाद कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्यों ने राहुल गांधी के नेतृत्व और उनके भारत जोड़ो यात्रा को और आगे बढ़ाने के इरादे का समर्थन किया। माहौल आश्वासन भरा था और उसमें सकारात्मकता का भाव था।

विभाजित-तेलंगाना की राजधानी के रूप में हैदराबाद का चयन महत्वपूर्ण है क्योंकि तीन महीने में वहां राज्य विधानसभा चुनाव होने हैं। 2014 के बाद से कांग्रेस दोनों राज्य-आंध्र प्रदेश और तेलंगाना हार गई है।

राजनीतिक, आर्थिक और सुरक्षा स्थितियों पर विचार करने के बाद, सी.डब्ल्यू.सी. ने जोरदार ढंग से घोषणा की कि वह आगामी विधानसभा चुनावों और 2024 लोकसभा के लिए पूरी तरह से तैयार है। कांग्रेस ने इंडिया गठबंधन के समर्थन से खुद को भाजपा के विकल्प के तौर पर पेश किया।

**कांग्रेस सतर्क है और यह कहकर विवादास्पद विषयों से बच रही है कि वह सर्व धर्म समभाव के सिद्धांत में विश्वास करती है। गौरतलब है कि हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी ने मध्य प्रदेश में एक सार्वजनिक रैली में इंडिया गठबंधन पर आरोप लगाया था कि वह सनातन धर्म और संस्कृति को खत्म करने की कोशिश करने और इसे 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए एक राजनीतिक एजेंडा बनाने का गुट।**

कांग्रेस नेता इंडिया गठबंधन को लेकर आशावादी हैं। देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस इंडिया गठबंधन में प्राथमिक भूमिका निभाना चाहती है और उसने सभी मोर्चों पर, खासकर मणिपुर और कश्मीर में मोदी सरकार की विफलता की आलोचना की।

14 प्रस्तावों में से एक में कहा गया है, 'सी.डब्ल्यू.सी. इंडिया गठबंधन की पहल को वैचारिक और चुनावी सफलता बनाने के लिए कांग्रेस पार्टी के संकल्प को दोहराती है ताकि हमारा देश विभाजनकारी और ध्रुवीकरण की राजनीति से मुक्त हो, सामाजिक समानता और न्याय की ताकतें मजबूत हों, और लोग एक ऐसी केंद्र सरकार प्राप्त करें जो जिम्मेदार, उत्तरदायी, संवेदनशील, पारदर्शी और जवाबदेह हो।' संक्षेप में, यही चुनाव अभियान का जोर होगा।

यह संदेश अपने गठबंधन सहयोगियों के प्रति पार्टी की अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि के रूप में कार्य करता है। खिलाड़ियों के बीच अंतर्निहित विरोधाभासों के कारण इसे लेकर संदेह बना हुआ है।

पार्टी ने तेलंगाना, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान और मिजोरम में आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनावों के लिए रणनीति बनाई। इसमें चुनौतियों पर ध्यान दिया गया जिसमें गठबंधन बनाने और इंडिया गठबंधन के कुछ सदस्यों के साथ सीटों के समायोजन पर केंद्रीय नेतृत्व और विशिष्ट राज्य इकाइयों के बीच अलग-अलग विचार शामिल हैं।

आंतरिक आकलन के अनुसार, पार्टी को पंजाब, दिल्ली और पश्चिम बंगाल में अपने भीतर से परेशानी की आशंका है। पंजाब और दिल्ली में पार्टी नेता प्रतिद्वंद्वी आम आदमी पार्टी का समर्थन नहीं करते हैं। पश्चिम बंगाल में राज्य नेतृत्व का सीधा मुकाबला तृणमूल कांग्रेस से है। राजस्थान में कांग्रेस और भाजपा सत्ता के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं।

आंतरिक सर्वेक्षणों के अनुसार कांग्रेस पार्टी को छत्तीसगढ़ में थोड़ा फायदा हो रहा है और मध्य प्रदेश में उसकी मजबूत स्थिति है। पार्टी के अंदरूनी सूत्र यह भी बता रहे हैं कि तेलंगाना में कांग्रेस की पकड़ मजबूत हो रही है। पार्टी ने 17 सितंबर को हैदराबाद दिवस मनाने के लिए दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया था जो 1948 में शहर के भारत में शामिल होने का प्रतीक दिवस है।

संसद में विधायी कार्य के बारे में संकल्प मुख्य रूप से संविधान की समीक्षा के प्रस्तावों को अस्वीकार करने पर केंद्रित थे। पार्टी ने एक तिहाई महिला आरक्षण विधेयक और एस.सी., एस.टी. और ओ.बी.सी. के लिए आरक्षण सीमा बढ़ाने की मांग की। इन उपायों का उद्देश्य विभिन्न मतदाता समूहों का दिल जीतना है।

सी.डब्ल्यू.सी. ने मुख्य चुनाव आयुक्त और दो चुनाव आयुक्तों के वेतन, भत्ते और सेवा शर्तों में संशोधन के लिए प्रस्तावित विधेयक का भी विरोध करने का निर्णय किया। उनका तर्क था कि यह विधेयक चुनाव आयोग की स्वतंत्रता को नुकसान पहुंचा सकता है।

सी.डब्ल्यू.सी. ने भाजपा के 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के प्रस्ताव को असंवैधानिक बताते हुए इसका विरोध किया है। फिर भी, मोदी सरकार ने लोकसभा, राज्य विधानसभाओं, नगर पालिकाओं और पंचायतों के लिए सह-अस्तित्व चुनाव कराने की व्यवहार्यता का पता लगाने के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के नेतृत्व में एक समिति की स्थापना की है।

एक प्रस्ताव में भाजपा की हृदयहीनता की आलोचना की गई। जम्मू-कश्मीर में संकट के दौरान मोदी की जी-20 उपलब्धियों का जश्न मनाने की निंदा की गई और इसे घाटी में सुरक्षा कर्मियों के बलिदान का अनादर कहा गया।

कांग्रेस सतर्क है और यह कहकर विवादास्पद विषयों से बच रही है कि वह सर्व धर्म समभाव के सिद्धांत में विश्वास करती है। गौरतलब है कि हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी ने मध्य प्रदेश में एक सार्वजनिक रैली में इंडिया गठबंधन पर आरोप लगाया था कि वह सनातन धर्म और संस्कृति को खत्म करने की कोशिश करने और इसे 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए एक राजनीतिक एजेंडा बनाने का गुट।

सी.डब्ल्यू.सी. के बाद सार्वजनिक रैली में, सोनिया गांधी ने आगामी तेलंगाना चुनावों के लिए छह वायदे किये, जो इस प्रकार हैं: 1. महिलाओं को 2,500 की मासिक राशि प्राप्त होगी, 2. किसानों और बटाईदार किसानों को वार्षिक 15,000 की राशि दी जायेगी, 3. जिसे गृह ऋण चाहिए उसे दिया जायेगा, 4.बेघरों को घर के लिए जगह और 5 लाख की राशि मिलेगी, 5. युवाओं को विकास में सहायता के लिए कार्यक्रम लाये जायेंगे और 6. सभी जरूरतमंद नागरिकों को चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई जायेगी। इन लाभों का उद्देश्य मतदाताओं को मुफ्त सुविधाओं से आकर्षित करना था।

हालांकि, कांग्रेस ने अभी तक अपनी नयी कहानी का खुलासा नहीं किया है, जबकि यह स्पष्ट है कि विचारधारा केंद्रीय मुद्दा है। कांग्रेस को अपनी स्थिति सुधारने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी। पार्टी की सफलता सीट साझाकरण, उम्मीदवार चयन, गठबंधन, संसाधन और कार्यकर्ता समर्थन सहित कई कारकों पर निर्भर करेगी। लेकिन नि:संदेह कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ा है।

## पावन प्रसंग

# श्रेष्ठता के लिए करें स्वयं को होम

मित्रो! श्रेष्ठता के लिए आदर्शवादिता के लिए अपने आप को होम कर देना, अपने आप को खतम कर देना, उसी के लिए संभव है, जिसके मन में से बेहिसाब करुणा टपकती हो, जहां कहीं भी हम देखते हैं, हमको करुणा ही दिखाई पड़ती है, जो आदमी की उन्नति के पथ पर आगे बढ़ाती चली जाती है। जितने भी अच्छे श्रेष्ठ आदमियों को हम देखते हैं, वे सब करुणा से भरे हुए हैं। जापान में कागाबा को गांधी कहते हैं, जैसे कि हिंदुस्तान के गांधी थे। कागाबा कौन है ? बेटे कागाबा उस आदमी का नाम है जिसने एम.ए. की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद में यह निश्चय किया कि अपनी बची हुई जिंदगी को दुखियारों के लिए खर्च करूंगा। जिन मुहल्लों में पीड़ित लोग रहते थे, शराबी, बीमार, कोढ़ी लोग रहते थे, उसी जगह उन्होंने अपनी झोपड़ी डाल ली और जिंदगी भर दरिद्रनारायण की सेवा में समर्पित हो गए। पचास रुपए में अपना गुजारा करने वाले जापान के गांधी कागाबा सारे के सारे दुखियारों की, दीनों की, पीड़ितों-पतितों की सेवा करने में लगे रहे। जापान की गवर्नमेंट ने, जनता ने उन्हें भरपूर सहायता दी।

मित्रो, भगवान की सहायता किसको मिली ? जिनके पास कलेजा और हृदय है। आपके पास हृदय है कहां ? जरा अपनी छाती पर हाथ रखकर देखें। अक्ल तो है, पर कितनी बड़ी है ? जालिम अक्ल, बेईमान, अक्ल, दुष्ट अक्ल, पापी अक्ल, पतित अक्ल, और कमीनी अक्ल हमारे ऊपर के हिसाब रूप से हावी हो गई और हमको न जाने क्या से क्या कराती है, न जाने कितने तरह के जाल बुनने को हमें मजबूर करती है और न जाने कहां-कहां हमको भटकाती और ले जाती है। बेटे यह अक्ल एक कोने पर लेकिन जहां तक आध्यात्मिक जीवन का संबंध है, जहां तक भगवान को भक्ति का संबंध है, जहां तक मनुष्य की श्रेष्ठता और शालीनता का संबंध है, जहां तक भगवान की भक्ति का संबंध है, जहां तक मनुष्य की श्रेष्ठता और शालीनता का संबंध है, ये सारी की सारी बातें हृदय से ताल्लुक रखती हैं। ये आदमी की उदारता से ताल्लुक रखती है। ये आदमी की श्रद्धा से ताल्लुक रखती है भक्ति से ताल्लुक रखती है। जो आदमी कोमल हृदय वे होगा, वह अकेले खा नहीं सकता, जमा नहीं कर सकता, अमीर नहीं बन सकता, क्योंकि उसके सामने हजारों हाथ पीड़ितों के चारों ओर फैले दिखाई पड़ेंगे। वह खा नहीं सकता। ईश्वचंद्र विद्यासागर ने देखा कि अमीरी और गरीबी और पिछड़ापन समाज में अभी भी विद्यमान है, जो हमारे समय में था। हमारे पिता सुविधा नहीं जुटा पाए। हम किताबें मांग करके लाते और स्ट्रीट लाइट के नीचे खड़े होकर पढ़ते थे। यदि आज भी ऐसे विद्यार्थी हैं तो उनकी मुझे सहायता करनी चाहिए। उनके ईमान ने सोचा कि जो भगवान गरीबों के रूप में हजारों-हजार हाथों से आदमी से मांगता और पुकारता है, उसके लिए मुझे कुछ करना चाहिए।

मित्रो, अगर ईमान हमारे और आपके भीतर हो तब, उदार हृदय हमारे पास हो तब ? पर हम तो हृदयहीन हैं। हृदय कहीं से धड़कता तो है, यह लोहार की धौंकनी के तरीके से है। इसमें करुणा का नाम भी नहीं। दया, उदारता का नाम भी नहीं है। इसमें तो महत्वाकांक्षाएं, लालसाएं और लिप्साएं इतनी ज्यादा जमा हो गई हैं कि यहां आकर के भगवान क्या करेगा ? यहां आकर के देवी क्या करेगी ? यहां आकर केआध्यात्मिकता क्या करेगी ? ईश्वरचंद्र विद्यासागर को पांच सौ रुपए तनख्वाह मिलती थी। उन्होंने अपने घरवालों से कहा कि आप लोगों को पचास रुपए महीने में ही गुजारा करना पड़ेगा। आपके ऊपर ज्यादा खर्च नहीं किया जा सकता। चार सौ पचास रुपए महीने के बारे में उन्होंने यह व्यवस्था बनाई कि जो विद्यार्थी यह अनुभव करते हों कि हमारे पास किताबें, पेंसिल, मिट्टी के तेल, फीस आदि की कमी है या दूसरी चीजों की कमी है तो वे हमारे घर से ले जाया करें। सब बच्चे आते और अपनी जरूरत की चीजें ले जाते। मित्रो, उस जमाने में भले ईमानदार आदमी रहे होंगे, लेकिन आजकल जैसे बेईमान और चालाक कम है ? आज तो फीस कम करवाने धनवानों के बच्चे अपने रिश्तेदारों के नाम पर फीस माफ करवा लेते हैं और जो वास्तव में जरूरतमंद हैं, वे गरीब रह जाते हैं। आज सब बंटाधार होता चला जा रहा है किसी जमाने में लेने वालों में भी शराफत थी और देने वालों में भी शराफत थी। केवल वे ही विद्यार्थी पाते थे, जो पाने के हकदार होते थे। चार सौ पचास रुपए में हजारों विद्यार्थी लाभ उठाते। कोई पेंसिल, कोई मिट्टी का तेल, कोई कापी, कोई फीस मांग ले जाते। चार सौ पचास रुपए में सैकड़ों हजारों बच्चे को पढ़ते देख विद्यासागर निहाल होते थे।

**अखंड ज्योति**

## आपके पत्र

# बाजार से निराश किसान का आक्रोश आंदोलन में बदला

भारतीय किसान यूनियन प्रवक्ता राकेश टिकैत ने किसानों के साथ न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गारंटी कानून की मांग को लेकर एक बार फिर सड़क पर उतर चुके है। लखनऊ में इको गार्डन में आयोजित किसान मजदूर अधिकार महापंचायत को संबोधित करते हुए एमएसपी पर गारंटी ,दस साल के लिए डीजल ट्रैंकर पर लगी रोक हटाने और गन्ना मूल्य बढ़ाने जैसे तमाम मुद्दे उठाकर सरकार से मांग की है। आजादी के बाद सत्तर के दशक में हरित क्रांति की कामयाबी के साथ किसानों ने फसल की उपज बढ़ाई तो अतिरिक्त पैदावार से उनकी आय का स्त्रोत मजबूत होता गया। लेकिन आठवे दशक के आते-आते फसलों की लागत और कीमतों का अंतर कम होने लगा। इसमें लाचार किसान एमएसपी में बढ़ोतरी के लिए आंदोलन करने लगा। इस दौर में पश्चिमी उत्तरप्रदेश, पंजाब और हरियाणा में भारतीय किसान यूनियन को सबसे मजबूत किसान आंदोलन के रूप में देखा जाता था। असल मे कांग्रेस के समय भाकियू का उदय भी कुछ ऐसे समय मे हुआ था। जिन हालात में कुछ दिन पूर्व में राकेश टिकैत ने पिछले साल किया था। किसानों की अहमियत नौवे दशक के मध्य तक बरकरार रही। लेकिन आर्थिक आंदोलन लागू होने के बाद किसान आंदोलन की कमजोर नहीं हुए,कोई बड़ा किसान आंदोलन ही नहीं हुआ। वही देश में कुकरमुत्तों की तरह उग आए नए संगठन किसानों के मुद्दे को दखल करना शुरु कर दिया। हालांकि किसानों के लिए बेहतर समय आया है। किसानों की आय बढ़ी है। आर्टिकल्चर उत्पादन निर्यात और वैश्विक स्तर पर कृषि उपज के दाम बढ़ने से देश के किसानों की आय बढ़ी है। कांग्रेस और प्रादेशिक सरकारों की नीतियों से किसानों की आत्महत्या की खबरें ही आती गई। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के अनुसार 1995 से 2015 तक करीब तीन लाख 40 हजार किसानों ने खुदकुशी की थी। उसके बाद अब खुदकुशी नहीं करते हैं। सरकार हर समय अन्नदाता किसानों के लिए कदम कदम पर मदद के लिए तैयार है।उस दौर में 12 हजार किसान आत्महत्या कर रहे थे।अब समय बदला है किसान नए सिरे से अपने हक के लिए खड़ा हो गया है। प्रधानमंत्री का नारा ही नहीं कि देश बदल चुका है इसलिए किसान भी अपने दीनहीन और कमजोर छवि बदलने की और चल पड़ा। किसान क्रांति ने किसान सरकार से सब कुछ मनवा दिया है। कर्ज माफी की घोषणा से किसानों की आत्महत्या बन्द हुई है। जिस तरह किसान सड़कों पर आ रहे हैं। सरकार को कुछ बड़े कदम उठाकर किसानों की मांग पर जरूर अमल करना चाहिए। किसान संगठनों को भी देखना होगा कि वह संकट के दीर्घकालिक हल के लिए काम कर रहे है या तत्कालीन हल के लिए। बेहतर नतीजों के लिए दूरदर्शिता जरूरी है।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**

# देश विदेश

## अभूतपूर्व प्रतिबंधों का दबाव झेल रहा है रूस : पुतिन

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि रूस ने पश्चिमी प्रतिबंधों के अभूतपूर्व दबाव को झेला है। पुतिन ने सोमवार को 2024-2026 के संघीय बजट पर एक बैठक के दौरान कहा, हमने अभूतपूर्व बाहरी दबाव, पश्चिमी ब्लॉक में कुछ सत्तारूढ़ अभिजात वर्ग के प्रतिबंधों का सामना किया है। उन्होंने कहा, रूस की जीडीपी 2021 के स्तर पर पहुंच गई है, और अब, आगे स्थिर और दीर्घकालिक विकास के लिए स्थितियां बनाना महत्वपूर्ण है, उन्होंने घोषणा की कि देश की आर्थिक सुधार अवधि अब पूरी हो गई है।

# अगले हफ्ते कोरिया, चीन, जापान की होगी उच्च स्तरीय वार्ता

■ एक-दूसरे के साथ संबंध मजबूत बनाने के मुद्दे पर होगी चर्चा

**सोल**, 19 सितम्बर (एजेंसियां)। दक्षिण कोरिया, चीन और जापान त्रिपक्षीय शिखर सम्मेलन की योजना बना रहे हैं। तीनों देशों के नेता सोल में अगले हफ्ते मिलेंगे जिसमें एक दूसरे के साथ संबंध मजबूत बनाने के मुद्दे पर चर्चा होगी।



सोल में विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि 26 सितंबर को होने वाली बैठक में दक्षिण कोरिया के उप विदेश मंत्री चुंग ब्यूंग-वोन, जापान के वरिष्ठ उप विदेश मंत्री ताकेहिरो फुनाकोशी और चीन के विदेश मामलों के सहायक मंत्री नोंग रोंग एक साथ बैठक करेंगे। योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, मंत्रालय के प्रवक्ता लिम सू-सुक ने कहा कि तीनों पक्ष अपने त्रिपक्षीय सलाहकार निकाय से संबंधित विभिन्न मामलों पर चर्चा करेंगे और तीनों देशों के बीच सहयोग की वर्तमान स्थिति और भविष्य की दिशा की समीक्षा करेंगे। मंत्रालय के एक अधिकारी ने संवाददाताओं से कहा कि बैठक में संभावित त्रिपक्षीय शिखर सम्मेलन से संबंधित मामलों पर भी चर्चा होगी जो 2019 से निलंबित है। अधिकारी ने कहा, त्रिपक्षीय शिखर सम्मेलन को एक साल के भीतर आयोजित करने के उद्देश्य से इस समय चर्चा चल रही है।%% उन्होंने कहा कि शिखर सम्मेलन की तारीख तय करने के लिए तीनों पक्ष विदेश मंत्री स्तरीय बैठक कर सकते हैं। तीनों पड़ोसी देशों के बीच तीन-तरफा शिखर सम्मेलन दक्षिण कोरिया और जापान के बीच जबरन श्रम मुआवजे के फैसलों और महामारी पर विवाद के बाद दिसंबर 2019 में आठवीं बैठक के बाद निलंबित कर दिया गया था। त्री-पक्षीय सम्मेलन पहली बार दिसंबर 2008 में आयोजित किया गया था।

### जी-7 विदेश मंत्रियों की अगली बैठक जापान में होगी

**टोक्यो।** जी -7 विदेश मंत्रियों की अगली बैठक सात से आठ नवंबर को जापान में व्यक्तिगत रूप से होगी। जापानी विदेश मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। प्रवक्ता ने संवाददाताओं से कहा, जापान जी7 विदेश मंत्रियों की अगली बैठक सात से आठ नवंबर को जापान में आयोजित करेगा, यह विर्चुअलि नहीं, बल्कि व्यक्तिगत रूप से होगी।

## इमरान की बहनों की अंतरिम जमानत बढ़ी

**इस्लामाबाद,** 19 सितम्बर (एजेंसियां)। लाहौर की एक आतंकवाद निरोधक अदालत (एटीसी) अदालत ने 9 मई को हुई हिंसक घटनाओं के सिलसिले में पीटीआई नेता असद उमर, पार्टी अध्यक्ष इमरान खान की दो बहनों की अंतरिम जमानत मंगलवार को 4 अक्टूबर तक बढ़ा दी।

अल-कादिर ट्रस्ट मामले में 9 मई को खान की गिरफ्तारी से हिंसा भड़क गई थी, जिसमें महत्वपूर्ण सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमला हुआ था।

2 सितंबर को, लाहौर एटीसी ने उमर और इमरान की बहनों अलीमा खान और उज्मा खान की गिरफ्तारी पूर्व जमानत 19 सितंबर तक बढ़ा दी थी। मंगलवार को सुनवाई के दौरान एटीसी जज आभार गुल ने पुलिस से जांच का पूरा रिकॉर्ड मांगा है। सुनवाई के दौरान अलीमा ने कहा कि वह जिन्ना हाउस नहीं गई थीं, जहां 9 मई को तोड़फोड़ की गई थी और फिर भी उनका नाम इस मामले में जोड़ दिया गया।

अलीमा ने कहा, हम न्याय के लिए अदालत में आए हैं। हम न्याय की मांग करते हैं।

# ईरान की जेलों में बंद पांच अमेरिकी नागरिक रिहा

**वाशिंगटन,** 19 सितम्बर (एजेंसियां)। ईरान में वर्षों से जेल में बंद और व्यापक रूप से बंधक माने जाने वाले पांच अमेरिकी नागरिक अपने घर वापस लौट रहे हैं। यह जानकारी बीबीसी ने मंगलवार को दी।



कतर की मध्यस्थता में इस विवादास्पद अदला-बदली की आखिरी प्रक्रिया तब शुरू हुई जब दक्षिण कोरिया में रखे हुए ईरान के 6 अरब डॉलर दोहा के बैंकों में पहुंच गए। इसके बाद ईरान में चार पुरुष और एक महिला को एक चार्टर्ड विमान से कतर की राजधानी के लिए रवाना किया गया। उनसे वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारियों ने मुलाकात की और अब वे वाशिंगटन के लिए रवाना हो चुके हैं। इन अमेरिकियों में ईरान की कुख्यात एविन जेल में लगभग आठ वर्षों से बंद 51 वर्षीय कारोबारी सियामक नमाजी, कारोबारी एमाद शारगी (59) और पर्यावरणविद् मोराद तहबाज (67) शामिल हैं। अमेरिका ने कहा कि उसके नागरिकों को राजनीतिक फायदे के लिए आधारहीन आरोपों में जेल में बंद रखा गया। सबसे पहले एक समझौता हुआ और उन्हें अगस्त के मध्य में एविन जेल से तेहरान में एक सुरक्षित घर में रखा गया।

अमेरिकी जेलों में बंद पांच ईरानियों, मुख्य रूप से अमेरिकी प्रतिबंधों का उल्लंघन करने के आरोप में, उन्हें भी इस अदला-बदली में क्षमादान दिया जा रहा है लेकिन उनमें से सभी के ईरान लौटने की उम्मीद नहीं है। ईरान ने इनके नाम रेजा सरहंगपुर, कंबिज अतर कशानी, कावेह लोतफोलाह अफरासियाबी, मेहरदाद मोइन अंसारी और अमीन हसनजादेह हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन ने विमान के दोहा पहुंचने के बाद कहा कि ईरान में कैद पांच निर्दोष अमेरिकी आखिरकार आज घर वापस लौट रहे हैं।

## सुडोकू 6322

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | | | | | | 8 |
| | | 5 | 6 | | 1 | 4 | | |
| 2 | | | 4 | 7 | | | | 9 |
| | | 1 | | 8 | | | 6 | |
| 3 | 9 | 2 | | 6 | | 5 | 8 | 4 |
| | 7 | | | 5 | | 2 | | |
| 7 | | | | 2 | 5 | | | 6 |
| | | 4 | 8 | | 9 | 7 | | |
| 1 | | | | | | | 9 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : बुधवार 20 सितम्बर, 2023 भाद्र शुक्ल पक्ष 6

### राशिफल

मेष - आज के दिन का आरंभ बहुत अच्छा होगा। शारीरिक और मानसिक आरोग्य अच्छा बना रहेगा। दोपहर के बाद नए काम करने की सलाह आपको नहीं दी जाती है। वाणी और व्यवहार पर संयम बरतें।

वृषभ - व्यापार में यश और सफलता मिलेगी। साथी कर्मचारियों का पूरा सहयोग आपको मिलेगा। आर्थिक लाभ होगा। विरोधियों को पीछे छोड़ पाएंगे। दोपहर बाद मनोरंजन में आपका ध्यान रहेगा।

मिथुन - आज का आप का दिन किसी खास चर्चा में गुजर सकता है। आप अपनी कल्पनाशक्ति से कुछ नया कर पाने में समर्थ रहेंगे। शारीरिक और मानसिक रूप से खुश रह सकते हैं।

कर्क - हताशा से आप थोड़े चिंतित रहेंगे। इस कारण शारीरिक रूप से आप अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। प्रवास के लिए आज का दिन अनुकूल नहीं है। जमीन और वाहनों से जुड़ी समस्या आपको हो सकती है।

सिंह - आज व्यापार या नौकरी के लिए कोई छोटी यात्रा हो सकती है। विदेश से कोई अच्छे समाचार मिलेंगे। धन लाभ होगा। नए काम के लिए अच्छा समय है। किसी लाभदायक निवेश में आप रुचि ले सकते हैं।

कन्या - आज आपके मन में किसी बात को लेकर दुविधा बनी रहेगी। कोई नया काम शुरू ना करें। ज्यादातर समय मौन बने रहें, इससे विवाद होने से बच जाएगा। परिजनों के साथ बातचीत में संयम बरतें।

तुला - आज आपकी रचनात्मकता से कोई कठिन काम आसान बना पाएंगे। शारीरिक और मानसिक रूप से आप स्वस्थ रहेंगे। विचारों में दृढ़ता बनी रहेगी। नए वस्त्र, आभूषण या मनोरंजन के पीछे धन खर्च होगा।

वृश्चिक - आपका उग्र और असंयमित व्यवहार आपको समस्या में डाल सकता है। दोस्तों और रिश्तेदारों के साथ कोई अनहोनी हो सकती है, उनका ध्यान रखें। दोपहर के बाद शारीरिक, मानसिक स्वास्थ्य में दिक्कत रहेगी।

धनु - व्यावसायिक क्षेत्र में आज आपके लिए लाभकारी दिन है। जीवन में आनंद का वातावरण रहेगा। काम में पदोन्नति होगी। मित्रों के साथ बाहर जाने का कार्यक्रम होगा। व्यापारीवर्ग को भी लाभ होगा।

मकर - आज का दिन मैरीड कपल के लिए आनंदमयी रहेगा। परिजनों के साथ खुशी का वातावरण बना रहेगा। व्यवसाय में पदोन्नति के योग हैं। व्यवसाय में अनुकूल समय है। नौकरी में साथी कर्मचारियों का साथ मिलेगा।

कुंभ - आज के दिन बौद्धिक काम, नए सृजन और साहित्यिक गतिविधि में आप उलझे रहेंगे। नए काम की शुरुआत आज कर सकते हैं। किसी धार्मिक यात्रा का आयोजन हो सकता है। व्यापार में लाभ का अवसर मिलेगा।

मीन - आज आपको वाणी में संयम रखने की सलाह दी जाती है। गुप्त शत्रुओं से सावधान रहना होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आध्यात्मिक उन्नति के लिए दिन अच्छा है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## यूएनजीए में ईरानी राष्ट्रपति से मिलेंगे फुमियो किशिदा

**टोक्यो,** 19 सितम्बर (एजेंसियां)। जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के अधिवेशन से इतर ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी के साथ बैठक करने की योजना बना रहे हैं जबकि यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की के साथ कोई बातचीत निर्धारित नहीं है। क्योदो समाचार एजेंसी ने सरकारी अधिकारियों के हवाले से मंगलवार को यह जानकारी दी। क्योदो ने बताया कि श्री किशिदा यूएनजीए को अपने संबोधन में वैश्विक मुद्दों पर जापान का दृष्टिकोण प्रस्तुत करेंगे और साथ ही परमाणु निरस्त्रीकरण पर ध्यान केंद्रित करते हुए सहयोग के एजेंडे को बढ़ावा देंगे। समाचार आउटलेट ने श्री किशिदा के हवाले से कहा, मैं जापान की अनूठी अवधारणाओं, जैसे मानव सुरक्षा और मानव-केंद्रित अंतरराष्ट्रीय सहयोग (यूएनजीए में) से अवगत कराऊंगा। क्योदो ने बताया कि जापानी विदेश मंत्री योको कामिकावा, जो देश की पहली महिला विदेश मंत्री हैं, यूएनजीए में भाग भी लेंगी। यूएनजीए उच्च-स्तरीय सप्ताह 19-26 सितंबर तक अमेरिका के न्यूयॉर्क में हो रहा है।

# निज्जर की हत्या के मामले में कनाडा ने भारत पर लगाया आरोप

**वाशिंगटन,** 19 सितम्बर (एजेंसियां)। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने खालिस्तानी टाइगर फोर्स के प्रमुख हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत का हाथ बताया। उनके इस बयान पर अमेरिका ने चिंता जतायी है।




■ भारत ने कनाडा सरकार के आरोपों को खारिज किया

एबीसी न्यूज की एक रिपोर्ट के अनुसार, व्हाइट हाउस राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता एड्रिएन वॉटसन ने एक बयान में कहा, हम प्रधानमंत्री ट्रूडो द्वारा लगाए गए आरोपों के बारे में चिंतित हैं। बयान में कहा गया, हम अपने कनाडाई साझेदारों के साथ लगातार संपर्क में रहते हैं। यह महत्वपूर्ण है कि कनाडा की जांच आगे बढ़े और अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाया जाए। पीएम ट्रूडो ने सोमवार को कनाडाई संसद में कहा कि ऐसे आरोप हैं कि खालिस्तान टाइगर फोर्स के प्रमुख हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत सरकार का संबंध हो सकता है। आरोपों के बाद कनाडाई विदेश मंत्री मेलानी जोली ने बताया कि उन्होंने इस घटना पर एक शीर्ष भारतीय राजनयिक को देश से निष्कासित कर दिया। जोली ने कहा कि ट्रूडो ने कथित तौर पर इस मामले को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के साथ भी उठाया था। भारत ने कनाडा सरकार के आरोपों को खारिज किया और उन्हें बेतुका करार दिया। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा, हमने कनाडा के प्रधानमंत्री के उनकी संसद में दिए गए बयान और उनके विदेश मंत्री के बयान को देखा है और हम उसे खारिज करते हैं।

इसमें भारत सरकार की संलिप्तता के आरोप बेतुके हैं। बयान में आगे कहा गया, इसी तरह के आरोप कनाडा के प्रधानमंत्री ने हमारे प्रधानमंत्री पर लगाए थे और उन्हें पूरी तरह से खारिज कर दिया गया था। मंत्रालय ने आगे कहा, हम कानून के शासन के प्रति मजबूत प्रतिबद्धता वाली एक लोकतांत्रिक राजनीति हैं।

## वर्ग पहेली 6322



**बायें से दायें:-**

१. अपने ऊपर बीती घटनाओं का वृत्तांत
३. रणनायक
५. बल्कि, लेकिन. फिर भी
६. कारण, हेतु, उद्देश्य (उर्दू)
७. शर्म, लज्जा
९. सड़ी-गली वस्तुएं आदि की दुर्गंध
१०. मदिरालय
१२. ललक, गहरी इच्छा
१३. उपचार, चिकित्सा (उर्दू)
१४. सुकुमारता (उर्दू)
१५. संग रहने वाला
१८. ज्ञात-मालूम
२०. प्रतिष्ठा, सीमा
२१. रसीला
२3. रुधिरवर्ग (ब्लड ग्रुप)

**ऊपर से नीचे:-**

१. भरोसा देना, विश्वास दिलाना
२. अज्ञानी से ज्ञानभरी बातें करना, मुहावरा है भैंस के आगे...
३. पुल
४. पावन, शुद्ध
५. मौका, समय
८. श्रीकृष्ण
१०. पवित्र (उर्दू)
११. नष्ट, तबाह (उर्दू)
१२. शर्म, हया
१३. वगैरह
१४. घोंसला, रहने की जगह (उर्दू)
१५. ऋणी (उर्दू)
१७. बादल (उर्दू)
१८. तरक्की
१९. भांति, प्रकार
२२. खुदा, ईश्वर (उर्दू)

## वर्ग पहेली-6321



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

# लीबिया में बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में 70 फीसदी बुनियादी ढांचे को पहुंचा नुकसान

**त्रिपोली,** 19 सितम्बर (एजेंसियां)। लीबिया की राष्ट्रीय पुल एवं सड़क एजेंसी ने सोमवार को कहा कि पूर्वी लीबिया के बाढ़ प्रभावित इलाकों में 70 प्रतिशत बुनियादी ढांचा क्षतिग्रस्त हो गया है। एजेंसी ने कहा कि वहां की 50 प्रतिशत सड़कें भी क्षतिग्रस्त हो गईं और आपदा क्षेत्रों में यातायात की अनुमति के लिए वैकल्पिक मार्ग खोले गए।

शिक्षा मंत्रालय ने कहा कि पूर्वी लीबिया में बाढ़ प्रभावित 15 शहरों और कस्बों में 114 स्कूल क्षतिग्रस्त हो गए। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 10 सितंबर को, भूमध्यसागरीय तूफान डैनियल ने लीबिया में दशकों में सबसे खराब



बाढ़ ला दी, जिसमें अब तक कम से कम 5,500 लोगों की जान चली गई और 10,000 अन्य लापता हो गए।

## बैरेंट्स यूरो-आर्कटिक परिषद से रूस हटा

**मॉस्को,** 19 सितम्बर (एजेंसियां)। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि रूस ने बैरेंट्स यूरो-आर्कटिक काउंसिल (बीईएसी) से हटने का फैसला किया है।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने सोमवार को जारी बयान का हवाला देते हुए बताया


**NECC**

| 20.09.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 5.41 | 85 | 170 |
| चिल्हर | 6.50 | 100 | 195 |

डिलीवरी 556 सैकड़ा

दर्जन अंडा 75 रु.

मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.

CSPFA


## आज का इतिहास

1697- राइन्सविक की संधि पर फ्रांस और ग्रैंडअलांस के बीच हस्ताक्षर किए गए थे, जो नौ साल के युद्ध को समाप्त कर रहे थे।
1797- बोस्टन में यूएस फ्रिगेट संविधान (ओल्ड इरोनसाइड्स) लॉन्च किया गया।
1803- आयरिश विद्रोही रॉबर्ट एम्मेट को निष्पादित किया गया।
1819- कार्ल्सबैड डिक्रस जर्मन परिसंघ भर में जारी किए गए।
1831- भाप से चलने वाली पहली बस बनाई गयी। 30 लोगों की क्षमता तथा अत्यंत धीमी गति से चलने वाली इस बस के अविष्कारक गोर्डन ब्रान्ज़ थे।
1839- नीदरलैंड के पहले रेल मार्ग एम्सटरडम से हार्लेम का उद्घाटन हुआ।
1848- विज्ञान की प्रगति के लिए अमेरिकन एसोसिएशन बनाया गया।
1867- ऑस्ट्रिया में हंग्री के विलय के पश्चात फ्रांसवा जोज़फ औपचारिक रुप से ऑस्ट्रिया हंग्री के सम्राट बने।
1881- चेस्टर ए आर्थर ने 21 वे राष्ट्रपति के रूप में शपथ ग्रहण की।
1884- सैन फ्रांसिस्को में %इच्ल राइट्स पार्टी% का गठन किया गया।
1906- उस समय का सबसे बड़ा और सबसे तेज जहाज इंतेहाई दुनिया का महासागर लाइनर आरएमएस मूरतनिया लॉन्च किया गया था।
1925- हेरोल्ड लॉयड कॉमेडी फिल्म द फ्रेशमैन को परदे पर दिखाया गया।
1933-अग्रणी थियोसोफिस्ट, महिला अधिकारों की समर्थक, लेखक, वक्ता एवं भारत-प्रेमी महिला डाक्टर एनी बेसेन्ट का निधन हुआ।
1943- द्वितीय विश्व युद्ध-ऑस्ट्रेलियाई सैनिकों ने न्यू गिनी में काईपिट की लड़ाई में शाही जापानी सैनिकों को हराया।
1946- पहला कान फिल्म फेस्टिवल कान्स के रिसॉर्ट शहर में खोला गया। यह एक वार्षिक उत्सव होगा जो फ्रेंच रिवेरा पर होगा।
1954- आईबीएएम द्वारा विकसित फोरट्रान भाषा के पहले प्रोग्राम को कंप्यूटर पर चलाया गया।
1970- रूसी प्रोब ने चांद के सतह से कुछ चट्टानें इकट्ठा की।
1971- हरिकेन इरेन (उपग्रह चित्र।) ने निकारागुआटो को सफलतापूर्वक अटलांटिक महासागर से प्रशांत में पार करने वाला पहला ज्ञात उष्णकटिबंधीय चक्रवात बन गया।

### प्रथम पृष्ठ का शेष

**तीन अहम मुद्दों पर मंथन...**

65अलग-अलग प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने यहां पौधे लगाए। एनटीपीसी कार्यालय के पास स्थित एकात्म पथ पर ओवल शेप का गार्डन तैयार किया गया है। 1.2 हेक्टेयर में विकसित जी-20 वाटिका का लैंडस्केप एरिया 9376 स्चायर मीटर का है। इसमें आकर्षक लाइटिंग की व्यवस्था की गई है। इस गार्डन में सात प्रकार के फॉक्स टेल, मोलसारी, सीता अशोक, कचनार, अफ्रीकन ट्यूलिप ट्री, पिंक पोई और ट्री ऑफ गोल्ड पौधे लगाए गए हैं।

**पुरखौती मुक्तांगन में देखा छत्तीसगढ़**

जी-20 में शामिल सदस्यों को पुरखौती मुक्तांगन ले जाया गया। जहां वे छत्तीसगढ़ की कला-संस्कृति से रूबरू हुए। छत्तीसगढ़ संस्कृति के तहत जनजाति जीवनशैली, छत्तीसगढ़ के पारंपरिक लोक नृत्य, लोक कला, बस्तर दशहरा, आमचो गांव को देखकर डेलीगेट्स एक्साइटमेंट के भाव से भरे दिखे।

**संसद से लोगों ने ...**

पार्टी सांसद गौरव गोगोई, दीपेंद्र हुड्डा, केसी वेणुगोपाल, राजीव शुक्ला, शक्तिसिंह गोहिल, अखिलेश प्रसाद सिंह, ए. रेवंत रेड्डी, डीएमके नेता कनिमोझी और अन्य लोग पुराने संसद भवन से निकलते समय संविधान की प्रति लेकर चले। इसके बाद वे संविधान की प्रति के साथ नए संसद भवन में दाखिल हुए। इससे पहले दिन में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुझाव दिया था कि पुराने संसद भवन को 'संविधान सदन' के रूप में जाना जाना चाहिए, जिस दिन सभी विधायी कार्य नए संसद भवन में स्थानांतरित हो जाएंगे।

**सिंधिया ने सेंट्रल हॉल में सोनिया से की बात**

मंगलवार को संसद भवन के सेंट्रल हॉल में हुए कार्यक्रम के शुरू होने से पहले केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने स्वयं आगे बढ़कर सबसे आगे की पंक्ति में बैठी सोनिया गांधी के पास जाकर उनका अभिवादन किया। सिंधिया ने कुछ देर खड़े रहकर सोनिया गांधी और उनके बगल में बैठे अधीर रंजन चौधरी से बात भी की। बाद में सिंधिया बगल की दूसरी वाली पंक्ति में आगे की सीट पर जाकर बैठ गए। कार्यक्रम शुरू होने से पहले सोनिया गांधी के साथ बैठे अधीर रंजन चौधरी और मल्लिकार्जुन खरगे जब मंच पर चले गए तब ज्योतिरादित्य सिंधिया अपनी सीट से उठकर सोनिया गांधी की सीट पर आ गए और सोनिया गांधी ने अपनी सीट से खिसक कर सिंधिया को बैठने की जगह दी। इसके बाद पूरे कार्यक्रम के दौरान ज्योतिरादित्य सिंधिया और सोनिया गांधी एक साथ एक ही टेबल वाली सबसे आगे की सीट पर बैठे रहे।

**रायगढ़ के एक्सिस बैंक में ...**

मिली जानकारी के मुताबिक डकैतों के करीब साढ़े सात करोड़ रुपये लूटकर फरार हो गए हैं। सूचन मिलते ही थाना पुलिस और बड़े अफसर बैंक पहुंचे। जिले की चारों ओर से नाकेबंदी कर दी गई है। आने जाने वालों की सघन जांच की जा रही है। यह भी चर्चा है कि डकैत मोटर सायकल में आए थे और उनके पास देसी कट्टा था। आरोपियों की उम्र 25 से 35 साल के बीच बताई जा रही है। बैंक में घुसते ही बदमाशों ने कट्टा दिखाकर कुछ लोगों को कमरे में बंद कर दिया था। डकैती के पैटर्न से अंदाजा लगाया जा रहा है कि डकैतों ने रेकी के बाद घटना को अंजाम दिया है।

**सीसीटीवी में बदमाशों की हरकत हो गई कैद**

बैंक को लूटने के बाद डकैतों के बाइक और कार से ढिमरापुर की ओर भागने की जानकारी सामने आई है। डीआईजी राम गोपाल गर्ग, एसएसपी सदानद कुमार,ङ्क्षस्क्क संजय महादेवा, स्ष्ठह्रक्क सायबर ब्रांच दीपक मिश्रा, टीआई शनीप रात्रे के साथ कोतरा रोड जूटमिल टीआई सहित फारेंसिक एक्सपर्ट एवं पुलिस की टीम मालले की जांच कर रही है। डकैतों ने वारदात को बड़े आराम से अंजाम दिया है। यह सीसीटीवी में सामने आया है। काला कपड़ा पहना एक युवक बाइक पर बैग रखता नजर भी आ रहा है। उसके बाद वह फिर से बैंक में जाता है और दूसरे साथी के साथ दो और बैग लेकर वापस आता है। इसके बाद दोनों युवक बाइक में बैठकर आराम से ढिमरापुर की ओर चले जाते हैं।

**नकदी के साथ आभूषण भी ले गए बदमाश**

बता दें कि छत्तीसगढ़ में अभी तीजा-पोला का त्योहार है। इसकी वजह से बैंक में सुबह के समय ग्राहकों की ज्यादा भीड़ नहीं थी। डकैतों ने इसका पूरा फायदा उठाया। इसके पहले लैलूंगा में कुछ दिन पहले बैंक में चोरी का प्रयास किया गया था, जिसमें सभी अपराधी पकड़े गए थे। जिले में बैंक डकैती की यह अब तक की तीसरी बड़ी घटना है। अब तक डकैती और चोरी की सभी घटनाओं में पुलिस को शत-प्रतिशत सफलता मिली है और सभी डकैत और चोर पकड़े गए थे। इस घटना को भी पुलिस चुनौती के रूप में ले रही है खुद डीआईजी, एसपी और सभी बड़े अधिकारी मौके पर पहुंच कर घटना की जांच कर रहे हैं। डकैत नगद रकम के साथ सोने के आभूषणों भी लूट कर ले गए है।

## दुनिया को जानें

# यूजर्स से छोटा मासिक शुल्क ले सकता है एक्स : एलन

**वाशिंगटन,** 19 सितम्बर (एजेंसियां)। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म 'एक्स' के मालिक एलन मस्क ने बॉट्स में कटौती की आवश्यकता जताते हुए कहा है कि 'एक्स' सभी यूजर्स से छोटा मासिक शुल्क ले सकता है। मस्क ने अक्टूबर 2022 में 44 अरब डॉलर में एक्स (पूर्व में ट्वीटर) का अधिग्रहण करने के बाद इसमें कई बदलाव किए हैं। अधिग्रहण के बाद उन्होंने हजारों कर्मचारियों को निकालने के साथ हर एक भुगतान प्रीमियम विकल्प पेश किया और कंटेंट मॉडरेशन में कटौती की। वहीं पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प सहित अन्य के पूर्व प्रतिबंधित अकाउंट को फिर से बहाल किया। उन्होंने कहा कि जुलाई में ऑनलाइन प्लेटफॉर्म ने अपने विज्ञापन राजस्व का लगभग आधा हिस्सा गंवा दिया। एक्स पर बॉट्स सामान्य रूप से प्रचलित हैं, जिसे व्यक्ति नहीं बल्कि कंप्यूटर प्रोग्राम द्वारा चलाया जाता है, जहां उनका उपयोग राजनीतिक संदेशों या नस्लीय हिंसा को बढ़ावा देने के लिए किया जा सकता है। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मस्क के साथ ऑनालइन बातचीत के दौरान यहूदी-विरोधीवाद का मुद्दा उठाया और पूछा कि कैसे एक्स बॉट्स के उपयोग को रोक लगाने के साथ ही इसके दोहराव और बढ़ावा को रोका जा सकता है।

# खेल जगत

## अगर मैं संजू की जगह होता तो मुझे बहुत निराशा होती : इरफान पठान



**नई दिल्ली,** 19 सितंबर (एजेंसियां)। पूर्व भारतीय क्रिकेटर इरफान पठान ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज की टीम से संजू सैमसन को बाहर किए जाने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि अगर वह सैमसन की जगह होते तो उन्हें बहुत निराशा होती। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला के लिए भारत की टीम की घोषणा पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, पठान ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा- अगर मैं अभी संजू सैमसन की जगह होता, तो मुझे बहुत निराशा होती..। हैरानी की बात यह है कि सैमसन पर तिलक वर्मा और रुतुराज गायकवाड़ को तरजीह दी गई। वर्मा, जिन्होंने हाल ही में अपना वनडे डेब्यू किया, बांग्लादेश के खिलाफ एशिया कप 2023 सुपर 4 गेम में सिर्फ पांच रन पर आउट हो गए।

# अश्विन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन वनडे अंतरराष्ट्रीय मैचों की क्रिकेट सीरीज के लिए भारतीय टीम में

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 19 सितंबर (देशबन्धु)। अनुभवी ऑफ स्पिन ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन को भारत ने मेहमान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने घर में तीन वनडे अंतरराष्ट्रीय मैचों की क्रिकेट सीरीज के लिए टीम में चुना है। भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू के दो वनडे मैचों के लिए 15 तथा तीसरे और आखिरी वनडे 17 सदस्यीय टीम चुनी है। भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन वनडे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैचों की शुरू के दो मैचों के लिए तीनों फॉर्मेट में नियमित कप्तान रोहित शर्मा, धुरंधर बल्लेबाज विराट कोहली , उपकप्तान हार्दिक पांड्या और तुरुप के बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव को आराम दिया है। चोट के बाद फिट होकर एशिया कप में कामयाब वापसी करने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल ऑस्ट्रेलिया के शुरू के दो वन ढे मैचों में भारत के कप्तान तथा ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा उपकप्तान होंगे।

भारत ने रोहित और विराट की जगह ऋतुराज गायकवाड़ और तिलक वर्मा को तथा फिलहाल चोट के कारण बाहर बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर अक्षर पटेल की जगह शुरू के दो वन डे में दो ऑफ स्पिन ऑलराउंडरों -रविचंद्रन अश्विन और वाशिंगटन सुंदर को टीम में जगह दी है। अक्षर पटेल को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे वनडे के लिए भारतीय टीम में शामिल जरूर किया गया है लेकिन वह फिट होने पर खेलेंगे। भारत ने तीसरे वनडे के लिए वन डे विश्व कप के लिए चुनी गई टीम के साथ अश्विन और सुंदर को भी टीम में जोड़ा है।मेहमान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारतीय क्रिकेट टीम पहला वनडे मोहाली (22 सितंबर), दूसरा 24 सितंबर को इंदौर और तीसरा और



आखिरी वनडे अंतरराष्ट्रीय मैच 27 सितंबर को राजकोट में खेलेगी।

अश्विन ने भारत के लिए अंतिम वनडे अंतरराष्ट्रीय मैच करीब डेढ़ बरस पहले खेला था। अश्विन को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन वनडे मैचों की सीरीज के लिए भारतीय टीम में वाशिंगटन सुंदर के साथ शामिल करने का मकसद है यदि अक्षर पटेल वन एशिया कप में बांग्लादेश के खिलाफ मैच में लगी चोट के डे विश्व कप के लिए समय से फिट न हो पाए तो उसके पास ये दो विकल्प के रूप में उपलब्ध रहे। अश्विन पिछले कुछ हफ्तों से स्पिन सलाहकार सैराज बाहुतुले के साथ ट्रेनिंग करने के साथ एनसीए बेंगलुरु में फिजिकल कंडीशनिंग में जुटे थे। भारत के मुख्य चयनकर्ता अजित आगरकर ने कहा हमें उम्मीद है कि अक्षर पटेल फिट हो जाएंगे। वाशिंगटन सुंदर एशिया कप फाइनल में श्रीलंका के खिलाफ कोलंबो में खेले थे। अश्विन खासे अनुभवी है और यदि वन डे विश्व कप में जरूरत पड़ी तो हमारे पास अश्विन और सुंदर के रूप में बढियाा विकल्प रहे।

वहीं अश्विन को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन वनडे मैचों की सीरीज के लिए भारतीय टीम में शामिल करने की बाबत भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा, अश्विन जैसे अनुभवी गेंदबाज के लिए मैच खेलने का वक्त और मैदान पर वक्त बिताना कोई बड़ा मसला नहीं है। हमने इसलिए सोचा यदि अश्विन के रूप में हमारे पास विकल्प है तो हमें उन्हें टीम में शामिल करना चाहिए। उनका अनुभव हमारे लिए बेशकीमती साबित होगा। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वन डे सीरीज में उन्हें मौका देने हमें यह समझने का मौका मिलेगा कि वह कहां खड़े हैं और शारीरिक रूप से वह कितने तैयार हैं। ऐसा नहीं है कि अश्विन बीते बरस से क्रिकेट नहीं खेल रहे हैं हां वह भारत के लिए वन डे क्रिकेट जरूर बीते काफी समय से नहीं खेले हैं लेकिन हाल ही में वह वेस्ट इंडीज के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट खेले थे और यदि मैं गलत नहीं हूं तो वह टीएनपीएल में खेले। कोई तुलना नहीं है वह कुछ क्रिकेट जरूर खेले है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच हें यह जानने का मौका देंगे कि अश्विन इस समय कहां खड़े हैं।

### भारत की ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू के दो वनडे अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए क्रिकेट टीम

केएल राहुल(कप्तान), शुभमन गिल, ऋतुराज गायकवाड़, श्रेयस अय्यर, इशान किशन, सूर्यकुमार यादव, रवींद्र जडेजा (उपकपतान), शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, मोहम्मद शमी, तिलक वर्मा, प्रसिद्ध कृष्णा, रविचंद्रन अश्विन, वाशिंगटन सुंदर।

**ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे अंतर्राष्ट्रीय वन डे के लिए भारतीय टीम :** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल(कप्तान), इशान किशन, सूर्यकुमार यादव, रवींद्र जडेजा , शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, मोहम्मद शमी, हार्दिक पांड्या , विराट कोहली,कुलदीप यादव, अक्षर पटेल (बशर्ते फिट हों) रविचंद्रन अश्विन, वाशिंगटन सुंदर।

# एशियाई खेल के लिए भारतीय महिला हैंडबॉल टीम घोषित



**लखनऊ,** 19 सितंबर (वार्ता) चीन के हांगझोऊ में 23 सितंबर से शुरु होने वाले एशियाई खेलों के लिये भारतीय महिला हैंडबाल टीम की घोषणा मंगलवार को कर दी गयी। महिला हैंडबॉल टीम की कप्तान रेलवे की ज्योति शुक्ला होंगी जबकि उपकप्तान हिमाचल प्रदेश की दीक्षा कुमारी बनाई गयी है। टीम में उत्तर प्रदेश की शिवा सिंह और तेजस्विनी सिंह का भी चयन किया गया है। एशियन गेम्स के 19वें संस्करण में हैंडबॉल के मुकाबले 24 सितंबर से पांच अक्टूबर तक होंगे। इसके लिए टीम दिल्ली से 20 सितंबर को हांगझोऊ के लिए रवाना होगी।

भारतीय महिला हैंडबॉल टीम को प्रारंभिक राउंड के ग्रुप बी में जगह मिली है। इस ग्रुप में भारत के साथ चीन, जापान, नेपाल और हांगकांग चाइना को जगह मिली है। भारतीय टीम 25 सितंबर को जापान के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगी। इसके बाद भारतीय टीम की 27 सितंबर को हांगकांग चाइना, 29 सितंबर को चीन और 30 सितंबर को नेपाल की टीम से टक्कर होगी।

अयोध्या के डा.भीमराव अंबेडकर इंडोर स्टेडियम में आयोजित टीम के शिविर की समाप्ति कें बाद रवानगी से पूर्व भारतीय टीम का विदाई समारोह लखनऊ में एक निजी होटल में किया गया। समारोह में उत्तर प्रदेश हैंडबॉल संघ की अध्यक्ष व बीबीडी यूनिवर्सिटी की चांसलर अलका दास ने खिलाड़ियों को टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी।

हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के कार्यकारी निदेशक डा.आनन्देश्वर पाण्डेय के अनुसार शिविर में खेल की तकनीक, इंडयोरेंस, स्टेमिना व गति में सुधार के लिए कड़ा अभ्यास कराया गया है।

**एशियन गेम्स के लिए चयनित भारतीय महिला हैंडबॉल टीम**

नीना शील (पश्चिम बंगाल), दीक्षा कुमारी, निधि शर्मा, शालिनी ठाकुर, भावना, मिताली शर्मा, प्रियंका ठाकुर (हिमाचल प्रदेश), शिवा सिंह, तेजस्विनी सिंह (उत्तर प्रदेश), मेनिका, , सुषमा, ज्योति शुक्ला, प्रियंका (भारतीय रेलवे) सोनिका, आशा (हरियाणा), पूजा कंवर (राजस्थान)

**कोच** : एम.कार्तिकेयन, सचिन चौधरी, प्रवीण कुमार सिंह, मनीषा, अतनु मजूमदार

# चहल को ऑस्ट्रेलिया वनडे से बाहर किए जाने पर हैरान हरभजन

**नई दिल्ली,** 19 सितंबर (एजेंसियां)। भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी घरेलू वनडे सीरीज से लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल को बाहर किए जाने पर नाराजगी व्यक्त की। इससे पहले, युजवेंद्र चहल को भारत की 15 सदस्यीय विश्व कप टीम से भी बाहर कर दिया गया था और तब से वह केंट के लिए काउंटी क्रिकेट खेल रहे हैं।

अपने यूट्यूब चैनल पर बोलते हुए हरभजन ने कहा, युजवेंद्र चहल को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टीम में होना चाहिए था। उन्हें मौका नहीं दिया गया है। यह मेरी समझ से परे है। या तो उन्होंने किसी के साथ लड़ाई की है या उन्होंने किसी को कुछ कहा है, मुझे नहीं पता। अगर सिर्फ स्किल की बात करें तो उनका नाम इस टीम में होना चाहिए था क्योंकि टीम इंडिया के कई खिलाड़ी आराम कर रहे हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच मैचों की वनडे सीरीज 3-2 से हारने के बाद ऑस्ट्रेलिया का सामना भारत से होगा।

एक तरफ जहां भारतीय टीम एशिया कप में पाकिस्तान और श्रीलंका के खिलाफ खेल रही थी। वहीं ऑस्ट्रेलियाई टीम का सामना दक्षिण अफ्रीका से था। ऑस्ट्रेलिया एक मजबूत टीम है। हरभजन ने कहा, आपको ऑस्ट्रेलिया को हराने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा क्योंकि उनके पास नंबर 7-8 तक अच्छी बल्लेबाजी है।

विश्व कप में भारत और ऑस्ट्रेलिया का सामना 8 अक्टूबर को होगा। उससे पहले, भारत 22 सितंबर से शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा जिसके लिए भारतीय टीम की घोषणा हो चुकी है।

# हमें हांगजू एशियाई खेलों में है हॉकी में पदक जीतने की आस : हरमनप्रीत सिंह

**नई दिल्ली,** 19 सितंबर (देशबन्धु)। दुनिया के बेहतरीन ड्रैग फ्लिकर कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने भारतीय पुरुष हॉकी टीम के 19 वें एशियाई खेलो में शिरकत करने के लिए बेंगलुरू से मंगलवार देर रात हांगजू(चीन) रवाना होने से पहले टीम के इन खेलों पदक जीतने की आस जताई। भारत पूल ए में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान, मौजूदा चैंपियन जापान, बांग्लादेश, सिंगापुर और उज्बेकिस्तान के साथ है। वहीं दक्षिण कोरिया, मलयेशिया, मेजबन चीन, ओमान, थाईलैंड और इंडोनेशिया की टीमें पूल बी में हैं। पूल ए और पूल बी से शीर्ष दो-दो टीमें सेमीफाइनल में स्थान बनाएंगी। भारतीय टीम अपने अभियान का आगाज 24 सितंबर को पूल ए में उज्बेकिस्तान के खिलाफ मैच से करेगी। भारत अपने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से 30 सितंबर को भिड़ेगा भारत के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा, हमारी टीम ने हांगजू एशियाई खेलों के लिए जमकर तैयारी की



है। हमने बीते महीने चेन्नै में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2023 पुरुष हॉकी में अजेय रह कर खिताब जीता था। हमारा लक्ष्य एशियाई खेलों में भी इसी तरह का बढिया खेल जारी रखने पर है। बेशक हमारे पूल में कई मजबूत प्रतिद्वंद्वी हैं लेकिन हमें अपनी तैयारियों पर पूरा भरोसा है। हमें हांगजू एशियाई खेलों में हॉकी में पदक जीतने की आस है। वहीं भारत के उपकप्तान चतुर मिडफील्डर हार्दिक सिंह ने कहा, हम हांगजू एशियाई खेलों के लिए जेहनी और शारीरिक रूप से एकदम बढियाा स्थिति में है। हमारा पूल खासा चुनौतीपूर्ण है। हमने हाल ही के महीनों में जैसा बढियाा प्रदर्शन किया है, हमारा लक्ष्य लगातार वैसा ही बढियाा प्रदर्शन जारी रखना है। हमारा लक्ष्य हांगजू (चीन) एशियाई खेलों से पदक के साथ लौटना है।

**हांगजू एशियाई खेलों के लिए 18 सदस्यीय भारतीय पुरुष हॉकी टीम है**

**गोलरक्षक :** पीआर श्रीजेश, कृष्ण बहादुर पाठक। **रक्षापंक्ति:** हरमनप्रीत सिंह (कप्तान),अमित रोहिदास, जर्मनप्रीत सिंह, वरुण कुमार, संजय। **मध्यपंक्ति :** हार्दिक सिंह(उपकप्तान), विवेक सागर प्रसाद, नीलकांत शर्मा, मनप्रीत सिंह, सुमित व शमशेर। **अग्रिम पंक्ति :**मनदीप सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, अभिषेक, गुरजंट सिंह, सुखजीत सिंह

## सार संक्षेप

### चेन्नईयिन एफसी ने लज़ार सिर्कोविच के साथ किया अनुबंध

**चेन्नई।** चेन्नईयिन फुटबॉल क्लब (एफसी) ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2023-24 सीजन से पहले सर्बियाई डिफेंडर लज़ार सिर्कोविच के साथ अनुबंध कर अपनी रक्षा पंक्ति को मजबूत किया। इंडियन सुपर लीग सीजन से पहले क्लब में अनुबंध कर शामिल किये जाने वाले सर्बियाई डिफेंडर पांचवें विदेशी खिलाड़ी है। चेन्नईयिन के मुख्य कोच ओवेन कॉयले ने क्लब की मीडिया टीम को बताया, हमें लजार सिर्कोविच को क्लब में लाकर बहुत खुशी हो रही है। हमने उसको अपने साथ लाने के लिए काफी मशक्कत की। कई क्लबों ने उसमें बहुत रुचि दिखाई थी क्योंकि वह एक बेहतरीन खिलाड़ी है। सिर्कोविच ने 2022-23 सीज़न में हंगेरियन फर्स्ट डिवीजन में 17 मुकाबले खेले। उन्होंने एफके रेड, एफके पार्टिज़न बेलग्रेड और किस्वर्डा एफसी के लिए 146 मुकाबले खेले हैं। सिर्कोविच ने कहा, मैं भारतीय चुनौती के लिए बहुत उत्साहित हूं। मैं मैदान पर उतरने और अपनी नयी टीम के साथियों और प्रशंसकों के लिए मुकाबले का इंतजार नहीं कर सकता। जल्द ही मिलते हैं, चेन्नई।

### प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया ने लॉन्च किया विजाग ओपन

**विशाखापत्तनम।** प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया (पीजीटीआई) ने ईस्ट प्वाइंट गोल्फ क्लब, विशाखापत्तनम के साथ मिलकर मंगलवार को एक नया कार्यक्रम विजाग ओपन लॉन्च किया, जो 20-23 सितंबर से ईस्ट प्वाइंट गोल्फ क्लब में आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन की कुल पुरस्कार राशि 1 करोड़ रुपये है। पीजीटीआई विजाग ओपन के उद्घाटन के साथ नए क्षेत्र की खोज कर रहा है क्योंकि यह दौरा आंध्र प्रदेश राज्य और प्रतिष्ठित ईस्ट पॉइंट गोल्फ क्लब में अपनी शुरुआत कर रहा है। इस टूर्नामेंट को सपोर्ट कर रहे हैं- मेजबान वेन्यू ईस्ट प्वाइंट गोल्फ क्लब, पावर्ड बाय पार्टनर्स वीपीआर बिल्डर्स और देवी सीफूड्स। साथ ही एसोसिएट पार्टनर्स स्टील सिटी सिक्योरिटीज लिमिटेड, एसआरके इंफ्रा, नेक्क्रंती, विश्व समुद्र, अल्ट्रा डायमेंशन ग्रुप, लॉरस लैब्स, जीएमएम पीफॉडलर, सोमा डेवलपर्स का भी समर्थन प्राप्त है।

# 8 खिलाड़ियों, अधिकारियों पर ईसीबी भ्रष्टाचार रोधी संहिता के तहत आरोप लगाया गया

दुबई, 19 सितम्बर (एजेंसियां)। टी टेन स्पोर्ट्स मैनेजमेंट ने मंगलवार को संयुक्त अरब अमीरात में आयोजित 2021 टी10 टूर्नामेंट के आठ प्रतिभागियों के खिलाफ लगाए गए आरोपों पर निराशा व्यक्त की। टी टेन ने एक बयान में कहा,हम इस प्रकृति के सभी आरोपों को गंभीरता से लेते हैं और किसी भी प्रकार के भ्रष्टाचार के लिए हमारी शून्य-सहिष्णुता की नीति है। हम टी10 टूर्नामेंट के अपने कैलेंडर पर आईसीसी के साथ मिलकर काम करना जारी रखेंगे और क्रिकेट की अखंडता सुनिश्चित करने के लिए हमारे नियंत्रण में सब कुछ करेंगे।

इससे पहले, अमीरात क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) की ओर से, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने टी10 लीग के दौरान ईसीबी भ्रष्टाचार रोधी संहिता के उल्लंघन के लिए




कई खिलाड़ियों और अधिकारियों पर आरोप लगाया था। आठ खिलाड़ियों, अधिकारियों और टीम मालिकों पर भ्रष्टाचार रोधी संहिता के विभिन्न मामलों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया गया है। आरोप 2021 अबू धाबी टी10 लीग के संबंध में हैं। उक्त टूर्नामेंट 19 नवंबर, 2021- 4 दिसंबर, 2021 के बीच हुआ। टूर्नामेंट में छह टीमें खेलीं।

ईसीबी की ओर से यह कहा गया, वे लीग में मैचों को भ्रष्ट करने के प्रयासों से संबंधित हैं। इन प्रयासों को बाधित किया गया था। ईसीबी ने टूर्नामेंट के दौरान ईसीबी के कोड के प्रायोजनों के लिए आईसीसी को नामित भ्रष्टाचार रोधी अधिकारी (डीएसीओ) के रूप में नियुक्त किया। इस प्रकार, आईसीसी ये आरोप जारी कर रहा है। बयान में कहा गया है कि छह आरोपियों - कृष्ण कुमार चौधरी, पराग सांघवी, अज़हर जैदी, रिज़वान जावेद, सलिया समन और सनी ढिल्लों को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है और सभी के पास आरोपों का जवाब देने के लिए 19 सितंबर 2023 से 14 दिन का समय है।

# भारत के फीफा एथलीट हांगझाऊ एशियाई खेलों के लिए रवाना

**नई दिल्ली,** 19 सितंबर (एजेंसियां)। दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित बहु-खेल टूर्नामेंटों में से एक में अपनी छाप छोड़ने के लिए तैयार, भारत के फीफा ऑनलाइन 4 स्टार चरणजोत सिंह और करमन सिंह ईए स्पोर्ट्स एफसी ऑनलाइन में प्रतिस्पर्धा करने के लिए हांगझाऊ के लिए रवाना हो गए हैं। 2018 में एक प्रदर्शन कार्यक्रम के रूप में प्रदर्शित होने के बाद, ईस्पोर्ट्स एशियाई खेलों 2022 में एक आधिकारिक पदक खेल के रूप में अपनी पूर्ण शुरुआत करेगा। दोनों एथलीटों ने एशियाई खेल 2022 के लिए हाल ही में आयोजित सीडिंग इवेंट के दौरान अपनी छाप छोड़ी, जिसमें चरणजोत सिंह ने दक्षिण एशियाई क्षेत्र में शीर्ष वरीयता हासिल की, जबकि करमन सिंह ने पांचवीं वरीयता हासिल



की। दोनों एथलीट, जो वैश्विक फीफा समुदाय में प्रसिद्ध नाम हैं, ने एस्पोर्ट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (ईएसएफआई) द्वारा आयोजित नेशनल ईस्पोर्ट्स चैंपियनशिप (एनईएससी) के फाइनल में पहुंचकर एशियाई खेल 2022 में अपना स्थान अर्जित किया। टूर्नामेंट के करीब आने पर अपनी भावना व्यक्त करते हुए, चरणजोत सिंह ने कहा- जैसे-जैसे टूर्नामेंट नजदीक आ रहा है, यह अवास्तविक लगता है कि एशियाई खेलों 2022 में भारत का प्रतिनिधित्व करने का सपना आखिरकार वास्तविकता बन रहा है। करमन और मैं दोनों अपना प्रदर्शन करने के लिए लगातार प्रशिक्षण ले रहे हैं। इस मंच पर महाद्वीप के बेहतरीन खिलाड़ियों के खिलाफ कौशल दिखाने, अपने देश को गौरवान्वित करने और एक ऐतिहासिक पदक घर लाने के लिए दृढ़ हैं। एशियाई खेल 2022 भारतीय ईस्पोर्ट्स के लिए खुद को वैश्विक मंच पर एक पावरहाउस के रूप में घोषित करने का एक बड़ा अवसर है। मैं टूर्नामेंट में पदक खेल के रूप में ईस्पोर्ट्स की पहली उपस्थिति में देश का झंडा उठाने वाले पहले एथलीटों में से एक होने पर सम्मानित महसूस करता हूं।

# अगर जोकोविच ने ग्रैंड स्लैम रिकॉर्ड नहीं बनाया होता तो वो निराश होते : राफेल नडाल

**मैड्रिड (स्पेन),** 19 सितंबर (एजेंसियां)। दिग्गज टेनिस स्टार और 22 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन राफेल नडाल ने कहा है कि उनके प्रतिद्वंद्वी नोवाक जोकोविच ने सबसे अधिक ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने का रिकॉर्ड नहीं बनाया होता तो वे खुद से काफी निराश होते। पिछले हफ्ते, जोकोविच ने यूएस ओपन में अपना 24वां ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीता, जिसने एक दिग्गज खिलाड़ी के रूप में उनकी पहचान को और मजबूत कर दिया है।

वह यह खिताब जीतने वाले सबसे उम्रदराज व्यक्ति हैं और उन्होंने पुरुष या महिला टेनिस में सर्वाधिक जीत के मामले में मार्गरेट कोर्ट की बराबरी कर ली है। नडाल ने स्पेनिश डिजिटल प्लेटफॉर्म मूवीस्टार प्लस को बताया, मैं किसी भी कारण से निराश नहीं हूं। मेरा मानना है कि अपनी क्षमता के अनुसार मैंने यह सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास किया है कि चीजें मेरे हिसाब से चलते रहे। नोवाक



निराश हो सकते हैं क्योंकि उन्होंने हर चीज को अधिक तीव्रता से जीता है और यही कारण है कि वह सर्वश्रेष्ठ हैं। उन्होंने आगे कहा, मैं कई वर्षों से सर्किट पर सबसे निष्क्रिय खिलाड़ियों में से एक रहा हूं, मैंने साढ़े चार साल तक ग्रैंड स्लैम मिस किया है। खेल का मतलब ही यही है। जोकोविच इसलिए भी अधिक सफल हैं क्योंकि उनके पास फिटनेस है जिसने उन्हें मुझसे अधिक खेलने की अनुमति दी है।

नडाल, इस साल की शुरुआत में कूल्हे की सर्जरी के बाद 2024 में वापसी की उम्मीद कर रहे हैं, लेकिन उन्होंने यह स्पष्ट कर दिया है कि वह 2024 में ऑस्ट्रेलियन ओपन, फ्रेंच ओपन या किसी अन्य ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट को जीतने की उम्मीद नहीं कर रहे हैं। 37 वर्षीय स्पैनियार्ड जनवरी में ऑस्ट्रेलियन ओपन में मैकेंज़ी मैकडोनाल्ड के दूसरे दौर में हार के दौरान कूल्हे की मांसपेशियों में चोट लगने के बाद से प्रतिस्पर्धी टेनिस से अनुपस्थित हैं।

वह इस साल के फ्रेंच ओपन से चूक गए, एक टूर्नामेंट जिसमें वह 14 खिताबों के साथ 18 वर्षों से एक प्रमुख खिलाड़ी रहे हैं। इसके अतिरिक्त, वह विंबलडन और हाल ही में समाप्त हुए यूएस ओपन से भी चूक गए। नडाल ने आगे कहा कि वह 27 जुलाई से 4 अगस्त तक रौलां गैरो में आयोजित 2024 पेरिस ओलंपिक में अपना करियर समाप्त कर सकते हैं।

नडाल, 20 वर्षों में पहली बार दुनिया के शीर्ष 100 खिलाड़ी की लिस्ट से बाहर हो गए हैं। वर्तमान में, वह वर्ल्ड नंबर 237 की रैंक पर हैं।

# एलईटी ऑर्डर ऑफ मेरिट के लिए दावा कर सकती हैं दीक्षा

**होल्ज़हौसर्न,** स्विट्जरलैंड, 19 सितंबर (एजेंसियां)। 22 वर्षीय दीक्षा डागर लेडीज यूरोपियन टूर की ऑर्डर ऑफ मेरिट रेस टू कोस्टा डेल सोल में शीर्ष स्थान हासिल करने का लक्ष्य लेकर चल रही हैं। 22 वर्षीय भारतीय, जिसने एलईटी टूर पर अपने करियर का दूसरा खिताब जीता, अब तीसरे स्थान पर है, लेकिन दूसरे स्थान पर मौजूद स्पेन की एना पेलेज़ ट्रिविनो से केवल कुछ अंक पीछे है। फ्रांस की सेलीन बाउटियर दौड़ में सबसे आगे हैं और दीक्षा को उनसे आगे निकलने के लिए, घरेलू इवेंट, हीरो महिला इंडियन ओपन सहित शेष पांच स्पर्धाओं में कुछ और अच्छे परिणामों की आवश्यकता होगी। दीक्षा ने कहा, मैं बहुत आश्वस्त हूं और अच्छा खेल रही हूं। मैं इस सप्ताह एलईटी टूर का ध्यान सोलहेम कप पर केंद्रित होने के कारण ब्रेक ले रही है। इस सीजन की 22 शुरुआतों में दीक्षा ने एक बार जीत हासिल की है और छह बार टॉप-10 में रही है। फिर भी सीजन का उनका उत्कृष्ट प्रदर्शन एआईजी महिला ओपन में टी-21 भी रहा है, जहां उनका परिणाम महिला मेजर में किसी भारतीय महिला द्वारा हासिल किया गया सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था। दीक्षा के लिए दुर्भाग्य की बात यह रही कि वह एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने से चूक गईं। कुछ महीने पहले हुए ट्रायल में वह टॉप-2 में जगह नहीं बना पाईं, जिसके बाद से उनका प्रदर्शन शानदार रहा है।

### सुडोकू 6322 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 7 | 5 | 3 | 2 | 6 | 1 | 8 |
| 8 | 3 | 5 | 6 | 9 | 1 | 4 | 7 | 2 |
| 2 | 1 | 6 | 4 | 7 | 8 | 3 | 5 | 9 |
| 4 | 5 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 7 |
| 3 | 9 | 2 | 1 | 6 | 7 | 5 | 8 | 4 |
| 6 | 7 | 8 | 9 | 5 | 4 | 2 | 3 | 1 |
| 7 | 8 | 9 | 3 | 2 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 5 | 6 | 4 | 8 | 1 | 9 | 7 | 2 | 3 |
| 1 | 2 | 3 | 7 | 4 | 6 | 8 | 9 | 5 |

# [ अर्थ जगत ]

**सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| भारती एयरटेल | 2.37 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 2.23 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 1.66 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 1.57 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 1.51 प्रतिशत |

**सर्वाधिक घटने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| एशियन पेंट | 1.32 प्रतिशत |
| हिंदुस्तान यूनीलीवर | 1.26 प्रतिशत |
| बजाज फिनसर्व | 0.80 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 0.69 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 0.49 प्रतिशत |

**सर्राफा**

दिल्ली

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 59820 |
| बिटुर | 54850 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 47,600 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 71,900 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

**मुद्रा विनिमय**

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 82.98 | 83.20 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

**अनाज**

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2500-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2290 |
| मैदा | 945-950 |
| चोकर | 620-630 |

**चीनी-गुड़**

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

**चावल**

| | |
|---|---|
| बासमती औसत किस्म | 3500-4000 |
| परमल | 1500-1850 |
| चावल सेला | 3000-3100 |
| आरआर (आठ ) | 1650-1670 |

**दाल-दलहन**

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 8150-8250 |
| उड़द दाल | 11000-11100 |
| मूंग दाल | 10000-10100 |
| अरहर दाल | 10500-10600 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत

नई दिल्ली 19 सितम्बर (एजेंसियां)। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में लगातार तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम मंगलवार को भी यथावत रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



## आपूर्ति संबंधी चिंताओं के बीच कच्चा तेल 95 डॉलर प्रति बैरल पहुंचा

लंदन, 19 सितम्बर (एजेंसियां)। कच्चे तेल की कीमत लगभग एक साल में पहली बार 100 डॉलर प्रति बैरल की ओर बढ़ रही है, जिससे केंद्रीय बैंकरों के लिए नई मुसीबत पैदा हो गई है। द गार्जियन की रिपोर्ट के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड मंगलवार को 95 डॉलर प्रति बैरल से

■ **कच्चे तेल की कीमत लगभग एक साल में पहली बार 100 डॉलर प्रति बैरल की ओर बढ़ रही**

अधिक हो गया है, जो नवंबर 2022 के बाद से सबसे अधिक है। सऊदी अरब और रूस ने हाल ही में उत्पादन में कटौती की है। इसके बाद आपूर्ति घाटे की चिंताओं से तेल की कीमतें बढ़ रही हैं।

द गार्जियन की रिपोर्ट के अनुसार, ब्रेंट क्रूड की कीमत 2022 में 80 डॉलर प्रति बैरल से नीचे थी। पिछले फरवरी में रूस द्वारा यूक्रेन पर आक्रमण के बाद इसकी कीमत लगभग 130 डॉलर प्रति बैरल तक



पहुंच गई थी जिससे मुद्रास्फीति में वृद्धि हुई।

तेल की ऊंची कीमत से मुद्रास्फीति काफी बढ़ जाती है, ठीक ऐसे समय में जब केंद्रीय बैंकर बढ़ती ब्याज दरों के अपने चक्र को समाप्त करने की ओर बढ़ रहे हैं। अमेरिकी फेडरल रिजर्व बुधवार को उधारी लागत पर रोक लगा सकता है, हालांकि बैंक ऑफ इंग्लैंड गुरुवार को फिर से बढ़ोतरी के लिए मतदान कर सकता है। एसईबी के मुख्य कमोडिटी विश्लेषक बर्जने शिल्ड्रॉप का अनुमान है कि यदि कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल से अधिक बढ़ती रहेंगी तो तेल की मांग कमजोर होगी। शिलड्रॉप ने कहा, 'कुल मिलाकर स्थिति ये है कि सऊदी अरब और रूस का तेल बाजार पर ठोस नियंत्रण है। वैश्विक बाज़ार या तो संतुलित है या घाटे में है और कच्चे तेल और उत्पाद स्टॉक दोनों अभी भी कम हैं।'

### तेल की बढ़ती कीमतों से रुपया पर मंडरा रहा खतरा

मुंबई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के चलते डॉलर की मांग बढ़ने से अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया 83.2675 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गया है। आगे चलकर रूपए का मूल्य बहुत कुछ वैश्विक बाजारों में तेल की कीमतों पर निर्भर करेगा जो अब 95 डॉलर प्रति बैरल के आसपास मंडरा रही है। आरबीआई रुपए को सहारा देने के लिए बाजार में डॉलर जारी कर रहा है, लेकिन यह भारतीय मुद्रा की गिरावट को रोकने में काफी नहीं है। देश अपनी कच्चे तेल की जरूरतों का लगभग 85 प्रतिशत आयात करता है जिसके लिए डॉलर में तत्काल भुगतान करना पड़ता है। एक निजी क्षेत्र के बैंक के विदेशी मुद्रा विशेषज्ञ ने कहा, 'आरबीआई अपने विदेशी मुद्रा के प्रचूर भंडार के साथ रुपये की रक्षा के लिए मौजूद रहेगा और यह सुनिश्चित करेगा कि अस्थिरता पर काबू पाया जाए, लेकिन यह एक प्वाइंट से आगे नहीं जा सकता।' एक विश्लेषक ने कहा कि भारतीय शेयर बाजारों में विदेशी निवेश ने भी रुपये की अस्थिरता को नियंत्रित करने में मदद की है, लेकिन यह 'हॉट मनी' है जो अचानक बाहर निकल सकता है और इस पर भरोसा नहीं किया जा सकता। तेल की कीमतें लगातार तीन सप्ताह से बढ़ रही हैं और सऊदी अरब और रूस द्वारा इस साल के अंत तक आपूर्ति में कटौती का फैसला करने के बाद नवंबर के बाद से अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है। आने वाले दिनों में आपूर्ति कम होने की उम्मीद के कारण भी कुछ घबराहट भरी खरीदारी हुई है जिससे कीमतों में बढ़ोतरी हो रही है।

## माइक्रोसॉफ्ट के पैनोस पानाय हार्डवेयर व्यवसाय चलाने के लिए अमेज़न में हो रहे शामिल

सैन फ्रांसिस्को, 19 सितम्बर (एजेंसियां)। माइक्रोसॉफ्ट के पूर्व विंडोज और सरफेस प्रमुख पनोस पानाय अपने हार्डवेयर व्यवसाय की देखरेख के लिए अमेज़ॅन में शामिल हो रहे हैं। मंगलवार को आई रिपोर्ट में कहा गया है कि पानाय अमेज़ॅन के निवर्तमान अमेज़ॅन उपकरणों और सेवाओं के प्रमुख डेव लिम्प का स्थान ले रहे हैं, जो लगभग 14 वर्षों से कंपनी के साथ हैं। पिछले महीने, लिम्प ने पुष्टि की थी कि वह पद छोड़ रहे हैं। उनके नेतृत्व में, अमेज़ॅन ग्राहकों को पसंद आने वाले उपकरणों और अंतर्निहित सेवाओं के निर्माण में दुनिया के अग्रणी नवप्रवर्तकों में से एक बन गया। उनका प्रस्थान उन रिपोर्टों के बीच हुआ कि स्मार्ट घरेलू उपकरणों पर अमेज़ॅन के महंगे दांव का अच्छा परिणाम नहीं मिला है। अमेज़ॅन के सीईओ एंडी जेसी के अनुसार, 'किंडल रीडर्स से लेकर फायर टीवी से लेकर एलेक्सा और इको तक, पिछले डेढ़ दशक में हम ऐसे अनुभवों का आविष्कार करने और उन्हें बेहतर बनाने में सक्षम हुए हैं जो हमारे ग्राहकों के जीवन को हर दिन बेहतर बनाने में मदद करते हैं।' पनाय द्वारा अपने एलेक्सा और इको स्पीकर के लिए अमेज़न डिवीजन को चलाने की संभावना है। वह 2004 में ग्रुप प्रोग्राम मैनेजर के रूप में माइक्रोसॉफ्ट में शामिल हुए और 2018 में कंपनी के मुख्य उत्पाद अधिकारी बने, जहां उन्होंने विंडोज 11 के विकास का नेतृत्व किया।

2021 में, पनाय को माइक्रोसॉफ्ट के अध्यक्ष और सीईओ, सत्य नडेला के तहत शीर्ष नेतृत्व टीम के हिस्से के रूप में कार्यकारी उपाध्यक्ष के रूप में पदोन्नत किया गया था। माइक्रोसॉफ्ट के आधुनिक जीवन, खोज और उपकरणों के कॉर्पोरेट उपाध्यक्ष यूसुफ मेहदी, विंडोज और सरफेस व्यवसायों के प्रमुख के रूप में उनकी जगह लेंगे।

## सभी एक्स यूजर्स को जल्द ही करना होगा भुगतान: मस्क

**नई दिल्ली,** 19 सितम्बर (एजेंसियां)। जल्द ही एक्स यूजर्स को इस सेवा के लिए मासिक भुगतान करना होगा। यह बात एक्स के मालिक एलन मस्क ने कही है। इज़रायली

■ **जल्द ही एक्स यूजर्स को इस सेवा के लिए मासिक भुगतान करना होगा। यह बात एक्स के मालिक एलन मस्क ने कही है।**

प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ की गई बातचीत में, एक्स के मालिक ने यह विचार रखा कि प्लेटफ़ॉर्म पर बॉट्स की समस्या से निपटने के लिए सोशल नेटवर्क अब एक मुफ़्त साइट नहीं रह सकता है। मस्क ने सोमवार देर रात कहा, 'यही एकमात्र तरीका है, जिससे मैं बॉट्स का मुकाबला कर सकता हूं।' अरबपति ने कहा, 'क्योंकि एक बॉट की लागत एक पैसे का एक अंश होती है, इसे एक पैसे का दसवां हिस्सा कहें, लेकिन भले ही इसके लिए कुछ डॉलर या कुछ और भुगतान करना पड़े, बॉट की प्रभावी लागत बहुत अधिक है।' गौरतलब है कि एक्स पर सभी से शुल्क वसूलने का विचार नया नहीं है, पिछले साल भी मस्क ने ऐसा कहा था। कंपनी वर्तमान में अपने एक्स प्रीमियम उपयोगकर्ताओं से प्रति माह 8 डॉलर का शुल्क लेती है। किंग देने की क्षमता देता है। बातचीत के दौरान मस्क ने कहा कि एक्स के अब 550 मिलियन मासिक उपयोगकर्ता हैं।

## मुंबई हवाई अड्डे पर यात्रियों की आवाजाही में अगस्त में 32 फीसदी का उछाल

मुंबई, 19 सितम्बर (एजेंसियां)। मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से इस वर्ष अगस्त में 43.2 लाख यात्रियों ने आवाजाही की। यह संख्या पिछले वर्ष अगस्त की तुलना में 32 प्रतिशत अधिक है। अगस्त 2022 में यहां से 32 लाख यात्रियों ने यात्राएं की थीं। यह जानकारी सोमवार को मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड की एक विज्ञप्ति में दी गई। विज्ञप्ति के अनुसार अदानी समूह के प्रबंध में चल रहे मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से आने- जाने वाले यात्रियों की संख्या इस वर्ष अगस्त में अगस्त 2019 के तुलना में 108 प्रतिशत ऊंची है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस हवाई अड्डे से अंतरराष्ट्रीय उड़ानों से यात्रा करने वाले यात्रियों की आवाजाही अगस्त में 11 लाख रही, जो एक साल पहले के 8.4



लाख की तुलना में 33 प्रतिशत वृद्धि दर्शाती है।

इस हवाई अड्डे से इस बार अगस्त में 20711 घरेलू और 6960 अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का आवागमन हुआ। यहां से सबसे अधिक अंतरराट्रीय उड़ाने दुबई मार्ग पर संचालित की गई।

अगस्त में म्यूनिख मार्ग पर यात्रियों की संख्या में सर्वाधिक 150 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि 138 फीसदी की वृद्धि के साथ हनोई दूसरे और 110 प्रतिशत की वृद्धि के साथ इस्तांबुल तीसरे स्थान पर रहा। नैरोबी और हो ची मिन्ह सिटी के लिए यात्रियों की संख्या में क्रमश: 99 फीसदी और 96 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई।

**सार संक्षेप**

### फोटोग्राफी का अनूठा अनुभव देगा ऑनर90

लखनऊ। मोबाइल प्रदाता कंपनी एच टेक ने सोमवार को यहां तमाम खूबियों से भरपूर स्मार्टफोन ऑनर90 5जी पेश किया। ए टेक के वरिष्ठ वाइस प्रेसीडेंट सी पी खंडेलवाल ने बताया कि 37 हजार 999 से शुरू होने वाली ऑनर90 स्मार्टफोन रेंज में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस ( एआई) वीलॉग मास्टर के साथ 200 मेगापिक्सल का मुख्य कैमरा और 3840 हर्ट्ज़ की पीडब्लूएम डिमिंग टेक्नोलॉजी के साथ अग्रणी क्वाड-कर्व्ड फ्लोटिंग डिस्प्ले है। ऑनर90 5जी में अत्याधुनिक हार्डवेयर और सॉफ़्टवेयर एक ही डिवाइस में दिये गये हैं। उन्होने बताया कि ग्राहकों को 180 शहरों में फैले इसके 400 सर्विस सेंटर्स के विशाल नेटवर्क से बेहतरीन सर्विस मिलेगी जिसमें उत्तर प्रदेश में 43 सर्विस सेंटर सक्रिय हैं। स्मार्ट फोन को अमेजन के अलावा उत्तर प्रदेश में फैले 250 से अधिक आफ लाइन् स्टोर से प्राप्त किया जा सकता है। इस अवसर पर एचटेक के सीईओ माधव शेठ ने कहा, एचटेक में हम भारतीय उपभोक्ताओं के लिए अत्याधुनिक तकनीक के साथ एक मजबूत ब्रांड वापस लाने की उपलब्धि के लिए उत्साहित हैं। 'ऑनर' लगातार डिस्प्ले टेक्नोलॉजी, बैटरी टेक सॉफ्टवेयर और आर्टिफिशियल इंटैलिजेंस में इनोवेशन लाने की ओर काम कर रहा है, जो सशक्त अनुसंधान एवं विकास क्षमताओं पर आधारित हैं।

### जैक डोर्सी को ब्लॉक का हेड एंड 'चेयरपर्सन' किया गया नियुक्त

सैन फ्रांसिस्को, 19 सितम्बर (एजेंसियां)। जैक डोर्सी को अब उनकी टेक कंपनी ब्लॉक (पहले स्क्वायर) का प्रमुख और चेयरपर्सन नियुक्त किया गया है, जिसकी उन्होंने 2009 में सह-स्थापना की थी। डोर्सी 'चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर, प्रेसिडेंट एंड चेयरपर्सन, से 'ब्लॉक हेड एंड चेयरपर्सन' बन गए हैं। ब्लॉक ने यूएस सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन (एसईसी) को एक फाइलिंग में कहा, 'डोर्सी की भूमिकाओं और जिम्मेदारियों में कोई बदलाव नहीं होगा और वह कंपनी के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर के रूप में काम करना जारी रखेंगे।' स्क्वायर के वर्तमान सीईओ कंपनी छोड़ रहे हैं इसलिए डोर्सी कंपनी में अतिरिक्त जिम्मेदारियां संभालेंगे। फाइलिंग के अनुसार, परिवर्तन डोरसी के अनुरोध पर हुआ है। दिसंबर 2021 में, डोर्सी की फाइनेंशियल सर्विस कंपनी स्क्वायर ने अपना नाम बदलकर ब्लॉक करने की घोषणा की थी। रिपोर्ट में कहा गया, 'हम यह भी मानते हैं कि जैक डोर्सी ने एक एंपायर बनाया है और 5 बिलियन की व्यक्तिगत संपत्ति अर्जित की है। वह जनसांख्यिकी का लाभ उठा रहे है।'

## सम्मिट इंडिया का अंतरराष्ट्रीय अभियान

नई दिल्ली 19 सितम्बर (एजेंसियां)। भारत की अध्यक्षता में जी20 का सदस्य बने अफ्रीकी संघ के देशों में भारत को लेकर किस तरह का उत्साह और सोच बनी है इसका एक नज़ारा इस साल के अंत में सम्मिट इंडिया के अंतरराष्ट्रीय अभियान के तहत अफ्रीकी महाद्वीप के केन्या में मैराथन दौड़ का आयोजन में देखने को मिलेगा। इसके साथ ही केन्या सरकार के सहयोग से भारत वंशी अफ्रीकन जनों के लिये अयोध्या की तरह एक भव्य राम मंदिर बनाने की पहल की जा रही है।

■ **अंतरराष्ट्रीय अभियान के तहत अफ्रीकी महाद्वीप के केन्या में मैराथन दौड़ का आयोजन में देखने को मिलेगा**

सम्मिट इंडिया के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्याम जाजू ने केन्या चैप्टर का अध्यक्ष डॉ स्वरूप रंजन मिश्रा को नियुक्त किया है जो वहां के संसद सदस्य है और सत्तारूढ़ पार्टी के राष्ट्रीय संगठक भी है।

सम्मिट इंडिया का ब्रांड भारत और वसुधैव कुटुंकम्ब के महाअभियान के दिशा में वियतनाम में अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक एवं सांस्कृतिक संवाद की शुरुआत भी इस वर्ष दिसम्बर में एक महासम्मेलन की ज़रिये शुरू किया जाएगा। इसके लिए वियतनाम चैप्टर का अध्यक्ष जय प्रकाश मिश्रा नियुक्त किया गया है।

सम्मिट इंडिया के महासचिव महेश वर्मा ने आज यहाँ यह जानकारी देते हुए बताया कि ब्रांड भारत आज जिस कदर अफ्रीका में सर चढ़कर बोल रहा है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता के बीच केन्या में राम मंदिर का निर्माण करने से जाहिर होता है। इससे भारत के विश्व बंधुतत्व को भी बल मिलेगा। इसके लिए एक प्रतिनिधि मंडल जल्द ही श्री जाजू के नेतृत्व में केन्या जाएगा। जिसमें उत्तर प्रदेश चैप्टर के प्रमुख पूरण डावर सहित 10 लोग को शामिल किया गया है। श्री श्री रविशंकर और श्री राम जन्म भूमि न्यास समिति के सदस्य भी इसमें होंगे। इसी प्रकार से वहां विश्व के नंबर वन धावको के साथ मैराथन के जरिये मंदिर निर्माण से पूरे अफ्रीका महाद्वीप के देशों को जोड़ा जाएगा। इसके लिए डॉ मिश्रा की बड़ी भूमिका होगी। श्री वर्मा ने बताया कि डॉ मिश्रा का जन आरोग्य संस्थान पूरे अफ्रीकावासियों को सेवा देता है ऐसे में उनके हाथ इसका बागडोर देना उचित प्रतीत हुआ और सम्मिट इंडिया के केंद्रीय संगठन ने इस पर अपनी सहमति की मुहर लगाई है। वियतनाम में वहां के चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के पूर्व अध्यक्ष रहे भारतीय मूल के श्री जय प्रकाश का अनुभव भारत के साथ वियतनाम की व्यापारिक और सांस्कृतिक साझेदारी को सांझा करने की एक बड़ी पहल दिसम्बर में होगी।

## जिंसों में टिकाव

नई दिल्ली 19 सितम्बर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में अक्टूबर का पाम ऑयल वायदा 23 रिंगिट बढ़कर 3701 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं,



अक्टूबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.19 सेंट की गिरावट के साथ 60.75 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

दाल-दलहन: दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के दाम टिके रहे।

अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

## जिंदल हंटिंग एनर्जी ने नासिक में अत्याधुनिक सुविधा का अनावरण किया

नासिक, 19 सितम्बर (एजेंसियां)। जिंदल हंटिंग एनर्जी सर्विसेज लिमिटेड, जिंदल एसएडब्ल्यू लिमिटेड और हंटिंग एनर्जी सर्विसेज के बीच एक संयुक्त उद्यम ने सोमवार को नासिक में जिंदल एसएडब्ल्यू लिमिटेड की ट्यूब सुविधा में स्थित अपनी सुविधा के भव्य उद्घाटन की घोषणा की। नई लॉन्च की गई सुविधा उद्घाटन और वर्तमान में ओसीटीजी बाजार में पाइप, ट्यूब और प्रीमियम कनेक्शन का उत्पादन और आपूर्ति करने में सक्षम एकमात्र सुविधा है। अब तक इन सभी उत्पादों को दूसरे देशों से आयात करना पड़ता था, जिससे भारत में विदेशी मुद्रा की स्थिति पर दबाव पड़ता था। जिंदल एसएडब्ल्यू के अध्यक्ष पी.आर. जिंदल ने कहा, यह सुविधा न केवल भारतीय तेल और गैस उद्योग का समर्थन करती है, बल्कि इसमें बड़ी निर्यात क्षमता भी होगी, जिससे देश के लिए मूल्यवान विदेशी मुद्रा अर्जित होगी। उन्होंने कहा कि इस सुविधा की कल्पना 'उत्कृष्टता केंद्र' के रूप में की गई है, जो इस क्षेत्र में एक अद्वितीय प्रतिष्ठान है, जो तेल और गैस उद्योग के ओसीटीजी (ऑयल कंट्री ट्यूबलर गुड्स) क्षेत्र के भीतर उत्पादों और सेवाओं की एक व्यापक श्रृंखला पेश



करता है। हंटिंग पीएलसी के सीईओ जिम जॉनसन ने कहा, 'यह एक शानदार मील का पत्थर है। अगस्त 2019 में जिंदल एसएडब्ल्यू लिमिटेड के साथ हमारी रणनीतिक साझेदारी से लेकर पिछले चार वर्षों में विकसित दृष्टिकोण की प्राप्ति तक, काफी प्रगति हुई है।' यह सुविधा 70,000 मीट्रिक टन OCTG की वार्षिक थ्रेडिंग क्षमता प्राप्त करने के लिए निर्धारित है। जिंदल ने कहा कि यह नासिक और देश भर के अन्य स्थानों में जिंदल एसएडब्ल्यू सुविधा से कच्चे माल और इनपुट प्राप्त करने वाली एक निर्बाध आपूर्ति श्रृंखला द्वारा पूरी तरह से समर्थित होगी।

## जियो ने दिल्ली, मुंबई सहित आठ बड़े शहरों में शुरू की 'एयर फाइबर सेवा'

**नई दिल्ली,** 19 सितम्बर (एजेंसियां)। अरबपति उद्यमी मुकेश अंबानी के नेतृत्व वाले रिलायंस समूह की दूरसंचार एवं डिजिटल सेवा कंपनी रिलायंस जियो ने मंगलवार को गणेश चतुर्थी के मौके पर दिल्ली, मुंबई सहित आठ बड़े शहरों में जियो एयर फाइबर सेवाओं का शुभारंभ करने की की।

कंपनी ने एक बयान में कहा कि उसने दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद, कोलकाता, अहमदाबाद, बेंगलुरु, चेन्नई और पुणे में जियो एयर फाइबर की सेवाएं सक्रिय कर दी हैं। रिलायंस जियो इन्फोकॉम लिमिटेड के चेयरमैन, आकाश अंबानी ने कहा, हमारी फाइबर-टू-द-होम सर्विस, जियो फाइबर एक करोड़ से अधिक ग्राहकों को सेवा प्रदान कर रही है, हर महीने सैकड़ों हजारों लोग इससे जुड़ रहे हैं। लेकिन अभी भी लाखों घरों और छोटे व्यवसायों को जोड़ा जाना बाकी है। कंपनी के अनुसार जियो एयर फाइबर एक कई प्रकार की सुविधाओं का एक सम्पूर्ण एकीकृत समाधान है , जिसके तहत ग्रहकों को अपने स्थान पर एक ही नेटवर्क से होम एंटरटेनमेंट, स्मार्ट होम सर्विस और हाई-स्पीड ब्रॉडबैंड जैसी सुविधाएं मिलेंगी।

कंपनी ने एयर फाइबर और एयर फाइबर मैक्स नाम के दो प्लान प्रस्तुत किए हैं जो 599 रुपए से 3999 रु मासिक के हैं। अलग - अलग प्लान पैकेज में वीडियो डाउन लोड की गति में फर्क होगा। जियो का ऑप्टिकल फाइबर इंफ्रास्ट्रक्चर पूरे देश में 15 लाख किमी से अधिक में फैला हुआ है। कंपनी अपनी जियो फाइबर सर्विस से अब तक एक करोड़ से अधिक परिसरों को जोड़ चुकी हैं। पर अभी भी करोड़ों परिसर और घर ऐसे हैं, जहां वायर यानी फाइबर कनेक्टिविटी




देना काफी मुश्किलों भरा है। जियो एयर फाइबर इस लास्ट माइल कनेक्टिविटी की मुश्किल को आसान बनाएगा। जियो एयर फाइबर के जरिए कंपनी 20 करोड़ घरों और परिसरों तक पहुंचने की उम्मीद कर रही है। आकाश अंबानी ने कहा कि जियो एयर फाइबर शिक्षा, स्वास्थ्य, निगरानी और स्मार्ट होम में अपने सॉल्युशन्स के माध्यम से लाखों घरों को विश्व स्तरीय डिजिटल मनोरंजन, स्मार्ट होम सेवाओं और ब्रॉडबैंड की सेवाएं देगा।

### जियो फाइनेंशियल एक विघटनकारी शक्ति के रूप में उभरेगी

नई दिल्ली, 19 सितम्बर (एजेंसियां)। एलारा कैपिटल ने एक शोध में कहा कि जियो फाइनेंशियल सर्विसेज वित्तीय क्षेत्र में एक विघटनकारी शक्ति के रूप में उभरेगी, लेकिन बड़े पैमाने पर निर्माण में समय लगेगा। गौरतलब है कि जियो फाइनेंशियल फिनटेक और नए जमाने के व्यवसाय के निर्माण, संचालन में एक वित्तीय पावरहाउस है। जियो फाइनेंशियल एनबीएफसी-सीआईसी में तब्दील हो जाएगा और, यह एक होल्डिंग कंपनी होगी, जो अपनी उपभोक्ता-सामना वाली सहायक कंपनियों के माध्यम से वित्तीय सेवा व्यवसाय संचालित करती है। रिपोर्ट में कहा गया है, 'हम इसे फिनटेक और नए युग की तरह काम करते हुए देखते हैं। यह अधिग्रहण, जुड़ाव और मुद्रीकरण के सिद्धांत पर काम करेगा। विशाल डेटा और व्यापक वितरण इस क्षमता को बढ़ाते हैं।' गो-टू-मार्केट बिजनेस मॉडल की सफलता फ्लाईव्हील प्रभाव पर निर्भर है। और, जियो फाइनेंशियल समूह की ताकत 18,000 से अधिक खुदरा स्टोर, 50 मिलियन से अधिक पंजीकृत उपयोगकर्ता, और इसके दूरसंचार व्यवसाय के 400 मिलियन से अधिक ग्राहक का लाभ उठा सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इसके अलावा, एक मजबूत पूंजी आधार, मजबूत प्रमोटर (क्रेडिट रेटिंग में फीडिंग), फुर्तीला तकनीकी वास्तुकला और एक अनुभवी टीम के साथ एक दूरदर्शी नेता (गठन चल रहा है) जियो फाइनेंशियल को एक अच्छा लॉन्चपैड प्रदान करता है। जबकि जियो फाइनेंशियल में एक शक्तिशाली विघटनकारी होने की क्षमता है, हमारे विचार में, 'मनी इन' बनाम 'मनी आउट' व्यवसाय की कार्यप्रणाली अलग है। उधार देने (लीवरेज) व्यवसाय का अपना सीखने का चरण होता है, और फर्म भी इससे अलग नहीं होगी। इस प्रकार जियो पल को दोहराना कठिन होगा। जबकि जियो फाइनेंशियल एक डिजिटल फर्स्ट संस्थान होगा, जोखिम प्रबंधन आधार तैयार करना और एक संग्रह ढांचा स्थापित करना प्राथमिकता होगी। रिपोर्ट में कहा गया है, 'व्यवस्थित रूप से, पैठ के स्तर को ध्यान में रखते हुए, हम जियो फाइनेंशियल को एक विघटनकारी शक्ति के रूप में देखते हैं, लेकिन बाजार परियोजना को सीमित करने के लिए नहीं।' रिपोर्ट में कहा गया है, 'हमारा मानना है कि जियो फाइनेंशियल की मूल्य निर्माण यात्रा शुद्ध व्यावसायिक परिणाम की तुलना में इसकी नई साझेदारियों से अधिक निर्धारित होगी, और मूल्यांकन फ्रंट-एंड होगा।'

# गुमा में तिजहारिनों के बीच हुई विभिन्न खेलों की स्पर्धा



**बलौदाबाजार,** 19 सितंबर (देशबन्धु)। कृषि प्रधान छत्तीसगढ़ प्रदेश में पोला पाटनम के बाद तीजा मातृशक्तियों का एक महत्वपूर्ण ब्रत मां अन्नपूर्णा और घर परिवार, गांव एवं राज्य के समृद्धि का पारंपरिक त्यौहार है। इस पावन पर्व पर तीजा-पोरा मनाने आई बहनों के लिए ग्राम पंचायत गुमा में तिजहारीन लोंगों के बीच विभिन्न खेलों का प्रतियोगिता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पर्यावरण संरक्षण चेतना के संयोजक एवं पूर्व पत्रकार महेश वर्मा ने अपने उदबोधन में मातृशक्तियों और समस्त ग्रामवासियों को अभिवादन के साथ तीजा-पोला की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

इन्होने कहा कि आज के समय में मातृ शक्ति किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है। देश की सेवा में सेना हो या सीमा सुरक्षा बल तथा कृषि कार्य सहित महिलायें आज हरेक क्षेत्र में पुरुषों के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही हैं, किसी भी कार्य का उनके बिना पुरा हो पाना संभव नहीं है। आज यह जो खेलकूद हो रहा है इसका एक प्रमाण है। हमारे जीवन में ग्रामीण खेलों का बड़ा महत्व है, जिन्हें राज्य शासन ने छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के नाम से गांव-गांव में खेल-कूद आयोजित करके हमे प्रोत्साहित किया जा रहा है। विशिष्ट अतिथि डॉक्टर ओमप्रकाश बघेल, एवं गांव के गणमान्य नागरिक अनूप राम साहू उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में विभिन्न खेलों यथा कुर्सी दौड़, मुंह में चम्मच लेकर चलना, मटका तोड़, पानी में गुब्बारा फोड़ना, फुगड़ी आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमे तिजहारिनों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इन कार्यक्रमों में कुर्सी दौड़ में शेषकुमारी यदु प्रथम स्थान प्राप्त की। मुंह में चम्मच लेकर चलने में अंजू वर्मा ने बाजी मारी तो वहीं फुगड़ी में मोतीम वर्मा प्रथम रही, पानी भरे टब में गुब्बारा फोड़ने में सरोजनी यादव प्रथम एवं आंख में पट्टी बांधकर मटका तोड़ने में राजेश्वरी यादव व कुसुम साहू सफल रही। जहां विजेता प्रतिभागियों को साड़ी एवं उपविजेता को श्रृंगार सामग्री के साथ सभी प्रतिभागियों को अन्य श्रृंगार सामग्री से पुरस्कृत किया गया। तिजहारीन प्रतिभागियों में लता, दुलौरीन, राजेश्वरी, सुमित्रा, गौरी, गेमिन गुनी दुरपति, चित्रलेखा, निर्मला, परमिला, मनीषा, सम्मिलित हुई। प्रतियोगिता को आयोजित करने में भोजराम वर्मा शिक्षक, परसराम साहू, अनिल वर्मा, मोहितराम साहू, देवप्रकाश यादव, तमेश्वर साहू, होमेश साहू, लक्ष्मण नेताम, हुमनदास, जितेंद्र साहू, कृपाराम, झालेंद्र, दुलेश, संतोष, गिरवर आदि के साथ-समस्त ग्रामवासियों का सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक भोज राम वर्मा ने किया, आभार प्रदर्शन और समापन की घोषणा अनूप साहू ने किया।

# कसडोल, पिथौरा, महासमुंद मार्ग जोड़ने वाली मार्गों की हालत जर्जर

**कसडोल/बलौदाबाजार,** 19 सितंबर (देशबन्धु)। कसडोल पिथौरा और कसडोल महासमुंद मार्ग सहित क्षेत्र के कई गांवों को जोड़ने वाली मार्ग काफी जर्जर हो जाने से राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस क्षेत्र के लोगों ने शीघ्र मरम्मत करने की मांग शासन प्रशासन से की है।



ज्ञात हो कि कसडोल से व्हाया सिरपुर होकर महासमुंद जाने वाली मार्ग जो बीच में मुंबई कलकत्ता नेशनल हाईवे को जोड़ती है तथा कसडोल से पिथौरा मार्ग यह भी मुंबई कलकत्ता नेशनल हाईवे को जोड़ती है दोनो ही मार्ग इन दिनों काफी जर्जर स्थिति में है जबकि कसडोल में लोक निर्माण विभाग के एस डी ओ का कार्यालय है इस मार्ग में छोटे बड़े सैकड़ों गड्ढे हो जाने से दो पहिया और चार पहिया वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है इसमें एक गड्ढा बचाओ तो दूसरा गड्ढा सामने आता है जिसके कारण करीब साठ किमी की रास्ते को तय करने में दो घंटे से ज्यादा का समय लग जाता है वही यदि बारिश होने से इन गड्ढों में पानी भर जाने से गड्ढे का पता नही चलता और जिसके कारण कई बार छोटी वाहन चालकों को दुर्घटना का शिकार होना पड़ता है। कसडोल महासमुंद मार्ग पर ग्राम बोरसी निवासी राजेंद्र यादव, मिला राम यादव, दुर्गेश यादव, बसंत यादव सहित ग्रामीणों ने बताया कि इस मार्ग पर ग्राम कोसम सरा, टेमरी, बगार, नंदनिया, परसदा, ठाकुर दिया, पैरा गुड़ा, पुटपुरा, भांडोरा, सुकदा, मूढ़ी पार, अर्जुनी, बलदा कछार एवम अवरई सहित दर्जनों गांव है जहां के लोगों को रोजाना विकास खंड मुख्यालय कसडोल जाना पड़ता है लेकिन रास्ता काफी जर्जर होने के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसी तरह कसडोल पिथोरा मार्ग में भी करीब 50 किमी दूरी तक कसडोल विकास खंड में आने के कारण इधर के गांव के लोगों को रास्ता खराब होने के साथ ही बीच में जंगली रास्ता और घाटी पड़ने के कारण कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इस क्षेत्र के लोगों ने सड़कों का शीघ्र मरम्मत करने शासन प्रशासन से मांग की है।

इस संबंध में लोक निर्माण विभाग के एस डी ओ पी के गुप्ता से संपर्क करने पर बताया कि मरम्मत का टेंडर हो गया है और ही कार्य प्रारंभ हो जायेगा।

# सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल हुए निखिल

**महासमुंद,** 19 सितंबर (देशबन्धु)। देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा जयंती के पावन पर्व पर ग्राम पिरदा मलीडीहद्ध में श्री विश्वकर्मा पूजा एवं रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बतौर अथिति युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव व नगर पालिका सभापति निखिलकांत साहू शामिल हुए। सर्वप्रथम श्री साहू ने भगवान विश्वकर्मा की पूजा.अर्चना कर क्षेत्रवासियों की खुशहाली की कामना की एवं समस्त अंचलवासियों को विश्वकर्मा जयंती की शुभकामनाएं दी। तत्पश्चात आयोजक समिति व ग्रामवासियों ने प्रदेश महासचिव श्री साहू का श्रीफल व तिलक चंदन लगाकर स्वागत सम्मान किया। श्री साहू ने समस्त ग्रामवासियों को



विश्वकर्मा जयंती की शुभकामनाएं देते हुए अयोजन की सराहना की। उन्होंने अयोजन कार्यक्रमों में युवाओं की सहभागिता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि आज गावों में युवा सक्रिय हुए हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने युवाओं के नेतृत्व क्षमता विकास के लिए राजीव युवा मितान क्लब के माध्यम से सुनहरा अवसर प्रदान किया है। उन्होंने सभी युवाओं को ग्राम विकास व गांव के हित में कार्य करते रहने प्रेरित किया। श्री साहू ने युवाओं से कहा की गांव के बुजुर्गों का आशीर्वाद लेकर काम करने से सारे कार्य निर्विघ्न संपादित होते हैं। इस अवसर पर गांव की माताएं, बहने, युवा, बुजुर्ग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# शहर सहित ग्रामीण अंचल हाईमास्क लाइट से जगमगाएगा : कृष्णा

**महासमुंद,** 19 सितंबर (देशबन्धु)। नगर पालिका के उपाध्यक्ष कृष्णा चंद्राकर ने सोमवार को त्रिमूर्ति कॉलोनी में हाईमास्क लाइट लगाने के लिए जगह का चिन्हांकन करते हुए निरीक्षण किया। इस दौरान वार्ड पार्षद निखिलकांत साहू, त्रिमूर्ति कॉलोनी के निखिल चंद्राकर, कमलेश चंद्राकर, गोलू पाल उपस्थित थे। त्रिमूर्ति कॉलोनी में हाइमास्क लाइट लगाया जा रहा है। इसके लिए जगह का चिन्हांन किया गया।

श्री चंद्राकर ने कहा कि शहर सहित ग्रामीण अंचल हाईमास्क लाइट से जगमगाएगी। जल्द ही शहर सहित गांवों में लाइट लगाई जाएगी। इसे लेकर तैयारियां चल रही है। वहीं ठेकेदारों को काम भी सौंप दिया गया है। उन्होंने कहा कि करीब 18 जगहों पर लाइट लगाने का आदेश जारी हुआ है। इसमें महासमुंद शहर, तुमगांव शहर सहित विभिन्न गांव है। 9 ग्राम पंचायत और दो नगरीय निकाय महासमुंद और तुमगांव के 9 जगहों पर हाईमास्क लाइट लगेगी। महासमुंद में दुर्गा मंदिर बरोंडा चौक, जिला न्यायालय परिसर, श्रीराम जानकी मंदिर के पास, सतनाम भवन पारा, शीतला मंदिर, त्रिमूर्ति कॉलोनी, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी और बीटीआई रोड निर्मित चौपाटी में लाइट लगेंगी। उन्होंने बताया कि शहर के कई इलाकों में हाइमास्क लाइट की मांग लगातार उठ रही थी। रात में लोगों को अंधेरा होने से परेशानियां हो रही थी। शासन ने लाइट लगाने की स्वीकृति प्रदान की है।



उन्होंने कहा कि महासमुंद शहर सहित ग्राम पंचायत लोहारडीह स्कूल के पास, राम जानकी मंदिर के पास झलप, बजरंग मंदिर सिंघीए गायत्री मंदिर के पास नवागांव, बाजार चौक छिंदौली, काली माता मंदिर घोड़ारी, भोरिंग, तुमगांव बाजार चौक ए शीतला मंदिर तुमगांव, झालखम्हरिया और भोरिंग में लाइटें लगेंगी।

# जीवन अनमोल है इसे सार्थक बनाएं : टंकराम वर्मा

**बलौदाबाजार,** 19 सितंबर (देशबन्धु)। समीपस्थ ग्राम संकरी में भगवान विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर ग्रामवासियो के द्वारा भगवान विश्वकर्मा का पूजन एवं मानस गान का आयोजन किया गया था। अंचल के समाजसेवी एवं स्व.सोनचंद वर्मा स्मृति फाउंडेशन के संयोजक टंक राम वर्मा को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। भगवान विश्वकर्मा एवं भगवान रामचंद्र जी का पूजा अर्चना कर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए टंक राम वर्मा ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा आदिकाल से ही अपने विशिष्ट ज्ञान एवं विज्ञान के कारण ही न केवल मानव अपितु देवगणों द्वारा पूजित और वंदनीय है।

श्री वर्मा ने कहा कि भारतीय संस्कृति और पुराणों में भगवान विश्वकर्मा को यंत्रों का अधिष्ठा और देवता माना जाता है। भगवान विश्वकर्मा ने मानव को सुख सुविधा प्रदान करने के लिए अनेक यंत्रों में शक्ति संपन्न भौतिक साधनों का निर्माण किया है। भगवान का हमारे ऊपर दो बड़े उपकार हैं। पहला मनुष्य योनि देना और दूसरा हमारा जन्म भारत



भूमि पर होना है क्योंकि भारत भूमि कोई सामान्य भूमि नहीं है, यह धर्म की भूमि है, त्याग तपस्या और बलिदान की भूमि है जहां अनेक देवी देवता, साधु संत, ऋषि मुनियों और योद्धाओं ने जन्म लिया है। स्वर्ग में अमरता है लेकिन मोक्ष इसी धरती पर मिलता है। भारत भूमि की महिमा का वर्णन वेदों और शास्त्रों में भी किया गया है है। गोस्वामी तुलसीदास जी ने रामायण की एक चौपाई में स्पष्ट उल्लेख किया है कि ''बड़े भाग मानुष तन पावा'' अर्थात मनुष्य योनि मिलना सौभाग्य की बात है क्योंकि यह दुर्लभ है। ईश्वर ने संसार में हजारों लाखों प्रकार के जीव जंतु बनाए हैं जिसमें मनुष्य का जीवन को श्रेष्ठ बताएं हैं क्योंकि मनुष्य को सोचने समझने की शक्ति प्रदान की है। सही गलत, अच्छा बुरा का ज्ञान केवल मनुष्य को है। मनुष्य अपने अंदर प्राप्त शक्ति का उपयोग करके जीवन को सार्थक बन सकता है। यह जीवन अनमोल है, जीवन का उपयोग लोक कल्याण कार्य के लिए करना चाहिए। जीवन को कैसे जिए यह जानना जरूरी है जिस दिन जीवन का महत्व समझ में आए जाएगा उसे दिन से हमारा जीवन में बदलाव आ जाएगा।

# भगवान विश्वकर्मा दुनिया के सबसे पहले इंजीनियर है : होरा

**धमतरी,** 19 सितंबर (देशबन्धु)। भगवान श्री विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक गुरमुख सिंह होरा दोपहर 2 बजे ग्राम डाही में एवं शाम 5 बजे ग्राम कानीडबरी में विश्वकर्मा संघ द्वारा आयोजित विश्वकर्मा जयंती समारोह में शामिल हुए। यहाँ पर उपस्थित सभी मेरे प्रिय मित्रों एवं बड़ो को विश्वकर्मा जयंती की बधाई एवं शुभकामना देते हुये श्री होरा ने कहा कि आज भगवान विश्वकर्मा का जन्म दिन है। भगवान विश्वकर्मा को दुनिया के सबसे पहले इंजीनियर के रूप में जाना जाता है। भगवान विश्वकर्मा का मतलब यानी कि सृजन का निर्माण, इन्होंने सृष्टि निर्माण में त्रिलोक के सबसे बड़े भगवान में एक साक्षात ब्रह्माजी की भी सहायता की थी। इन्होंने ही देवी देवताओं के अस्त्र-शस्त्र, नगर, और घरों का भी निर्माण किया। भगवान विश्वकर्मा एक प्रसिद्ध ज्ञानी ऋषि और शिल्पकार थे। आज वो हमारे साथ नहीं लेकिन वो हर एक व्यक्ति के जीवन में कला के रूप में दिखाई देते है।

इस अवसर पर ग्राम कानीडबरी से विपीन साहू, वसीम कुरैशी, विक्रांत शर्मा, टिकेन्द्र गजेन्द्र, कृष्णा मरकाम, राहुल बख्तानी, अभिमन्यू सिन्हा, सुरेन्द्र पांडेय, गैंदलाल साहू, पुरूषोत्तम मंडावी, सत्यनारायण नेताम, लाल सिंह चन्द्रवंशी, मानिक साहू, हबीब कुरैशी, किशुन कंवर, खम्मन साहू, गैंदलाल ध्रुव सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।


**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, ONKAR SINGH KALYAN S/O GURUCHARAN SINGH KALYAN resident of TEE2-44 MANIKPUR COLONY KORBA S.E.C.L MANIKPUR KORBA M.CORP KORBA (C.G.) 495682 have changed my old name ONKAR SINGH KALYAN S/O GURUCHARAN SINGH KALYAN so in future I should be recognized by my new name that is ONKAR SINGH S/O GURUCHARAN SINGH KALYAN in all Government and other documents.

**ONKAR SINGH**
TEE 2-44 MANIKPUR COLONY
KORBA S.E.C.L MANIKPUR
KORBA M.CORP KORBA (C.G.)
495682

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, LOMASH S/O RAMKRISHNA resident of 77 WARD NO 04 VILL-TAKAM GRAM PANCHAYAT TAKAM POST PATORA TAKAM BEMETARA (C.G.) 491332 have changed my old name LOMASH S/O RAMKRISHNA so in future I should be recognized by my new name that is LOMASH BHARATI S/O RAMKRISHNA in all Government and other documents.

**LOMASH BHARATI**
77 WARD NO 04 VILL-TAKAM
GRAM PANCHAYAT TAKAM
POST PATORA TAKAM
BEMETARA (C.G.) 491332

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, RAWAL MAL S/O LATE. SHRI RANIDAN BHUTADA resident of 152, MAHESHWARI PARA, SUKMA DAKSHIN BASTAR DANTEWADA (C.G.) 494111 have changed my old name RAWAL MAL S/O LATE. SHRI RANIDAN BHUTADA so in future I should be recognized by my new name that is RAWAL MAL BHUTADA S/O LATE. SHRI RANIDAN BHUTADA in all Government and other documents.

**RAWAL MAL BHUTADA**
152, MAHESHWARI PARA,
SUKMA DAKSHIN BASTAR
DANTEWADA (C.G.) 494111

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, VIJAY KUMAR AGRAWAL S/O PRAHLAD resident of HOUSE NO 177. PATEL WARD NO 17. NEAR SBI ATM, DONGARGARH, RAJ NANDGAON, (C.G.) 491445 have changed my old name VIJAY KUMAR. AGRAWAL S/O PRAHLAD so in future I should be recognized by my new name that is VIJAY AGRAWAL S/O PRAHLAD in all Government and other documents.

**VIJAY AGRAWAL**
HOUSE NO 177. PATEL WARD NO 17. NEAR SBI ATM,
DONGARGARH,
RAJNANDGAON, (C.G.) 491445

**छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादम बोर्ड**

**निविदा हेतु विज्ञापन के अंतिम तिथि में वृद्धि**

**राज्य वन अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, प्रथम तल, विधानसभ के पास, जीरो प्वाइंट बलौदाबाजार रोड, रायपुर (छ.ग.) 493111, फोन एवं फैक्स-0771-2522056**

छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड के द्वारा कृषिकरण उपरांत सुगंधित एवं औषधीय पौधों से प्रसंस्करण पर आसवन यंत्र यानि डिस्टीलेशन यूनिट हेतु फील्ड में डिस्टीलेशन यूनिट की स्थापना किए जाने हेतु निविदा दिनांक 01.09.2023 को प्रकाशित की गई थी, जिसकी अंतिम तिथि 19.09.2023 तक निर्धारित की गई थी। उक्त अंतिम दिनांक 19.09.2023 को छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है, जिसके कारण प्रकाशित निविदा हेतु अंतिम तिथि को दिनांक 03.10.2023 तक बढ़ाया जाता है। डिस्टीलेशन यूनिट प्रदाय करने वाले इच्छुक संस्थाएँ निविदा हेतु बोर्ड कार्यालय से निर्धारित निविदा प्रपत्र कार्यालयीन दिवस एवं समय में प्राप्त कर उसे पूर्ण रूप से भरा जाकर बोर्ड कार्यालय में दर्शित पते पर दिनांक 03.10.2023 समय शाम 5.00 बजे तक अपना आवेदन पत्र बंद लिफाफे में प्रस्तुत कर सकते है। यदि आवश्यकता होने पर कोई भी जानकारी कार्यालयीन दिवस में कार्यालयीन समय पर संपर्क कर प्राप्त किया जा सकता है।

**संवाद-38544** **मुख्य कार्यपालन अधिकारी**

**NOTICE**
**U/s 72 OF THE INDIAN PARTNERSHIP ACT, 1932**

Notice is hereby given to all concerned that constitution of the partnership firm ``M/s RAJ ENGINEERING WORKS'', Registration No. S.No. 393/10-11, Raipur (C.G.) has undergone the folling changes:-

That SHRI YASHISH CHIND S/O Late Shri Manmohan Chind, SHRI HARSH CHIND S/O Late Shri Suresh kumar Chind And SHRI MAYANK CHIND S/O Late Shri Suresh Kumar Chind, Joined The Business Of Partnership Firm W.E.F. 22.08.2023.

That Shri Siresh Kumar Chind S/o Late Shri Shiv Das Chind has died and ceased from the business of partnership firm w.e.f. 22.08.2023.

That Smt. Kamlesh Chind W/o Late Shri Manmohan Chind has voluntarily retired frim the business of partnership firm w,e,f, 22.08.2023.

Place : Raipur (C.G)
Date : 22.08.2023

**For, M/s, RAJ ENGINEERING WORKS**

**(PAWAN KUMAR CHIND)**
**Partner**

**PUBLIC NOTICE**
**U/S 72 OF Indian Partnership Act, 1932**

**Be it Known to all that Smt. Shobha Baradia, S/o Shri Pukhraj Ji Baid has expired on 28.03.2021 and accordingly she ceased to be partner from that date 28.03.2021. And further Shri Kewal Chand Ji Baradia, S/o Shri Mishri Lal Ji Baradia has expired on 30.06.2022 and accordingly he ceased to be partner from that date 30.06.2022 from the partnership firm K.K.& BROTHERES, 17, Vivekanand Nagar, Raipur (C.G.) Bearing firm registration no. 60/1982-83 dated 17.04.1982.**

**Raipur (C.G.)**
**Date : 12.09.2023**

**For, K.K. & BROTHERS**
**(SOURABH BARADIA)**
**Partner**

**आम सूचना**

मौजा ग्राम डूंडा प.ह.नं. 118 रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नंबर 385/17 का भाग रकबा 0.1010 हे. भूमि का भाग याने 4058 वर्गफुट भूमि के संबंध में

सर्वविदित हो कि मेरे पक्षकार श्री मुकेश बाफना पिता श्री मोहनलाल बाफना निवासी म.नं. सी-138-बी/06 मेनरोड वल्लभ नगर रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. ने विक्रेता श्रीमती सुषमा लहेजा पति श्री अशोक लहेजा निवासी राजभवन के सामने सिविल लाईन रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि मौजा ग्राम डूंडा प.ह.नं. 118 रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर 385/17 का भाग रकबा 0.1010 हे. भूमि का भाग याने 4058 वर्गफुट भूमि है को क्रय करने का मौखिक सौदा कर लिया है तथा टोकन भी अदा कर दी गयी है, केवल बैनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः उपरोक्त वर्णित संपत्ति के स्वत्व, अंतरण, के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय, बैंक, शासकीय अर्द्धशासकीय विभागों को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति मय दस्तावेज मेरे नीचे लिखे कार्यालय में कार्यालयीन समय पर मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद म्याद मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय विलेख का निष्पादन अपने पक्ष में करा लिया जावेगा। तत्पश्चात प्रस्तुत आपत्ति शून्य व अवैध होने से मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी।

सो सूचना जानें।

**धीरज बावनकर**
**अधिवक्ता**
**फुल चौक रायपुर (छ.ग.)**
**मो.नं. 911104444**

**कार्यालय- सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल प्रक्षेत्र- दुर्ग**

**आम सूचना**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री धरम चंद बैद आ. स्व. लक्ष्मी चंद बैद निवासी- कुम्हारी जिला दुर्ग (छ.ग.) को छ.ग. को छ.ग. गृह निर्माण मण्डल द्वारा भवन क्रमांक आर.टी.आर.-जे/05, कुम्हारी, जिला दुर्ग (छ.ग.) में आबंटित है। आबंटी श्री धरम चंद बैद के देहांत उपरान्त उनके वारिस/वारिसानों श्री अरूण बैद आ. स्व. धरम चंद बैद ने आबंटित भवन को अपने नाम पर नामान्तरण हेतु इस कार्यालय में आवेदन किया है। उक्त भवन क्रमांक आर.टी.आर.- जे./05, कुम्हारी, जिला दुर्ग (छ.ग.) श्री अरूण बैद के नाम इस शर्त पर नामान्तरण करना न्याय संगत होगा, यदि भविष्य में स्व. धरम चंद बैद के वारिसानों द्वारा किसी प्रकार का कोई दावा किया जाता है, तो उसके लिये मंडल कोई जवाबदार नहीं होगा। अतः श्री अरूण बैद के नाम हस्तान्तरण पर यदि किसी व्यक्ति, वारिसान, शासकीय, अर्द्धशासकीय बैंक, वित्तिय निकायों आदि को कोई आपत्ति उजर हो तो, इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर मूल दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत कर सकते हैं। म्याद/अवधि समाप्त हो जाने के बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा एवं नामान्तरण की कार्यवाही करने में मण्डल स्वतंत्र रहेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय के मोहर के साथ आज दिनांक 15.09.2023 को जारी किया गया।

सील

**सम्पदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**प्रक्षेत्र-दुर्ग (छ.ग.)**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

रा.प्र.कं. 202309210200044
अ/2 वर्ष 2022-23
ग्राम ढाबाडीह तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.)

सर्व साधारण जनता ग्राम ढाबाडीह प.ह.नं. 12 तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार भाटापारा को सूचित किया जाता है कि आवेदक अमित सूरी पिता बी.के सूरी निवासी हीरापुर, टाटीबंध रायपुर जिला रायपुर छ.ग. द्वारा ग्राम ढाबाडीह प.ह.नं. 12 तहसील बलौदाबाजार में भूमि खसरा नं. क्रमशः 196/7, 198/1, 199/2, 200 रकबा क्रमशः 0.445, 0.466, 0.405, 0.421 हे. कुल खसरा नम्बर 04 कुल रकबा 1.737 हे. राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन के लिये छ.ग.भू.रा.संहिता 1959 की धारा 172 के तहत व्यपवर्तित कर छ.ग.भू.रा.संहिता 1959 की धारा 59(2) के तहत पुर्ननिर्धारण करने हेतु बी-1 पी 02 खसरा नक्शा ब्लू प्रिंट सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त आवेदित भूमि के संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन हैं।

उक्त आवेदित भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु परिवर्तित करने में जिस किसी व्यक्ति या कोई संस्था को दावा आपत्तिया यदि कोई हो तो वे दिनांक 13.10.2023 को मेरे न्यायालय में स्वतः उपस्थित होकर या अपने प्रतिनिधि के माध्यम से दावा आपत्तिया प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही होगी।

आज दिनांक 12.09.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

सील

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**बलौदाबाजार**

**NAME CHANGE**

It is informed to the general Public that I MAHESH NACHRANI S/o late Shri Radha Kishan Nachrani Resident of "Shanker Villa" Panchsheel Nagar, Raipur (C.G) have changed my son old name MEHER NACHRANI S/o MAHESH NACHRANI. So in future should be recognized by my son new name that is RISHIT NACHRANI S/o MAHESH NACHRANI in all Government and other documents.

**MAHESH NACHRANI**
**"Shanker Villa"**
**Panchsheel Nagar**
**RAPUR (C.G)**

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, DOLLY DUBEY W/O VINAY KUMAR DUBEY resident of A-202, SALASAR GREENS, SARONA, RAIPUR (C.G.) PIN 492099 have changed my old name DOLLY DUBEY W/O VINAY KUMAR DUBEY so in future I should be recognized by my new name that is SEEMA DUBEY W/O VINAY KUMAR DUBEY in all Government and other documents.

**SEEMA DUBEY**
A-202, SALASAR GREENS,
SARONA, RAIPUR (C.G.)
PIN 492099

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, SHABNAM BANU ALISE SHABNAM BANO W/O MOHAMMED PARVEZ MEMON resident of H NO 15/26 RAJA PARA KANKER (C.G.) have changed my old name SHABNAM BANU ALISE SHABNAM BANO W/O MOHAMMED PARVEZ MEMON so in future I should be recognized by my new name that is SHABNAM BANO MEMON W/O MOHAMMED PARVEZ MEMON in all Government and other documents.

**SHABNAM BANO MEMON**
H NO 15/26 RAJA PARA
KANKER (C.G.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, PARVEZ S/O ALAUDDIN BHAI resident of H NO 15/26 RAJA PARA KANKER (C.G.) have changed my old name PARVEZ S/O ALAUDDIN BHAI so in future I should be recognized by my new name that is MOHAMMED PARVEZ MEMON S/O ALAUDDIN BHAI in all Government and other documents.

**MOHAMMED PARVEZ MEMON**
H NO 15/26 RAJA PARA
KANKER (C.G.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, LOKESHWARI D/O NARAYAN SINGH resident of HOUSE NO-81 WARD NO-02 CHARGAON POST AMALI DHAMTARI (C.G.) 493778 have changed my old name LOKESHWARI D/O NARAYAN SINGH so in future I should be recognized by my new name that is LOKESHWARI VATTI W/O OMPRAKASH VATTI in all Government and other documents.

**LOKESHWARI VATTI**
HOUSE NO-81 WARD NO-02
CHARGAON POST AMALI
DHAMTARI (C.G.) 493778




प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23
फोन- (0771) 4077750, 4077760, 2292011/22 फैक्स-2534955 email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

उल्टा पुल्टा

रोजी अपने ब्वॉयफ्रेंड को अपनी मम्मी से मिलवाने ले गई।
दूसरे दिन...
रोजी- मेरी मम्मी को तुम बहुत पसंद आए।
ब्वॉयफ्रेंड - चल पगली, कुछ भी हो, मैं शादी तो तुमसे ही करूंगा, मम्मी से बोलना मुझे भूल जाए।

## लड़कियां-महिलाएं चुप न रहें

महिलाओं के साथ छेड़छाड़ और कई किस्म के अपराध देश भर में होते हैं- कहीं कम कहीं ज्यादा। वैसे कुछ राज्य इस प्रवृत्ति से मुक्त भी हैं लेकिन ऐसे राज्यों व इलाकों की संख्या कम ही है। छत्तीसगढ़ भी इससे ग्रस्त है। यहां भी महिलाओं के साथ कई तरह के अपराध होते हैं, जिनमें छेड़छाड़ से लेकर बलात्कार और हत्याएं सब कुछ शामिल है। अक्सर छेड़छाड़ होने पर या ऐसे विवादों पर पीड़ित पक्ष की ओर से चुप्पी साध ली जाती है। पुरुष प्रधान समाज मानता है कि इससे लड़की या महिला की बदनामी होगी। इसलिये मामलों को रफ़ा-दफ़ा कर दिया जाता है। यही चुप्पी असामाजिक व आपराधिक तत्वों की हौसला अफ़ज़ाई के लिये काफी होती है जिसके बाद वे दूसरे शिकार की तलाश में जुटते हैं।

एक तरह से मान लिया गया है कि महिलाओं के साथ छेड़छाड़ बहुत आम बात है और उसे बहुत गम्भीरता से नहीं लिया जाना चाहिये। सड़क चलती महिला या बच्ची हो, कामकाजी औरत, गृहिणी अथवा कोई स्कूल-कॉलेज में पढ़ने वाली छात्रा हो- किसी के भी साथ यह सकता है। दुर्भाग्यजनक तो यह है कि ऐसा कोई अपराध होने पर पीड़िता को ही कहा जाता है कि वह इसकी ओर ध्यान न दे। अगर बच्ची छात्रा है तो कहा जाता है कि वह दूसरे रास्ते से आया-जाया करे या फिर पढ़ाई पर ध्यान दे। कार्यस्थल पर ऐसा होने पर कह दिया जाता है कि शिकायत करने से उसका ही नुकसान होगा इसलिये बेहतर है कि सिर झुकाकर काम करे। अगर अपराधी मालिक या वरिष्ठ हो तो उसके लिये काम करना बहुत मुश्किल हो जाता है। उसे अपमानित होते हुए काम करना पड़ता है। दिक्कत यह भी है कि छेड़छाड़ से बलात्कार तक के अपराध करने वाले अक्सर नज़दीकी लोग होते हैं- रिश्तेदारों से लेकर मित्र या शिक्षक कोई भी।

छात्राएं, खासकर स्कूलों में पढ़ने वाली और वह भी निचली कक्षाओं की लड़कियां अक्सर शिक्षकों, स्टाफ या उन्हें लाने ले जाने वाले वाहनों के ड्राइवरों या सहायकों का शिकार बनती हैं। एक तो उन्हें यह पता नहीं चल पाता कि उनके साथ क्या हो रहा है। अगर वे जान भी जाएं तो शिकायत करने की उनकी हिम्मत नहीं पड़ती। ऐसी परिस्थितियों का कैसे मुकाबला किया जाये, इसका प्रशंसनीय उदाहरण गरियाबंद जिले में देखने को मिला है। पहले छुरा और गरियाबंद की स्कूली छात्राओं द्वारा अपने शिक्षकों के खिलाफ शिकायत करने के बाद अब देवभोग ब्लॉक के बाड़ी गांव की बच्चियों ने जिला मुख्यालय पहुंचकर कलेक्टर से शिकायत की है कि उनके प्राचार्य छेड़खानी करते हैं अत: उनके खिलाफ कार्रवाई हो। आशा है कि अन्य महिलाएं एवं छात्राएं इनसे सीख लेकर उनके साथ होने वाली ज्यादतियों एवं अपराधों के खिलाफ आवाज़ उठाएंगी तभी समाज से इस प्रवृत्ति का उन्मूलन होगा।

# चौक-चौराहों पर निर्मित आकर्षक पंडालों में विराजमान हुए गणपति



**जगदलपुर,** 19 सितंबर (देशबन्धु)। शहर में गणेश उत्सव की धूम मची हुई है। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी नगर के विभिन्न चौक चौराहों और मोहल्ले में बनाए गए आकर्षक पंडालों में सोमवार और मंगलवार को बाजेङ्गगाजे के साथ लाकर गणपति की मूर्तियों को विराजित किया गया। विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना की गई । इसी क्रम में शहर के मां दुर्गा चौक में भी गणेश जी की प्रतिमा की स्थापना की गई है। एक दिन पूर्व गणेश जी की प्रतिमा धूम धाम से गाजे बाजे के साथ पंडाल तक लाई गयी,जिसमे समिति के युवा सदस्य भजन के धुन में झूमते रहे एवम आगमन पर भारी आतिशबाजी की गयी। समिति के सदस्यों ने बताया कि यहां लगातार 15 वर्षों से गणेश उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष पंडाल में 12 फिट की प्रतिमा की स्थापना की गई है। 9 दिन तक पूरे रीति रिवाज से गणेश जी की पूजा की जाएगी।26 सितंबर को भंडारे एवम हवन का आयोजन रखा गया है। 27 सितंबर को गणेश जी की प्रतिमा का विसर्जन धूम धाम से किया जाएगा। इसी तरह नगर के एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी गणपति जी की मूर्तियों को विराजित कर नियमित रूप से पूजा अनुष्ठान किया जा रहा है। सारा माहौल गणपति जी की पूजा अर्चना में डूबा नजर आ रहा है।

**मां दुर्गा चौक में विराजमान हुए गणपति, शुरू हुई पूजा-अर्चना**

गणेश चतुर्थी पर श्रद्धालुओं ने अपने-अपने घरों में भी गणपति जी की मूर्ति स्थापित कर पूरे विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना कर रहे हैं। मंगलवार की सुबह से ही गणपति जी की मूर्तियों को बाजार से खरीद कर अपने-अपने घरों में ले जाने की प्रक्रिया चल रही थी जिसके चलते बाजारों में काफी भीड़ नजर आई। मौसम



खुला रहने के चलते बाजार भी गुलजार रहा गणपति मूर्ति निर्माण करने वालों को भी इसका पूरा लाभ मिला और गणपति की मूर्तियां बाजार से लोगों ने खरीद कर ले गए जिसके चलते मूर्ति निर्माण करता भी प्रसन्न नजर आए। इसके साथ ही पूजा पाठ एवं स सजा के विक्रय वाले दुकानों में भी काफी भीड़ नजर आई।

# रेत से बनी शिव-पार्वती की प्रतिमा विसर्जित कर तीजा व्रत का किया पारायण



**जगदलपुर,** 19 सितंबर (देशबन्धु)। महिलाओं व युवतियों ने हरितालिका तीज व्रत सोमवार को मनाया। 24 घंटे का निर्जला व्रत रख महिलाओं ने इंद्रावती नदी के जल और रेत को घर लाकर शिव-पार्वती की प्रतिमा बनाई और विधि-विधान से पूजा की। रेत से बनी शिव पार्वती की प्रतिमाओं का विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना कर मंगलवार की सुबह शहर के महादेव घाट, खड़कघाट, गोरियाबहार नाला, पुराने पुल में विसर्जित कर महादेव मंदिर में भगवान शिव का दर्शन कर तीजा के निर्जला व्रत का पारायण किया। सुबह से लेकर दोपहर तक काफी संख्या में तीजा व्रत धारी महिलाएं गौरा गौरी विसर्जन के लिए महादेव घाट के इंद्रावती नदी तट पर पहुंचती नजर आई।

# पनका, गदबा एवं अमनीत समाज को मिलेगा सामाजिक भवन, संसदीय सचिव ने किया भूमिपूजन



**जगदलपुर,** 19 सितंबर (देशबन्धु)। विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन एवं शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत भेजापदर, माड़पाल, खुटपदर एवं कुरंदी 2 में 60 लाख 32 हजार रुपए के सामुदायिक भवन, सामाजिक भवन, बोरिंग,घाट निर्माण,माता गुड़ी जीर्णोद्धार कार्य एवं सी सी सड़क के निर्माण कार्यों का भूमि-पूजन किया।

इस अवसर पर श्री जैन ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा अनुरूप हर समाज को भवन एवं भूमि उपलब्ध कराई गई है। पनका समाज,गदबा समाज एवं अमनीत समाज की बहुप्रतीक्षित मांग को आज पूरा कर दिया गया है। अब सामाजिक कार्यक्रमों के लिए सामाजिक भवन उपलब्ध होगा। हमारी सरकार हर समाज और हर वर्ग के हितों का ख्याल रख रही है। पूर्ववर्ती सरकार में जहां अपने कार्यकर्ताओं एवं व्यक्तिगत विकास पर जोर दिया गया था आज हम हर वर्ग के लिए कार्य कर रहे हैं।

शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुशील मौर्य ने संबोधित करते हुए कहा कि पूर्ववर्ती भाजपा सरकार ने कभी भी किसी भी समाज की सुध नहीं ली पर हमारे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार बनते ही हर वर्ग और हर समाज के लिए भवन और भूमि आवंटन की प्रक्रिया आरंभ की गई जिसके परिणामस्वरूप आज हर समाज के पास सामाजिक भवन है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार केवल अपने उद्योगपति मित्रों का ही भला चाहती है जबकि कांग्रेस सरकार हर समाज के लिए भलाई का काम कर रही है। उन्होंने विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन की जमकर तारीफ करते हुए कहा कि विधायक की सक्रियता से आज हर वर्ग खुश हैं। इस अवसर पर नगर निगम की सभापति >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# ऋषि पंचम वैद्य संघ प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में शामिल हुए लखमा



**कांकेर,** 19 सितंबर (देशबन्धु)। शम्भू शक्ति स्वास्थ्य एवं सामाजिक सेवा संस्थान आदिवासी परपम्परा प्रमाणित वैद्यराज संघ के द्वारा आयोजित ऋषि पंचमी कार्यक्रम में शामिल हुए कैबिनेट मंत्री कवासी लखमा वैद्य संघ के द्वारा कैबिनेट मंत्री कवासी लखमा का आदिवासी नृत्य व ढोल नगाढो के साथ आत्मीय स्वागत किया गया। मंत्री देवी गीत एवं मांदरी नृत्य पर झूमते नाचते गाते दिखे।

श्री लखमा ने सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा की आप लोगों के द्वारा ही परम्परागत औषधियों, जड़ी-बूटी को सिरा गुनिया। के माध्यम से ईलाज कर रहे है साथ ही इस परंपरा को जीवित रखने की कोशिश कर रहे है। आज औषधियों की जानकारी रखने वालों व इसके संरक्षण हेतु मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में संरक्षण हेतु छत्तीसगढ़ पारंपरिक संघ को संरक्षण देते हुए उन्हें आगे बढ़ाने का काम कर रही है। छत्तीसगढ़ में औषधीय पौधों के संरक्षण, संवर्धन एवं विकास की दिशा में हो रहे कार्यों की सराहना करते हुए उन्होंने लोक स्वास्थ्य परंपरा, संवर्धन अभियान एवं घर अंगना जड़ी-बूटी बगिया योजना के तहत जन-जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है।

उन्होंने आगे कहा की कांग्रेस पार्टी हमेशा आदिवासियों भाई बहनों के साथ खड़ी है। भाजपा आदिवासी आरक्षण विरोधी है जिन्होंने विधानसभा मव पारित सर्व सम्मति से पास आरक्षण को राज्यपाल के द्वारा पास नही करवाया गया। आप सभी को इसके लिए कांग्रेस पार्टी का समर्थन करते हुए आदिवासी आरक्षण के लिए साथ देना है। संघर्ष करने वालों की ही जीत होती है। वैद्य संघ के द्वारा मांग पत्र देते हुए उन्होंने, वैद्यराज के मानदेय, सामूहिक बीमा, पंचायत में 20 साल से अनुभवी 02 वैद्यो की नियुक्ति, तहसील में 10 वैद्यों की नियुक्ति, छ ग में 50 वैद्यो की नियुक्ति, सर्व सुविधायुक्त भवन आदि की मांग की जिस पर माननीय मंत्री जी के द्वारा आश्वासन देते हुए जल्द पूरा किये जाने की बात कही गई।

# गौ वंशों की मृत्यु पर कांजी हाउस संचालक व संबंधित अधिकारी पर कार्रवाई की मांग

**जगदलपुर,** 19 सितंबर (देशबन्धु)। स्थानीय परपा स्थित कांजी हाउस में लगातार हो रही मवेशियों की मौत के विरोध में सनातन क्षेत्रीय मंच (सक्षम) ने मंगलवार से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। इसके साथ ही सक्षम अध्यक्ष अविनाश सिंह गौतम व महामंत्री कुणाल चालीसगांवकर भूख हड़ताल पर बैठ गए हैं। बताया जाता है कि बीते दिनों कांजी हाउस में 16 गायों की मौत हो गई थी, जिनका न तो पोस्टमॉर्टम करवाया गया और न ही इसे लेकर जरूरी कार्रवाई की गई। मृत मवेशियों को कांजी हाउस में ही दफना दिया गया। इस मामले में एक हफ्ते पहले सक्षम पदाधिकारियों ने कांजी हाउस संचालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की थी, लेकिन पुलिस ने एक हफ्ते में जांच पूरी कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने का आश्वासन दिया था, लेकिन इस पर न तो जांच की गई और न ही एफआईआर ही दर्ज की गई। ऐसे में कार्रवाई की मांग को लेकर सक्षम ने मंगलवार से कांजी हाउस के सामने धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। पदाधिकारियों का कहना है



कि जब तक मवेशियों की मौत के जिम्मेदारों पर कार्रवाई नहीं हो जाती, धरना प्रदर्शन जारी रहेगा।

**कांजी हाउस में सक्षम का अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू**

बताया जाता है कि कांजी हाउस संचालक आदर्श तिवारी ने इस बात का खुलासा किया है कि नगर निगम के राजस्व विभाग के कर्मचारी एवं अधिकारी एवं स्वच्छता पर्यावेक्षक को गायों की मौत की जानकारी दी गई थी। इसके बाद उन्होंने ही यहां जेसीबी भिजवाई और मृत मवेशियों को कांजी हाउस में ही गड् ?ढा खोदकर दफना दिया। तिवारी ने बताया कि इसके अलावा पशु चिकित्सा विभाग के कांजी हाउस आने वाले डॉक्टरों को भी इस बात की जानकारी है, लेकिन किसी भी मवेशी का पोस्टमॉर्टम नहीं करवाया गया है। सक्षम अध्यक्ष अविनाश सिंह गौतम व महामंत्री कुणाल चालीसगांवकर ने कहा है कि जब तक दोषियों पर एफआईआर दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार नहीं किया जाता, अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि नगर निगम के अफसर-कर्मियों सहित निगम प्रशासन और पशु चिकित्सा विभाग भी गौवंशों की मौतों में संलिप्त हैं। ऐसे में सभी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के साथ ही उन्हें गिरफ्तार करने और उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग सक्षम ने की है, अगर इस पर तत्काल प्रशासन की तरफ से कार्यवाही नहीं की गयी तो संगठन आगे की कार्यवाही के लिए पुलिस अधीक्षक महोदय को शिकायत पत्र जांच बैठाने हेतु अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित करेंगी एवं उसके उपरान्त भी कार्यवाही नहीं की जाती है तो न्यायालय से न्याय की गुहार लगायी जायेगी।

# महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण ऐतिहासिक कदम : ममता



**जगदलपुर,** 19 सितंबर (देशबन्धु)। 33 प्रतिशत महिला आरक्षण विधेयक पारित होने के बाद महिलाओं में हर्ष व्याप्त है। महिला मोर्चा ने इस विधेयक का स्वागत किया है। छत्तीसगढ़ भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य ममता सिंह राणा ने कहा कि संसद एवं विधानसभाओं में 33 फीसदी आरक्षण का विधेयक ऐतिहासिक है और इससे देश में महिलाएं राजनीतिक तौर पर मजबूत होगी। महिला आरक्षण विधेयक लोकसभा में पेश होने के बाद महिला मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य ममता सिंह राणा ने कहा भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए ऐतिहासिक कदम उठाया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा एवं विधानसभा में 33 फीसदी आरक्षण मिलने पर महिलाएं मजबूत होगी। महिलाएं आसानी से लोकसभा एवं विधानसभा में पहुंच पाएगी।महिलाओं के अधिक संख्या में सदन में होने से उनके मामले प्रमुखता से उठेंगे और इससे पुरे समाज को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा नारी शक्ति के सम्मान को लेकर केंद्र सरकार जहां कई तरह की >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# मोटरसाइकिल में गांजा परिवहन करते आरोपी गिरफ्तार



**जगदलपुर,** 19 सितंबर (देशबन्धु)। मुखबीर सूचना पर थाना नगरनार क्षेत्रअंतर्गत ग्राम माचकोट तिराहा के पासथाना प्रभारी नगरनार निरीक्षक शिवानंद सिंह के नेतृत्व मे गठित किया गया की पतासाजी के दौरान आरोपी कांडा प्रधानी पिता स्व. गुरु प्रधानी उम्र 40 साल निवासी ग्राम नुवागांव पोस्ट हल्दीकुंड, तहसील व्यापारीगुण्डा थाना रामगिरी जिला कोरापुट ओडिसा को होंडा मोटरसाइकिल क्रमांक ओडी 10 1494 मे 10.394 किलोग्राम अवैध मादक प्रदार्थ गांजा ओडिसा से छत्तीसगढ़ परिवहन करते हुए पकड़ा गया। आरोपी को अपराध धारा 20 ख एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर विवेचना में लिया गया है।

**आरोपी के कब्जे से 10.394 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमती लगभग 1 लाख रुपया एवं नगदी रकम 300 रुपए जप्त**

# पुलिस पेट्रोल पंप के पास तोड़ी पाइपलाइन, गणेश चतुर्थी के दिन दूसरे पहर ठप्प रही पानी सप्लाई

- मोदी सरकार की घर-घर 24 घंटे पेयजल देने 100 करोड़ से अधिक लागत की है अमृत मिशन योजना
- दो-दो कांग्रेसी महापौर के रहते पांच साल से अधूरी है अमृत मिशन योजना : आलोक अवस्थी

**जगदलपुर,** 19 सितंबर (देशबन्धु)। शहरी क्षेत्र के घर-घर में 24 घंटे पेयजल उपलब्ध कराने केन्द्र की मोदी सरकार की एक अरब से भी अधिक के लागत की अमृत मिशन योजना घोर लापरवाही व गैर जिम्मेदाराना कार्य प्रणाली की भेंट चढ़ गयी है। बिना तालमेल के काम करने से रोज ही पानी सप्लाई की बड़ी पाईप लाईनें टूट रही हैं और शहर की जल आपूर्ति व्यवस्था ठप्प हो रही है जिसकी सुध लेने वाला पीएचई विभाग से या नगर निगम से कोई भी जवाबदार नहीं है। बीती रात अमृत मिशन योजना के लिये सड़क खोदते हुये लाल बाग रोड में पुलिस पेट्रोल पंप के पास राईजिंग पाईप लाईन टूट गयी, जिससे शहर के आधे से अधिक हिस्से में मंगलवार को गणेश चतुर्थी पर्व के दिन दूसरे पहर में पानी सप्लाई ठप्प हो गयी।

पार्षद आलोक अवस्थी ने पानी सप्लाई बंद होने की लोगों के द्वारा लगातार आ रही शिकायतों पर संज्ञान लेते हुये नगर निगम के पीएचई अमले से बात की और पुलिस पेट्रोल पंप के समीप फूटी पाईप



लाईन के चल रहे सुधार कार्य का मुआयना किया और शीघ्र टूटी पाईप लाईन दुरूस्त कर जल आपूर्ति व्यवस्था बहाल करने पीएचई अमले को निर्देश दिये। भाजपा पार्षद आलोक अवस्थी ने कहा कि शहर में घर-घर में पेयजल व्यवस्था को बेहतर व सुगम बनाने की केन्द्र सरकार की जनहितार्थ महती योजना लापरवाही व राजनीति की शिकार हो गयी है, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। पांच साल में भी अमृत मिशन योजना का कार्य पूरा नहीं हुआ है बल्कि दोषपूर्ण कार्य के चलते आमजन की परेशानियां बढ़ा रहा है। जनता के हित व मूलभूत सुविधाओं से जुड़े कार्यों को राजनीति से परे रखना चाहिये। नगर निगम में दो-दो कांग्रेसी महापौर के कार्यकाल में अमृत मिशन योजना पूरी नहीं की जा सकी है। जो गंभीर विषय है। महत्वपूर्ण अमृत मिशन योजना में भारी भर्राशाही व अनियमितता बरती जा रही है। इस संबंध में व्यापक सुधार व कार्यवाही के लिये जिले के आला अधिकारियों से जल्द बातचीत की जायेगी।

# गणेश जी की भक्ति व ट्रेकिंग का रोमांच

- ऐतिहासिक ढोलकल की गणेश प्रतिमा को मिल रही ख्याति
- प्रशासनन की पहल, दूर-दूर से पहुंच रहे पर्यटक
- 1 हजार साल पुरानी है 3 हजार फीट की ऊंचाई पर विराजी प्रतिमा



**दंतेवाड़ा,** 19 सितंबर (देशबन्धु)। दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा अपनी समृद्ध ऐतिहासिक विरासत और सांस्कृतिक मूल्यों के लिए प्रसिद्ध है। गणेश चतुर्थी पर ढोलकल की ऐतिहासिक गणेश प्रतिमा का जिक्र न हो ऐसा हो ही नहीं सकता। आस्था, श्रद्धा, भक्ति और रोमांचक यात्रा के लिए ढोलकल की प्रसिद्धि प्रदेश ही नहीं बल्कि देश भर में फैल रही है। साल भर यहां युवा ट्रेकिंग के लिए यहां पहुंचते हैं और भगवान गणपति के दर्शन कर अपने आपको धन्य मानते हैं।

प्रदेश शासन और जिला प्रशासन की मदद से इस ऐतिहासिक स्थल को संजाने, संवारने की लगातार कोशिश हो रही है। एक उत्सव का रूप देकर पर्यटकों कों आकर्षित किया जा रहा है। गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर्यटक ढोलकल पर विराजे भगवान गणपति के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं।

मां दंतेश्वरी की धरा दंतेवाड़ा से 18 किलोमीटर दूर फरसपाल गांव के पास बैलाडीला पहाड़ी में लगभग 3 हजार फीट की ऊंचाई पर स्थित है, ढोलकल की गणेश प्रतिमा। ऐसी मान्यता है कि यह ऐतिहासिक प्रतिमा लगभग 1 हजार वर्ष पुरानी है। इसे नागवंशी शासकों के शासन काल में 9 वीं से 11 वीं शताब्दी के बीच बनाया गया था। मूर्ति में गणेश जी अपने ऊपरी दाएं हाथ में फरसा और ऊपरी बाएं हाथ में अपना टूटा हुआ दांत पकड़े हुए हैं। निचले दाएं हाथ में माला और बाएं हाथ में मोदक पकड़े हुए हैं।

पौराणिक कथाओं के अनुसार जब परशुराम शिव भगवान से मिलना चाहते थे, लेकिन गणेश जी ने अपने पिता का आज्ञा का पालन करते हुए उन्हें इंतजार करने को कहा लेकिन परशुराम इस बात से क्रोधित हो गए और इस तरह गणेश जी और परशुराम के मध्य युद्ध हो गया। इसी दौरान युद्ध करते हुए धरती लोक में पहुंच गए यहां पर परशुराम जी के वार से गणेश जी का एक दांत टूट गया। ऐसा माना जाता है, कि जिस जगह पर धरती लोक में युद्ध हुआ वो स्थल बैलाडीला पर्वत श्रेणी है।

### गणेशोत्सव पर सुरभि कालोनी में पहुंच रहे श्रद्धालु

दंतेवाड़ा की सुरभि कालोनी में गणेश चतुर्थी से गणेशोत्सव की शुरूआत हो चुकी है। करीब 1 दशक से भी ज्यादा समय से यहां यह पर्व मनाया जा रहा है। संपूर्ण विधि विधान के साथ भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की गई है। सुबह और शाम पूजा-अर्चना के लिए भक्त जुटने लगे हैं।



# पति की लंबी आयु के लिए सुहागिनें रखी निर्जला व्रत, भगवान शिव की हुई पूजा



**भानुप्रतापपुर,** 19 सितंबर (देशबन्धु)। हरतालिका तीज पर्व को लेकर भानुप्रतापपुर नगर समेत क्षेत्र में महिलाओं में जबरदस्त उत्साह रहा। हरतालिका तीज पर महिलाएं अपने पति की लंबी आयु व परिवार की सुख-समृद्धि के लिए निर्जला व्रत रखी। पौराणिक मान्यता के अनुसार माता पार्वती ने भगवान शिव को पति के रूप में प्राप्त करने के लिए कजरी तीज का निर्जला व्रत रखा था। उनके कठोर तप से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने माता पार्वती को पत्नी के रूप में स्वीकार किया था। तभी से सुहागिन महिलाएं पति की लंबी उम्र के लिए यह व्रत रखती हैं। हरतालिका तीज पूर्व पर बाजारों में महिलाओं की काफी भीड़ जुटी। सौंदर्य प्रसाधन की दुकानों पर उन्होंने जमकर खरीदारी की। कपड़ा दुकानों पर महिलाओं की काफी भीड़ जुटी रही। महिलाओं ने चूड़ी व बिंदी सहित सौंदर्य प्रसाधन की अन्य वस्तुएं भी खरीदीं।

महिलाओं की सबसे महत्वपूर्ण त्योहार तीजा सोमवार को मनाया गया। महिलाएं निर्जला व्रत रखकर अपने पति के लिए दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए भगवान भोलेनाथ की पूजा की। हरतालिका तीज व्रत के दिन मां पार्वती और शिव जी की पूजा जाती है। हरतालिका तीज व्रत बेहद कठिन होता है, क्योंकि यह व्रत पूरे 24 घंटे का निर्जला व्रत होता है। पूरे दिन व्रत रखने के बाद अगले दिन चतुर्थी तिथि पर इसका पारण किया जाता है। जिस तरह हरतालिका तीज का व्रत विधि-विधान से रखा जाता है। महिलाएं एवं नवविवाहिता अपने मायके (पिता के घर) जाकर इस त्यौहार को मनाती हैं। तीजा के पहले दिन भोजन करते हैं। सुबह तीजा के दिन महिलाएं सोलह श्रृंगार करके भगवान शिव पार्वती की विधिवत आराधना व पूजा निर्जला व्रत रखते हुए करती हैं। शाम को शिव पार्वती के पार्थिव प्रतिमा बनाकर फूलों से सजाया जाता है और पुन: पूजा एवं आराधना किया जाता है। दूसरे दिन चतुर्थी को सुबह मायके में पिता या भाई द्वारा लिए नई साड़ियों को पहनकर फिर से भगवान शिव व पार्वती की पूजा कर कामना करते हैं कि उनका दाम्पत्य जीवन सुखमय हो। इसके बाद फलाहार करते हैं।

# तेल मिल प्रोसेसिंग यूनिट में प्रोसेंसिंग कार्य से समूह की महिलाएं हो रही हैं सशक्त

**नारायणपुर,** 19 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना महात्मा गांधी रूरल इंडस्टियल पार्क (रीपा) योजनांतर्गत नारायणपुर जिले के ग्राम पंचायत कोलियारी (नेतानार) में बजरंगी स्व-सहायता के समूह अध्यक्ष श्रीमति फुलबती एवं सचिव श्रीमति प्रियंका तथा 10 सदस्य को रीपा से जोड़कर तेल मिल प्रोसेसिंग यूनिट में प्रोसेंसिंग एवं पैकेजिंग संबंधीत प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण प्राप्त कर वे अच्छे प्रोसेसिंग एवं पैकेजिंग का कार्य कर रहे हैं। बजरंगी स्व-सहायता के समूह के द्वारा आसपास के किसानों से तिलहन फसल खरीद कर उसे प्रोसेसिंग एवं पैकेजिंग कर बड़े बाजार में बिक्री किया जाता है, जिसकी मांग बाजार में अन्य जिले व राज्यों में रहती है। समूह द्वारा अब तक 600 लीटर तक पैकिंग किया गया है, जिसकी किमत प्रति लीटर 250 रूपये है। समूह के द्वारा अब तक 1 लाख 50 हजार रूपये तक बिक्री किया जा चुका है। पहले समूह के सदस्य माह में एक से 15 सौ रूपये ही कमा पाते थे, लेकिन आज प्रत्येक सदस्य की मासिक आय 6 हजार रूपये तक हो गई है। इस समूह को वर्तमान में लगभग 10 लाख रूपये तक तेल का आर्डर मिल चुका है। बजरंगी समूह का कहना है कि तेल प्रोसेसिंग यूनिट कार्य के साथ-साथ हम अपने घर के कृषि कार्य व मनरेगा का भी काम करते हैं। उन्होंने कहा कि इस कार्य को करते हुये हमें बहुत खुशी हो रही है, क्योंकि अच्छी आमदनी प्राप्त होने से परिवार के भरण पोशण में सहयोग मिल रहा है।

# रीपा से मिली जीने की नई राह

**बम्लेश्वरी स्व-सहायता समूह के सदस्यों ने अंडा उत्पादन के माध्यम से बढ़ाई अपनी आय**



**कोण्डागांव,** 19 सितम्बर (देशबन्धु)। कोंडागांव जिले के छोटे राजपुर में महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क की स्थापना से यहां की बम्लेश्वरी स्व सहायता समूह के सदस्यों को जीने की नई राह मिली। इस समूह की अधिकांश महिलाएं अपने घरेलू कार्य के साथ मजदूरी करती थीं। खेती-किसानी के दौरान काम तो मिल जाता था, लेकिन बाकी समय इन्हें काम खोजने में मुश्किलें आती थी। गांव में ग्रामीण औद्योगिक पार्क के बाद इन्होंने यहां अंडा उत्पादन का कार्य प्रारंभ किया। रीपा में इन्हें बिजली, पानी, लेयर फार्मिंग के लिए स्थान आदि सुविधाएं मिलने से कार्य प्रारंभ करने में आसानी हुई। इसी वर्ष मार्च में कार्य प्रारंभ करने के बाद यह स्व सहायता समूह अब तक 2 लाख 33 हजार 718 अंडों का उत्पादन कर चुका है, जिसमें 2 लाख 26 हजार 584 अंडों की बिक्री हो चुकी है। स्व सहायता समूह अब तक 12 लाख 91 हजार रुपए के अंडे बेच चुकी है। स्व सहायता समूह महिला एवं बाल विकास विभाग के साथ ही स्थानीय व्यापारियों को भी अंडों की आपूर्ति कर रही है। आय बढ़ने से इनके जीवन स्तर में सुधार के साथ ही सम्मान में भी वृद्धि हुई है।

स्व सहायता समूह के सदस्यों ने ग्रामीण औद्योगिक पार्क के माध्यम से रोजगार का अच्छा माध्यम उपलब्ध कराते हुए आत्मनिर्भरता की राह पर ले जाने, जीवन स्तर में वृद्धि और समाज में मिल रहे सम्मान के लिए मुख्य मंत्री भूपेश बघेल के प्रति आभार जताया है।

# लकड़ी के खिलौने बनाना सीखेंगे युवा

- स्वरोजगार सृजन के लिए प्रशासन की पहल
- जिले भर से 2 सौ युवाओं का होगा चयन

**दंतेवाड़ा,** 19 सितंबर (देशबन्धु)। जिला प्रशासन के माध्यम से जिले में बेरोजगार युवाओं को रोजगार तथा स्वरोजगार सृजन करने के दृष्टिकोण से लकड़ी के खिलौने बनाने का 3 माह का आवासीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाना है। इसके लिए सभी विकासखण्ड में कार्यरत सचिव, सरपंच एवं अन्य माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार कर काउंसलिंग उपरांत कुल 200 इच्छुक हितग्राहियों का चयन किया जाएगा। 18-45 वर्ष के इच्छुक हितग्राही को काउंसलिंग स्थल में आधार, शैक्षणिक योग्यता (न्यूनतम 5वीं उत्तीर्ण), बैंक खाता पासबुक आदि की छायाप्रति एवं पासपोर्ट फोटो सहित उपस्थित होना होगा। काउंसलिंग जनपद पंचायत गीदम, नगर पंचायत बारसूर, जनपद पंचायत कुआकोण्डा, ग्राम पंचायत पालनार, जनपद पंचायत दंतेवाड़ा, ग्राम पंचायत भांसी तथा जनपद पंचायत कटेकल्याण में की जाएगी। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए कौशल विकास सहायक संचालक हरीश सिन्हा मोबाइल नंबर 9406334109, 9589573465 से संपर्क किया जा सकता है।

# रक्तदान के लिए 108 एंबुलेंस के ड्राइवर ने बढ़ाया कदम

**खरोरा,** 19 सितंबर। भाई खेम सिंग वर्मा ग्राम बुडेनी (खरोरा) निवासी जो कि खरोरा स्वास्थ्य केंद्र मे 108 एम्बुलेंस मैं ड्राइवर है। जो पंडरी जिला अस्पताल में दिन ड्यूटी के दौरान डॉ भीमराव अंबेडकर हॉस्पिटल रायपुर मे एक्सीडेंट के मरीज चंद्र प्रकाश सिन्हा को आपातकालीन बी पॉजिटिव ब्लड की आवश्यकता पड़ने पर दिनांक 16 सितंबर 2023 को मेकाहारा मैं ब्लड डोनेट किया। साथ ही संजीवनी रक्तदाता संघ द्वारा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सदस्यता जोड़ो महा अभियान के तहत सदस्यता भी ग्रहण किया एवं मानवता का परिचय दिया जिसका खरोरा क्षेत्र के आसपास गांव में खूब चर्चा हो रही है। भाई खेम सिंग वर्मा छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित 108 में ड्राइवर के पोस्ट पर कार्यरत है एवं खरोरा स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ है। उन्हें किसी अपरिचित व्यक्ति द्वारा ब्लड की आवश्यकता की सूचना मिली और उन्होंने स्थिति की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए स्वयं आगे आकर मानवता का परिचय दिया और ब्लड बैंक के माध्यम से रक्तदान किया।

### हलवाई संघ ने मनाया धूमधाम से विश्वकर्मा जयंती

**भाटापारा,** 19 सितंबर। भाटापारा नगर में पहली बार हलवाई संघ ने विश्वकर्मा पूजा के बहाने सगंठन बनाते हुए हर्षोल्लास के साथ विश्वकर्मा जयंती मनाई साथ ही स्टेट बैंक के सामने विधि विधान पूर्वक भगवान विश्वकर्मा की आकर्षण मुर्ती का स्थापना की गई उधर हवन पूजन बाद भगवान विश्वकर्मा देव को विसर्जन किया गया जिसमें पीताम्बर सिंह राजपूत छोटू साहू रमेश यादव रमेश्वर यादव मुच्छु शिवा ओके बिट्टू यादव गोलू दाई संतोष निषाद गोलू राजपूत रामदास मानिकपुरी राज राजपूत राधे महराज तुला यादव सचदेव साहू दादू शर्मा शंकर वैष्णव विनोद साहू गोपी रजक कमलेश मानिकपुरी गोविंद देवांगन शामिल हुए।

# शहरी मतदाताओं को जागरूक करने घर-घर सर्वे

- स्वीप के तहत पालिका का महाभियान
- शहरों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने की कोशिश
- नए मतदाताओं का नाम जोड़ने की पहल



**दंतेवाड़ा,** 19 सितंबर (देशबन्धु)। जिला निर्वाचन अधिकारी व कलेक्टर विनीत नंदनवार तथा स्वीप नोडल अधिकारी व सीईओ जिला पंचायत कुमार बिश्वरंजन के मार्गदर्शन में जिले में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है।

इसी कड़ी में आज नगर पालिका दंतेवाड़ा में 22 टीमों के द्वारा नगरीय निकाय क्षेत्र में मतदान को प्रतिशत बढ़ाने के लिए डोर टू डोर सर्वे प्रारंभ हुआ। जहां मतदान 65 प्रतिशत से कम था, वहां अभियान चलाया जा रहा है। सभी मतदान केंद्रों के मतदाताओं का घर-घर जाकर सर्वे करने तथा सर्वे के दौरान हस्ताक्षर अभियान के तहत रजिस्टर में प्रत्येक मतदाताओं की जानकारी संकलित करने, ए-3 पेपर में नाम के साथ हस्ताक्षर करने तथा मतदाताओं के घर के सामने ग्रुप फोटो (चुनई चिरई तथा वोट पंडुम स्टीक के साथ) फोटो लिया जाना है। इसके साथ ही सर्वे टीम द्वारा निकाय में सामान्य तौर पर निवास करने वाले 18 वर्ष या इससे अधिक आयु वर्ग के सभी नागरिकों को मतदाता सूची में स्वयं का नाम जुड़वाए जाने हेतु जागरूक करने का अभियान भी चलाया जा रहा है। अभियान के तहत मतदाताओं को मतदाता सूची को पूर्णत: शुद्ध, त्रुटिरहित और समावेशी बनाए जाने हेतु सभी को जागरूक कर मतदान दिवस को भयमुक्त, प्रलोभन मुक्त एवं बिना किसी दबाव के अपने मताधिकार का उपयोग करने हेतु प्रेरित किया जाएगा। इसके साथ ही जिले में स्वीप के कार्यक्रम के तहत लगातार एक्टिविटी हर स्कूल शाला, आश्रम शाला, नगरपालिका, नगर पंचायत, जनपद पंचायत तथा तहसील स्तर पर भी मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रंगोली, क्विज, भाषण, क्षेत्रीय भाषा में नारा एवं कविता लेखन, चित्रकला प्रतियोगिता और अन्य कार्यक्रम किये जा रहे हैं, जिससे मतदान का प्रतिशत अधिक बढ़ सके। इस दौरान रिटर्निंग ऑफिसर व एसडीएम शिवनाथ बघेल, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर व तहसीलदार हुलेश्वर नाथ खुटे, नगर पालिका सीएमओ पवन मेरिया सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# स्वच्छ पंचायत थीम पर स्कूली बच्चों व शिक्षकों ने निकाली जागरूकता रैली




**कोण्डागांव,** 19 सितम्बर (देशबन्धु)। कोण्डागांव कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशन में कोण्डागांव मे चल रहे आकांक्षी जिला कार्यक्रम के अंतर्गत जिला प्रशासन एवं नीति आयोग की सहयोगी संस्था पिरामल फाउंडेशन के सहयोग से सीईओ प्रेम प्रकाश शर्मा के मार्गदर्शन में स्वस्थ पंचायत के थीम पर काम कर रही है। इसको लेकर जिला के 12 ग्राम पंचायतों का चयन करके उन पर कार्य किया जा रहा है। जिसके तहत माकड़ी विकास खंड के 10 पंचायत और कोण्डागांव विकास खंड के 02 पंचायतों का चयन किया गया है। जहां लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जा रहा है। स्वस्थ्य पंचायत में ग्रामीणों के साथ मिलकर कार्य कर रहे है, जिसके तहत ग्राम पंचायत भीरगांव ब में स्वच्छ पंचायत थीम पर स्कूल के बच्चों एवं शिक्षकों के साथ मिलकर एक जागरूकता रैली निकली गई। जिसका उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना एवं माता और बच्चों के स्वास्थ्य एवं खानपान की जानकारी देना एवं समय-समय पर अस्पताल जाकर उनकी जांच करवाना और लोगों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रदान करना है। इस रेली में शिक्षक हृदयराम मंडावी, टीनू ठाकुर, ललित पांडेय, निर्मला देवांगन सहित पीरामल फाउंडेशन के प्रोग्राम लीडर प्रदीप राव एवं प्रोग्राम मैनेजर चार्ल्स जिम्मी एवं गांधी फेलो सूरज झरिया और संजू के द्वारा रैली निकली गई। इस रैली में माध्यमिक विद्यालय से हृदय राम मांडवी, टीनू ठाकुर, ललित पांडे, निर्मला देवांगन एवं अन्य ग्रामीण जन मौजूद रहे।

# भूपेश सरकार के खिलाफ 23 को सीपीआई की रैली

- आर्सेलर मित्तल सहित बड़ी कंपनियों के खिलाफ हल्लाबोल
- स्थानीय स्तर पर रोजगार की मांग, निजी कंपनियों को जमीन बेचे जाने का विरोध



**दंतेवाड़ा,** 19 सितंबर (देशबन्धु)। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी विधानसभा चुनाव को लेकर अब सक्रिय हो गई है। लगातार बैठकों का दौर जारी है। रैली और प्रदर्शन के जरिये जिले में अपनी मौजूदगी दिखाने की कोशिश भी हो रही है। सीपीआई शनिवार 23 सितंबर को जिला मुख्यालय में एक बड़ी रैली निकाल रही है, जिसमें स्थानीय और प्रादेशिक मुद्दों पर हल्ला बोल होगा। इसका निर्णय जिला परिषद की बैठक में लिया गया।

सीपीआई की यह अहम बैठक किरन्दुल में हुई। बैठक में चार विभिन्न बिन्दुओं पर लंबी चर्चा हुई। एसकेएमएस दफ्तर में हुई बैठक में सीपीआई के सभी बड़े पदाधिकारी शामिल हुए। इसकी अध्यक्षता एमआर बारसा ने की। पदाधिकारियों ने इस बात पर सहमति जतायी कि दंतेवाड़ा में कलेक्टोरेट के पास सीपीआई को कार्यालय के लिए जमीन आबंटित की जा चुकी है। विधानसभा चुनाव से पूर्व भूमि पूजन कर निर्माण प्रारंभ किया जाएगा। बैठक में 23 सितंबर की रैली पर भी व्यापक विचार-विमर्श हुआ। रैली स्टेट बैंक चौक से प्रारंभ होकर कलेक्टोरेट तक जाएगी। इस रैली के जरिये प्रदेश सरकार को पिछली बार किये गए चुनावी वादों की याद दिलायी जाएगी।

स्थानीय बेरोजगारों के लिए रोजगार के मुद्दे पर भी सरकार को जगाया जाएगा। साजिश के तहत यहां बड़ी-बड़ी कंपनियों को जमीन बेचने का गोरखधंधा चल रहा है, इसका भी विरोध किया जाएगा। अर्सेलर मित्तल जैसी बड़ी कम्पनियों द्वारा जिले में प्रदुषण फैलाते हुए ग्राम सभा की अनुमति के बगैर वेस्ट डंप किया जा रहा है, इसका सीपीआई शुरू से विरोध करती आयी है। रैली में यह भी एक महत्वपूर्ण मुद्दा होगा। इस रैली में पूरे जिले भर के सीपीआई कार्यकर्ता और प्रभावित ग्रामीण शामिल होंगे। इन महत्वपूर्ण मुद्दों पर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

बैठक में जानकारी दी गई कि अखिल भारतीय आदिवासी महासभा राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व विधायक कामरेड़ मनीष कुंजाम के नेतृत्व में राज्य सरकार एवं टाटा एस्सार कम्पनी के भूमि अधिग्रहण के खिलाफ बड़ा आंदोलन संघर्ष कर खुन देंगे जान देंगे, जमीन नहीं देंगे का नारा लेकर धुरली, भांसी, गमावाड़ा, बड़े कमेली के जमीन को बचाया गया। इसकी याद में ग्राम पंचायत धुरली पटेल पारा मुख्य मार्ग के बगल में स्मारक बनाया गया है। विधान सभा चुनाव के पहले बड़ी सभा के साथ इस स्मारक का लोकार्पण मनीष कुंजाम के हाथों होगा। बैठक में यह भी तय हुआ कि विधानसभा चुनाव के लिए प्रत्याशी चयन पर अब राज्य पार्टी में अंतिम निर्णय होगा। सचिव मंडल स्तर की बैठक में तीन नाम सामने आए थे, उन तीन नामों को जिला परिषद ने आगे राज्य स्तर पर भेजने का निर्णय लिया है। उम्मीदवार की घोषणा वहीं से होगी। इस बैठक में प्रमुख राजेश संधू सचिव एसकेएमएस किरन्दुल, जिला प्रभारी के. साजी अध्यक्ष एसकेएमएस किरन्दुल, वरिष्ठ पदाधिकारी एमआर बारसा बचेली, जागेश्वर प्रसाद अध्यक्ष एसकेएमएस बचेली, जिला सचिव भीमसेन मण्डावी, जिला सहायक सचिव बहिलोचन श्रीवास्तव, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती बिमला कुंजाम, अखिल भारतीय आदिवासी महासभा जिला सचिव सुदरू कुंजाम, मधुकर सपत राव, कार्यकारणी अध्यक्ष एसकेएमएस किरन्दुल, मजदुर नेता सुदरू तेलाम किरन्दुल, अनिल राजीमोल पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष किरन्दुल,मजदुर नेता कामरेड़ उमेश सोरी, अखिल भारतीय नौजवान सभा जिला अध्यक्ष जितेन्द्र सोरी, अखिल भारतीय नौजवान सभा जिला सचिव रामलाल नेगी, वारिष्ठ कामरेड हिड़मा गाली, जनपद सदस्य हिड़मा मरकाम कटेकल्यण,सरपंच पती दसरू राम मरकाम कुंदेली, पूर्व सरपंच बुधराम तेलाम, पूर्व सरपंच शुक्राम कुंजाम पाढ़ापुर, पुर्व सरपंच सुखराम मरकाम धनीकरका, लखू बारसा पुर्व सरपंच तोयलंका, रमेश कवासी पुर्व सरपंच बड़े गुड़रा, पाण्डू कुंजाम सरपंच पति पाढ़ापुर, जिला परिषद सदस्य बिरेन्द्र भास्कर, विनोद कोडोपी, राकेश कुंजाम, छोटा सुदरू कुंजाम, लच्छु तेलाम ब्रांच सचिव धुरली, राजेश तेलाम, शोमडू मण्डावी, शुक्काम मण्डावी, मनिराम मुड़ामी, गौतम मण्डावी, बादल बनर्जी, धन्नु सोरी, जोगा कुंजाम समलवार एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# प्रतिमा विसर्जन के साथ विश्वकर्मा पूजा संपन्न



**भानुप्रतापपुर,** 19 सितंबर (देशबन्धु)। क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ जहां रविवार को शिल्पकार बाबा विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना की गई, वहीं सोमवार को गाजे-बाजे के साथ बाबा विश्वकर्मा की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इसके साथ ही शिल्पकार बाबा विश्वकर्मा के पूजनोत्सव का समापन हो गया। विभिन्न जलाशयों में प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इस अवसर पर बाबा विश्वकर्मा के जयकारे की गूंज से आस्था व भक्ति का संचार होता रहा।

### भक्तों में परिवहन संघ कच्चे ने किया खीर पूड़ी वितरण



कच्चे के परिवहन संघ में सृष्टि के निर्माता व देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की स्थापना कर उनकी जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर पूजा अर्चना एवं यज्ञ-हवन का अनुष्ठान किया गया। सोमवार को गाजे बाजे के साथ विश्वकर्मा जी प्रतिमा को विसर्जन किया गया और भक्तों के लिए भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने पहुँचकर प्रसाद ग्रहण किया। कच्चे स्थित आरी डोंगरी लौह खदान में कार्यरत कर्मचारियों, उनके परिवारों के साथ साथ सम्पूर्ण क्षेत्रवासियों के सुख समृद्धि की कामना की।

# कैपिटल ज़ोन

## संपादकीय

# लड़कियां-महिलाएं चुप न रहें

*महिलाओं के साथ छेड़छाड़ और कई किस्म के अपराध देश भर में होते हैं- कहीं कम कहीं ज्यादा। वैसे कुछ राज्य इस प्रवृत्ति से मुक्त भी हैं लेकिन ऐसे राज्यों व इलाकों की संख्या कम ही है। छत्तीसगढ़ भी इससे ग्रस्त है। यहां भी महिलाओं के साथ कई तरह के अपराध होते हैं, जिनमें छेड़छाड़ से लेकर बलात्कार और हत्याएं सब कुछ शामिल है। अक्सर छेड़छाड़ होने पर या ऐसे विवादों पर पीड़ित पक्ष की ओर से चुप्पी साध ली जाती है। पुरुष प्रधान समाज मानता है कि इससे लड़की या महिला की बदनामी होगी। इसलिये मामलों को रफ़ा-दफ़ा कर दिया जाता है। यही चुप्पी असामाजिक व आपराधिक तत्वों की हौसला अफ़ज़ाई के लिये काफी होती है जिसके बाद वे दूसरे शिकार की तलाश में जुटते हैं।*

*एक तरह से मान लिया गया है कि महिलाओं के साथ छेड़छाड़ बहुत आम बात है और उसे बहुत गम्भीरता से नहीं लिया जाना चाहिये। सड़क चलती महिला या बच्ची हो, कामकाजी औरत, गृहिणी अथवा कोई स्कूल-कॉलेज में पढ़ने वाली छात्रा हो- किसी के भी साथ यह सकता है। दुर्भाग्यजनक तो यह है कि ऐसा कोई अपराध होने पर पीड़िता को ही कहा जाता है कि वह इसकी ओर ध्यान न दे। अगर बच्ची छात्रा है तो कहा जाता है कि वह दूसरे रास्ते से आया-जाया करे या फिर पढ़ाई पर ध्यान दे। कार्यस्थल पर ऐसा होने पर कह दिया जाता है कि शिकायत करने से उसका ही नुकसान होगा इसलिये बेहतर है कि सिर झुकाकर काम करे। अगर अपराधी मालिक या वरिष्ठ हो तो उसके लिये काम करना बहुत मुश्किल हो जाता है। उसे अपमानित होते हुए काम करना पड़ता है। दिक्कत यह भी है कि छेड़छाड़ से बलात्कार तक के अपराध करने वाले अक्सर नज़दीकी लोग होते हैं- रिश्तेदारों से लेकर मित्र या शिक्षक कोई भी।*

*छात्राएं, खासकर स्कूलों में पढ़ने वाली और वह भी निचली कक्षाओं की लड़कियां अक्सर शिक्षकों, स्टाफ या उन्हें लाने ले जाने वाले वाहनों के ड्राइवरों या सहायकों का शिकार बनती हैं। एक तो उन्हें यह पता नहीं चल पाता कि उनके साथ क्या हो रहा है। अगर वे जान भी जाएं तो शिकायत करने की उनकी हिम्मत नहीं पड़ती। ऐसी परिस्थितियों का कैसे मुकाबला किया जाये, इसका प्रशंसनीय उदाहरण गरियाबंद जिले में देखने को मिला है। पहले छुरा और गरियाबंद की स्कूली छात्राओं द्वारा अपने शिक्षकों के खिलाफ शिकायत करने के बाद अब देवभोग ब्लॉक के बाड़ी गांव की बच्चियों ने जिला मुख्यालय पहुंचकर कलेक्टर से शिकायत की है कि उनके प्राचार्य छेड़खानी करते हैं अतः उनके खिलाफ कार्रवाई हो। आशा है कि अन्य महिलाएं एवं छात्राएं इनसे सीख लेकर उनके साथ होने वाली ज्यादतियों एवं अपराधों के खिलाफ आवाज़ उठाएंगी तभी समाज से इस प्रवृत्ति का उन्मूलन होगा।*

## उल्टा पुल्टा

दामाद 14 दिनों से ससुराल में था,
सास - दामाद जी कब वापस जा रहे हो?
**दामाद**- क्यों?
सास - बहुत दिन हो गये।
**दामाद**- आपकी बेटी तो छः-छः महीने मेरे यहाँ रहती है..
सास - वो तो वहां ब्याही गई है।
**दामाद**- और मैं क्या यहां अपहरण करके लाया गया हूं।

# 23 साल में 373 महिलाओं ने लड़ा चुनाव, 42 बनी विधायक

## केवल आधा दर्जन महिलाए दूसरी बार ही रख पाई विधानसभा की दहलीज पर कदम

**रायपुर**, 19 सितंबर (देशबन्धु)। मध्यप्रदेश से अलग होकर राज्य बनने के करीब 23 वर्षों में 4 बार विधानसभा चुनाव हुए हैं। इनमें 371 महिलाओं ने भाग्य आजमाया और इनमें से 38 विधानसभा में पहुंचीं। उप चुनावों के आंकड़ों को भी इसमें शामिल कर लें तो सदन में पहुंचने वाली महिलाओं की संख्या बढ़कर 42 हो जाती है।

लोकसभा में महिला आरक्षण बिल पेश हो गया है। इसमें विधानसभा और लोकसभा में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीट आरक्षित करने का प्रावधान रखा गया है। यह बिल संसद की दोनों सदनों लोकसभा और राज्यसभा से पारित होने के बाद मंजूरी के लिए राष्ट्रपति को भेजा जाएगा। इसमें अभी वक्त लग सकता है।

1 नवंबर 2000 को जब छत्तीसगढ़ राज्य अस्तित्व में आया तब प्रदेश की 90 सदस्यीय विधानसभा में महिला विधायकों की संख्या 6 थी। इनमें 4 कांग्रेस और 2 भाजपा की थीं। करीब 23 वर्ष बाद राज्य की मौजूदा विधानसभा में महिला विधायकों की संख्या बढ़कर 16 हो गई है। इनमें 3 उप चुनावों के जरिये सदन में पहुंची हैं। इनमें भाजपा, बसपा और जकांछ की एक-एक और बाकी सत्तारुढ़ कांग्रेस पार्टी की है। राज्य में अब तक कांग्रेस और भाजपा सत्ता में रही है। चारों चुनाव के आंकड़ें देखें तो दोनों पार्टियों ने मिलकर 86 महिलाओं को टिकट दिया। इनमें से 36 ही जीत पाईं। वहीं, एक से अधिक बार चुनाव जीतने वाली महिला विधायकों की संख्या केवल 6 है।

**बसपा उम्मीदवार भी पहुंची सदन तक**

राज्य में हुए चुनाव और उप चुनावों के जरिये कुल 42 महिलाएं विधानसभा की दहलीज तक पहुंची हैं। इनमें ज्यादा संख्या कांग्रेस और भाजपा की है। वहीं, बसपा का प्रभाव भले ही राज्य के छोटे हिस्से में है, लेकिन बसपा की टिकट पर सदन में पहुंचने वाली महिलाओं की संख्या 2 है। कामदा जोल्हे 2003 में बसपा की टिकट पर सारंगढ़ सीट से चुनाव जीती थीं। वहीं 2018 में पामगढ़ सीट से विधायक बनी इंदू बंजारे भी बसपा की टिकट पर चुनी गईं। 42 में से सबसे ज्यादा 22 कांग्रेस की विधायक हैं। 17 भाजपा, 2 बसपा और एक जकांछ की हैं।

**एक से अधिक बार चुनाव जीतने वाली महिला विधायक**

प्रदेश में अब तक हुए चार चुनाव और उपचुनाव को मिलकर कुल 42 महिलाएं विधायक बनी हैं। इनमें 6 ऐसी हैं, जो एक से अधिक बार विधायक बनी हैं। इनमें रेणुका सिंह, रमशिला साहू, लता उसेंडी, डॉ. रेणु जोगी, अनिला भेंड़िया और देवती कर्मा शामिल हैं।

**डॉ. रेणु जोगी** प्रदेश में सर्वाधिक बार विधायक चुनी जानी वाली पहली महिला हैं। प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री अजीत जोगी की पत्नी डॉ. जोगी बिलासपुर जिला की कोटा सीट से लगातार चौथी बार की विधायक हैं। डॉ. जोगी पहली बार कोटा सीट से उपचुनाव जीतकर सदन में पहुंची थीं। इसके बाद से वे लगातार चुनाव जीत रही हैं। पहले



तीन बार वे कांग्रेस की टिकट पर विधायक बनी। 2018 में वे अपनी पार्टी जनता कांग्रेस छत्तीगसढ़ की टिकट पर विधायक चुनी गईं।

**रेणुका सिंह** केंद्र की मोदी सरकार में मंत्री रेणुका सिंह छत्तीसगढ़ में दो बार विधायक रह चुकी हैं। रेणुका सिंह 2003 और 2008 में प्रेमनगर सीट से विधायक चुनी गई थीं। 2008 में भी पार्टी ने उन्हें टिकट दिया था, लेकिन वे हार गईं। रेणुका सिंह पूर्ववर्ती रमन सरकार में मंत्री भी रह चुकी हैं।

**लता उसेंडी** भाजपा की मौजूदा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष तला उसेंडी भी दो बार छत्तीसगढ़ विधानसभा की सदस्य रह चुकी हैं। पहली बार उन्होंने 2003 में कोंडागांव सीट से जीत दर्ज की थी। इसके बाद 2008 में भी वे इसी सीट से जीतीं। रमन कैबिनेट में महिला एवं बाल विकास मंत्री रही, लेकिन 2013 और 2018 दोनों बार वे चुनाव हार गईं।

**रमशिला साहू**- दुर्ग ग्रामीण सीट से जीतकर 2013 में दूसरी बार विधानसभा पहुंची रमशिला साहू को रमन कैबिनेट में महिला एंव बालि विकास मंत्री बनाया गया था। इससे पहले वे गुंडरदेही सीट से 2003 में चुनाव जीती थीं। 2008 में पार्टी ने उन्हें गुंडरदेही सीट से ही टिकट दिया था, लेकिन वे हार गईं। 2018 के चुनाव में पार्टी ने उन्हें टिकट ही नहीं दिया।

**अनिला भेंड़िया**-मौजूदा भूपेश सरकार की महिला एवं बाल विकास मंत्री अनिला भेंड़िया दूसरी बार की विधायक हैं। दिवंगत आईपीएस रविंद्र भेंड़िया की पत्नी अनिला भेंड़िया डौंडीलोहारा सीट से 2013 में चुनाव जीतकर पहली बार विधानसभा पहुंची थीं। तब कांग्रेस विपक्ष में थी। 2018 में वे दूसरी बार भी डौंडी लोहरा सीट जीतने में सफल रहीं।

**देवती कर्मा**-बस्तर की दंतेवाड़ा सीट से 2019 में उप चुनाव जीकर देवती कर्मा दूसरी बार विधानसभा पहुंची है। इससे पहले वे 2013 में इसी सीट से विधायक चुनी गई थीं। बस्तर टाइगर के नाम से मशहुर महेंद्र कर्मा की पत्नी देवती कर्मा को कांग्रेस ने 2018 में भी दंतेवाड़ा सीट से मैदान में उतारा था, लेकिन वे भाजपा के भीमा मंडावी से हार गई थीं, लेकिन मंडावी के नक्सली हमले में मौत के बाद हुए उप चुनाव में देवती कर्मा जीत गईं।

**विधानसभा चुनाव में लगातार बढ़ रही महिलाओं की सक्रियता**

छत्तीसगढ़ में महिलाओं की राजनीतिक सक्रियता लगातार बढ़ रही है। राज्य गठन के बाद 2003 में हुए पहले विधानसभा चुनाव में 62 महिला उम्मीदवार चुनाव मैदान में थीं। इनमें से केवल 5 जीत पाईं, जबकि 47 की जमानत जब्त हो गई। 2008 के चुनाव में मैदान में 94 महिलाएं थीं। इस बार जीतने वाली महिलाओं की संख्या 11 हो गई। वहीं 73 की जमानत जब्त हो गई। 2013 में आकंड़ा कुछ गिरा, इसके बावजूद 83 महिलओं ने चुनाव लड़ा और 10 जीतीं, जबकि 59 जमानत बचा नहीं पाईं। 2018 में चुनाव लड़ने वाली महिलाओं की संख्या बढ़कर 132 हो गई। जीतने वाली महिलाओं की संख्या भी बढ़कर 13 पहुंच गई। इसी अनुपात में जमानत जब्त होने वालों की भी संख्या बढ़ी। 90 सदस्यीय छत्तीसगढ़ की मौजूदा विधानसभा में महिला विधायकों की संख्या 16 है। इनमें तीन उप चुनाव जीतकर विधानसभा पहुंची हैं। बाकी सभी महिला विधायक 2018 में हुए चुनाव के दौरान सदन में पहुंची थीं। 2018 में चुनाव जीतने वाली 13 महिला विधायकों को केवल दो को छोड़कर बाकी सभी पहली बार चुनाव जीती हैं।

# दिल की बात करे दिलवाला : रमन

**रायपुर**, 19 सितंबर (देशबन्धु)। उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव के रायगढ़ की सभा में प्रधानमंत्री की भरी सभा तारीफ करने के बाद पूर्व सीएम डॉ रमन सिंह का बयान सामने आया है. उन्होंने कहा कि दिल की बात कहे दिलवालाज्सही बात बोलने पर कांग्रेस पार्टी टीएस सिंहदेव का गला दबा रहे हैं, क्षमा मंगवा रहे हैं. जो ईमानदारी से कुछ कह देता है, उसको पार्टी का भय दिखाते या पुलिस भिजवाते हैं.



उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने भरी सभा में की थी पीएम मोदी की तारीफ

पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने कहा कि टीएस सिंहदेव सही कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी छत्तीसगढ़ को पूरा सहयोग कर रहे हैं. यही भूपेश बघेल है, जिन्होंने प्रदेश में गरीबों का 16 लाख प्रधानमंत्री आवास को रोक कर रखा हुआ है. केंद्र सरकार छत्तीसगढ़ राज्य को दे रही है, उसका उपयोग तो करो और केंद्र सरकार की शिकायत करती है कांग्रेस सरकार. सवाल इस बात का है टीएस सिंहदेव ने पंचायत मंत्री पद से इस्तीफा क्यों दिया, और जन घोषणा समिति में नही रहने की घोषणा क्यों की, क्योंकि टीएस सिंहदेव जानते हैं कि दूसरी बार कांग्रेस की सरकार बनने वाली नहीं है।

# डेंगू के मरीजों के इलाज में लापरवाही

## नोटिस बेअसर, अस्पतालों ने नहीं दिया जवाब

**रायपुर**, 19 सितंबर (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर में डेंगू के मरीजों के इलाज में लापरवाही बरतने वाले निजी अस्पताल संचालकों पर मुख्य चिकित्सा एंव स्वास्थ्य अधिकारी सीएमएचओ द्वारा जारी नोटिस भी बेअसर साबित हुई है। नोटिस का समयावधि बीत जाने के बाद भी किसी ने जवाब नहीं दिया है। दरअसल मामला यह है कि शासकीय और निजी स्वास्थ्य संस्थानों द्वारा आयुष्मान और डा खूबचंद बघेल योजना के तहत डेंगू के 327 मरीजों के इलाज का दावा किया गया था जबकि रायपुर जिले से स्वास्थ्य विभाग को केवल आठ मरीज ही रिपोर्ट हुए थे। योजना में भ्रष्टाचार की शिकायत मिलने पर सीएमएचओ ने तीन.तीन सदस्यीय पांच टीमें गठित कर जांच के निर्देश दिए थे। टीम ने 25 अस्पतालों का निरीक्षण कर जांच रिपोर्ट सौंप दिया। रिपोर्ट ➤➤ शेष पृष्ठ 4 पर ➤

# भूपेश अगर हिंदू हैं तो राहुल को राम लला के मंदिर लेकर जाएं : बिस्वा सरमा

**रायपुर**, 19 सितंबर (देशबन्धु)। असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा सरमा ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को खुली चुनौती देते हुए कहा कि वे जरा भी हिन्दू हैं तो राहुल गांधी को रामलला के मंदिर लेकर जाओ। यदि चुनावी हिन्दू मात्र नहीं हैं तो राहुल को अयोध्या लेकर जाएं। कांग्रेस दुनिया की सबसे बड़ी साम्प्रदायिक पार्टी है। भाजपा वसुधैव कुटुम्बकम, सबका साथ सबका विकास की धारणा पर काम करती है।





- युवाओं को भत्ता नहीं, रोजगार चाहिए
- तेलंगाना में महिलाओं को पैसा देंगे तो छत्तीसगढ़ में क्यों नहीं दिया
- छत्तीसगढ़ में होगा सत्ता परिवर्तन

आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर उन्होंने कहा कि मैंने जनता के बीच महसूस किया कि छत्तीसगढ़ की जनता ऐसी सरकार चाहती है कि कहीं बाबर का नाम नहीं रहे। हर जगह प्रभु श्री राम का नाम ही रहे। छत्तीसगढ़ में परिवर्तन की लहर चल रही है। भाजपा की सरकार बनेगी और छत्तीसगढ़ विकसित राज्य बनेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिला आरक्षण विधेयक लोकसभा के पटल पर रखा। यह कदम महिला उत्थान की दिशा में क्रांतिकारी बदलाव लाएगा।

भाजपा कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि भूपेश बघेल सरकार 10 लाख युवाओं को बेरोजगारी भत्ता देने की जगह 1 लाख रुपए भत्ता दे रही है। बेरोजगारी भत्ता क्यों? रोजगार क्यों? हमारे युवाओं को भत्ता नहीं रोजगार चाहिए। हमने 1 लाख नौकरी देने का वादा किया था, 90 हजार सरकारी नौकरी दे दी है। तेलंगाना के लिए कांग्रेस कह रही है कि चुनाव जीते तो महिलाओं के खाते में पैसा देंगे। छत्तीसगढ़ की माताओं बहनों ने क्या बिगाड़ा है। यहां क्यों नहीं दिया।

धान खरीदी मुद्दे पर उन्होंने कहा कि राजीव गांधी किसान न्याय योजना नाम कहाँ से आ गया। क्या राजीव गांधी फाउंडेशन से पैसा दे रहे हैं क्या कांग्रेस पैसा दे रही है? छत्तीसगढ़ का पैसा छत्तीसगढ़ के किसान को देते हैं और नाम राजीव गांधी का लेते हैं। मोदी जी 2100 रुपये देते हैं तो वह क्यों नहीं बताते। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में एक अच्छे कांग्रेसी टीएस सिंहदेव हैं। खुलकर बोलते हैं कि मोदी जी सब कुछ दे रहे हैं।

# 380 सीसीटीवी कैमरे की मदद से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के विभिन्न स्टेशनों में सुरक्षा की निगरानी

## रायपुर स्टेशन में लगे है 55 कैमरे



**रायपुर**, 19 सितंबर (देशबन्धु)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के तीनों रेल मंडलों के अंतर्गत सैकड़ों स्टेशनों में प्रतिदिन हजारों की संख्या में यात्री एक स्थान से दूसरे स्थानों के लिए यात्रा करते है। प्रतिदिन यात्री रेल के द्वारा सफ़र करने के लिए स्टेशनों में पहुचते हैं और उनके सामान एवं बच्चों सहित सभी यात्रियों की सुरक्षा की व्यवस्था को बनाए रखने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी रेल सुरक्षा बल एवं जीआरपी के जवानो के ऊपर रहती है, जिसके लिए वे चौबीसों घंटों निगरानी में तैनात रहते है। इस काम को सुचारू रूप से करने के लिए रेल सुरक्षा बल एवं जीआरपी के जवानो द्वारा स्टेशनों के चप्पे चप्पे पर अपने ➤➤ शेष पृष्ठ 4 पर ➤

# 2024 के चुनाव में महिला आरक्षण लागू होना चाहिए : दीपक बैज

**रायपुर**, 19 सितंबर (देशबन्धु)। मोदी सरकार के द्वारा पेश महिला आरक्षण बिल एक चुनावी जुमला है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस इस बिल की पक्षधर है यह हमारा अपना बिल है। महिला आरक्षण 2024 के चुनाव में लागू हो जाना चाहिये। यह देश की करोड़ों महिलाओं और लड़कियों की उम्मीदों के साथ बड़ा विश्वासघात है। बिल पास होने के बाद भी आरक्षण के लिये इंतजार करना पड़ेगा।

मोदी सरकार द्वारा पेश विधेयक में कहा गया है कि महिला आरक्षण अगली जनगणना के प्रकाशन और उसके बाद की परिसीमन प्रक्रिया के बाद प्रभावी होगा। इस प्रावधान के बाद सबसे बड़ा सवाल यह खड़ा होता है कि क्या 2024 के लोकसभा चुनाव के पहले जनगणना और परिसीमन हो पायेगा? मोदी सरकार ने 2011 के बाद 2021 में होने वाली जनगणना को अभी तक नहीं करवाया है। ऐसे



- चुनावी सनसनी के लिये आरक्षण बिल लाया गया

में 2024 के चुनाव के पहले जनगणना होने पर बड़ा सवाल खड़ा हो रहा है। यह विधेयक मोदी सरकार द्वारा सिर्फ चुनावी सनसनी के लिये लाया गया है। दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से आधी आबादी को उसका पूरा अधिकार देने की पक्षधर रही है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने महिला आरक्षण बिल लाने के लिये प्रधानमंत्री मोदी से बात किया था।

सबसे पहले राजीव गांधी ने 1989 के मई महीने में पंचायतों और नगर पालिकाओं में महिलाओं के एक तिहाई आरक्षण के लिए संविधान संशोधन विधेयक पेश किया। वह विधेयक लोकसभा में पारित हो गया था लेकिन सितंबर 1989 में राज्यसभा में पास नहीं हो सका। अप्रैल 1993 में तत्कालीन प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव ने पंचायतों और नगर पालिकाओं में महिलाओं के एक तिहाई आरक्षण के लिए संविधान संशोधन विधेयक को फिर से पेश किया।

मिच्छामी दुक्कड़म्
क्षमा
क्षमा
शब्दों से, भाव से,
वाणी व्यवहार से,
मान में, शान में,
जाने अनजाने में,
अगर आपका
दिल दुखाया हो तो,
हम सच्चे दिल से क्षमा याचना करते हुए
स्नेह मैत्री भाव की कामना करते हैं।
प्रकाश®
होलसेल बाजार
• नगद खरीदें • सस्ता खरीदें •
रायपुर
मदन-आशा, अक्षय-दर्शना लोढ़ा,
हैनी, हेजल लोढ़ा
प्रकाश ग्रुप रायपुर

# पीएससी की परीक्षाओं की धांधलियों की सीबीआई से हो जाँच : ओपी चौधरी

**रायपुर**, 19 सितंबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री ओ.पी. चौधरी ने छत्तीसगढ़ में पीएससी की परीक्षाओं में चल रही धांधलियों को उजागर किया है। इस परीक्षा में धांधली हुई है और इसकी सीबीआई से जाँच कराई जानी चाहिए। ये परीक्षा परिणाम युवाओं के साथ धोखाधड़ी है। चौधरी ने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में छत्तीसगढ़ के युवा भाई-बहनों को जिस तरह की परिस्थितियों का सामना करना पड़ रहा है, वह अत्यंत दुखद है।

भाजपा प्रदेश महामंत्री चौधरी ने मंगलवार को एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में पत्रकार वार्ता में कहा कि प्रदेश के लाखों युवा अपने सपनों और माता-पिता व परिजनों की उम्मीदों को आकार देने गाँव-गाँव से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए बड़े शहरों में आते हैं। इसके लिए परिवार की जमा-पूंजी, खेती-बाड़ी बिक जाती है। चौधरी ने कहा कि कांग्रेस और उसकी प्रदेश सरकार ने उनको भी कहीं का नहीं छोड़ा है। कुल मिलाकर प्रदेश की कांग्रेस सरकार माफियाओं की सरकार है, प्रदेश का कोई भी महकमा बाकी नहीं रहा है, जहाँ माफियाओं का कब्जा नहीं रह गया है। यही माफिया प्रदेश में सरकार चला रहे हैं। इन युवाओं के भविष्य से प्रदेश सरकार लगातार मजाक कर रही है। चौधरी ने कहा कि पीएससी, जो एक संवैधानिक संस्था है, में भी इस कांग्रेस सरकार की कई तरह की विसंगतियाँ व धांधलियाँ सामने आती रही हैं। भाजपा इस मुद्दे पर लगातार सरकार का ध्यान खींच रही है। हाल ही जो पीएससी की परीक्षा के जो परिणाम आए हैं, उसमें भी अनेक निराशाजनक तथ्य सामने आए हैं।



चौधरी ने इन तथ्यों पर विस्तार से चर्चा कर बताया कि इस परीक्षा में 8 अंक का एक प्रश्न यह था कि 1857 की क्रांति में वीर हनुमान सिंह के योगदान का वर्णन कीजिए। एक अभ्यर्थी ने उत्तर में हनुमान सिंह की जगह वीर नारायण सिंह लिखा। दोनों ही हुतात्माओं का योगदान हमारे लिए अमूल्य धरोहर है। चूँकि परीक्षा में वीर हनुमान सिंह के बारे में प्रश्न था, इसलिए उत्तर भी उनके बारे में दिया जाना था। उन्हें छत्तीसगढ़ का मंगल पांडे कहा जाता है। लेकिन उस अभ्यर्थी को गलत उत्तर दिए जाने के बाद भी इसमें साढ़े 5 अंक दिए गए जबकि जिस अभ्यर्थी ने वीर हनुमान सिंह के बारे में उत्तर लिखा, उसे सिर्फ 4 अंक दिए गए। इसी तरह गणित के कई प्रश्न गलत रहे, गलत उत्तर देने वाले अभ्यर्थियों को अधिक या पूरे अंक दिए गए जबकि सही उत्तर पर कम अंक दिए गए हैं। इसके अलावा एक जैसे सही उत्तरों के लिए किसी अभ्यर्थी को पूरे अंक दिए गए तो किसी को कम अंक।

## पीएससी गड़बड़ी मामले में हाईकोर्ट ने लिया संज्ञान

छत्तीसगढ़ पीएससी में बेटे-बेटियों और रिश्तेदारों को डिप्टी कलेक्टर, डीएसपी बनाने को लेकर लगी याचिका पर बिलासपुर हाई कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। पूर्व मंत्री और बीजेपी विधायक ननकीराम कंवर ने यह याचिका लगाई है। आज हाई कोर्ट खुलते ही चीफ जस्टिस रमेश सिनहा ने इसे पहला केस लिया। हाई कोर्ट के सूत्रों के अनुसार कोर्ट ने याचिका की सुनवाई करते हुए पीएससी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। हालांकि, कोर्ट ने किसी तरह का फिलहाल स्टे देने की बजाए यथास्थिति रखने कहा है, जैसा कि हाई कोर्ट के गलियारों में चर्चा है। ये भी पता चला है कि आज दोपहर लंच के बाद फिर से इस मामले पर सुनवाई होगी।

ननकीराम कंवर ने अपनी याचिका में राजभवन के सचिव अमृत खलको के बेटा और बेटी के डिप्टी कलेक्टर बनने पर सवाल खड़ा किया है। उन्होंने पीएससी चेयरमैन टामन सिंह सोनवानी के कई रिश्तेदारों के भी सलेक्शन पर प्रश्न खड़ा करते हुए कहा है कि पीएससी में जिम्मेदार पद पर बैठे लोगों ने न सिर्फ रेवड़ियों की तरह नौकरियां नहीं बांटी बल्कि इसकी आड़ में करोड़ों का भ्रष्टचार किया गया है।

**वैस्टर्न डिजिटल ने पेश की हाई ड्राइव**

**रायपुर,** 19 सितंबर। आज की दुनिया में विजुअल उत्कृष्टता एवं डिजिटल कॉंटेंट रचना की मांग आसमान छू रही है। इससे और ज्यादा उन्नत प्रौद्योगिकियों का मार्ग प्रशस्त हो रहा है जो समृद्ध कॉंटेंट के उत्पान एवं खपत को समर्थन देते हैं। ग्राहकों, विद्यार्थियों और पेशेवरों के लिए तेज, भरोसेमंद टूल्स अनिवार्य हैं।

# पीएससी में गड़बड़ियां रमन राज में होती थी कांग्रेस सरकार में पारदर्शिता बरती जा रही

## मुद्दाविहीन भाजपाई पीएससी की छवि खराब कर रहे : कांग्रेस

**रायपुर** 19 सितंबर। पीएससी को लेकर भाजपा स्तरहीन राजनीति कर रही है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भूपेश सरकार द्वारा विभिन्न विभागों में 5 सालों में 80 हजार से अधिक सरकारी नौकरियों में भर्ती से बौखलाई भाजपा भर्ती प्रणाली में सवाल खड़ा कर अपनी खीझ निकाल रही। कांग्रेस सरकार के खिलाफ मुद्दों की कमी से जूझ रही भाजपा राज्य लोकसेवा आयोग की छवि को खराब करने का काम कर रही है। अपनी राजनैतिक दुकान चलाने के लिये भाजपा प्रदेश के युवाओं की विश्वसनीय संस्था पर गलत आरोप लगा कर राज्य में भ्रम का वातावरण बना रही है। कांग्रेस की सरकार बनने के बाद सरकार ने पीएससी की पारदर्शिता समयबद्धता और निष्पक्षता को बनाये रखने का पुख्ता इंतजाम किया है। छत्तीसगढ़ राज्य लोकसेवा आयोग एक संवैधानिक एजेंसी है, यह एक स्वायत्तशासी संस्था है। कांग्रेस सरकार में हमेशा से ही संवैधानिक संस्थानों की मर्यादा और गरिमा के अनुरूप उनकी निष्पक्षता और विश्वसनीयता को बनाए रखने की जिम्मेदारी, सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। भर्ती, परीक्षा और चयन प्रक्रिया में राज्य सरकार का सीधे तौर पर कोई हस्तक्षेप नहीं रहा है। संवैधानिक संस्थानों, केंद्रीय जांच एजेंसियों और राजभवन तक का राजनीतिक उपयोग भारतीय जनता पार्टी का चरित्र है।



श्री शुक्ला ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता ने रमन राज में 15 साल के कुशासन को भी भोगा है। रमन सरकार के दौरान 2003 और 2005 में पीएससी भर्ती घोटाला भी सर्वविदित है।

रमन सरकार के दौरान उक्त भर्ती की जांच में यह भी पाया गया कि किसी अभ्यर्थी को 50 नंबर के पूर्णांक के आधार पर तो किसी को उपकृत करने 75 नंबर के पूर्णांक के आधार पर कापियां जांची गई थी। वर्ष 2005 के पीएससी भर्ती के मामले में सभी चयनित अधिकारियों के खिलाफ गंभीर धारा में मुकदमा दर्ज हुआ था।पीएसी के तत्कालीन चेयरमैन अशोक दरबारी निलंबित हुए, बिलासपुर हाईकोर्ट के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश ने पूरी नियुक्ति सूची को ही निरस्त कर दिया था।लेकिन रमन सरकार की मिलीभगत से सुप्रीम कोर्ट से वह सूची बहाल करा दी गई। आज भी 2005 का मामला लंबित है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि रमन सिंह के कुशासन में 15 साल में 6 बार पीएससी की भर्ती निरस्त हुई केवल 9 बार ही भर्ती कर पाए। आज जब भूपेश सरकार में सरकारी नौकरी में नियमित पद पर भर्ती के अवसर मिल रहे हैं, युवाओं में उत्साह है तो मुद्दाविहीन भाजपाई केवल राजनैतिक लाभ के लिए अनर्गल बयानबाजी करके संवैधानिक संस्थानों को भी बदनाम करने से नहीं चूक रहे हैं।

# भाजपा लड़ाने का करती है काम, 2024 में राहुल के आते ही महंगाई होगी कम : कवासी

**रायपुर,** 19 सितंबर (देशबन्धु)। प्रदेश में चुनाव को लेकर राजनीतिक पार्टियों में आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। इस बीच कैबिनेट मंत्री कवासी लखमा ने विधायक के वायरल वीडियो, भाजपा की परिवर्तन यात्रा और लगातार रद्द हो रहे ट्रेन को लेकर भाजपा पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि भाजपा हमेशा लड़ाने का काम करती है। कांग्रेस जनता के लिए लड़ती है, जनता के लिए मरती है।



भाजपा की परिवर्तन यात्रा 21 सितंबर को पाटन में होने वाली है। इसको लेकर मंत्री कवासी लखमा ने कहा कि भाजपा हमेशा लड़ाने का काम करती है। प्रियंका गांधी आ रही है तब क्यों रैली करना चाहिए। देश को तोड़ो, समाज को बांटों जैसे काम करते है। इंडिया गठबंधन होने के बाद भाजपा बौखला गई है। दो या तीन दिन बाद रैली करना चाहिए। विधायक के वीडियो वायरल को लेकर प्रदेश में चल रहे सियासत पर मंत्री कवासी लखमा ने कहा कि विधायक रामकुमार यादव गरीब आदमी हैं ।मैं स्कूल नहीं गया हूं मगर गांधी परिवार और कांग्रेस ने मुझे मंत्री बनाया। गरीबों को मदद करने वाली कांग्रेस पार्टी है। रामकुमार यादव जीतेगा। ये रामकुमार यादव को जितना परेशान करेंगे कांग्रेस को उतना फायदा मिलेगा। प्रियंका गांधी के दौरे और महिला सम्मेलन को लेकर मंत्री कवासी लखमा ने कहा कि महिलाएं विधायक और महापौर बन रही हैं ।ये नीति राजीव गांधी की है, हम महिलाओं को देवी मानते हैं ।महिला घर की होम मिनिस्टर होती हैं। 15 साल में भाजपा ने आंगनबाड़ी, मितानिनों का मानदेय नहीं बढ़ाया। ढोंग करने आते हैं, कभी गोवा, कभी असम के सीएम आ रहे हैं। ये नागपुर से चलने वाली पार्टी हैं। ट्रेनों के रद्द होने को लेकर मंत्री लखमा ने कहा कि हम आंदोलन करेंगे तो क्या ये गोली मारेंगे। कांग्रेस जनता के लिए लड़ती है, जनता के लिए मरती है. ये अडानी के लिए ट्रेन रद्द कर रहे हैं। 2024 में राहुल गांधी आएंगे तो ट्रेन चलेगी, महंगाई कम होगी।

### नवाखाई के लिए ऐच्छिक अवकाश आज

**रायपुर,** 19 सितंबर (देशबन्धु)। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा 20 सितम्बर 2023, बुधवार को नवाखाई के अवसर पर ऐच्छिक अवकाश घोषित किया गया है। इस संबंध में आज सामान्य प्रशासन विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। ज्ञात हो कि पूर्व में 22 सितम्बर 2023, शुक्रवार को नवाखाई के लिए ऐच्छिक अवकाश घोषित किया गया था, जिसमें आंशिक संशोधन करते हुए 20 सितम्बर 2023 को ऐच्छिक अवकाश घोषित किए जाने के संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है।

## सार-संक्षेप

### पार्षद नागभूषण ने दिया अनुशासन समिति को जवाब

**रायपुर,** 19 सितंबर। निगम पार्षद नागभूषण राव ने कारण बताओ नोटिस का जवाब प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज को अपना लिखित जवाब दे दिया है। महामंत्री मलकीत सिंह ने इसकी पुष्टि की है। राव के जवाब को अनुशासन समिति के अध्यक्ष धनेंद्र साहू को निर्णय लेने भेज दिया गया है। राव ने पिछले दिनों भूमि पट्टे को लेकर भनपुरी से सैकड़ों लोगों के साथ कलेक्टोरेट आकर प्रदर्शन किया था। इसमें राव ने ग्रामीण विधायक सत्यनारायण शर्मा के खिलाफ बातें कही थी। यह भी कहा गया कि विधायक कि अनदेखी की वजह से ही इलाके के लोगों को पट्टे नहीं दिए जा सके है। राव के इस कृत्य को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ विधायक धनेंद्र साहू ने प्रदेश अध्यक्ष दीपकबैज से शिकायत की थी। इस पर बैज ने राव को नोटिस जारी जवाब मांगा था ।

# नि:शुल्क बुजुर्ग तीर्थ यात्रा के लिए पंजीयन आज से शुरू

### सोमनाथ व द्वारकाधीश की यात्रा पर बुजुर्गों को ले जाएगा सिंधु एकता संघ



**रायपुर,** 19 सितंबर। सिंधु एकता संघ सिंधी समाज रायपुर द्वारा इस वर्ष बुजुर्गों को द्वारकाधीश व सोमनाथ मंदिर गुजरात की निशुल्क तीर्थ यात्रा करवाई जा रही है। जिसके लिए पंजीयन आज से शुरू कर दिए गए हैं। संघ के संस्थापक सुभाष बजाज तीर्थ यात्रा के संयोजक महेश दरयानी व अध्यक्ष चंद्र कुमार माखीजा ने बतायाा कि बुजुर्गों की सेवा की इस कड़ी में इस वर्ष द्वारकाधीश व सोमनाथ की यात्रा दीपावली के चौथे दिन करवाई जाएगी। इच्छुक प्रतिभागी निम्नलिखित पंजीयन स्थलों पर पंजीयन फॉर्म लेकर अपना फार्म जमा करवा सकते हैं ।इसमें मुख्य रूप से इसमें मुख्य रूप से लाखे नगर में भारत चंदवानी,तेलीबाड़ा में ज्ञानू उदासी,संत कंवर रामनगर कटोरा तालाब में रिक्की जुड़ानी,नर्मदापारा में संतोष डोडानी पंडरी व देवेंद्र नगर में चंद्र कुमार माखीजा धमतरी में हीरा नरसिंघानी,तिल्दा में विजय वाधवानी,भाटापारा में राजेश छाबड़िया व कैलाश बालानीतथा राजनांदगांव में गुरमुख दास वाधवा व संजय तेजवानी से संपर्क कर सकते हैं।

# एम्स में नई भर्ती पर रोक लगाने सीटू ने सांसद को सौंपा ज्ञापन

**रायपुर,** 19 सितंबर (देशबन्धु)। एम्स में वर्षों से विभिन्न पदों पर काम करने वाले कर्मचारियों को नियमित करने की बजाय रिक्त पदों पर भर्ती के विज्ञापन जारी करने पर रोष व्यक्त करते हुए इस पर रोक लगाने की मांग करते हुए एम्स आउटसोर्सिंग एंप्लॉयज एसोसियेशन (सीटू) ने रायपुर के सासंद सुनील सोनी से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौपा। सीटू के एक प्रतिनिधिमंडल जिसमें राज्य सचिव धर्मराज महापात्र, एस सी भट्टाचार्य, एम्स आटसोर्सिंग एंप्लॉयज एसोसियेशन के अध्यक्ष मारुति डोंगरे,माकपा जिला समिति सदस्य अतुल देशमुख और एम्स के अन्य कर्मचारी शामिल थे । सीटू ने करोना के समय अपनी जान जोखिम में डालकर सेवा देने वाले इन कर्मचारियों को स्थाई पद पर नियमित करने की बजाय एम्स में बाहरी भर्ती को रोकने सोनी से हस्तक्षेप की मांग की । इन कर्मचारियों ने नियुक्ति के समय सारे परीक्षा देकर एम्स में कार्य आरंभ किया था , अब इतने साल की सेवा के बाद नई भर्ती कर इनकी छंटनी की साजिश की जा रही है। इनमें से अधिकांश की अब ऐसी उम्र भी नही रही कि वे किसी अन्य प्रतियोगी परीक्षा या सेवा में हिस्सा ले सकें। यह अन्याय के साथ अमानवीय भी है ।



सीटू ने एम्स में अलग अलग काम में आउटसोर्स के लिए काम कर रहे ठेका कंपनी के द्वारा केंद्र सरकार के सभी श्रम कानून का उल्लंघन कर श्रमिको के अमानवीय शोषण पर भी अपने असंतोष से उन्हे अवगत कराया । यहां तक कि केंद्रीय उप श्रमायुक्त के समक्ष हुए स्वयं किए गए समझौते का भी कई कंपनी पालन नहीं करती और एम्स प्रबंधन प्रिंसिपल एंप्लायर होने के बावजूद श्रमिक शोषण पर चुप्पी साधे रहता है । सांसद सोनी ने सीटू की मांग से सहमति जाहिर करते हुए इस मामले में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री तथा गवर्निंग बॉडी की बैठक में भी उनके द्वारा कियें पहल से अवगत कराते हुए इस पर उचित हस्तक्षेप का आश्वासन दिया ।

# गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स ने इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर कार्गो सेग्मेंट में प्रवेश किया

**रायपुर,** 19 सितंबर। एब्लू रेंज के इलेक्ट्रिक 2- और 3-व्हीलर के निर्माता, गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स ने इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर ई-लोडर, एब्लू रीनो को लॉन्च करने की घोषणा की है। यह भारत में ईवी थ्री व्हीलर कार्गो सेग्मेंट में कंपनी का पहला प्रॉडक्ट है। एब्लू रीनो के लिए प्री-बुकिंग 19 सितंबर 2023 को गणेश चतुर्थी के पावन दिन से शुरू होगी। उपभोक्ताओं को इन वाहनों की डिलिवरी शुरुआत 20 सितंबर 2023 से होगी।ई-लोडर की कीमत 3,34,999 रुपये (एक्स-शोरूम) होगी। कंपनी अभी देश में एब्लू रोज़ी (ईवी थ्री व्हीलर-एल5एम), एब्लू स्पिन, एब्लू थ्रिल (ई-साइकिल) और एब्लू फियो (इलेक्ट्रिक फैमिली स्कूटर) की रिटेल बिक्री कर रही है।गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स के सीईओ, श्री हैदर खान ने लॉन्चिंग पर कहा, यह वाहन हमारे रायपुर स्थित प्लांट में डिजाइन किया गया है। एब्लू रीनो का निर्माण गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। हमने एब्लू पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर कार्गो सेग्मेंट में प्रवेश किया है।कंपनी ने ने देश भर में 50 डीलरशिप के साथ नेटवर्क विस्तार में काफी निवेश किया है और इसका लक्ष्य इस वित्त वर्ष के अंत तक 100 डीलर बनाने का है।

## निधन

### जगदीश सेन



**महासमुंद,** 19 सितंबर। स्थानीय वार्ड नंबर 1 शंकर नगर निवासी जगदीश सेन 72 वर्ष का 19 सितंबर को निधन हो गया। अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे एकता चौक स्थित सुपर सेलून के संचालक रोहित सेन के पिता थे।

### अमृतलाल सिन्हा



**दुर्ग,** 19 सितंबर। लोक निर्माण विभाग दुर्ग के सेवानिवृत कर्मचारी, बम्लेश्वरी कॉलोनी बोरसी दुर्ग निवासी अमृत लाल सिन्हा (64 वर्ष) का मंगलवार को आकस्मिक निधन हो गया। जिनकी अंतिम यात्रा आज 20 सितंबर बुधवार को निवास स्थान बम्लेश्वरी कालोनी बोरसी से 11 बजे शिवनाथ नदी मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान करेगी। वे राहुल, प्रियंका व निहारिका के पिता थे।

### आनंद कुमार तिवारी



**भिलाईनगर,** 19 सितंबर। एमआईजी 1/713 आमदी नगर हुडको निवासी सिविल इंजीनियर आनंद कुमार तिवारी, पुत्र एसके तिवारी (पूर्व प्राचार्य,पीएसपी) का निधन 18 सितंबर को इस्पात नगरी भिलाई के निजी अस्पताल में हो गया। वे 50 साल के थे, उनका अंतिम संस्कार 20 सितंबर को रामनगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। पार्थिव शरीर उनके निवास से सुबह 10 बजे रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे आईपीएस मप्र कैडर अरविंद तिवारी के अनुज थे।

# एसआरयू में रावतपुरा सरकार प्राइवेट आईटीआई का द्वितीय दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया

**रायपुर,** 19 सितंबर। आज एसआरयू में श्री रावतपुरा सरकार प्राइवेट आईटीआई का द्वितीय दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया जिसमें आईटीआई के 12 पदक विजेताओं को विशेष विषयों में उनकी उपलब्धियों के लिए 4 स्वर्ण पदक, 4 रजत पदक और 4 कांस्य पदक से सम्मानित किया गया। पूजा निशाद (कोपा), दर्शन यदु (इलेक्ट्रीशियन), दामेश (फिटर) और मुकुल वर्मा (मैकेनिक डिसल) आईटीआई के गोल्ड मेडलिस्ट रहे।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए , एसआरयू के कुलपति प्रो.एस. के सिंह ने कहा कि शिक्षा का मुख्य उद्देश्य सृजन है, विनाश और निर्माण दोनों जरूरी है, क्योंकि नई परंपरा बनाने के लिए पुरानी परंपरा को नष्ट करना जरूरी है7 सबसे पहले 2010 में ग्रामीण और पिछड़े युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए शिक्षण और प्रशिक्षण की शुरुआत की गई और हमें उम्मीद है कि आईटीआई के छात्रों को इस क्षेत्र में सरकार की विभिन्न योजनाओं का भी लाभ मिलेगा। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान(आईआईटी), भिलाई के निदेशक प्रोफेसर राजीव प्रकाश ने अपने संबोधन में कहा कि दीक्षांत समारोह अंत नहीं है बल्कि यह इस बात की शुरुआत है कि आप ज्ञान और प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद समाज और देश को क्या देंगे। छात्रों को यह समझना होगा कि उनकी क्षमताएं समाज और राष्ट्र के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं, उन्हें हमेशा केवल अपने लिए नहीं बल्कि सभी के लिए आगे बढ़ना है।

**दीक्षांत समारोह अंत नहीं है, यह समाज और राष्ट्र के योगदान की शुरुआत है : प्रो. राजीव**

आज के कार्यक्रम की मुख्य अतिथि, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग की कुलपति डॉ. अरुणा पल्टा ने सभी पदक विजेता और छात्रों को बधाई दी। छात्रों को प्रेरित करने के लिए, डॉ. पल्टा ने एक महिला आईएएस अधिकारी की प्रेरक कहानी और उनकी उपलब्धियों को साझा करते हुए कहा कि लड़कियों को सभी पहलुओं में व्यावहारिक ज्ञान इकट्ठा करने के लिए हर प्रकार की शिक्षा मिल रही है और हमें अच्छा लगता है कि लड़कियां भी आईटीआई में शामिल हो रही हैं और स्वर्ण पदक विजेता बन रही हैं।

# किसान सभा की राज्य समिति पुनर्गठित,संजय पराते संयोजक, ऋषि गुप्ता सह संयोजक

**रायपुर,** 19 सितंबर। अखिल भारतीय किसान सभा से संबद्ध छत्तीसगढ़ किसान सभा की राज्य समिति का पुनर्गठन किया गया है। यह पुनर्गठन किसान सभा के राष्ट्रीय महासचिव वीजू कृष्णन तथा संयुक्त सचिव और छत्तीसगढ़ प्रभारी अवधेश कुमार की उपस्थिति में किया गया। वीजू कृष्णन ने देश में जारी कृषि संकट, संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर पर चल रहे देशव्यापी किसान आंदोलन और उसमें किसान सभा की भूमिका तथा आगामी आंदोलनों के बारे में विस्तृत जानकारी दी तथा छत्तीसगढ़ में भी किसान सभा और संयुक्त किसान मोर्चा को मजबूत बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि च्व्हर गांव में किसान सभा और किसान सभा मे हर किसानज्ज के नारे पर अमल करके ही संगठन और किसान आंदोलन को मजबूत किया जा सकता है।

17 सदस्यीय संयोजन समिति के संयोजक संजय पराते और सह संयोजक ऋषि गुप्ता और वकील भारती चुने गए हैं। संयोजन समिति के अन्य सदस्य हैं ।सी पी शुक्ला, दिल साय नागेश (सरगुजा), माधो सिंह, कपिल पैकरा (सूरजपुर), कृष्ण कुमार लकड़ा, बिफन नागेश (बलरामपुर), विशाल वाकड़े, सुधार सिंह (मरवाही), प्रशांत झा, जवाहर सिंह कंवर (कोरबा), वनमाली प्रधान (रायगढ़), के के साहू (रायपुर), शांत कुमार (दुर्ग)।

**फरवरी में होगा राज्य सम्मेलन**

किसान सभा संयोजन समिति की बैठक में फरवरी 2024 में राज्य सम्मेलन आयोजित करने और इसके पहले जिला सम्मेलन और निचली इकाईयों के सम्मेलन संपन्न करने का निर्णय लिया गया। बैठक में 20 सितम्बर को संयुक्त किसान मोर्चा के होने वाले राज्य सम्मेलन को भी सफल बनाने के लिए सभी जिलों से किसान सभा कार्यकर्ताओं को भी लामबंद करने का फैसला किया गया। इस सम्मेलन में किसान सभा केंद्र से संयुक्त सचिव बादल सरोज हिस्सा लेंगे।

## कैपिटल जोन का शेष...

### डेंगू के मरीजों के इलाज में ...

में पाया गया कि निजी अस्पतालों में भर्ती डेंगू के मरीजों के एलाइजा जांच के लिए न तो सीरम भेजा गया है और न ही मच्छरदानी का उपयोग हुआ है।

सीएमएचओ ने मच्छरदानी का उपयोग नहीं करने वाले मेडिसिन हास्पिटल स्वास्थम हास्पिटल , लक्ष्मी नारायण हास्पिटल आरोग्य हास्पिटल श्रीयांश मल्टी सुपरस्पेशिलटी हास्पिटल विहान हास्पिटल नवकार हास्पिटल तथा सीरम नहीं भेजने पर विद्या हास्पिटल स्वास्थम हास्पिटल स्वप्निल नर्सिंग होम छत्तीसगढ़ डेंटल हास्पिटल पाण्डेय नर्सिंग होम एकता चाइल्ड हास्पिटल विहान हास्पिटल और नवकार हास्पिटल को नोटिस जारी कर तीन दिनों के भीतर जवाब मांगा था। पांच दिन बीत जाने के बाद भी अस्पताल संचालकों ने जवाब नहीं दिया है। रायपुर सीएमएचओ डा मिथलेश चौधरी ने बताया कि डेंगू मरीजों के इलाज में लापरवाही बरती गई है। संबंधितों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। चार दिन अवकाश होने की वजह से जवाब नही मिल पाया है। संतोषप्रद जवाब नहीं मिलने पर नर्सिंग होम एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी।

### 380 सीसीटीवी कैमरे की ...

जवानो को तैनात किये जाते है एवं इसके साथ ही स्टेशनों में लगे हुए सीसीटीवी कैमरा के द्वारा भी स्टेशनों पर एक-एक गतिविधियों पर नज़र रखी जाती है ।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के तीनों रेल मंडलों के रेल सुरक्षा बल के द्वारा यात्रियों की शत-प्रतिशत सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए 14 महत्वपूर्ण स्टेशनों में 380 सीसीटीवी कैमरे लगाये गए है, जिनकी मदद से स्टेशनों के प्लेटफार्मों एवं पूरे स्टेशन परिसरों पर नज़र रखी जाती है ।सीसीटीवी कैमरे की मानीटरिंग में किसी भी प्रकार के संदेहास्पद व्यक्ति या घटना के सामने आते ही तुरंत ही उस पर संज्ञान लेते हुए कार्यवाही की जाती है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा सुरक्षा के लिए 380 सीसीटीवी कैमरा विभिन्न 14 स्टेशनों में लगाये गए है जिनका मंडल एवं स्टेशनवार विवरण इस प्रकार है। बिलासपुर मंडल के रायगढ़ में - 9, चाम्पा में - 8, बिलासपुर में - 85, शहडोल स्टेशन में -8 कोरबा स्टेशन में 8 एवं उसलापुर स्टेशन में 2 सीसीटीवी कैमरा लगाए गए है ।इसी प्रकार रायपुर मंडल के रायपुर स्टेशन में -55 कैमरे, दुर्ग स्टेशन में ङ्क 25 कैमरे, भिलाई पॉवर हाउस स्टेशन में 40, भाटापारा स्टेशन में 39 एवं तिल्दा नेवरा स्टेशन में 24 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए है ।तथा नागपुर मंडल के गोंदिया में 57, बालाघाट स्टेशन में 12 एवं छिंदवाडा में 8 सीसीटीवी कैमरा लगाये गए है ।

इस प्रकार दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा रेल यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बिलासपुर,रायपुर एवं नागपुर मंडल के 14 स्टेशनों में कुल 380 सीसीटीवी कैमरा लगाये गए है ।

# मां कौशल्या की जन्मस्थली चंदखुरी का नाम कौशल्या धाम हो : डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर

**रायपुर,** 19 सितम्बर (देशबन्धु)। मां कौशल्या की जन्मस्थली चंदखुरी जो आरंग विकासखंड अंतर्गत रायपुर जिला में स्थित है, जो प्रभु श्री रामचंद्र जी का ननिहाल है, जो की जगत जननी मां कौशल्या जी का जन्म स्थली है इसलिए इसे प्रसिद्ध लोक कलाकार डॉ.पुरुषोत्तम चंद्राकर ने शासन प्रशासन एवं समस्त प्रदेशवासियों से मांग किया है कि इस ऐतिहासिक नगरी मां कौशल्या जी की जन्म स्थली का नाम चंदखुरी से बदलकर मां कौशल्या धाम किया जावे जो विश्व विख्यात है। वैसे भी छत्तीसगढ़ के अनेकों जिलों में चंदखुरी नाम का गांव स्थित है।

विगत दिनों कौशल्या बहिनी संग तिजा उत्सव का आयोजन चित्रोत्पला लोक कला परिषद के संस्थापक राकेश तिवारी ने एक कार्यक्रम बनाया और सभी कलाकार को इकट्ठा कर बैठक लिया वह अपने परिकल्पना को बताया कि हमें इस वर्ष माता कौशल्या को तीजा लेने अयोध्या जाना है, जिसके लिए डॉक्टर पुरुषोत्तम चंद्राकर एवं नरेंद्र यादव को अयोध्या भेजा गया। अयोध्या में सरयू नदी में स्नान कर चक्रवर्ती महाराज दशरथ महल में राजा दशरथ जी से विनती किए कि हम अपने बहन को तीजा लिहवाने आए हैं कृपया हमारी बहन को तीजा जाने की अनुमति देवें इसके पश्चात वहां की पवित्र मिट्टी विधि विधान पूर्वक पुजारी भगवान दास जी ने कलाकारों को सौंपा जीसे लेकर रायपुर आने पर रेलवे स्टेशन में भव्य पूजा अर्चना आरती के साथ स्वागत सत्कार किया गया इसके पक्ष टी उसे पवित्र मिट्टी को छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध मूर्तिकार और पीलू राम साहू को दिए और निवेदन किये की मां कौशल्या जी का मूर्ति बनाना है जिसमें प्रभु श्री रामचंद्र जी को गोदी में नन्हे बालक के रूप में बिठाना है। मां कौशल्या की प्रतिमा निर्माण होने के पश्चात उसे चंदखुरी के प्रसिद्ध पंडवानी गायिका प्रभा यादव जी के घर 15 तारीख को विधि विधान पूर्वक विराजमान किया गया जिसके सम्मुख नन्हे- मुन्ने बच्चों ने नदिया बैला चलाया बालिका ज्यादा पैसा एवं पूरा के साथ ठेठरी खुरमी प्रसाद भोग लगाया। 17 तारीख को सभी तिजहारीन बहनों के साथ माता कौशल्या को करू भात खिलाया गया। 19 सितंबर को माता कौशल्या को बासी खिलाया जाएगा एवं गांव भ्रमण कराया जाएगा। इस परंपरा को प्रतिवर्ष निभाया जाएगा। इसके लिए अनेकों गांव शहर के लोग भारी उत्सुक है कि अगले आने वाले वर्ष में हम भी अपने गांव में मां कौशल्या की प्रतिमा स्थापित करेंगे जैसे गणेश जी, दुर्गा जी की प्रतिमा स्थापित करते हैं।



इसलिए हम मांग करते हैं कि मां कौशल्या की जन्मस्थली चंदखुरी का नाम मां कौशल्या धाम किया जावे इसके लिए समस्त शासन प्रशासन को मांग पत्र प्रदान कर निवेदन कर रहे हैं।

CMYK



# गाजे-बाजे के साथ घरों-पंडालों में विराजे गणपति



**रायपुर,** 19 सितंबर (देशबन्धु)। राजधानी में आज से 11 दिन तक चलने गणेश उत्सव की शुरूआत हो गई ।इससे पहले मंगल मूर्ति गणेश को गाजे बाजे के साथ पंडालों में लाया गया । इस दौरान गणपति के स्वागत के लिये बप्पा मोरया जय घोष से शहर गूंजता रहा ।शहर में 1000 से अधिक स्थानों में गणपति की प्रतिमा स्थापना की गई ।इसके साथ ही शहर में उल्लास उमंग वातावरण भी निर्मित हो गया ।उल्लेखनीय हैं कि गणेश उत्सव को लेकर युवा वर्ग में एक अलग ही उत्साह देखा जाता है अलग अलग समितियां बनाई जाती है जिसके बाद युवा गणेश उत्सव की तैयारी में जुट जाता है शहर के विभिन्नन स्थानों में बनाए पंडाल में आकर्षक रूप दिया गया है इस दौरान कही गणपति चन्द्रयान में विराजे है कही गणपति को बजरंग बली के रूप स्थापित किया गया है इससे युवाओं की टोली गाजे बाजे के साथ मूर्ति केन्दों में पहूंची और अपने मन पसंद के गणेश प्रतिमा को साज सज्जा से तैयार किए रथ में विराज गया ।जिसके बाद युवाओं की टोली डीजे और धुमान की धुन में नाचते गाते तथा शोर मचाते हुए निर्मित पंडालों में गणपति को लेकर पहुंचे जहां विधि विधान से मंत्रोउच्चार के साथ विघ्नहर्ता की मूर्ति की स्थापना की गई ।

**रंगीन रौशनी से जगमगाई राजधानी**

## शहर में छाई रौनक

राजधानी में गणेश उत्सव को लेकर रौनक का वातावरण निर्मित हो गया ।शहर में जगह जगह बनाए पंडालों में लोगों की भीड़ पहले दिन से उमड़ने लगी ।गौरतलब है कालीबाड़ी चौक में जय भोले ग्रुप के द्वारा इस बार पडाल को चन्द्रयान का रूप दिया गया है जहां पहले दिन इस आर्कषक पंडाल को देखने के लिये लोगों की भीड़ उमड़ी रही ।वही इसके अलावा शहर अन्या स्थानों में जैसे बूढापारा कंकाली पारा राम सागर पारा में लोगों को आर्कषित करने वाले पंडाल बनाए गए है।

## शहर का यातायात जाम रहा

आज विघ्नहर्ता के स्थापना का दिन था ।गणेश समितियों ने ढोल नगाडे डीजे धुमाल की व्यवस्था कर रखी थी जैसे जैसे गणेश समितियों के पदाधिकारी गणेश प्रतिमा को लेकर पंडाल की ओर बढ़े इस दौरान शहर का यात याता जाम हो गया । यह स्थिति शहर के एक स्थान में देखी गई बल्कि बढाई पारा काली बाड़ी चौक में भी यातयाता व्यवस्था चौपट रही । वाहनों की कतार से सडके जाम रही ।

## दुधिया रौशनी से जगमगाया शहर

शहर के विभिन्न स्थानों में विघ्नहर्ता की स्थापना के लिये पंडाल बनाए गए है इस दौरान उन्हें आर्कषक लगाने वाली रंगीन लाइटों से सजाया गया हैं यहां तक आधे आधे किलों मीटर तक शहर भर में रंगीन लाइट लगाई गई इससे शहर दुधिया रौश्नी से जगमगाने लगा ।पंडालों में विघ्नहर्ता को प्रसन्न करने गाने बजाए जा रहे हैं ।

# गड्ढे में डूबकर दो बच्चों की मौत



- निर्माणाधीन मकान के लिए खोदा गया था गड्ढा
- परिजन ने कहा– जमीन मालिक ने की लापरवाही

**रायपुर,** 19 सितंबर (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर में दो बच्चों की पानी में डूबने से मौत हो गई है।बताया जा रहा है कि ये बच्चे मंगलवार की दोपहर निर्माणाधीन मकान की खाली जमीन में भरे पानी में खेल रहे थे। इसी जगह पर मौजूद गड्ढे में डूबकर उनकी मौत हो गई। ये पूरा मामला आजाद चौक थाना क्षेत्र का है ।ये दोनों बच्चें अश्वनी नगर और लाखेनगर के रहने वाले है। इसमें मोहम्मद आवेश की उम्र 10 साल के करीब थी। तो वहीं दूसरा बच्चा आबिद खत्री 12 साल का था। उन्होंने वहां पर पानी भरा देखकर खेलने की सोची। उन्हें खाली जमीन में पानी भरे होने के कारण गड्ढे का अंदाजा नही था। वे वहां पर मस्ती करते हुए नहाने लगे। इसी बीच अचानक अंदर मौजूद गहरे गड्ढे में डूब गए। बताया जा रहा है कि एक बच्चे की मौकें पर ही मौत हो गई जबकि दूसरे बच्चें को एम्स अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उसने दम तोड़ दिया।

**जमीन मालिक पर लापरवाही का आरोप**

**एफआईआर की मांग:** जानकारी के मुताबिक इस जगह पर 2 महीने पहले एक पुराने घर को गिराया गया था। जमीन मालिक वहां पर नया घर बनवा रहा था। बारिश होने की वजह से वहां कई फीट तक पानी भरा हुआ था। जमीन मालिक ने सुरक्षा के लिए किसी भी प्रकार की व्यवस्था नहीं की थी। इस मामले में परिजनों का आरोप है कि जमीन में गड्ढा खोदकर लापरवाही पूर्वक छोड़ दिया गया था। जिससे अनजाने में बच्चों की डूब कर मौत हुई है। इस मामले में उन्होंने कड़ी कार्रवाई मांग की है। इस मामले में परिजनों का आरोप है कि जमीन में गड्ढा खोदकर लापरवाही पूर्वक छोड़ दिया गया था।

**सूखे कपड़े बाजू में रखें हुए मिले :** जानकारी के मुताबिक मृतक बच्चों के कपड़े जमीन के बाजू में रखे हुए थे। वे पानी में नहाने के लिए उतरे थे। इसी दौरान जब बच्चें डूबने लगे तो उन्होंने आवाज लगाई। तभी वहां से गुजर रहे एक युवक ने देख लिया। वो इन्हें बचाने के लिए पानी में कूद गया। लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। इस मामलें को लेकर आजाद चौक थाना सीएसपी मयंक गुर्जर ने कहा कि पुलिस ने फिलहाल मामले में मर्ग कायम कर लिया है। आगे सभी पक्षों पर जांच की जा रही है। यदि कोई दोषी पाया जाता है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# रात 10 बजे के बाद नहीं बजेंगे डीजे-धुमाल, विसर्जन 1 अक्टूबर को



**रायपुर,** 19 सितंबर (देशबन्धु) ।गणेश उत्सव के मद्देनजर पुलिस और प्रशासन ने कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेड क्रास भवन के सभाभवन में गणेशोत्सव सांमितियों क धुमाल पाटीयों के संचालकों की बैठक ली गई अधिकारियों ने गणेशोत्सव समितियों के पदाधिकारियों की आम रोड में पूजा स्वागत द्वार ने लगान। की समुचित पार्किंग उपलब्ध कराने को कहा है साथ अत्यंत तीव्र आवाज पर डीजे में बजाने के साथ.साथ डी घुमाला संचालकों को निर्धारित समय सीमा में 10.00 बजे के बाद डीजे के बपद नही बजाने के निर्देश दिए हैं इसी प्रकार बैठकारी उपस्थिन समितियों को अन्यों को विसर्जन करने हेतु निर्देशित किया। गया। जिनमें सभी गणेश उत्सव समिति के पदाधिकरी एवं सदस्यों तथा अपनी पूर्ण सहमति दी गई। इसके साथ ही नियमाानुसार डीजे के ध्वनि उपयोग करने सहमत है। यह है। आदेश की उल्लघन करने पर कठोर कार्यवाही की जायेगी ।

# पता पूछने के बहाने युवक का अपहरण

**रायपुर,** 19 सितंबर (देशबन्धु)। राजधानी के मंदिर हसौद थाना अंतर्गत ग्राम धमनी में घर में सो रहे युवक का शराब दुकान पूछने के बहाने अपहरण कर उसके मारपीट की गई तथा जंगल में घायल छोडकर भाग खड़े हुए थे इस मामले में एक आरोपी को हिरासत में ले लिया है वही अन्य की तलाश में जुटी हुई हैं ।बताया गया कि प्रार्थी कृष्णा यादव ने थाना मंदिर हसौद में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह ग्राम धमनी में रहता है तथा रोजी मजदूरी का काम करता है। वह 31 अगस्त को रात्रि में खाना खाने के बाद सो गया था कि रात्रि 12.30 बजे करीब बाथरूम जाने के लिए घर के बाहर निकला तो देखा कि उसके घर के पास एक कार खड़ी थी तथा कार के पास 05 व्यक्ति खड़े थे उसमें से एक व्यक्ति प्रार्थी से बोला कि शराब कहां मिलेगा तब प्रार्थी हमारे गांव मे शराब नही मिलता है कहते हुए घर के अन्दर जाने लगा तो तभी अन्य 04 व्यक्ति व्यक्ति प्रार्थी को पकड़ लिए और प्रार्थी को खीचते हुए कार की ओर ले जाते हुए कार मे बिठा लिये और बोले कि तुम्हारा भतीजा सागर कहां है उसे बुलाकर लाओ तभी तुम्हे छोड़ेंगे प्रार्थी द्वारा मुझे नही मालूम कि भतीजा कहां है तब वे लोग प्रार्थी के साथ मारपीट करते हुए उसे ग्राम खंडवा जिला धमतरी के जंगल मे ले गये वहां ले जाकर उसे कार से बाहर फेंक कर प्रार्थी के साथ पुन: मारपीट करने लगे तथा अपने पास रखे चाकू से प्रार्थी के शरीर पर वार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर फरार हो गये जिसके पश्चात् प्रार्थी धीरे.धीरे ग्राम खंडवा पहुंच कर अस्पताल में अपना ईलाज करवाया। जिस पर आरोपियों के विरूद्ध थाना मंदिर हसौद में धारा 365 भादवि का अपराध पंजीबद्ध किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी मंदिर हसौद के नेतृत्व में थाना मंदिर हसौद पुलिस की टीम द्वारा घटना के संबंध में प्रार्थी से विस्तृत पूछताछ करते हुए आरोपियों की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। टीम के सदस्यो द्वारा घटना स्थल सहित प्रार्थी द्वारा बताये मार्गो में लगे सी.सी.टी.व्ही कैमरों के फुटेजों का अवलोकन करने के साथ.साथ अपहरण की घटना को कारित करने हेतु आरोपियों द्वारा जिस चारपहिया वाहन का उपयोग किया गया था उसके संबंध में भी जानकारी एकत्र कर आरोपियों को चिन्हांकित करने के प्रयास किये जा रहे थे। इसी दौरान टीम के सदस्यो द्वारा प्रकरण में संलिप्त आरोपियों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई जिस पर टीम के सदस्यो द्वारा अभनपुर निवासी वली खान निवासी अभनपुर को पकड़कर कड़ाई से पूछताछ करने पर उसके द्वारा अपने अन्य 04 साथियों के साथ मिलकर अपहरण की उक्त घटना को कारित करना स्वीकार किया गया। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा आरोपी वली खान को गिरफ्तार कर उसके विरूद्ध कार्यवाही किया गया। प्रकरण में संलिप्त अन्य आरोपी फरार है, जिनकी पतासाजी कर गिरफ्तार करने के हर संभव प्रयास किये जा रहे है।



**1 हिरासत में, 3 अन्य की तलाश**

# चिटफंड कंपनी यश ड्रीम के निवेशकों को जल्द लौटाई जाएगी राशि

- यश ड्रीम की सम्पत्तियों की नीलामी से शासन को मिले 42.77 करोड़ रूपए
- छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा चिटफंड कम्पनियों पर कार्रवाई एवं निवेशकों को राशि लौटाने का सिलसिला जारी

**रायपुर,** 19 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा चिटफंड कम्पनियों के विरूद्ध कार्रवाई और उनकी सम्पत्ति की नीलामी से प्राप्त राशि को निवेशकों को लौटाए जाने का सिलसिला अनवरत रूप से जारी है। चिटफंड कम्पनी यश ड्रीम रीयल स्टेट की सम्पत्तियों की नीलामी से प्राप्त हुई 42 करोड़ 77 लाख 82 हजार रूपए की राशि इस कम्पनी के निवेशकों को शीघ्र लौटाई जाएगी। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राज्य में विभिन्न चिटफंड कम्पनियों की धोखाधड़ी के शिकार हुए निवेशकों को अब तक 33.97 करोड़ रूपए की राशि लौटाई जा चुकी है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने यश ड्रीम कम्पनी के निवेशकों को नियमानुसार शीघ्र राशि लौटाए जाने की कार्रवाई के निर्देश जिला प्रशासन दुर्ग को दिए हैं।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने चिटफंड कम्पनियों के निवेशकों के साथ न्याय करने के अपने वायदे को पूरा करने की शुरूआत सत्ता की बागड़ोर संभालते ही कर दी थी। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राज्य में चिटफंड कम्पनियों के संचालन पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाने के साथ ही 208 चिटफंड कम्पनियों के विरूद्ध प्रकरण कुल 462 प्रकरण दर्ज कर 700 डायरेक्टरों/पदाधिकारियों को गिरफ्तार किया गया। राज्य में 99 प्रकरणों में चिटफंड कम्पनियों की 141.51 करोड़ रूपए की सम्पत्ति की कुर्की एवं नीलामी का आदेश न्यायालय द्वारा दिया जा चुका है, जिसके परिपालन में 55 करोड़ रूपए की राशि सम्पत्ति की नीलामी से पहले ही प्राप्त हो चुकी है।

यश ड्रीम रीयल स्टेट कम्पनी की दुर्ग जिले के विभिन्न स्थानों पर स्थित सम्पत्तियों की नीलामी से 42.77 करोड़ रूपए की राशि को मिलाकर शासन को लगभग 97.77 करोड़ रूपए की राशि शासन को प्राप्त हो चुकी है। न्यायालय में चिटफंड कम्पनियों की लगभग 68 करोड़ रूपए की सम्पत्ति की नीलामी के लिए कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

# आरटीओ इंस्पेक्टर के सूने मकान में चोरी

**रायपुर,** 19 सितंबर (देशबन्धु)। खम्हारडीह इलाके के भावना नगर में आरटीओ इंस्पेक्टर के सूने मकान में चोरी की वारदात हुई है। इसका सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। चोरों ने पहले स्कूटी से रेकी की फिर मौका देखकर घर में रखे सोने.चांदी के आभूषण समेत डेढ़ लाख रुपए कैश पार कर दिए। जानकारी के मुताबिक अंबिकापुर में पदस्थ आरटीओ इंस्पेक्टर जितेंद्र भूषण की पत्नी तीज पर्व मनाने मायके गई थी। 17 सितंबर की देर रात करीब 2 बजे स्कूटी सवार 2 युवकों ने पहले आसपास के एरिया की रेकी की। फिर मौका पाते ही दीवार फांदकर अंदर घुस गए। घर में दाखिल होते ही बदमाशों ने कमरे में रखी अलमारी का लॉकर तोड़ा और उसमें रखा डेढ़ लाख कैश समेत सोने. चांदी के गहने लेकर भाग निकले।

**पत्नी तीजा मनाने गई थी मायके**

## वाईफाई कैमरे से चोरी का पता चला

चोरी की घटना का खुलासा तब हुआ जब आरटीओ इंस्पेक्टर की पत्नी ने अपने मायके से घर के कैमरे को चेक किया। इस दौरान सीसीटीवी कैमरा टूटा हुआ मिला। चोरी के शक पर वो फौरन अपने घर आई जहां घर का लॉक टूटा पड़ा था। समझते देर नहीं लगी कि घर में चोरी हुई है। घटना के बाद खम्हारडीह थाने में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। फिलहाल पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच कर रही है।

# पत्नी से अवैध संबंध के चलते युवक की हत्या, तीन आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर,** 19 सितंबर (देशबन्धु)। चार दिन पहले उरला इलाके के देशी शराब दुकान के पीछे बृज ट्रैक एवं टावर कंपनी के पास हुई हत्या के तीन आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार कर लिया है। इनमें से आरोपी जय टण्डन की पत्नी का मृतक भगन बंजारे के साथ अवैध संबंध थे। अमन की उपचार के दौरान मौत हो गई थी उरला पुलिस ने धारा 307 302 34 भादवि का अपराध दर्ज किया है।

चार दिन पहले सतनाम चौक वार्ड नं 2 उरला निवासी महेश महिला ने रिपोर्ट कराई थी। वह 15 सितंबर को दोपहर करीबन 3 बजे उरला देशी शराब दुकान के पीछे ट्रैक एवं टावर कंपनी के सामने अलग टंडन एवं अमन बजारे के साथ पेड़ के नीचे में बैठकर बातचीत कर रहा था। इसी दौरान करीबन 3.30 बजे राज साहू व सुनील पाल महेश तथा उसके साथियों के पास आये जहा अजय राखन राजू साहू एव सुनील पाल के साथ मिलकर पुराने विवाद को लेकर अमन बजारे के साथ मारपीट करने लगे। इसी दौरान अमन बजारे की हत्या करने की नियत ने इनके द्वारा अपने पास रखे चाकू से अमन बजारे के शरीर तथा जीव के पास लगातार वार करते हुए उसे गंभीर रूप से घायल कर फरार हो गये। अस्पताल में उपचार के दौरान अमन बजार की मृत्यु हो गई। इस पर मामला दर्ज कर पुलिस आरोपियों के छिपने के हर संभावित ठिकानों में पतासाजी राज्य सुनील पाल को सतनाम चौक राजू सांगू रावाभाठा को पकड़ा। पूछताछ में अजय टण्डन ने बताया गया कि मृतक अमन बजारे का उसकी पत्नी के साथ सर्वय संबंध था। इसी बात को लेकर वह अपने साथियों के साथ मिलकर अमन बजारे की हत्या करने की योजना बनाई और उस फोन कर घटना कल पर बुलाया था।

# अवैध शराब के साथ दो युवकों को पकड़ा गया

**रायपुर,** 19 सितंबर (देशबन्धु)। अवैध रूप से शराब की खरीदी.बिक्री करने वाले लोगों के संबंध में पतासाजी कर कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। जिसके तारतम्य में रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं प्रभारी ए.सी.सी.यू. सहित थाना प्रभारियों द्वारा इस संबंध में सूचना संकलन कर मुखबीर लगाने के साथ ही अन्य माध्यमों से भी जानकारी एकत्रित किए जा रहे है।



इसी क्रम थाना गुढ़ियारी पुलिस की टीम द्वारा थाना गुढ़ियारी क्षेत्र में पास अवैध रूप से शराब के साथ आरोपी हिमांशु बघेल को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से कुल 32 पौवा देशी शराब जुमला कीमती लगभग 4,000, रूपये जप्त किया गया। इधर एक अन्य मामले में थाना खरोरा पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि थाना खरोरा क्षेत्रांतर्गत ग्राम पिचरी में एक व्यक्ति अपने मकान अवैध रूप से शराब रखा है तथा बिक्री कर रहा है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी खरोरा के नेतृत्व में थाना खरोरा पुलिस की टीम द्वारा मुखबीर द्वारा बताए उक्त स्थान स्थित मकान में जाकर रेड कार्यवाही की गई। रेड कार्यवाही के दौरान मकान में एक व्यक्ति उपस्थित पाया गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम बीरेन्द्र ध्रुव निवासी खरोरा का होना बताया। टीम के सदस्यो द्वारा मकान की तलाशी लेने पर मकान में शराब रखा होना पाया गया। शराब बिक्री एवं भण्डारण करने के संबंध में बीरेन्द्र ध्रुव से वैध दस्तावेज की मांग करने पर उसके द्वारा किसी प्रकार का कोई दस्तावेज प्रस्तुत न कर टीम के सदस्यों को लगातार गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा था। जिस पर आरोपी बीरेन्द्र ध्रुव को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध रूप से रखे 432 पौवा देशी शराब तथा बिक्री रकम जुमला कीमती लगभग 50,000 रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना धारा 34;2आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।

## छग पुलिस भर्ती नियम में सरकार ने किया बदलाव

**रायपुर,** 19 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ पुलिस में राजपत्रित पदों पर भर्ती के नियम में सरकार ने बदलाव किया है। सरकार ने छत्तीसगढ़ पुलिस कार्यपालिक (राजपत्रित) सेवा भर्ती तथा पदोन्नति नियम 2005 में संशोधन के संबंध में सरकार ने अधिसूचना भी जारी कर दी है। भर्ती नियम में संशोधन के जरिये सरकार ने कई बदलाव किए हैं। इसमें राज्य की महिलाओं को विशेष आरक्षण शामिल है। अफसरों ने बताया कि अभी तक भर्ती में महिलाओं के लिए पद आरक्षित थे, लेकिन संशोधन के बाद अब केवल राज्य की स्थानीय महिलाओं को ही भर्ती में आरक्षण का लाभ मिल पाएगा।

# आचार संहिता के पालन एवं पुलिस की निष्पक्ष कार्यशैली को लेकर कार्यशाला



**रायपुर,** 19 सितंबर (देशबन्धु)। यातायात मुख्यालय के सभाकक्ष में समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों सहित समस्त थाना प्रभारियों की रायपुर ज़िला पुलिस के द्वारा वर्ष 2023 में संपन्न होने वाले विधानसभा चुनाव में पुलिस की कार्य योजना एवम् पुलिस की ड्यूटी को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए पुलिस अधिकारियों को चुनाव के दौरान पुलिस के अधिकार एवम् कर्तव्य की जानकारी दी साथ ही आचार संहिता के पालन एवं पुलिस की निष्पक्ष कार्यशैली के संबंध में विस्तृत रूप से निर्देश जारी किया। उपरोक्त प्रशिक्षण कार्यशाला में ज़िले के समस्त अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नगर पुलिस अधीक्षक एवं समस्त थाना प्रभारी उपस्थित थे। समस्त नगर पुलिस अधीक्षक एवं थाना प्रभारियों के द्वारा ज़िले के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अनुभाग अनुसार प्रशिक्षण देने की कार्य योजना बनायी गई है तथा 24 सितबंर तक प्रशिक्षण कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया।

# मध्यप्रदेश के युवक की रायपुर में मिली लाश

- मारपीट के बाद हत्या की आंशका
- 2 दिन पहले साथियों से हुआ था विवाद

**रायपुर,** 19 सितंबर (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर के डीडी नगर स्थित तालाब में एक युवक की लाश मिली है। शव की पहचान मंडला मध्य प्रदेश निवासी देवीराम साहू 25 वर्ष के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि युवक का कुछ दिन पहले अपने ही साथियों से विवाद हुआ। आशंका है कि उसकी हत्या कर शव तालाब में फेंक दिया गया। पुलिस ने बताया कि 17 सितम्बर से देवीराम लापता था। वो यहां लेबर का काम करता था। मंगलवार दोपहर उसकी लाश विप्र नगर के पास बधवा तालाब में तैर रही थी।



वहां से गुजर रहे एक व्यक्ति ने शव देखकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को बाहर निकलवा कर पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया है।

**दोस्तों के साथ विवाद को बताया जा रहा था मौत की वजह:** पुलिस को प्राथमिक जांच में पता चला है कि देवीराम का अपने साथ काम करने वाले साथियों से विवाद हुआ था। 17 सितंबर को साथियों के साथ झगड़े के बाद वो उनकी गाड़ी में बैठकर कही गया था। फिर 2 दिनों बाद उसकी लाश मिली। जिससे युवक की हत्या की आशंका जताई जा रही थी। हालांकि अभी पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार है।

**शराब पीकर तालाब में डूबने से मौत:** इस मामले को लेकर डीडी नगर टी आई अविनाश सिंह ने बताया कि युवक की मौत पानी मे डूबने से हुई है। वो 2 दिन पहले घर से शराब पीकर पैदल निकला था। नशे की हालत में तालाब में गिरने से उनकी मौत हो गयी। सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में डॉक्टरों ने इसकी पुष्टि की है। फिलहाल इसमें मर्ग कायम किया गया है।

CMYK

## संपादकीय

# लड़कियां-महिलाएं चुप न रहें

*महिलाओं के साथ छेड़छाड़ और कई किस्म के अपराध देश भर में होते हैं- कहीं कम कहीं ज्यादा। वैसे कुछ राज्य इस प्रवृत्ति से मुक्त भी हैं लेकिन ऐसे राज्यों व इलाकों की संख्या कम ही है। छत्तीसगढ़ भी इससे ग्रस्त है। यहां भी महिलाओं के साथ कई तरह के अपराध होते हैं, जिनमें छेड़छाड़ से लेकर बलात्कार और हत्याएं सब कुछ शामिल है। अक्सर छेड़छाड़ होने पर या ऐसे विवादों पर पीड़ित पक्ष की ओर से चुप्पी साध ली जाती है। पुरुष प्रधान समाज मानता है कि इससे लड़की या महिला की बदनामी होगी। इसलिये मामलों को रफ़ा-दफ़ा कर दिया जाता है। यही चुप्पी असामाजिक व आपराधिक तत्वों की हौसला अफ़ज़ाई के लिये काफी होती है जिसके बाद वे दूसरे शिकार की तलाश में जुटते हैं।*

*एक तरह से मान लिया गया है कि महिलाओं के साथ छेड़छाड़ बहुत आम बात है और उसे बहुत गम्भीरता से नहीं लिया जाना चाहिये। सड़क चलती महिला या बच्ची हो, कामकाजी औरत, गृहिणी अथवा कोई स्कूल-कॉलेज में पढ़ने वाली छात्रा हो- किसी के भी साथ यह सकता है। दुर्भाग्यजनक तो यह है कि ऐसा कोई अपराध होने पर पीड़िता को ही कहा जाता है कि वह इसकी ओर ध्यान न दे। अगर बच्ची छात्रा है तो कहा जाता है कि वह दूसरे रास्ते से आया-जाया करे या फिर पढ़ाई पर ध्यान दे। कार्यस्थल पर ऐसा होने पर कह दिया जाता है कि शिकायत करने से उसका ही नुकसान होगा इसलिये बेहतर है कि सिर झुकाकर काम करे। अगर अपराधी मालिक या वरिष्ठ हो तो उसके लिये काम करना बहुत मुश्किल हो जाता है। उसे अपमानित होते हुए काम करना पड़ता है। दिक्कत यह भी है कि छेड़छाड़ से बलात्कार तक के अपराध करने वाले अक्सर नज़दीकी लोग होते हैं- रिश्तेदारों से लेकर मित्र या शिक्षक कोई भी।*

*छात्राएं, खासकर स्कूलों में पढ़ने वाली और वह भी निचली कक्षाओं की लड़कियां अक्सर शिक्षकों, स्टाफ या उन्हें लाने ले जाने वाले वाहनों के ड्राइवरों या सहायकों का शिकार बनती हैं। एक तो उन्हें यह पता नहीं चल पाता कि उनके साथ क्या हो रहा है। अगर वे जान भी जाएं तो शिकायत करने की उनकी हिम्मत नहीं पड़ती। ऐसी परिस्थितियों का कैसे मुकाबला किया जाये, इसका प्रशंसनीय उदाहरण गरियाबंद जिले में देखने को मिला है। पहले छुरा और गरियाबंद की स्कूली छात्राओं द्वारा अपने शिक्षकों के खिलाफ शिकायत करने के बाद अब देवभोग ब्लॉक के बाड़ी गांव की बच्चियों ने जिला मुख्यालय पहुंचकर कलेक्टर से शिकायत की है कि उनके प्राचार्य छेड़खानी करते हैं अतः उनके खिलाफ कार्रवाई हो। आशा है कि अन्य महिलाएं एवं छात्राएं इनसे सीख लेकर उनके साथ होने वाली ज्यादतियों एवं अपराधों के खिलाफ आवाज़ उठाएंगी तभी समाज से इस प्रवृत्ति का उन्मूलन होगा।*

## उल्टा पुल्टा

दामाद 14 दिनों से ससुराल में था,
**सास** - दामाद जी कब वापस जा रहे हो?
**दामाद**- क्यों?
**सास** - बहुत दिन हो गये।
**दामाद**- आपकी बेटी तो छः-छः महीने मेरे यहाँ रहती है..
**सास** - वो तो वहां ब्याही गई है।
**दामाद**- और मैं क्या यहां अपहरण करके लाया गया हूं।

# भाजपा की परिवर्तन यात्रा की वृहत पैमाने पर चल रही तैयारियां

### सिविल लाईन हाकी ग्राउण्ड में आमसभा, इससे पूर्व बाईक रैली नगर भ्रमण





**दुर्ग**, 19 सितंबर (देशबन्धु)। भाजपा की परिवर्तन यात्रा 21 सितंबर को दुर्ग पहुंच रही है। यात्रा को लेकर जिला भाजपा द्वारा वृहत पैमाने पर तैयारियां की जा रही है। परिवर्तन यात्रा भिलाई से वायशेप ओव्हर ब्रिज से होकर दुर्ग रायपुर नाका में प्रवेश करेगी। नगर भ्रमण करते हुए परिवर्तन यात्रा महिला समृद्धि बाजार के सामने स्थित सिविल लाईन हाकी ग्राउण्ड पहुंचकर विशाल सभा के रूप में परिवर्तित हो जायेगी। सभा को यात्रा के साथ आ रहे मुख्य वक्ता पूर्व मुख्यमंत्री झारखंड रघुदास एवं विधायक भाटापारा यात्रा प्रभारी शिवरतन शर्मा संबोधित करेगें। इसके साथ ही भाजपा का विधानसभा चुनाव को लेकर जमीनी प्रचार अभियान का आगाज हो जायेगा।

भाजपा की इस परिवर्तन यात्रा का ध्येय प्रदेश में चल रही कांग्रेस सरकार को बदलकर भाजपा को फिर से सत्तासीन करना है। इस उद्देश्य से भाजपा द्वारा विगत एक सप्ताह से भी अधिक समय से भाजपा के प्रत्येक प्रकोष्ठ मोर्चा और बूथ स्तर से लेकर जिला स्तर तक के कार्यकर्ताओं की बैठकें ली जा रही है। स्वयं जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा एवं महामंत्री ललित चंद्राकर ने आज पाटन उतई और धमधा में विधानसभा स्तर पर कार्यकर्ताओं की बैठके ली।

इधर आज कार्यक्रम स्थल पर पूरे दिन तैयारियां चलती रही। भाजपा के वरिष्ठ नेता चतुर्भुज राठी, देवनारायण चंद्राकर, राजेन्द्र पाध्ये, डॉ. सुनील साहू, गजेन्द्र यादव, एवं पूरी टीम मौके पर उपस्थित रहकर मंच से लेकर डोम तक की तैयारियां देखती रही। सभा स्थल पर लगभग 10 हजार लोगों के बैठने की व्यवस्था की जा रही है।

भाजपा की परिवर्तन यात्रा 21 सितंबर को सुबह साढ़े 11 बजे वायशेप ओव्हर ब्रिज से होते हुए रायपुर नाका दुर्ग में प्रवेश करेगी। यहां पर भाजपा नेताओं द्वारा यात्रा का भव्य स्वागत करने के पश्चात बाईक रैली के साथ यात्रा मालवीय चौक, मालवीय रोड से होते हुए रेल्वे स्टेशन रोड से ग्रीन चौक पहुंचेगी। ग्रीन चौक से सिक्ख गुरूद्वारा, सिंधी धर्मशाला, होकर पटेल चौक ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# सिविल लाईन हॉकी मैदान में परिवर्तन यात्रा की प्रस्तावित सभा, हाकी संघ ने किया विरोध

### स्थल पर भाजपा नेताओं के साथ तीखी झड़प





**दुर्ग,** 19 सितंबर (देशबन्धु)। भाजपा की परिवर्तन यात्रा को लेकर तयशुदा सभास्थल सिविल लाईन हाकी मैदान को लेकर आज दुर्ग हाकी संघ व भाजपा नेताओं के मध्य आज भारी विवाद हो गया। इस मामले को लेकर कोई बड़ी अप्रिय स्थिति बनती कि जिला एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर मध्यस्थता कर मामले को शांत किया। सभा स्थल अब पूर्ववत सिविल लाईन स्थित हाकी ग्राउंड ही रहेगा। तैयारियां शुरू हो गई है।

- **पुलिस व प्रशासन की मध्यस्थता के बाद फिलहाल मामला शांत**

उल्लेखनीय है कि भाजपा की परिवर्तन यात्रा 21 सितंबर को दुर्ग पहुंच रही है। इसके लिये महिला समृद्धि बाजार के सामने सिविल लाईन हाकी ग्राउंड को सभास्थल बनाया गया है। जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा का कहना है कि कार्यक्रम तय होते ही इस स्थल को सभास्थल बनाने की अनुमति जिला प्रशासन से विधिवत रूप से ली जा चुकी है। श्री वर्मा के अनुसार पहले पुरानी गंजमंडी का चयन किया जा रहा था मगर वहां गणेश जी की तैयारियां चल रही थी। स्टाल लगाये गये है। अत: प्रशासन से वहां की अनुमति नहीं मिली। पुराने बस स्टैंड में जगह काफी सीमित है। अंतत: उक्त हाकी ग्राउण्ड का चयन कर प्रशासन से वहां सभा की अनुमति ले ली गई।

इधर दुर्ग हाकी संघ के लोगों का कहना है कि यहां पर हाकी के खिलाड़ी नियमित हाकी खेलते है वे कहा जाएंगें। संघ के पदाधिकारियों का कहना था कि शहर के सभी स्टेडियम, मिनी स्टेडियम, रविशंकर स्टेडियम का समय समय पर धार्मिक, राजनीतिक व अन्य प्रयोजनों के लिये उपयोग किया जाता है। इससे पूरा मैदान खेलने लायक नहीं रह जाता। अब इस मैदान को खेल के अलाना किसी अन्य प्रयोजन के लिये नहीं दिया जाना चाहिए। आज ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# पाऊवारा के 2 खिलाड़ियों का चयन इंडिया खो खो केम्प के लिए



गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने दी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं

**दुर्ग**, 19 सितंबर (देशबन्धु)। ग्राम पाऊवारा के जय हिंद आजाद स्पोर्ट्स क्लब के 2 खिलाड़ी उमा साहू और छत्रपाल साहू का चयन इंडिया खो खो केम्प के लिए हुआ है। ये दोनों खिलाड़ी दिल्ली में 23 सितंबर से 9 अकटुबर तक इंडिया खो खो राष्ट्रीय केम्प में भाग लेंगे। इसमें पूरे भारत देश के अलग अलग राज्यो से खिलाड़ियो का चयन नेशनल खो खो गेम्स के आधार पर हुआ है। छत्तीसगढ़ से 3 खिलाड़ियो का चयन हुआ है दो खिलाड़ी स्पोर्टस क्लब पाऊवारा से है। उनके मुख्य प्रशिक्षक सुमन लाल साहू ने बताया ग्राम पाऊवारा में 26 जून 2019 से खेल गतिविधियों को संचालित करने के लिए स्पोर्ट्स क्लब ओपन किया गया। आज 4 वर्षों में यहां के खिलाड़ी खो.खो, क्रिकेट, स्विमिंग में 15 से अधिक राष्ट्रीय स्तर और 60 से अधिक राज्य स्तर के खिलाड़ी तैयार हो चुके है। 2023 में ही पाऊवारा के देवेश साहू का चयन खेलो इंडिया खो खो के लिए हुआ था। पाऊवारा क्लब के प्रशिक्षको की मेहनत से आज खो खो में यहां के खिलाड़ियो ने पूरे जिले में एक अलग पहचान बनाया है।

उमा साहू अभी तक खो खो में 2 नेशनल 5 बार राज्य स्तर वही छत्रपाल साहू खो खो में 1 नेशनल 3 बार राज्य स्तर पर भाग ले चुके है। ये दोनों खिलाडी इंडिया खो खो केम्प दिल्ली में बेहतर प्रदर्शन करते है तो आगे अंतराष्ट्रीय खों खो मैच के लिए चयन होगा।

➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# मां को गुप्ती दिखाने वाला युवक पुलिस हिरासत में

**दुर्ग,** 19 सितंबर (देशबन्धु)। पैसों के लिये अपनी मां को गुप्ती दिखाकर धमकाने वाले पुत्र को आज कोतवाली पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। कल 20 सितंबर को उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया जायेगा। आरोपी युवक अतुल गुप्ता पिता विष्णु गुप्ता निवासी वार्ड 5 के विरूद्ध धारा 163, 327, 294, 594 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

कोतवाली पुलिस के अनुसार आरोपी युवक अपनी आदतों व जरूरतों के चलते माता पिता परिजनों को पैसों के लिये अक्सर तरह तरह से परेशान करता है। आज भी उसने मांक को गुप्ती दिखाकर जब पैसों की मांग की तो मामला पुलिस तक पहुंचा दिया गया।

# विधि विधान से विराजे शहर में जगह-जगह गणपति

**दुर्ग,** 19 सितंबर (देशबन्धु)। नगर में आज काफी धूमधाम के साथ सैकड़ों स्थानों पर विध्नविनाशक गणेश जी की स्थापना की गई। पूरे दिन गणेश प्राण प्रतिष्ठा के लिये विभिन्न मंडपों में ले जाने शोभायात्रा डीजे बैंड, धुमाल, घंटा शंख की ध्वनि के साथ निकाली जाती रही। इससे पूर्व शिवनाथ सहित शहर के सभी जलाशयों में तिजहारिनों की भीड़ लगी रही। ये लोग अनुष्ठान के साथ तीजा की सामग्रियों का विसर्जन करती रहीं। गणेश स्थापना के साथ ही आज से गणेश पर्व की धूम शुरू हो गई।

आज ग्राम थनौद के साथ ही स्थानीय नया पारा स्थित कुम्हार टोला, व आसपास के स्थानों से गणेश जी की प्रतिमाएं निकाली गई। इंदिरा मार्केट, कृषि उपज मंडी गंजपारा, पद्मनाभुर, समृद्धि बाजार के सामने, हिन्दी भवन, गांधी प्रतिमा चौक से लोग गणेश जी की मूर्ति लेकर स्थापना के लिये गणेश प्रतिमाएं ले जाते रहे। आज पूरे दिन मौसम खुला रहा। इसका भी लाभ मिला। गणेश की प्रतिमाएं न्यूनतम 3 सौ से लेकर 3 हजार रूपये तक तो स्टाल में ही उपलब्ध थी। इसके बाद लोग थनौद व अन्यत्र आर्डर देकर मूर्तियां बनवाकर लाये थे। एक जानकारी के अनुसार विगत दो तीन दिनों से ग्राम थनौद ने निर्मित गणेश प्रतिमाएं नागपुर, गोदिंया, बिलासपुर, रायपुर तक गई है।



गणेश मूर्ति के विक्रेताओं से चर्चा करने पर पता चला कि अब लोग भगवान श्री गणेश की पारम्परिक विधि विधान के अनुसार निर्मित मूर्तियों को ही प्राथमिकता दे रहे है। अब गणेश मूर्तियों को किसी भी दृष्टि से हास्यापद बनाये जाने वाले रूप को बर्दाश्त नहीं कर रहे है। हिन्दू संगठनों ने भी इस दिशा में लगातार प्रयास किया है।

शहर में इंदिरा मार्केट, सिद्धि विनायक गणेश मंदिर, जिला भाजपा कार्यालय, सिंधी कालोनी, ग्रीन चौक, संतरा बाड़ी, केलाबाड़ी, कसारीडीह, आदर्श नगर, पोलसाया पारा, पुलगांव, नयापारा सहित शहर के लगभग सभी वार्डो में मूर्तियां स्थापित की गई है। लोगों ने अपने घरों में भी गणेश प्रतिमा को स्थापित किया। दस दिनों तक अब शहर में गणेश पूजन की धूम रहेगी।

# विश्वकर्मा मूर्ति विसर्जन के लिये गये युवक की डूबने से मौत

**दुर्ग,** 19 सितंबर (देशबन्धु)। शिवनाथ नदी के महमरा एनिकेट में विश्वकर्मा विसर्जन के लिये गये एक युवक रणजीत सिंह पिता रतन सिंह (22) की नदी में फिसलकर गिरने से मौत हो गई। उसके शव को आज एसडीआरएफ की टीम ने कड़ी मेहनत कर बाहर निकाला। मृतक रणजीत सिंह ग्राम कुंदा जिला चतरा झारखंड का निवासी है। वह डिस्पोजल गिलास फैक्टरी उरला में कार्य करता था।

पुलिस व प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार भगवान विश्वकर्मा के विसर्जन के लिये एमआईडीसी रसमड़ा कंपनी से 2025 लोग आये थे। विसर्जन के लिये घाट पर पूजा अर्चना कर कुछ लोग प्रतिमा को लेकर घाट की दो तीन सीढ़ी नीचे उतर आये। इसके बाद कतिपय लोग प्रतिमा को नदी में कुछ और आगे ले जाने के पक्ष में थे कि इसी बीच रणजीत सिंह का पैर फिसल गया। उसे डूबते देख मौजूद लोगों ने बचाने की कोशिशें की मगर सफल नहीं हो सके। गत रात्रि को शव निकालने की कोशिश की गई मगर देर रात हो जाने काम रोक दिया गया। आज सुबह से फिर एसडीआरएफ की टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव की तलाश शुरू की। टीम ने डीप डाइविंग करते हुए शव की तलाश करते हुए उसे मोहलाई रेल्वे ट्रेक के पास से निकाल लिया। इस कार्य में जवान राजकुमार यादव, चंद्रप्रकाश जंघेल ने बाडी को बाहर निकालकर पुलिस को सौंपा। इस टीम में जिला सेनानी अग्निशमन अधिकारी नागेन्द्र कुमार सिंह, टीम प्रभारी धनीराम यादव, रमेश कुमार, दिनेश चंद्राकर, राजेश यादव, मोहन, दिलीप, अशोक हेमराज मेरावी, थानेश्वर वायरलेस ड्यूटी नरोत्तम साहू उपस्थित थे।

# भगवान महावीर के सिद्धांत आज भी संपूर्ण जगत के लिये प्रासंगिक : डॉ. छाजेड़



**दुर्ग,** 19 सितंबर (देशबन्धु)। श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा ने पर्यूषण पर्व के अंतर्गत आज क्षमा दिवस मनाया।

आचार्य श्री महाश्रमण जी ने आज इसे भगवती संवत्सरी महापर्व के अलंकरण से विभूषित किया है।

वरिष्ठ उपासिका डा. वीरबाला छाजेड ने भगवान महावीर के प्रसंगों को विस्तार से धर्मसभा को बताया। आपने कषायों के बारें में विस्तारित करते हुए प्रमोद भावना को समझाते हुए प्रेरणा दी। भगवान महावीर के सिद्धांतो की प्रासंगिकता बताते हुए कहा वर्तमान को वर्धमान महावीर की आवश्यकता है।

उपासिका साधना कोठारी ने जैन परम्परा के अनेक प्रभावी आचार्यों के जीवन के प्रेरक प्रसंगों का वर्णन किया। तेरापंथ धर्मसंघ के प्रवर्तक आचार्य भिक्षु सहित सभी आचार्यों के जीवन के प्रमुख प्रसंगों से अवगत कराते हुए गणाधिपति आचार्य तुलसी, प्रेक्षा प्रणेता आचार्य महाप्रज्ञ के अवदानों को बताया।

तेरापंथ महिला मंडल की सदस्याओं ने तेरापंथ धर्मसंघ की साध्वी प्रमुख के जीवन वृत का क्रमबद्ध वाचन किया। तेरापंथ युवक परिषद के युवकों ने आचार्यों के जीवन वृत का बारी बारी से वाचन किया। जैन विद्या परीक्षा व्यवस्थापिका मंजू बरमेचा ने दुर्ग की उपलब्धियों को बताते हुए वरिष्ठ जनों के माध्यम से परीक्षार्थियों को प्रमाण पत्र दिए। कन्या मंडल की युवतियों ने कर्मों के प्रकारों पर प्रकाश डाला। ज्ञानशाला के नौनिहालों ने क्षमा याचना पर नाट्य प्रस्तुत कर व आसनों के प्रयोग से मन मोह लिया। सपना श्रीश्रीमाल ने तपस्वियों के अनुमोदनार्थ गीतिका का मधुर गान किया। कु.प्रज्ञा, कु.तान्या, कु परी, संयम, कुशल की तपस्याओ की अनुमोदना कर सम्मान पत्र भेंट किया गया। कार्यक्रम का संचालन विनीता बरडिया व श्वेता बरमेचा ने किया। सभा के मंत्री संजय चौपड़ा ने गुरुदेव, उपासिका द्वय के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए, सभी समाज जनों के प्रति आभार प्रकट करते हुए साधुवाद दिया।

# प्रियंका की सभा में दुर्ग से जाएंगे 10 हजार से ज्यादा लोग : बाकलीवाल



**दुर्ग**, 19 सितंबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव को देखते हुए अब कांग्रेस व भाजपा के मध्य आमसभाओं के माध्यम से शक्ति प्रदर्शन का दौर शुरू हो गया है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे सहित अनेक नेताओं के छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिला मुख्यालयों में सभाएं लेने के बाद अब कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी का आगमन 21 सितंबर को जयंती स्टेडियम भिलाई में हो रहा है। यहां वे प्रदेश स्तरीय महिला सम्मेलन को संबोधित करेंगी। विधायक अरूण वोरा एवं महापौर धीरज बाकलीवाल ने दावा किया है कि सम्मेलन में दुर्ग शहर से लगभग 10 हजार लोग शामिल होगें। उसी अनुसार तैयारियां की जा रही है। उन्होंने बताया कि अभी समय को लेकर कोई सुनिश्चित सूचना नहीं है। मगर सुबह साढ़े 11 बजे का समय मानकर तैयारियां की जा रही है। इसी परिप्रेक्ष्य में आज सुबह विधायक अरूण वोरा ने राजीव भवन में कांग्रेस पार्षद दल की बैठक ली। उन्होंने सभी ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

- **विधायक ने बैठक लेकर की सभी से शामिल होने की अपील**
- **जयंती स्टेडियम भिलाई में 21 को कांग्रेस महिला सम्मेलन**

# सत्वसरी सबसे उत्कृष्ट पर्व, क्षमायाचना को प्राथमिकता : शीतल मुनि

**दुर्ग,** 19 सितंबर (देशबन्धु)। जय आनंद मधुकर रतन भवन बांधा तालाब दुर्ग में गुरुदेव शीतल मुनि के सानिध्य में 12 सितंबर से 19 सितंबर तक पर्यूषण पर्व की आराधना ज्ञान ध्यान त्याग तपस्या एवं धर्म आराधना के साथ संपन्न हुई।

आज संध्या जैन समाज के लोगों के द्वारा संवत्सरी पर्व की आराधना कर क्षमायाचना के साथ प्रतिक्रमण कर संसार के सभी जीवों से क्षमा याचना की।



- **जैन श्वेताम्बर श्रमण संघ ने सामुहिक क्षमायाचना के साथ मनाया सत्वसरी पर्व**

जैन समाज के पुरुषों का प्रतिक्रमण जय आनंद मधुकर रतन भवन बांधा तालाब दुर्ग में तथा महिलाओं का प्रतिक्रमण वर्धमान जैन भवन गवली पारा दुर्ग में सम्पन्न हुआ।

जय आनंद मधुकर रतन भवन बांधा तालाब की धर्म सभा को संबोधित करते हुए गुरुदेव शीतल मुनि ने कहा लोकोत्तर पर्व में संवत्सरी पर्व सबसे उत्कृष्ट पर्व है मन की आंतरिक सफाई का यह यह महान पर्व है। जैन धर्म ही एक ऐसा धर्म है जिस धर्म में क्षमा को प्रधानता दी गई है क्षमा मांगना और देना का समता भाव रखने का मार्ग दिखाता है। जैन सिद्धांत हमें सिखाता है स्वयं पर विजय प्राप्त करना पहले आप स्वयं सुधरे फिर दूसरे की सुधारने का प्रयास करें। जैन दर्शन में विनय का बड़ा महत्व है क्षमा नम्रता सरलता का परिचय देते हुए आत्मा के कल्याण के लिए सामयिक एवं स्वाध्याय का की आराधना अति आवश्यक है क्रोध मान माया लोभ यह सभी आत्मा को दुर्गति के मार्ग पर ले जाती है और उसे ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# ओटीटी पर पसंद की जा रही है छत्तीसगढ़ के कवि लेखक शरद कोकास की कहानी पर बनी फिल्म

**दुर्ग,** 19 सितंबर (देशबन्धु)। दुर्ग-भिलाई के चर्चित कवि व लेखक शरद कोकास की कहानी काउंटर के पीछे मुस्कुराता चेहरा पर बनी फिल्म पासबुक एमएक्स प्लेयर पर पसंद की जा रही हैं। शरद बताते हैं कि यह उन दिनों की कहानी है जब बैंक इंटरनेट से नहीं जुड़े थे और एमटी यानी मेल ट्रांसफर से पैसे भेजे जाते थे। फिल्म में एक जरूरतमंद युवक के खाते में आए पैसे के कथानक के इर्द.गिर्द यह प्रेमकथा है।

शरद कोकास ने बताया कि उनकी कहानी काउंटर के पीछे मुस्कुराता चेहरा का पाठ उत्तराखंड की साहित्यकार स्मिता कर्नाटक ने किया था और उसका ऑडियो भी रिलीज हुआ था। स्मिता का बेटा कार्तिक कर्नाटक एक सिनेमैटोग्राफर है और उसने यह कहानी अपने फिल्म निर्माण से संबंधित मित्रों को बताई और उन्होंने इस कहानी पर फिल्म बनाने का विचार किया। शरद ने बताया कि यह गाँव के एक युवक सौरभ की कहानी है। इस फिल्म के निर्देशक विकास ठाकुर, निर्माता वी एंड के फिल्मस हैं। नायक सौरभ की भूमिका में प्रतीक श्रीवास्तव और नायिका गौरी शर्मा की भूमिका में नायरा हैं। वहीं फिल्म के सिनेमेटोग्राफर कार्तिकेय स्मिता कर्नाटक, एडिटर. विकास ठाकुर, सह कलाकारों में राजन त्रिपाठी, सुधांशु राणा, सहायक निर्देशक भारद्वाज महिदा और प्रकाश प्रधान, पोस्टर एंड वीएफएक्स आरबीआर फिल्म्स एंड एंटरटेनमेंट, क्रिएटिव डायरेक्टर प्रमोद कंडेल, आर्ट




डायरेक्टर प्रकाश प्रधान और नेरेशन स्मिता कर्नाटक का है।

शरद कोकास ने बताया कि फिल्म में गांव का एक किसान का बेटा शहर में कॉलेज में पढ़ाई करने के लिए आता है और एक किराए की खोली में रहता है और ढाबे में खाना खाता है। उसके पिता एम टी यानी मेल ट्रांसफर के माध्यम से उसे बैंक में पैसा भेजते हैं। उसके पास जब पैसा खत्म हो जाता है और उधार बढ़ जाता है तो वह बैंक जाकर पता करता है कि उसका एक हज़ार रुपये का मेल ट्रांसफर आया या नहीं। कई बार बैंक जाने के बावजूद बैंक में काम करने वाली लड़की ; बैंककर्मी बताती है कि उसका पैसा नहीं आया है। इस बीच मकान मालिक और ढाबे के मालिक द्वारा उसे दुत्कारे जाने की दृश्य भी है। उसके मन में आत्महत्या का ख्याल भी आता है। वह लड़की उस लड़के के प्रति आकर्षित होने लगती है। दोनों के बीच संवेदना से भरे संवाद फिल्म में है। लेकिन वह लड़की बताती है कि उसका पैसा आ गया और उसे एक हजार रूपये उसके खाते से निकाल कर दे देती है। इतने में उसके पिता का पत्र उसे मिलता है कि इस बार फसल नहीं बिकी है, इसलिए वह पैसा नहीं भेज पाया है। वह सोचता रह जाता है कि जब उसके पिता ने पैसा भेजा ही नहीं है, तो उसके खाते में पैसा किसने जमा किया होगा। उस लड़की के मन में इस युवा के प्रति प्रेम का अंकुर उगता है। करुणा और संवेदना से भरे हुए प्रेम के सुंदर दृश्य फिल्म में है।

# सत्ता का लगातार केन्द्रीयकरण कर रही केन्द्र सरकार



**भिलाईनगर,** 19 सितंबर (देशबन्धु)। जिला कांग्रेस के प्रवक्ता एंव प्रदेश संचार विभाग के मिडिया पैनलिस्ट जावेद खान ने कहा कि छत्तीसगढ़ से केन्द्र को विभिन्न मद से सेन्ट्रल, जीएसटी, इनकम टैक्स, पेट्रोलियम पदार्थो पर सेन्ट्रल एक्साईज, कोल खनन, आयरन ओर बाक्साईट टिन के खनन से तथा रेल भाड़ा से पिछले पांच वर्षो में 461908.66 करोड़ रूपये वसूला है। इन पांच वर्षो में राज्य के हिस्से में 192190.76 करोड़ रूपये मिला। वसूली गयी राशि से 269717,93 कम मिला। इसमें भी विभिन्न मद में केन्द्र राज्य के हिस्से का 55000 हजार करोड़ रूपये अभी तक नहीं दिया है। कुल राशि राज्य को मात्र 137190.76 करोड़ ही मिली है। जितना केंद्र से मिला है उससे ज्यादा 1.70 लाख करोड़ तो कांग्रेस सरकार ने अकेले किसानों के ऊपर खर्च किया है। विगत 5 वर्षो में केन्द्र से छत्तीसगढ़ को औसतन हर साल मिले मात्र 27438 करोड़ और छत्तीसगढ़ से केन्द्र द्वारा वसूली औसत हर साल 92382 करोड़ अर्थात छत्तीसगढ़ से कुल वसूली का 29.7 प्रतिशत ही छत्तीसगढ़ को मिला है। विगत 5 वर्षो में छत्तीसगढ़ से केन्द्र द्वारा कुल वसूली का 70.3 प्रतिशत केन्द्र सरकार के पास। प्रदेश उत्पादक राज्य है स्टील सीमेंट के उत्पादन में अग्रणी होने के साथ ही कोयला, बॉक्साइट, आयरन ओर और टीन के खनन में राज्य जीएसटी लागू होने से उत्पादक राज्यों को होने वाले नुकसान की क्षतिपूर्ति 30 जून 2022 से बंद कर दी गई है लेकिन केंद्र सरकार जीएसटी क्षतिपूर्ति के लिए लगाए जाने वाला है जीएसटी क्षतिपूर्ति उपकर 31 मार्च 2026 तक वसूलेगी। अर्थात वसूली मार्च 2026 तक जारी रहेगी।

# कोहका हत्याकांड के परिजनों से मिले विधायक

## इन्द्रजीत ने दिए 25 हजार मदद, राजीव चौबे मुआवजे के लिये शुरु की क्रमिक भूख हड़ताल



**भिलाईनगर,** 19 सितम्बर (देशबन्धु)। कोहका में बीते शनिवार चंद्रशेखर ठाकुर (राज मिस्त्री ) की हत्या के बाद पत्नी समेत पांच बच्चे अब बेसहारा हो गए हैं। इसे देखते हुए आज मंगलवार भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव मृतक के परिजनों से मिलने पहुंचे थे। विधायक देवेन्द्र यादव ने कहा कि आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, चूँकि मृतक चंद्रशेखर की पत्नी समेत पांच बच्चे हैं, जो कि अब बेसहारा हो गए हैं। इसलिए सरकार की तरफ से बच्चों की पढ़ाई के लिए और मृतक की पत्नी को रोजगार दिलवाने के लिए सरकार की और से हर संभव प्रयास किया जाएगा। प्रदेश के जाने.माने ट्रांसपोर्टर स्व. बीरा सिंह के बेटे छोटू सिंह ने मृतक के परिजनों को मदद के लिए 25 हजार रुपये समेत निजी अस्पताल में आजीवन मुफ्त इलाज करवाने का वादा किया है। ज्ञात हो कि बीते शनिवार देर रात कोहका में सचिन चौधरी नाम का युवक एक लड़की से बात कर रहा था। युगल किशोर नाम का युवक बाहर आकर सचिन को लड़की से बात करने से मना किया। इसके बाद सचिन टोकने वाले युवक युगल से झगड़ा करने लगता है। उसी दौरान युगल का बड़ा भाई चंद्रशेखर आकर विवाद शांत करने में लग जाता है। तभी सचिन अपने बड़े भाई गोविन्द को बुलाकर गोविन्द चौधरी बल्ले से चंद्रशेखर को बुरी तरह पीटता है। जिससे चंद्रशेखर की मौत हो गई थी।

### राजीव चौबे ने शुरु की कर्मिक भूख हड़ताल

कोहका में हुए चन्द्रशेखर की हत्या मामले में उचित मुआवजे की मांग को लेकर राजीब चौबे आज धरने पर बैठ गये। श्री चौबे ने बताया कि बीते कुछ सालों से शहर में देर तक खुली कुछ दुकानों में युवाओं के झुण्ड और खुले आम नशा खोरी करते देखा जा सकते है। उन्होने कहा कि गत दिनों खुर्सीपार और कोहका में हुई निर्मम हत्याएँ इसी का परिणाम है खुर्सीपार में तो मृतक के परिवार को मुआवज़े और संविदा नौकरी की घोषणा मुख्यमंत्री द्वारा कर दे गई लेकिन कोहका में आदिवासी समाज के मृतक के परिवार की शासन द्वारा कोई सुध नहीं ली गई है मृतक के घर में उनकी विधवा पत्नी के अलावा 5 छोटे बच्चे हैं और घर के एकमात्र कमाने वाले सदस्य की मृत्यु के पश्चात् घर में कमाने वाला कोई सदस्य नहीं है। स्व चंद्रशेखर ठाकुर के परिवार को 50 लाख रू का मुआवज़ा देने की मांग को लेकर विश्व हिन्दु परिषद के अध्यक्ष राजीव चौबे के साथ विहिप के ज़िला कार्याध्यक्ष पारस जंघेल, ज़िला उपाध्यक्ष ठाकुर निहाल, नगर मंत्री सन्दीप चौधरी, कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह, बजरंग दल के नगर संयोजक रोहित दूबे, विहिप तथा बजरंग दल के कार्य कर्ता आज से स्मृति नगर चौकी के पास मुख्य मार्ग में भूख हड़ताल पर बैठे हैं। आज पहले दिन राजीव चौबे भूख हड़ताल पर हैं।

कांग्रेस नेता अरुण सिसोदिया ने बताया कि आदिवासी युवक की हत्या के बाद परिवार का युवा के जो की मजदूरी का काम करता था उसके पांच बच्चे और पत्नी के भरण पोषण के समक्ष रोजी रोटी की समस्या उत्पन्न हो गई है। जिसमें की चार छोटी-छोटी लड़कियां हैं और सबसे छोटा एक तीन वर्ष का लड़का है। श्री सिसोदिया ने बताया कि पीड़ित के घर पहुंच कर उसे अधिकार दिलाने उसके साथ संवेदनशीलता पूर्वक सहयोग करन के साथ ही साथ प्रशासन से 10 लाख रुपए मुआवजा, एक नौकरी और साथ ही साथ बच्चों की पढ़ाई का पूरा व्यवस्था करने की मांग शासन प्रशासन से की है। इस प्रतिनिधि मंडल में अरुण सिंह सिसोदिया सरसी घोष, फारुक खान, राजू पाल, प्रमोद यादव उपस्थित रहे। कल प्रतिनिधिमंडल जिलाधीश से मिलेगा और अपनी बात रखेगे।

# जीवन दीप समिति कर्मियों को कलेक्टर दर पर भुगतान



**भिलाईनगर,** 19 सितम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री सैय्यद असलम ने कलेक्टर दुर्ग से जिले के अंतर्गत सभी शासकीय स्वास्थ्य केंद्रों में रखे गये जीवन दीप समिति कर्मचारियों को कलेक्टर दर भुगतान करने की मांग रखी है। प्रांतीय महामंत्री सैय्यद असलम ने बताया कि पाटन, धमधा, निकुम ओर शासकीय अस्पताल सुपेला, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों भिलाई 3 सहित अन्य स्वास्थ्य केंद्र में न्यूनतम मानदेय पर जीवन दीप समिति कर्मचारियों सफाई कर्मी, अंटेडेन्ट, वार्ड ब्वाय, चौकीदार, डाटा आपरेटर, ओर आया रखकर अस्पतालों में नियमित कर्मचारियों जैसे कार्य लिया जाता है। जीवन दीप समिति अध्यक्ष सरस्वती चंद्रकार संभागीय अध्यक्ष अजय नायक जिला अध्यक्ष सत्येन्द्र गुप्ता महामंत्री लक्ष्मी कांत धोटे जिला अस्पताल दुर्ग के संयोजक राघवेंद्र साहू जिला सचिव खिलावन चंद्रकार बीईटीओ प्रकोष्ठ संयोजक बी एल वर्मा, जी मोहन राव, उप प्रातांध्यक्ष प्रमेश पाल ने बताया कि महंगाई के इस दौरान 3000 से 4000 रूपये मासिक मानदेय पर गुज़र करना दुर्लभ है कलेक्टर पुष्पेन्द्र मीणा ने जिला चिकित्सालय दुर्ग में कार्यरत जीवन दीप समिति कर्मचारियों को कलेक्टर दर पर भुगतान करने आदेश दिया जिसका हम स्वागत करते हुए जिले के अन्य स्वास्थ्य केंद्र के जीवन दीप समिति कर्मचारियों को भी कलेक्टर दर भुगतान करने पहल करनी चाहिए।

# यश कंपनी की 8.39 करोड़ की संपत्ति की नीलामी 21.11करोड़ में

**भिलाईनगर,** 19 सितंबर (देशबन्धु)। वर्ष 2016 से यश ड्रीम रियल स्टेट कंपनी के विरूद्ध संपत्ति की कुर्की की कार्रवाई के संबंध में लंबित प्रकरण पर कुर्की उपरांत नीलामी की कार्यवाही पूर्ण कर ली गई है। निवेशको के हितों का संरक्षण के अधिनियम 2005 के तहत् निवेशकों से धन राशि जमा कराकर उनके धन की राशि वापस नहीं किये जाने के कारण यश ड्रीम रियल स्टेट कंपनी और संचालकों की संपत्तियों को कुर्क करने के लिए अंतरिम कुर्की आदेश को विशेष न्यायालय दुर्ग द्वारा अत्यांतिक पुष्टि की गई थी। कलेक्टर दुर्ग पुष्पेन्द्र कुमार मीणा द्वारा कुर्की की गई संपत्ति का विकय तथा निवेशकों को नियमानुसार राशि वापसी की कार्यवाही पूर्ण करने हेतु तहसीलदार दुर्ग, भिलाई-3 एवं पाटन को प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया गया था। प्रथम चरण में तहसील पाटन में स्थित संपत्ति की नीलामी 31 अगस्त को गई, जिसके अंतर्गत एक करोड़ 17 लाख में संपत्ति की नीलामी की गई। द्वितीय चरण में तहसील दुर्ग अन्तर्गत स्थित संपत्ति की नीलामी 4 सितंबर 2023 को तहसीलदार दुर्ग द्वारा की गई। तहसील दुर्ग के कोहका, नागपुरा, अंजोरा एवं अंडा स्थित 6 स्थानों के लगभग 4 करोड़ 41 लाख 37 हजार 884 रूपये की राशि के संपत्ति की नीलामी में कुल राशि 20 करोड़ 49 लाख 82 हजार रुपए की प्राप्ति हुई हैं। तृतीय चरण में भिलाई-3 तहसील में स्थित संपत्ति की नीलामी की कार्रवाई की गई। भिलाई 03 तहसील अन्तर्गत ग्राम कुगदा एवं उम्दा में स्थित 8.39 करोड़ की संपत्ति की नीलामी 21.11 करोड़ में की गई। समस्त नीलामी उपरांत प्राप्त राशि से निवेशकों की राशि वापसी की कार्यवाही जल्द ही प्रारंभ की जाएगी।

# 21 को भिलाई में राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन



## कलेक्टर ने की तैयारियों की समीक्षा

**भिलाईनगर,** 19 सितंबर (देशबन्धु)। जिले के भिलाई नगर स्थित जयंती स्टेडियम के पास 21 सितंबर को राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने तैयारियों की आज सोमवार को समीक्षा बैठक ली। उन्होंने इस संबंध में अधिकारियों को आवश्यक मार्गदर्शन दिये। कलेक्टर ने विभागीय स्टाल में गोधन समृद्धि गौठान का मॉडल, गौठानो में अजिविका का उत्पाद, बाड़ी योजना, नरवा का मॉडल, रीपा एवं उत्पाद का प्रदर्शन, सी.मार्ट, संजिवनी, मिलेट कैफे, हमर लैब, हाट बाजार क्लीनिक, मितान, धनवंतरी दवाई दुकान, छत्तीसगढ़िया ओलंपिक आदि की प्रदर्शन के संबंध में विभागवार जानकारी ली। उन्होंने विभागीय स्टाल में योजनाओं के उपलब्धियों की राज्य स्तरीय संख्यात्मक जानकारी मय फोटोग्राप्स प्रदर्शित करने कहा। कलेक्टर ने आयोजन की गरिमा को ध्यान में रखते हुए हेलीपेड, मंच, स्वागत हेतु पर्याप्त बुके, सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुती, लोकार्पण भूमि पूजन शीलालेख में एकरूपता अतिथियों के लिए टाकिंग पॉइंट और वाहन पार्किंग व्यवस्था के संबंध में चर्चा कर अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों के अनुरूप बेहतर प्रबंध करने निर्देशित किया है। बैठक में एडीएम अरविंद एक्का, नगर निगम भिलाई के आयुक्त अपर कलेक्टर रोहित व्यास, नगर निगम दुर्ग के आयुक्त लोकेश चंद्राकर, नगर निगम रिसाली के आयुक्त आशीष देवांगन, अपर कलेक्टर श्रीमती योगिता देवांगन एवं गोकुलराम रावटे, एसडीएम मुकेश रावटे एवं जागेश्वर कौशल, सभी तहसीलदार एव नायब तहसीलदार और नोडल अधिकारी उपस्थित थे।

# दुबई में साहित्यकार परदेशी राम सम्मानित

**भिलाईनगर,** 19 सितम्बर (देशबन्धु)। अंतराष्ट्रीय हिन्दी उत्सव 2023 के अवसर दुबई में आयोजित वैचारिक एवं सांस्कृतिक संगोष्ठी में हिन्दी कथा लेखन के लिए सम्मान प्रदान किया गया। डॉ. परदेशीराम वर्मा को यह प्रथम सम्मान हिन्दी दिवस पर प्रदान किया गया। अकादमिक समन्वय डॉ. रविन्द्र कात्यायन एवं समन्वयक डॉ. सुधीर शर्मा ने कार्यक्रम का संचालन किया। उल्लेखनीय है कि डॉ. परदेशीराम वर्मा की कृतियाँ एम.ए.हिन्दी एवं विभिन्न कथाओं के पाठ्यक्रम में शामिल है। मुख्य अतिथि डॉ. आरती लोकेश वरिष्ठ साहित्यकार एवं संपादक दुबई डॉ.कुलबूषण व्यास वरिष्ठ साहित्यकार दुबई डॉ.आलोक कुमार, सुश्री मधुलिका लेखिका कवियित्री दुबई ने अपना व्याख्यान दिया। डा. परदेशीराम वर्मा ने कहा कि हिन्दी साहित्य की समृद्धि में छत्तीसगढ़ का उल्लेखनीय योगदान है। महावीर प्रसाद द्विवेदी ने अपने विचार व्यक्त किये। छत्तीसगढ़ हिन्दी के महान कवि मुक्तिबोध की साधना का अंचल है। इस सांस्कृतिक यात्रा में साहित्यक 40 लेखकों के साथ डॉ.परदेशीराम वर्मा परिवार के महेश वर्मा, श्रीमती स्मिता वर्मा, राजेन्द्र साहू, नीतीश एवं खुशबू शामिल थे। महेश एवं राजेन्द्र साहू ने मंचीय प्रदर्शन तथा गायन प्रस्तुत किया। इन दोनों कलाकारों के साथ ही प्रतिभागी साहित्यकारों का आत्मीय सम्मान स्मृति चिन्ह देकर किया गया। इस अवसर पर स्मारिक दुबई में हिन्दी का विमोचन किया गया। इस स्मारिका में प्रतिभागी साहित्यकारों की प्रेरक रचनाओं का संपादन जे.के.डागर एवं डॉ. सुधीर शर्मा ने किया है। स्मारिका के प्रधान संपादक डॉ. परदेशीराम वर्मा है। विभिन्न रचनाकारों की पुस्तकों का विमोचन भी इस प्रथम सत्र में किया गया। काव्य संग्रह वक्त डगर की विजय गुप्ता, कहानी संग्रह जीवन की लहरें, जे.के. डागर, काजल मुले लिखित दोस्तों के साथ का विमोचन हुआ।

# चंद घंटे में हत्या के आरोपी पुलिस गिरफ्त में



**भिलाईनगर,** 19 सितम्बर (देशबन्धु)। इंदिरा चौक स्टेशन मरोदा में हुई हत्या के मामले की गुथ्थी पुलिस ने चंद घेटे में सुलझा ली है। पुलिस के अनुसार इंदिरा चौक निवासी महिला ने 17 सितम्बर को सुबह अपने काम पर गई थी शाम को घर वापस आई तो इनका देवर सन्नी उर्फ नेपाली रापजूत घर के बिस्तर में मरा पडा था। तब अपने पति दीपक राजपूत से पूछी तो बताया कि दोनो में झगडा होने से सन्नी उर्फ नेपाली ने उसे मारा तो इनके पति दीपक राजपूत ने आवेश में आकर ठोस वस्तु से ताबडतोड हमला कर में दाहिने कान के पीछे, गला, कमर में मारपीट कर गंभीर चोट पहुंचाकर हत्या करना बताया तथा किसी को बताने पर सूचनाकर्ता को भी यही हाल करने की धमकी जिससे वह अपने मायके स्टेशन मरोदा रात्रि में डर के कारण चले गई और किसी को नहीं बताई। 18 सितम्बर को सुबह अपनी मां को घटना के बारे में बताकर उनके साथ नेवई पुलिस को इसकी जानकारी दी। मर्ग होने की सूचना पर तत्काल घटना स्थल इंदिरा चौक स्टेशन मरोदा मृतक के घर गया जहां मृतक नहीं मिलने पर आस पास पता तलाश करने पर मृतक के घर पास डबरी में मृतक सन्नी उर्फ नेपाली राजपूत को पानी में डूंबा था किन्तु उसका सिर दिख रहा था। जिसे बाहर निकाला गया मृतक को पत्थर से बांध कर पानी में डूबा दिया गया था। सिर में गंभीर चोट लगा था। मृतक के शव को पंचनामा कर पीएम हेतु दुर्ग मर्चुरी रवाना किया गया है। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक दुग शलभ सिन्हा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर संजय कुमार ध्रुव एवं नगर पुलिस अधीक्षक भिलाई नगर विश्वदीप त्रिपाठी एवं निरीक्षक ममता अली शर्मा के मार्गदर्शन में हत्या के फरार आरोपी को पकडने के टीम गठित कर अलग अलग दिशा में टीम रवाना किया गया। आरोपी को संभावित आने जाने वाले जगहो पर नजर रखी गई थी। आरोपी बडी घटना कारित किया है बाहर भाग जाने की संभावना पर रेल्वे स्टेशन व बस स्टेशन में भी टीम लगाया गया थाए तभी आरोपी की सूचना मिलने पर त्वरित कार्यवाही करते हुये गठित टीम द्वारा घटना के कुछ घण्टों बाद आरोपी दीपक राजपूत 22 साल को घेरा बंदी कर पकड़ा गया। आरोपी के विरूद्ध धारा 302, 201 का अपराध कायम दर्ज कर विवेचना में लिया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी नेवई ममता अली शर्मा, उनि डी आर नारंगे, सउिन रामचंद कंवर, गंगाराम यादव, प्रआर जगतपाल जागडे, आरक्षक विकास शर्मा, चंदन भास्कर, शैलेष मौर्या, रवि बिसाई, लक्ष्मीनारायण यादव, छत्रपाल वर्मा, चितरंजन देवांगन का योगदान रहा।

### खुर्सीपार मलकीत हत्याकांड में एक अन्य आरोपी शुभम गिरफ्तार

खुर्सीपार में मलकती सिहं हत्याकांड में 30 सीसीटीवी विश्लेषणए आईपीडीआर, सीडीआर विश्लेषण, अन्य चश्मदिदो से पूछताछ पर हुई आरोपी की पहचाने के बाद फरार आरोपी शुभम को आज गिरफ्तार कर लिया गया। इस हत्याकांड में पुलिस ने पहले ही 4 आरोपी तरुण, तसबुर, शुभम लहरे, फैसल एवम 1 विधि के विरुद्ध अपचारी बालक के विरुद्ध कार्यवाही कर गिरफ्तारी की गई। मामले के पूरे घटनाक्रम में 30 से अधिक सीसीटीवी विश्लेषण, आईपीडीआर, सीडीआर विश्लेषण एवम अन्य चश्मीदीदो से पूछताछ पर एक अन्य युवक जिसका नाम शुभम है, के खिलाफ अपराध सबूत पाए जाने पर गिरफ्तार कर विधिवत न्यायिक रिमांड में भेजा गया। शुभम शर्मा जोन 1 खुर्सीपार निवासी बताया गया है।

# डेंगू, 2449 घरों का किया गया सर्वेक्षण



**भिलाईनगर,** 19 सितम्बर (देशबन्धु)। भिलाई में डेंगू की रोकथाम हेतु संयंत्र, जिला प्रशासन और अन्य एजेसिंयों द्वारा निरन्तर प्रयास किए जा रहे हैं। डेंगू के सर्वे में लगी हुई टीम के सदस्यों द्वारा सेक्टर-2, 01, मरोदा एवं रिसाली सेक्टर के साथ ही पूरे टाउनशिप में सघनता के साथ जांच कार्य किया जा रहा है। साथ ही सेक्टरों में फागिंग कार्य भी द्रुतगति से किया जा रहा है जिससे उत्पन्न लार्वा को समय रहते नष्ट किया जा सके एवं डेंगू के मच्छर को पनपने से रोका जा सके। विदित हो कि दुर्ग जिला और इस्पात नगरी भिलाई में डेंगू के बढ़ते प्रकरणों के रोकथाम के लिये संयंत्र के जनस्वास्थ विभाग एवं जिला मलेरिया विभागए दुर्ग द्वारा संयुक्त रूप से वृहद सर्वेक्षणए लार्वानाशी के नि:शुल्क वितरण एवं जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। लार्वा सर्वे टीम द्वारा प्रतिदिन घर.घर जाकर कूलर, गमले, पॉट, फ्रीज वाशिंग मशीन व अन्य स्थानों सहित पानी जमा होने वाले पात्रों की सघन जांच कर लार्वा मिलने पर टेमीफोस का घोल डालकर विनिष्टीकरण किया जा रहा है एवं पात्रों को खाली कराया जाता है। इसके साथ ही संधिग्ध क्षेत्रों में दवाओं का छिड़काव, फॉगिंग, ऑयलिंग, घरों में टेमीफॉस का वितरण और बैकलाइन क्षेत्रों में फॉगिंग एवं दवाओं का स्प्रे किया जा रहा है। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार इस्पात नगरी के कुल 2449 घरों का सर्वेक्षण किया गया। जिसमें से 2174 पात्रों, कूलर और अन्य जल एकत्र किए स्थानों का सर्वे किया और उन्हें साफ भी करवाया गया। सर्वेक्षण अभियान में लार्वा पाए गए 157 घरों में दवाओं का छिड़काव किया गया। इस सर्वेक्षण अभियान के तहत 104 घरों में स्प्रे किया गया तथा 1400 घरों में टेमीफॉस दवाई का वितरण किया गया। सेक्टर-2, स्ट्रीट 15, 15/ए, व इसके बैकलाइन क्षेत्रों तथा सेक्टर-2 व 6 के बीएसएफ कैम्प एवं सीआईएसएफ कैम्प-3 और सेक्टर-1 स्ट्रीट-27, 29, में मिस्ट ब्लोवर मशीन के माध्यम से स्प्रे किया गया। सेक्टर-2 मरोदा तथा बैकलाइन क्षेत्रों में आइलिंग का कार्य किया गया। पोर्टेबल फॉगिंग मशीन की सहायता से सेक्टर-2 स्ट्रीट 15 व इसके बैकलाइन क्षेत्रों तथा सेक्टर-2 व सेक्टर-6 स्ट्रीट 18 के बीएसएफ कैम्प एवं सीआईएसएफ कैम्प-3 और सेक्टर-1 के विशेष स्थानों में फॉगिंग का कार्य किया गया। इसके अतिरिक्त सेक्टर-02, 01, मरोदा एवं रिसाली सेक्टर में पॉम्पलेट वितरण करके एवं माइक के माध्यम से लोगों को डेंगू के लक्षण व रोकथाम के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान कर जागरूक किया गया। इसके साथ ही व्हीकल माउंटेड मशीन के माध्यम से सेक्टर-2 के विशेष स्थानों में वाटर फॉगिंग का कार्य किया गया। भिलाई टाउनशिप क्षेत्र के रहवासियों को टेमीफॉस का वितरण करए साफ-सफाई रखने, वर्षा जल को जमा न होने देने, मच्छरदानी का उपयोग करने की सलाह दी गई। इस्पात नगरी क्षेत्र के सभी निवासियों से अनुरोध है कि वे सतर्क हो जाये और मच्छरों और लार्वा को समाप्त करने के लिये सामूहिक रूप से निरंतर प्रयास करें। भिलाई इस्पात संयंत्र के जनस्वास्थ्य विभाग और जिला मलेरिया उन्मूलन विभाग, स्वास्थ्य सेवाएं विभाग की देखरेख में पूरी गति से सर्वे और जनजागृति लाने का प्रयास किया जा रहा है। नगर सेवा विभाग के जनस्वास्थ्य विभाग के कार्मिकों के मार्गदर्शन में मच्छरों को समाप्त करने और मच्छरों की उत्पत्ति को रोकने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

# कविता वासनिक को प्रथम मंजरी सम्मान 2023




**भिलाईनगर,** 19 सितंबर (देशबन्धु)। लोकमंजरी का 31 वां स्थापना दिवस पर मुख्य अतिथि साहित्यकार इन्दुशंकर मनु थे। इस अवसर पर लोक गायिका कविता वासनिक को प्रथम मंजरी सम्मान 2023 दिया गया। सम्मान अर्जित करने के पश्चात उन्होंने कहा कि किसी भी सांस्कृतिक संस्था का 31 साल तक जीवित रहना कोई सहज कार्य नहीं है। लोकमंजरी का संघर्ष एवं समर्पण दूसरे सांस्कृतिक संस्थाओं के लिए मार्गदर्शक जैसा है। इससे कलाकारों की तपस्या और समर्पण का भाव पता चलता है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मनु ने लोकमंजरी संस्था की शुरुआत से 31 वर्ष की यात्रा को रेखांकित करते हुए आगामी दिनों में उत्तरोत्तर विकास की कामना की। संस्था के संस्थापक सदस्य टिकेश्वरी देशमुख ने लोक कला की धरोहर को सुव्यवस्थित और मजबूती प्रदान करने की दिशा में 11 सदस्य निदेशक मंडल की घोषणा की। आयोजकीय वक्तव्य देते हुए संयोजक पुन्नू यादव ने संस्थान के उत्तरोत्तर विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि संस्था नए पुराने कलाकारों की परस्पर सहभागिता और अपनी कलाकारों की संस्था के रूप में नित नये आयाम छू रही है। जिनमें संग्रहालय, लोककला अकादमी की स्थापना, लोकनाट्य देवारी के सतत मंचन एवं छत्तीसलोक पत्रिका का पुनरूप्रकाशन प्रमुख है। कार्यक्रम के दौरान लोकगायिका पुष्पलता नेताम, माधव कुशवाहा, नंदनी यदु, रामेश्वरी यादव, लक्ष्मी कंवर, राकेश देशमुख, आर्यन अनन्त, सुनीता यादव, तरुण निषाद, कंचन, कौशल्या निषाद ने गीत एवं नृत्य प्रस्तुत किया। संगीत पक्ष के कलाकार ओमप्रकाश साहू, सतीश सिंह, राजा जैन, दुर्वासा टंडन, ईकराज सिंह, भामरा, जगतपाल, वीरेंद्र शर्मा, शिवा, दिनेश यादव ने सांगीतिक प्रस्तुति दी। स्वागत वक्तव्य संस्था अध्यक्ष तरुण निषाद, संचालन सहदेव देशमुख, आभार व्यक्त ऋषि गजपाल ने किया। इस आयोजन में रजनी रजक, हरी सेन, डा. सरिता साहू, रूपा साहू, शैलेंद्र चंद्रवंशी, गौतम निर्मलकर, निर्मल देवदास, निशा कौर, अंजलि भगत, संतमणि कौशल, रिंकू ठाकुर, रंजीत साहू, संतोष कश्यप, वेदमणि पटेल, अरुण वर्मा, शैलेंद्र शेण्डे शैली, नगीना यादव, सुरेंद्र शर्मा, माधव माँझी, के अलावा स्थानीय कलाकार एवं संगीत प्रेमी बड़ी संख्या में मौजूद थे।

# सिंह चौथी बार क्यूसीएफआई के बने डायरेक्टर



**भिलाईनगर,** 19 सितम्बर (देशबन्धु)। क्वालिटी सर्कल फोरम ऑफ इंडिया (क्यूसीएफआई) के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स के लिए हुए चुनाव क्यूसीएफआई के हेडक्वाटरए हैदराबाद से जारी चुनाव परिणाम में भिलाई चेप्टर के सचिव तथा भिलाई इस्पात संयंत्र के पूर्व मुख्य महाप्रबंधक सुरक्षा एवं अग्नि शमन सेवाए जी पी सिंह सेंट्रल जोन से डायरेक्टर निर्वाचित घोषित किए गए। इस प्रकार जी पी सिंह ने लगातार चौथी बार क्यूसीएफआई के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर हेतु चुने गये। उनका यह कार्यकाल वर्ष 2023 से 2026 के मध्य तीन वर्षों के लिए होगा। विदित हो कि क्वालिटी सर्कल फोरम ऑफइंडिया देश की एक प्रतिष्ठित संस्था है। जिसके पूरे देश में 35 चेप्टर्स संचालित है। क्यूसीएफआई पूरे देश में विभिन्न क्वालिटी कॉन्सेप्ट्स के प्रचार प्रसार व क्रियान्वयन तथा प्रमाणन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती आ रही है। विदित हो कि जी पी सिंह अपने इनोवेटिव कार्यों के लिए जाने जाते हैं। क्यूसीएफआई में उन्होंने कई नई परम्पराओं को जन्म देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। श्री सिंह ने क्यूसीएफआई में पहली बार सेफ्टी सर्कल जैसे नये कॉन्सेप्ट के निर्माण तथा इसके क्रियान्वयन में अहम रोल अदा किया है। श्री सिंह ने चीन तथा जापान में आयोजित इंटरनेशनल कन्वेंशन ऑन क्वालिटी कंट्रोल सर्कल में भी प्रतिभागिता की है। जी पी सिंह के नाम 6 पेटेंट तथा 3 कॉपीराइट होने के साथ ही उन्हें सृजनात्मक कार्यों के लिए चार बार राष्ट्रीय विश्वकर्मा पुरस्कार से सम्मानित किया गया है एवं उन्हें मोस्ट इनोवेटिव मैनेजर के अवार्ड से भी नवाजा गया है।

# बागेश्वर धाम का कार्यक्रम स्थगित

**भिलाईनगर,** 19 सितम्बर (देशबन्धु)। पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री बागेश्वर सरकार धाम वाले भिलाई में होने वाला 3 दिवसीय कार्यक्रम वर्तमान में स्थगित कर दिया गयाहै। ज्ञात हो कि 22 सितंबर से लेकर 24 सितंबर तक भिलाई की जयंती स्टेडियम में उनकी कथा होने वाली थी। जो किसी औपचारिक कानूनी और पं. धीरेन्द्र शास्त्री के बिजी शेड्यूल की वजह से स्थगित हो गई है। बोल बम सेवा समिति एवं कल्याण के अध्यक्ष दया सिंह ने बताया कि हनुमंत कथा और दरबार आने वाले दिनों में स्थगित कर दी गई है। अगली तारीख जल्द बताई जाएगी। दया सिंह न बताया कि हालांकि पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा है कि वे भिलाई आएंगे और उनका दौरा पक्का है। तारीख अभी तय हुई है। तारीख का ऐलान आने वाले दिनों में किया जाएगा।

## चौक-चौराहा व घरों में विराजे गणपति बप्पा

**सिमगा,** 19 सितंबर। आज गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर नगर के चौक चौराहा एवं घरों में भगवान गणेश की प्रतिमा विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर स्थापना किया गया। गणेश चतुर्थी का पर्व पूरे 10 दिनों तक मनाया जायेगा।



# मुख्यमंत्री ने ननि भिलाई को 65 करोड़ 75 लाख लागत की दी 48 विकास कार्यों की सौगात

**भिलाई नगर,** 19 सितंबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज नगर निगम भिलाई अंतर्गत सेक्टर-1 नेहरू सांस्कृतिक भवन में आयोजित आभार सम्मेलन में शिरकत करने के पूर्व यहां पर 65 करोड़ 75 लाख 12 हजार रूपए लागत के 48 कार्यों का लोकार्पण/भूमिपूजन किया। जिसमें 22 करोड़ 50 लाख 28 हजार रूपए लागत के 19 कार्यों का लोकार्पण तथा 43 करोड़ 24 लाख 84 हजार रूपए लागत के 29 कार्यों का भूमिपूजन शामिल है। इस अवसर पर गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, विधायक देवेंद्र यादव, महापौर नीरज पाल एवं अन्य जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री बघेल ने भिलाई की अपनी समस्याएं हैं। भिलाई को भी रोजगार, विकास के लिए जूझना पड़ा है। जब प्लांट को यहां जमीन दी गई थी तो इन्हें कम्युनिटी डेवलपमेंट के लिए दी गई थी ताकि यहां स्वास्थ्य, शिक्षा, मूलभूत सुविधाओं का विकास कर रहे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। यहां के लोग लगातार संघर्ष करते हुए, आपके जीवनभर की कमाई आपने भिलाई स्टील प्लांट को दे दिया, लेकिन आपको हक नहीं मिला। आपके मेहनत के वजह से और यहां के जनप्रतिनिधि की वजह से आज लगभग 500 लोगों की रजिस्ट्री हो गई है। प्लांट यदि राज्य सरकार को वापस कर दे तो जमीन का मालिकाना हक आपका हो जाएगा। आज 23 साल बीत गया। अब आपको आपकी जमीन वापस मिलेगी। आपको बिजली बिल हाफ योजना का लाभ मिल रहा है। चाहे पेयजल हो, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल हो, सबका लाभ आप सभी को मिले। यही मैं कहना चाहता हूं। हमने टाटा के साथ एमओयू किया ताकि हमारी आईटीआई को अपडेट किया जा सके। इससे 10 हजार से ज्यादा युवाओं को रोजगार मिलेगा। हम लगातार नौकरियां दे रहे हैं, हमने लगभग 20 हजार शिक्षकों की भर्ती की। हम लगातार आपके विकास के लिए काम कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री द्वारा लोकार्पित कार्यों में 29 लाख 82 हजार रूपए लागत से जोन 01 नेहरू नगर वार्ड क्रमांक 1, 2, 3 के मार्गो के सीमेंटीकरण नाली निर्माण एवं सिवरेज लाईन कार्य, 30 लाख रूपए लागत से जोन 1 नेहरू नगर वार्ड क्रमांक 4, 5, 6 मार्गों का सीमेंटीकरण एवं नाली निर्माण पुलिया निर्माण कार्य, 25 लाख रूपए लागत से जोन 1 नेहरू नगर वार्ड क्रमांक 7, 9, 10 के मार्गो का सीमेंटीकरण एवं नाली निर्माण एवं पुलिया निर्माण कार्य, 29 लाख 96 हजार रूपए की लागत से जोन 1 नेहरू नगर वार्ड क्रमांक 11,12,13 के मार्गों का सीमेंटीकरण एवं नाली निर्माण एवं पुलिया निर्माण कार्य, 25 लाख 77 हजार रूपए की लागत से जोन 1 नेहरू नगर वार्ड क्रमांक 17, 18 के मार्गों का




सीमेंटीकरण कार्य, 98 लाख 9 हजार रूपए लागत से जोन 1 नेहरू नगर वार्ड क्रमांक 4 एवं 5 में बायपास रोड से कोसा नगर पुलिया तक डामरीकृत मार्गों का नवीनीकरण कार्य, 90 लाख रूपए की लागत से जोन 2 वैशाली नगर वार्ड 14 शांति नगर दशहरा मैदान का उन्नयन कार्य, 1 करोड़ के लागत से जोन 2 वैशाली नगर गौरव पथ से आजाद चौक होते हुए मुक्तिधाम सामने एवं पापुलर सायकल स्टोर्स से आजाद चौक तक डामरीकृत मार्ग का उन्नयन कार्य, 1 करोड़ रूपए की लागत से जोन 2 वैशाली नगर इंदिरा चौक से दुबे पानपैलेस होते हुए भगत सिंह चौक से सड़क 9 हनुमान मंदिर तक एवं जोन 2 कार्यालय के आस-पास मार्गों में डामरीकरण एवं उन्नयन कार्य, 64 लाख 15 हजार रूपए के लागत से जोन 4 शिवाजी नगर वार्ड 40 मुक्तिधाम एवं दर्री तालाब का सौंदर्यीकरण कार्य, 84 लाख रूपए के लागत से जोन 4 शिवाजी नगर वार्ड 42, 43, 44 में उद्यान का जिर्णोधार व सामुदायिक भवन निर्माण कार्य, 1 करोड़ 22 लाख 73 हजार रूपए लागत से जोन 4 शिवाजी नगर वार्ड 45 में बीएसपी कन्याशाला के पिछे ग्राउंड में प्रकाश व्यवस्था एवं डिजिटल कम्प्यूटर लाईब्रेरी उदय मंडल में भवन निर्माण एवं जिम सामग्री प्रदाय कार्य, 1 करोड़ 36 लाख रूपए लागत से जोन 4 शिवाजी नगर वार्ड 46 एवं 50 में नवीन कालेज ग्राउंड में प्रकाश व्यवस्था दुर्गा मंदिर का जीर्णोद्धार बाबा बालक नाथ तालाब का सौंदर्यीकरण कार्य, 7 करोड़ की लागत से जोन 4 शिवाजी नगर खुर्सीपार अंतर्गत बीपीओ सेंटर का निर्माण कार्य, 40 लाख रूपए लागत से जोन 5 वार्ड 57, 59, 60 में चौनलिंक फैसिंग, डोम सेड सौंदर्यीकरण एवं फेवर ब्लाक कार्य, 1 करोड़ 66 लाख लागत से जोन 5 वार्ड 57, 52, 64, 66 में स्मार्ट सड़क अतिरिक्त कक्ष उद्यान कक्ष सेंट्रल एवेन्यू पाथ्वे एवं नाली निर्माण कार्य, 1 करोड़ 41 लाख 16 हजार रूपए लागत से जोन 5 वार्ड 70 हुड़को में वाचनालय डामरीकरण एवं नवीनीकरण फेवर ब्लाक बोर खनन बैडमिंटन कोर्ट आंगनबाड़ी निर्माण कार्य, 2 करोड़ 10 लाख रूपए की लागत से पंडित जवाहर लाल नेहरू प्लेनेटेरियम कार्य तथा 57 लाख रूपए लागत से जोन 1 नेहरू नगर शहीद स्मृति स्थल सौंदर्यीकरण कार्य शामिल है।

**मुख्यमंत्री बघेल ने किया शहीद परिवारों से भेंट**

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने नगर निगम भिलाई के नेहरू नगर चौक शहीद स्मृति स्थल में शहीद परिवारों से भेंट मुलाकात कर नेहरू जी की मूर्ति का अनावरण और चौक सौंदर्यीकरण का अवलोकन किया। उन्होंने यहां पर शहीदों को सम्मान में राष्ट्रीयध्वज फहराया। इस अवसर पर गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, विधायक देवेंद्र यादव, महापौर नीरज पाल एवं अन्य जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# विधायक छाबड़ा दो दिवसीय अखंड सत्यनाम धुन में हुए शामिल



**बेमेतरा,** 19 सितंबर (देशबन्धु)। वार्ड नंबर 6 मोहभटठा में दो दिवसीय 18/9/23 और 19/9/23 को अखंड सत्यनाम धुन का आयोजन किया गया। आज कार्यक्रम के अंतिम दिवस 19/9/23 के दिन विशिष्ठ अतिथि के रुप में माननीय विधायक आशीष छाबड़ा जी शामिल हुए व सदगुरु कबीर साहब, पंथ श्री हुज़ूर प्रकाशमुनि नाम साहेब जी के श्री चरणों में नमन कर समस्त क्षेत्रवासियों के खुशहाल एवं समृद्धि जीवन की कामना किया। इस कार्यक्रम के व्यवस्थापक आमीन माता महिला मंडल, श्री सतगुरु कबीर नवयुवक समिति व श्री सदगुरू कबीर सेवा समिति मोहभठ्ठा व समस्त वार्डवासियो के सहयोग से किया गया।

# सीएम ने किया इंडोर स्टेडियम व बीपीओ सेंटर का लोकार्पण

**भिलाई नगर,** 19 सितंबर (देशबंधु)। प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज नवनिर्मित इंडोर स्टेडियम का लोकार्पण किया गया। उसी के साथ ही खुर्सीपार आईटीआई के पास बने बीपीओ सेंटर का भी लोकार्पण सीएम ने किया। सीएम भूपेश बघेल ने फीता काट कर लोकार्पण किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से विधायक देवेंद्र यादव, महापौर नीरज पाल सहित सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित रहे। विधायक श्री यादव ने युवाओं को रोजगार देने के शुरू किए गए बीपीओ सेंटर का लोकार्पण के लिए सीएम का आभार जताया।साथ ही 3 करोड़ की लागत से खुर्सीपार में इंडोर स्टेडियम बनाया गया है। जहाँ कई तरह के खेल सुविधा डेवलप किया गया है। इसके लिए भी आभार जताया। विधायक ने बताया कि इंडोर स्टेडियम में बैडमिंटन कोर्ट बनाया गया है। उसमें 2 नग वुडन फ्लोरिंग है। टेबल टेनिस के तीन कोर्ट है। कैरम रूम बनाएं गए है। 3 बोर्ड शतरंज और एक हॉल भी बनाया गया है।



- 500 युवाओं को मिलेगा रोजगार
- विधायक देवेंद्र यादव ने जताया आभार

**युवाओं को मिलेगा लाभ, आईटी सेक्टर में नया कदम**

भिलाई नगर विधायक यादव ने बताया कि बीपीओ कॉल सेंटर खुलने से हजारों बेरोजगार युवक, युवतियों को रोजगार मिल सकेगा। बीपीओ कॉल सेंटर में भिलाईनगर विधायक देवेंद्र यादव और महापौर नीरज पाल ने बताया कि बड़ी-बड़ी कंपनियां सॉफ्टवेयर विकसित करती हैं। उन्हें ऐसे सेंटरों की आवश्यकता होती है। इसे ध्यान रखकर ही बीपीओ सेंटर खोले जाने का निर्णय लिया गया है। इससे भिलाई को आगामी दिनों में आईटी सेक्टर के रूप में पहचान मिलेगी। हार्डवेयर से जुड़ी जानकारी भी बीपीओ कॉल सेंटर में दी जाएगी। यह आईटी सेक्टर में भिलाई के बढ़ते कदम हैं। आगामी दिनों में आईटी से जुड़े कई बड़े काम प्रस्तावित किए जाने हैं। इन्फर्मेशन टेक्नोलॉजी से जुड़े स्टूडेंट्स और एक्सपर्ट्स को जोड़कर काम किया जाना तय किया गया है। हमारी तैयारी लगातार जारी है।

# भाजपा नेता परिवर्तन यात्रा के बदले अपने बुद्धि का परिवर्तन करें : प्रभा



**डोंगरगढ़,** 19 सितंबर (देशबन्धु)। जिला पंचायत सदस्य प्रभा साहू परिवर्तन यात्रा के बहाने डोंगरगढ में पहुंचकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव द्वारा क्षेत्रीय विधायक के होते हुए किसी व्यक्ति विशेष को विधायक बताने तथा विधायक को नीचा दिखाने का कार्य किया है वह बहुत ही घोर निंदनीय है साथ ही किसी व्यक्ति विशेष को पवित्र या अपवित्र कहकर संबोधित करने का जो कार्य किया है वह ओछी मानसिकता को दर्शाती है परिवर्तन यात्रा न करें भाजपा पहले अपने बुद्धि का परिवर्तन करें उसके बाद परिवर्तन के बारे में सोचे प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव जी द्वारा इस प्रकार मां बमलेश्वरी की पवित्र धर्म नगरी डोंगरगढ़ की धाम पर पहुंचकर इस प्रकार कहना छोटी मानसिकता वाली बात एव सनातन या धर्म के नाम पर भाजपा द्वारा किसी को पवित्र या अपवित्र कहना सरासर गलत मैं इस बात का पुरजोर विरोध करती हूं तथा यह बात उस व्यक्ति की सोच के ऊपर निर्भर करती है शिक्षित होकर इस प्रकार की बात करना प्रदेश अध्यक्ष जी को शोभा नहीं देती। छत्तीसगढ़ में जब से मान्य भूपेश बघेल जी की सरकार बनी है तब से छत्तीसगढ़ की सनातन छत्तीसगढ़ की धर्म एवं छत्तीसगढ़ संस्कृति ,की परंपरा, एवं संस्कृति तीज, त्योहारों को सहेजने एवं संवारने का जो काम किए हैं उसे छत्तीसगढ़ की जनता अच्छी तरह से जानती है साथ ही किसानों के हित में लगातार भूपेश बघेल की सरकार कार्य कर रही है जिसे भाजपा के नेता हजम नहीं कर पा रही हैं भाजपा के 15 साल के शासनकाल में भाजपा , छत्तीसगढ़ की संस्कृति को बचाने का काम नहीं कर पाया और ना ही किसानों के हित में काम कर पाया झूठ पर झूठ बोलते गई फिर आज झूठा आरोप लगाकर सत्ता पाने की लालच में परिवर्तन यात्रा की ढोंग कर रही है भाजपा के नेता अनर्गल एवम झूठी बातें कर जनता को भड़काने की काम कर रही है।

## परिवर्तन संकल्प यात्रा पहुंचने के पहले ही कांग्रेसियों ने जमकर किया विरोध

**गंडई पंडरिया,** 19 सितंबर। भाजपा प्रदेश नेतृत्व की ओर से शुरू की गई परिवर्तन संकल्प यात्रा का आज गंडई में दोपहर 11 बजे आने वाली थी। भाजपा संकल्प यात्रा को ऐतिहासिक बनाने के लिए प्रदेश और जिला स्तर के नेताओं सहित स्थानीय स्तर के नेताओं की दो बार बैठक भी किया था। परिवर्तन संकल्प यात्रा पहुंचने के पहले ही कांग्रेसियों ने जम कर विरोध एवं प्रदर्शन करने की तैयारी किया गया। जिसे पुलिस ने रोका फिर भी कांग्रेसियों ने ड्रॉ. रमन सिंह, विक्रांत सिंह और अभिषेक सिंह के विरोध में जाम कर नारेबाजी किए।



## निधन

### जगदीश सेन



**महासमुंद,** 19 सितंबर। स्थानीय वार्ड नंबर 1 शंकर नगर निवासी जगदीश सेन 72 वर्ष का 19 सितंबर को निधन हो गया। अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे एकता चौक स्थित सुपर सेलून के संचालक रोहित सेन के पिता थे।

### अमृतलाल सिन्हा



**दुर्ग,** 19 सितंबर। लोक निर्माण विभाग दुर्ग के सेवानिवृत कर्मचारी, बम्लेश्वरी कॉलोनी बोरसी दुर्ग निवासी अमृत लाल सिन्हा (64 वर्ष) का मंगलवार को आकस्मिक निधन हो गया। जिनकी अंतिम यात्रा आज 20 सितंबर बुधवार को निवास स्थान बम्लेश्वरी कालोनी बोरसी से 11 बजे शिवनाथ नदी मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान करेगी। वे राहुल, प्रियंका व निहारिका के पिता थे।

### आनंद कुमार तिवारी



**भिलाईनगर,** 19 सितंबर। एमआईजी 1/713 आमदी नगर हुडको निवासी सिविल इंजीनियर आनंद कुमार तिवारी, पुत्र एसके तिवारी (पूर्व प्राचार्य,पीएसपी) का निधन 18 सितंबर को इस्पात नगरी भिलाई के निजी अस्पताल में हो गया। वे 50 साल के थे, उनका अंतिम संस्कार 20 सितंबर को रामनगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। पार्थिव शरीर उनके निवास से सुबह 10 बजे रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे आईपीएस मप्र कैडर अरविंद तिवारी के अनुज थे।

# लोधेश्वर महादेव में बनेगा भव्य धर्मशाला जनपद उपाध्यक्ष के हाथों हुआ भूमिपूजन



**डोंगरगढ़,** 19 सितंबर। भगवान भोलेनाथ की लोधेश्वर महादेव घाट ग्राम पंचायत छिपा के मंदिर परिसर में धर्मशाला निर्माण हेतु जनपद उपाध्यक्ष नरेंद्र वर्मा के द्वारा राशि सुकृति प्रदान की गई है जिसकी आज समस्त ग्राम वासियों द्वारा मिलकर भूमिपूजन किया गया। जनपद उपाध्यक्ष ने कहा कि भगवान भोलेनाथ की महिमा अपार है मंदिर परिसर में धर्मशाला निर्माण लोधी समाज में सदियों से चले आ रहा ग्राम के छिपा बगीचा के नाम पर शादी में लगीन में दर्शाया गया है धर्मशाला के निर्माण होने से यात्रियों को ठहरने के लिए एक उचित स्थान मिल जाएगा तथा यात्रियों को बहुत बड़ी सुविधा मिलेगी साथ ही मंदिर परिसर का रौनकता और भी बढ़ जाएगी। भूमि पूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद उपाध्यक्ष नरेंद्र वर्मा क्षेत्र के जनपद सदस्य मनोज सिन्हा सरपंच ग्राम पंचायत छिपा ओमप्रकाश लिल्हारे संकट मेला अध्यक्ष एनेश्वर वर्मा डोंगरगढ़ लोधी सर्किल सामज अध्यक्ष ओमकार लिल्हारे रोहित लिल्हारे गुरूजी दानेश्वर लिल्हारे वा समस्त ग्रामीण उपस्थित थे।

# जनता नहीं चाहती परिवर्तन : नलिनी



**डोंगरगढ़,** 19 सितंबर। प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की सचिव श्रीमती नलिनी मेश्राम ने भारतीय जनता पार्टी द्वारा निकाली गई परिवर्तन यात्रा को ढकोसला करार देते हुए कहा है कि इस यात्रा में जनता जुड़ ही नहीं रही है क्योंकि भूपेश सरकार से जनता इतनी खुश हैं कि उनका ध्यान बीजेपी की ओर नही कांग्रेस पर है गांव गरीब किसान मजदूर बेरोजगार सहित सभी लोगो का जीवन कांग्रेस सरकार में खुशहाल है भारतीय जनता पार्टी के पास ऐसा कोई मुद्दा ही नही बचा है कि वे जनता को अपनी ओर आकर्षित कराए नरवा, गरवा, घुरवा , बाड़ी से जनजीवन में खुशहाली आई है तभी छत्तीसगढ़ को विकास का मॉडल कहा जाता है।

## हरिद्वार में ब्राह्मण महाकुंभ का आयोजन 24 को

**महासमुंद,** 19 सितंबर (देशबंधु)। हरिद्वार उत्तराखंड में 24 सितंबर को विशाल शर्मा एवं डॉ अनीता मिश्रा के संयोजन में ब्राह्मण महाकुंभ का आयोजन 11 सूत्रीय मांगों को लेकर किया गया है। उक्त जानकारी देते हुए छग प्रचारक अनुपम त्रिपाठी ने बताया कि इस महाकुंभ में सभी ब्राह्मण संगठन शामिल होकर अपनी एकता व अखंडता प्रदर्शित करेंगे।

# लाल बहादुर नगर में परिवर्तन संकल्प यात्रा का भव्य स्वागत : हेमलाल

**डोंगरगढ़,** 19 सितंबर (देशबन्धु)। इन दिनों भारतीय जनता पार्टी द्वारा पुरे छत्तीसगढ़ में परिवर्तन यात्रा निकाला गया है,जो रविवार को मोहला से छुरिया होते हुए देर शाम लाल बहादुर नगर में यात्रा का जोरदार स्वागत पूर्व विधायक खेदू राम साहु, पूर्व सरपंच देवेन्द्र साहु एवं भाजपा किसान नेता हेमलाल वर्मा के नेतृत्व में क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीण एवं कार्यकर्ताओं ने किया। यात्रा में प्रमुख रूप से प्रदेश अध्यक्ष भाजपा श्री अरूण साव ,परिवर्तन यात्रा के प्रदेश संयोजक एवं भाठापारा विधायक शिवरतन शर्मा एवं ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भरत वर्मा एवं साथ में सभी अतिथियों का स्वागत के साथ अब नहीं सहिबो बदल के रहिबो के नारा से गुंजा। स्वागत में लाल बहादुर नगर ,मक्काटोला,हीरापुर ,झिंझारी ,गोविंदपुर ,अंडी , मंडीयान एवं धनडोंगरी के कार्यकर्ता शामिल हुए जिसमें प्रमुख रूप से जनपद सदस्य प्रतिनिधि घनश्याम वैष्णव , अंडी सरपंच जसबीर सिंह चौहान, रामाधार ओझा ,शत्रुहन वर्मा, चेतन साहु , राजकुमार ताम्रकार, देवेन्द्र यादव , युवराज चंद्रवंशी, अवध राम साहु, नरेंद्र ठाकुर, टेकचंद अग्रवाल, कुशल साहु, संतोष बंजारे, पुरानिक साहु, खेमलाल साहु, हरि राम मंडल ,झिराखन साहु, लक्ष्मीकांत रजक, अरूण वर्मा के साथ क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीण एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहें।



कार्यकर्ताओं ने फुल माला एवं पुष्प वर्षा करके एवं फटाके जलाकर अतिथियों का स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष श्री अरूण साव जी ने सभी कार्यकर्ताओं से निवेदन किया कि इस बार कांग्रेस की सरकार को बदालना है इसके लिए पुरे छत्तीसगढ़ में परिवर्तन यात्रा निकाला गया है जिसे सभी क्षेत्रों में भारी जनसमर्थन मिल रहा है, श्री साव जी ने कहा कि लाल बहादुर नगर के कार्यकर्ताओं का जोश देखकर मैं निश्चित तौर पर यह कह सकता हूं कि इस बार डोंगरगांव में कमल खिलेगा और छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनेगा, उन्होंने भव्य स्वागत करने के लिए सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त भी किया।

## प्रादेशिकी का शेष...

### भाजपा की परिवर्तन यात्रा ...

से सिविल लाईन महिला समृद्धि बाजार के सामने सिविल लाईन पहुंचेगी। सिविल लाईन की सभा में दुर्ग जिले के सभी ब्लाक, विधानसभा के अलावा अन्य स्थानों से भी कार्यकर्ता आकर शामिल होगें।

आज जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने सभा स्थल पर पहुंचकर प्रशासनिक व्यवस्था, मंच सज्जा भोजन व्यवस्था, प्रचार प्रसार, स्वागत व्यवस्था, सांस्कृतिक कार्यक्रम बाईक रैली सभास्थल व्यवस्था संबंधित प्रभारियों से चर्चा की।

भाजपा मीडिया विभाग से मिली जानकारी के अनुसार परिवर्तन यात्रा दुर्ग के अलावा उतई, पाटन, धमधा और अहिवारा में भी पहुंचेगी जहां की तैयारियां भी जारी है।

आज परिवर्तन यात्रा की तैयारियों को लेकर विधानसक्षा सहसंयोजक राजेन्द्र पाध्ये, जिला महामंत्री सुरेन्द्र कौशिक, जिला यात्रा प्रभारी चतुर्भुज राठी, अरविंदर खुराना, डॉ. राहूल गुलाटी, विजय ताम्रकार, सहित अनेक लोग सक्रिय रहे।

### सिविल लाईन हॉकी मैदान में ...

हाकी संघ के लोगों ने इसे लेकर आपत्ति दर्ज करते हुए हाकी मैदान के गेट का ताला लगा दिया। तब इस मामले में लगातार तूल पकड़ लिया। दोनों तरफ से वाद विवाद किये जाने लगे। सूचना पाकर एडीशनल एसपी संजय ध्रुव व जिला प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंच गये। उन्होंने दोनों पक्षों जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा, व हाकी संघ के पदाधिकारियों अध्यक्ष अंसार अहमद, मोहम्मद एब्बानी से चर्चा की। दोनों पक्षों से चर्चा के बाद सभास्थल इसी ग्राउंड में रखने का निर्णय लिया है।

### पाऊवारा के 2 खिलाड़ियों का चयन ...

दोनों खिलाड़ियो की इस उपलब्धि पर गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने बधाई एवं शुभकामनाएं दिया। समाजसेवी हर्ष साहू ने दोनों खिलाड़ियो को खो खो राष्ट्रीय केम्प में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए आशीर्वाद प्रदान किया। पाऊवारा क्लब के अध्यक्ष हेमलाल यादव, उपाध्यक्ष राकेश हिरवानी ;कृषि सभापति एवं ग्रामवासियों ने दोनों खिलाड़ी को बधाई और शुभकामनाएं दी।

### प्रियंका की सभा में ...

कांग्रेस पार्षदों से अपील करते हुए कहा कि वे लोग अपने अपने वार्डो से ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को सम्मेलन में शामिल होने के लिये प्रेरित करें। आज की बैठक में विधायक वोरा ने प्रदेश कांग्रेस सरकार की विगत साढ़े चार वर्षो की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने प्रदेश की सरकार को दलितों गरीबों, पिछड़ों व किसानों की सरकार बताया। बैठक में विधायक अरूण वोरा, महापौर धीरज बाकलीवाल, जिला कांग्रेस अध्यक्ष गया पटेल, के अलावा पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष आर.एन.वर्मा, जिला केन्द्रीय बैंक के अध्यक्ष राजेन्द्र साहू, नगर निगम सभापति राजेश यादव, ब्लाक कांग्रेस के अध्यक्षगण,एमआईसी प्रभारी व सदस्यगण एवं पार्षद व एल्डरमेन उपस्थित थे।

### सत्वसरी सबसे उत्कृष्ट पर्व,...

डूबाने का कार्य करती है। इंदौर से आए स्वाध्यायी शिखर चंद छाजेड़ए ने पर्यूषण पर्व के दौरान जैन समाज के सदस्यों को धर्म संस्कार से जोड़ने का प्रयास किया छोटी.छोटी बातों से धर्म के साथ जुड़कर समता भाव से जीवन को विनम्रता के साथ जीने की शिक्षा दी आगम के छोटे.छोटे उदाहरण से जीवन को संस्कारवान बनाने का मूल मंत्र दिया।

एक हफ्ते से चल रहे जय जाप, आनंद गुरवे नम: एवं शीतल चालीसा पाठ का हर्ष और उल्लास के वातावरण में भाव भक्ति के साथ समापन हुआ।

आज की धर्म सभा को श्रमण संघ के अध्यक्ष धर्मचंद लोढ़ा, प्रवीण बम, अशोक मोदी बबीता चौरडिया सुनील बेगानी ने भी धर्म सभा में अपनी भाव व्यक्त की।

# भाजपा नेता के सहयोग से बोडरा में तीजहारीन बहनों को खिलाया गया करू भात

**गुरुर,** 19 सितंबर (देशबन्धु)। विकासखंड के विभिन्न गांव में आज तीज महोत्सव मनाया गया। ग्राम बोडरा में भाजपा नेता दुर्गानंद साहू के सहयोग से तीजहारीन माता और बहनों को करेले की सब्जी के रूप में करु भात खिलाया गया।

ग्राम दर्रा में भी समस्त ग्रामवासी एवं छत्तीसगढ़िया नव युवा समिति के तत्वाधान में तिजहारिनो के लिए सामूहिक करू भात का आयोजन किया गया। इस करू भात आयोजन में सभी माताये, बहने और ग्राम के नागरिक सामूहिक करू भात में आकर सभी ने भोजन प्राप्त किया। इस दौरान समिति के अध्यक्ष सागर सार्व, ग्रामीण विकास समिति के अध्यक्ष आत्माराम साहू, शिवनारायण निर्मलर, पूर्व सरपंग प्रतिमा देवी सहित गणमान्य नागरिक व युवा साथी उपस्थित रहे।



जानकारी के मुताबिक इसमें ग्रामीणों की विशेष पहल है, जहां प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी सभी तीजहारिन महिलाओं को रात्रि मे करू भात खिलाई गई। गांव की महिलाओं ने सर्वप्रथम शिव पार्वती की पूजा अर्चना किया। तीजहरिन महिलाओं को एक साथ बिठाकर करू भात खिलाया गया। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के सभी घरों में आई तीजहारिन महिलाएं सहित घर की महिलाएं को भी एक साथ सामूहिक भोजन कराया गया।

**अन्य गांव में भी यह आयोजन संपन्न हुआ**

युवाओं ने इसके लिए अपना योगदान देकर माताओं, बहन-बेटियों को भोजन कराने का अनोखा प्रयास किया। ग्राम की महिलाएं एक साथ करेला की सब्जी व चावल ग्रहण किया। इसी प्रकार विकासखंड के विभिन्न गांव मे भी समूहिक करू भात का आयोजन किया गया था।

# कवर्धा पंडरिया के साथ-साथ संपूर्ण छत्तीसगढ़ में परिवर्तन निश्चित :डॉ रमन



■ सुनियोजित ढंग से सनातन को क्षति पहुंचाने का कार्य कर रही भूपेश सरकार: शिवरतन शर्मा

**कवर्धा,** 19 सितम्बर (देशबन्धु)। भाजपा कार्यालय में छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ रमन सिंह परिवर्तन यात्रा के प्रभारी भाटापारा विधायक शिवरतन शर्मा एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री विजय शर्मा ने प्रेस वार्ता को संबोधित किया ।

डॉ रमन सिंह ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कवर्धा के स्थानीय मुद्दों को लेकर वर्तमान कांग्रेस सरकार और उनके स्थानीय विधायक मंत्री मोहम्मद अकबर पर गंभीर आरोप लगाए रमन सिंह ने कहा कि आज कवर्धा में एक विशेष वर्ग के द्वारा सड़क के किनारे अवैध कब्जे हो रहे हैं। सड़क माफिया, जमीन माफिया, शराब माफिया कवर्धा में मंत्री के संरक्षण में फल फूल रहे और जिले में कानून व्यवस्था की दुर्गति निरंतर हो रही है ।

डॉ रमन सिंह ने कहा की जिस छत्तीसगढ़ की पहचान मुख्यमंत्री खाद्यान्न योजना, शांति का टापू और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क सहित विभिन्न सड़कों के जाल रहा है। छत्तीसगढ़ में आज खुले रूप से अपराध और अराजकता की स्थिति बनाई जा रही है 5 सालों में विकास शून्य हैं सड़क पुलिया स्कूल और अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़ा कोई भी कार्य छत्तीसगढ़ में नहीं हुआ है ।

उन्होंने आगे बताया की सूतियापाठ जलाशय नहर लाइनिंग भाजपा के शासनकाल में स्वीकृत हुआ परंतु आज पर्यंत तक उस स्वीकृति को पूर्ण करने के लिए कांग्रेस की सरकार के द्वारा किसी तरह का पहल नहीं किया गया है जिसके कारण 26 गांव के किसान और हजारों एकड़ भूमि सिंचाई से वंचित इसी प्रकार हम निरंतर भाजपा की शासन में शक्कर खाना कारखाना के किसानों को शेयरधारकों को किफायती दर में शक्कर प्रदान कर रहे थे पर कांग्रेस की शासन आने के बाद से वह योजना भी पूरी तरीके से बंद हो चुकी है साथ ही इन्होंने शक्कर कारखाना के किसानों को राजीव गांधी न्याय योजना के अंतर्गत 9000 प्रति एकड़ की राशि का भुगतान भी रोक करके रखा है गन्ना किसानों को बोनस भी आज तक प्राप्त नहीं हुआ है ।

डॉ रमन सिंह ने कहा है कवर्धा के खनिज संपदा का खनन विगत 5 वर्षों से रुका हुआ है जिससे हजारों मजदूर बेरोजगार हुए वहीं पर वनांचल क्षेत्र से लाखों की तादाद में मोहम्मद अकबर के सानिध्य में, संरक्षण में साल, सागौन, बीजा जैसे कीमती वृक्षों का अवैध कटाई और परिवहन निरंतर हो रहा है वन विभाग के द्वारा कैंपा मद के कार्यों के पैसों का भी मंत्री के संरक्षण में बंदरबाट हो रहा है वन क्षेत्र में राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र वनवासी बैगा भाइयों को पट्टा न देकर मंत्री के संरक्षण में एक वर्ग विशेष के लोगों को बसाकर उनको पट्टा प्रदान किया जा रहा है ।

परिवर्तन यात्रा के प्रभारी शिवरतन शर्मा ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि जिस प्रकार से आज छत्तीसगढ़ के कोने कोने में अपराध बढ़ रहा है एक संयोजित ढंग से सनातन को क्षति पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है ऐसी भयावह स्थिति से जनता त्रस्त होकर के छत्तीसगढ़ में परिवर्तन का मन बना करके बैठी है और निश्चित रूप से आगामी विधानसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ में परिवर्तन होगा ।

शिवरतन शर्मा ने आगे बताया कि कैसे बिरनपुर में 307 कायम होने के बाद भी किसी प्रकार से करवाई आज तक संपन्न नहीं हुई किस प्रकार सुकमा जिले के एसपी के द्वारा धर्मांतरण को लेकर अपने थानेदारों को पत्र लिखा जाता है कि धर्मांतरण के कारण निरंतर जिले में कानून व्यवस्था बिगड़ रही है मैं आप सबके माध्यम से बघेल जी को खुली चुनौती देता हूं कि वह खुले मंच पर आकर के रमन सिंह के 15 सालों के विकास कार्य और अपने 5 सालों के विकास कार्यों के संबंध में खुला बहस करें ।

प्रदेश के महामंत्री विजय शर्मा ने खुले रूप से मंत्री मोहम्मद अकबर और उनके लोगों के द्वारा कवर्धा क्षेत्र में आतंक बढ़ाने का आरोप लगाया उन्होंने कहा कि कवर्धा के समीप ग्राम घुघरी में युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष के द्वारा सतनामी समाज के शिक्षक के घर घुसकर महिला के साथ मारपीट की गई जिसका वीडियो भी उपलब्ध है परंतु आज तक वह महिला कार्यवाही के लिए भटक रही है इसी प्रकार सर्किट हाउस के सामने पुलिस के जवान को सरेआम कांग्रेस के कार्यकर्ता के द्वारा थप्पड़ मारा गया परंतु उसे पर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई कवर्धा में धर्म विशेष के लोगों ने मुख्य मार्ग पर दर्जनों की संख्या में तलवार लहराया लोगों को धमकाया दौड़ाया परंतु अब तक उसकी जांच नहीं हो सकी है बारंबार मांग करने के बाद भी विश्व हिंदू परिषद और अन्य संगठनों के मांग को दरकिनार किया गया ।

विजय शर्मा ने कहा मोहम्मद अकबर के करीबी नेता के पुत्र ने कवर्धा बस स्टैंड में सरेआम फायरिंग की परंतु उसकी भी किसी प्रकार से कोई सुनवाई नहीं हुई जमुनिया निवासी वेदवती खुसरो ने जब ग्राम के गोठान में नंदी स्थापित करने की कोशिश की तो स्थानीय सरपंच इसराइल खान ने सरेआम आदिवासी महिला से बदसलूकी की मारपीट किया।

विजय शर्मा ने कहा कवर्धा के ऐतिहासिक धरोहर भोजली तालाब नाम से है यहां भोजली विसर्जन निरंतर किया जाता रहा है परंतु वहां भी कब्जा करके ईदगाह बना दिया गया और शेष जमीन को भी अतिक्रमण कर लिया गया जिसका विरोध भी स्थानीय लोगों ने किया परंतु शासन प्रशासन ने किसी भी प्रकार से कार्यवाही नही किया ऐसे अनेको उदाहरण है की वर्तमान विधायक मंत्री के संरक्षण में एक वर्ग विशेष के द्वारा निरंतर सनातन पर लोगों पर प्रहार किया जा रहा पोड़ी बस्ती के बीच 52 एकड़ जमीन की मांग वक्फ बोर्ड के द्वारा की जाती है वह भी एक चिंता की बात है। इस प्रेसवार्ता में भाजपा के प्रदेश महामंत्री केदार कश्यप, प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी, जिला भाजपा अध्यक्ष अशोक साहू, डॉ सियाराम साहू, सचिन बघेल , कांतिलाल बोथरा,भाजपा के मीडिया प्रभारी जसविंदर बग्गा, महामंत्री संतोष पटेल, राजेंद्र चंद्रवंशी, भावना बोहरा भी उपस्थित थे।

# प्रभावित क्षेत्र में पेयजल स्त्रोतों,पाइप लाइन आदि का चल रहा मरम्मत का काम

■ हैण्डपम्प और बोरवेल में क्लोरीन का घोल डालकर पानी को किया जा रहा शुद्ध ताकि लोगों को मिले शुद्ध पेयजल

■ कलेक्टर की लोगों से अपील पानी को उबालकर, छान कर उपयोग करें



**बेमेतरा,** 19 सितंबर (देशबन्धु)। स्वस्थ रहने के लिए सदैव साफ पानी पीना बेहद जरूरी है। खासकर भारी बारिश के दौरान जलभराव और और बाढ़ की परिस्थिति के बीच और बाद भी। भारी बारिश के कारण जलभराव में पानी प्रदूषित हो जाता है। ऐसे में यह गंदा पानी पीने से कई तरह की बीमारियों का सामना करना पड़ सकता है। ज़िले में बीते दिनों भारी बारिश से ज़िले के कुछ क्षेत्रों में जलभराव और नदी-नाले किनारे बसे गांवों में पानी आ गया। राहत की खबर है कि पहले से सचेत रहने से कोई जनहानि नहीं हुई।

ज़िले के जिन इलाक़ों में जल भराव या नदी-नालों का पानी बाढ़ गांव.घरों में आ गया था।अब वह घट गया है।स्थित सामान्य होने लगी है।ज़िला प्रशासन प्राथमिकता के साथ काम कर रहा है ।मेडिकल टीम लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण के साथ उपचार कर ज़रूरी दवाई दे रही है। वही संबंधित विभाग के अधिकारी.कर्मचारी प्रभावित इलाक़ों के पेयजल स्त्रोतों में क्लोरीन एवं अन्य पेयजल स्त्रोतों को शुद्ध करने दवाई डाल रहे है। वही नगर पालिका, नगर पंचायत के कर्मचारी साफ़/सफ़ाई कर रहे है और कीटाणु नाशक दवा का आसपास इलाक़ों में छिड़काव भी कर रहे है। जनप्रतिनिधि और ग्रामीणों का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है।

कलेक्टर पी.एस.एल्मा ने भी लोगों से अपील की है कि पानी को उबालकर, छान कर उपयोग करें। पानी को साफ़ करने क्लोरीन और फिटकारी का उपयोग भी कर सकते है।उन्होंने संबंधित विभाग को बाढ़ प्रभावित इलाक़ों में क्लोरीन की गोली उपलब्ध कराने के निर्देश दिए है।क्षतिग्रस्त पानी की लाइन और हैंडपंप तत्काल दुरुस्त करने को कहा है।संबंधित विभाग के कर्मचारी काम में जुट गए है।

# जिले के थाना/चौकी में गणेश उत्सव समितियों के सदस्यों की शांति समिति की मीटिंग

■ सौहार्द एवं शांति पूर्ण भगवान गणेश उत्सव के पावन पर्व को मनाने हेतु अपील



**बेमेतरा,** 19 सितंबर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, डीएसपी श्रीमती कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में थाना/चौकी प्रभारियों एवं स्टाफ के द्वारा भगवान गणेश उत्सव के पावन पर्व को मद्देनजर रखते हुये गणेश उत्सव समितियों के सदस्यों की उपस्थिति में शांति समिति की मीटिंग ली गई। जिसमें अपने - अपने गांव /शहर में सौहार्द एवं शांति पूर्ण भगवान गणेश उत्सव के पावन पर्व को मनाने, साम्प्रदायिक, असामाजिक एवं रूढीवादी तत्वों पर सतत निगाह रखने, अश्लील व अभद्र व्यवहार न हो इसका पूर्ण ध्यान रखने, रात्रिकालीन धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा किसी प्रकार का अश्लील डांस/नृत्य तथा अशोभनीय गानों का संचालन न हों जिससे किसी भी धर्म संप्रदाय के धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचे, इसका भी ध्यान रखने एवं ध्वनि विस्तारक का प्रयोग पूर्ण संयमता के साथ करने के संबंध में निर्देश दिया गया। साथ ही गणेश उत्सव समितियों के सभी सदस्यों के नाम और मोबाईल नंबर दिये जाने के लिए कहा गया। इसके अलावा शासन, प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करने, समिति के सदस्यों को किसी भी प्रकार का नशा इत्यादि का सेवन नही करने, ना ही किसी प्रकार का अस्त्र, शस्त्र आयोजन के दौरान रखने, पंडाल में सीसीटीवी कैमरा रिकाडिंग की व्यवस्था रखने, सभी सदस्यो को पंडाल लगाने, मूर्ति स्थापना के दौरान किसी प्रकार से यातायात/मार्ग अवरूद्ध व बाधित नहीं किये जाने तथा साम्प्रदायिक सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने इत्यादि समझाईस देकर शांति पूर्वक भगवान गणेश उत्सव के पावन पर्व को मनाने की अपील कर गांव/शहर की सामाजिक सदभावना को हर हाल में बनाए रखने हेतु निर्देशित किया गया।

# दीवारों पर पेंटिंग व नारा लेखन कर दे रहे स्वच्छता का संदेश

**बेमेतरा,** 19 सितंबर (देशबन्धु)। स्वच्छ भारत अभियान के तहत बेमेतरा जिले में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। स्वच्छता अभियान के तहत अलग-अलग गतिविधियों वाल पेंटिंग, नारा-लेखन आदि के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है।




बेमेतरा जिला अन्तर्गत शासकीय भवनों की दीवारों, बाउंड्रीवॉल व सार्वजनिक स्थलों पर पेंटिंग के माध्यम से स्वच्छता का संदेश देने वाले चित्र बनाए जा रहे हैं। इसमें सफाई करना, डस्टबिन में कचरा डालना, शौचालय का उपयोग करना, पौधरोपण करना आदि शामिल है। इसके अलावा पेयजल के स्त्रोतों साफ रखने व पौधरोपण करने का संदेश देने के लिए गतिविधियां की जा रही है। ग्रामीणों को सूखे कचरे और गीले कचरे का अलग-अलग निपटान करने की जानकारी दी जा रही है साथ ही अपने आस पास की साफ-सफाई, पौधारोपण करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है।

# कलेक्टर ने किया पैलीमेटा अस्पताल का निरीक्षण

■ कलेक्टर ने अस्पताल में मरीजों से जाना हाल चाल

■ अस्पताल परिसर को साफ सफाई रखने के दिया निर्देश



**खैरागढ़,** 19 सितम्बर (देशबन्धु)। विगत दिनों कलेक्टर गोपाल वर्मा ने जिले के वंनाचल, ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधा को बेहतर बनाने के लिए ग्राम पैलोमेटा पहुंचकर हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान पंजीयन कक्ष, ओपीडी, पैथोलॉजी, प्रसूता कक्ष, भंडार कक्ष का निरीक्षण कर स्वच्छता, साफ सफाई के निर्देश दिया कलेक्टर गोपाल वर्मा ने ग्राम पैलीमेटा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि इस दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्र के अस्पताल में सोलर सिस्टम का तत्काल प्रस्ताव बनाकर भेजें व 108 वाहन के लिए पत्राचार करें जन-स्वास्थ्य जिला प्रशासन की प्राथमिकता में है। इस दिशा में आवश्यक सहयोग किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य उपकरण, मरीज पंजीयन, ओपीडी, पैथोलॉजी, प्रसूता कक्ष, मेडिसिन रूम, एक्सपायरी दवाई का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिया गांवों में प्राथमिक उपचार के संसाधन व दवाईया उपलब्ध कराने के निर्देश दिया प्रसूता कक्ष में जाकर नवजात जच्चा व बच्चा को देखा व परिजनो से हालचाल जाना कर्मचारियों को अस्पताल मुख्यालय में निवास रहने के लिए निर्देशित किया गया। हेल्थ व वेलनेस सेंटर पैलीमेटा में निरीक्षण के दौरान कलेक्टर गोपाल वर्मा ने दैनिक मरीजों की जानकारी ली। चिकित्सा अधिकारी शिवभजन जंघेल ने बताया कि अस्पताल में रोज 50 से 70 के बीच में क्षेत्र के मरीज आकर स्वास्थ्य का लाभ लेते है। इलाज कराने आए मरीजो से कलेक्टर ने बातचीत की और नि:शुल्क इलाज की जानकारी लेते हुए पूछा कि इलाज का कोई शुल्क लेते है क्या? इस पर मरीजों ने नही में जवाब दिया। कलेक्टर ने मौसमी बीमारी के लिए पर्याप्त मात्रा में दवाई का स्टॉक रखने के लिए निर्देश दिया इसके साथ ही स्टॉफ को अस्पताल परिसर में स्वच्छता, साफ सफाई रखने का निर्देश दिया कलेक्टर ने अस्पताल में जिला खनिज न्यास मद से एक लैब टेक्नीशियन को नियुक्त किया है। उसकी उपस्थिति व कार्य की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर डी एस राजपूत, एसडीएम रेणुका रात्रे, जिला परियोजना प्रबंधक बृजेश ताम्रकार, अमरदीप अंचल, संजय देवांगन सहित पैलीमेटा अस्पताल के स्टॉफ,सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# घर में आग लगने से फटा गैस सिलेण्डर

■ घर वालों ने भागकर बचाई जान, पीड़ित परिवार ने की मुआवजे की मांग

**बालोद,** 19 सितम्बर (देशबन्धु)। अर्जुंदा थाना क्षेत्र के ग्राम पिरिद में बीती रात को करीब 1 बजे टिकेश्वर देशमुख के घर में आग लग गई। आग लगने की वजह शॉट सर्किट बताया जा रहा है। लेकिन किचन में लगी इस आग से वहां रखा हुआ गैस सिलेंडर और तेल टीन भी फट गया। जिससे किचन का सारा सामान जलकर खाक हो गया। रात में लगभग 1 से 2 बजे के बीच यह घटना है। सरपंच अवध साहू ने बताया किचन के कुछ ही दूर पर घर का बुजुर्ग मनोहर देशमुख सोया हुआ था। जिन्हें आनन फानन में हटाकर परिजनों ने उनकी जान बचाई और आग बुझाने का प्रयास किया गया। लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था। जब रात 3 बजे गैस सिलेंडर फटा तो जोरों से धमाका हुआ और आसपास के लोग जागे और मदद के लिए दौड़े। रविवार को सुबह 11 बजे अर्जुंदा पुलिस भी मामले की जांच के लिए पहुंची। मुआवजे के लिए पीड़ित परिवार ने मांग की है।

# कलेक्टर गोपाल ने किया आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण

**खैरागढ़,** 19 सितम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने विगत दिनों जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों में सुपोषण व शिक्षा के क्षेत्र में कसावट लाने के लिए केंद्रों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। इस दौरान आंगनबाड़ी केंद्र खैरा नवापारा व पैलीमेटा में जाकर बच्चों व शिशुवती महिलाओं को मिलने वाली पोषक आहार के बारे में विस्तार से चर्चा कर जानकारी ली और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया कलेक्टर गोपाल वर्मा ने औचक निरीक्षण के दौरान जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी आर.के. जाम्बुलकर व आंगनबाड़ी केंद्र की कार्यकर्ताओं को निर्देश देते हुए कहा कि सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में सुपोषण के लिए बच्चों व शिशुवती महिलाओं को नियमित रूप से गर्म पोषक आहार जरूर दें। इस दौरान आगनबाड़ी केंद्रों में शासन के द्वारा संचालित योजनाओं में पात्र हितग्राहियों की संख्या व उनको मिलने वाली गरम भोजन की गुणवत्ता की जानकारी ली। इसके साथ ही बच्चों की दर्ज संख्या, उपस्थिति व बच्चों को मिलने वाला नाश्ता, गर्म भोजन, बच्चों का वजन, ऊंचाई, कुपोषित बच्चों शिशुवती व गर्भवती महिलाओं को मिलने वाली सुविधाओं की विस्तार से जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिया। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने जिले के खैरा नवागांव और पैलीमेटा के आंगनबाड़ी में निरीक्षण के दौरान गर्भवती महिला एवं शिशुवती को प्रदाय किए जाने वाला रेडी टू ईट व भोजन के पोषक आहार के गुणवत्ता के बारे में हितग्राहियों से चर्चा कर जानकारी ली। इसी दौरान आंगनबाड़ी केंद्र में पढ़ने वाले बच्चों ने समूह में अभिनय के साथ कलेक्टर को कविता व गीत सुनाया। इस पर कलेक्टर ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बच्चों को शाबाशी दी। इसके बाद कलेक्टर ने सभी बच्चों को अपने हाथों से गर्म पोषक आहार परोसा। केंद्र में बनाये रंगोली व खिलौने का किया अवलोकन किया। मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के तहत 15 वर्ष से 49 वर्ष तक की एनीमिक बालिकाओं और महिलाओं को दिए जाने वाले भोजन के बारे में मौके पर उपस्थित हितग्राहियों व कार्यकर्ताओं से जानकारी ली।



■ आंगनबाड़ी केन्द्रों में पढ़ने वाले बच्चो ने सुनाया गीत, कविता

■ कलेक्टर ने परोसा बच्चो को नाश्ता


कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी आंगनबाड़ी केंद्रों के कक्षों में प्राकृतिक हवा और रोशनी की पर्याप्त उपलब्धता को सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर डी एस राजपूत, एसडीएम रेणुका रात्रे, जिला महिला बाल विकास अधिकारी आर के जामुलकर, अमरदीप अंचल, संजय देवांगन सहित महिला समूह के सदस्य व कार्यकर्ता ,सहायिका सहित ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# सरेआम घूम रहे जिला बदर वषिष्ट उर्फलोटिया पठान को गिरफ्तार कर भेजा गया रिमाण्ड पर

**बालोद,** 19 सितम्बर (देशबन्धु)। सोमवार को अवैध रूप से जुआ, सट्टा, शराब, गांजा की बिक्री एवं अपराधिक तत्व के व्यक्तियों व गणेश उत्सव पर्व को देखते हुऐ पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज के निर्देशन पर पुलिस अधीक्षक बालोद जितेन्द्र कुमार यादव के मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बालोद एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बालोद के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बालोद निरीक्षक रविशंकर पाण्डेय थाना बालोद के नेतृत्व में थाना स्तर पर एक विषेष टीम तैयार किया गया। रविवार को बालोद शहर जवाहरपारा, खाल्हेपारा, पाण्डेपारा में कोतवाली बालोद पुलिस के द्वारा पैदल पेट्रोलिंग किया जा रहा था कि थाना बालोद के टीम के द्वारा जवाहरपारा, खाल्हेपारा, पाण्डेपारा बालोद के द्वारा संदिग्ध स्थानों पर रेड़ कार्यावाही के दौरान मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि जिले का जिला बदर हुआ व्यक्ति वषिष्ट उर्फलोटिया पठान जवाहरपारा बालोद के कां काशीबंद तलाब के शौचालय के पास सरेआम धुम रहा है कि सूचना पर वषिष्ट कुमार उर्फलोटिया पठान को कलेक्टर महोदय बालोद जिला बालोद के आदेश के परिपालन में राज्य सूरक्षा अधिनियम के तहत प्रदत्त शक्तियों का जिला दण्डाधिकारी कलेक्टर बालोद के द्वारा वषिष्ट कुमार उर्फलोटिया पठान को अगामी 01 वर्ष 30 अप्रैल 2024 तक के लिये जिला दुर्ग, राजनांदगांव, धमतरी, कांकेर के राजस्व सीमा से जिला बदर कर देने का आदेशा पारित का उलंघन करना पाये जाने से वषिष्ट कुमार उर्फलोटिया पठान पिता स्व लीलाधर साहू उम्र 30 साल साकिन वार्ड क्रमांक 07 जवाहरपारा बालोद के विरूद्व थाना बालोद में अपराध पंजीबद्व कर आरोपी वषिष्ट कुमार उर्फलोटिया पठान को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

# ग्राम छेड़िया में जल जीवन मिशन के तहत वृहद पानी टंकी का निर्माण पूरा

**गुरुर,** 19 सितम्बर (देशबन्धु)। विकासखंड के ग्राम छेड़िया में शीघ्र ही पेयजल की समस्या दूर होगी। यहां जल जीवन मिशन के अंतर्गत लाखों की लागत से वृहद स्तर पर पानी टंकी का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। निर्माण एजेंसी से जानकारी के मुताबिक यंहा वृहद स्तर पर पानी टंकी निर्माण कार्य के अलावा गांव के प्रत्येक गली मोहल्लों में पाइप लाइन बिछाने का कार्य एवं प्रत्येक घरों में स्टैंड पोस्ट बनाने का कार्य पूर्ण हो चुका है।



■ गांव में पेयजल की समस्या होगी दूर

ग्राम पंचायत से जानकारी के मुताबिक यहां जल स्तर गिरने के कारण ट्यूबेल एवं अन्य जल स्त्रोत से पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिल पा रहा है, जिसके चलते गर्मी के बाद से कुछ वार्डों में पेयजल की समस्या बनी हुई है।

जल स्तर गिरने के कारण गहराई पेयजल की समस्या- पेयजल के लिए ग्रामीणों को एक वार्ड से दूसरे वार्ड तक भटकना पड़ रहा है। ऐसे में यहां जल जीवन मिशन के तहत पेयजल की समस्या को दूर किया जाएगा।

यह समस्या गुरुर विकासखंड के ग्राम धनोरा, पेन्वरो, सोन्हपुर, टैंगना बरपारा, कपरमेटा सहित अन्य ग्रामों में ही है। क्षेत्र में अपेक्षाकृत बारिश नहीं होने के कारण एवं जलस्तर गिरने के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में यह समस्या बनी हुई है।

# 24 को होगा जिला स्तरीय तीजा पोला गोठ बात व मातृशक्ति सम्मेलन

**गुण्डरदेही,** 19 सितम्बर (देशबन्धु)। जिला साहू संघ बालोद व तहसील साहू संघ गुंडरदेही के संयुक्त मे 24 सितंबर को जिला स्तरीय तीजा पोला गोठ बात एवं मातृशक्ति स्नेह सम्मलेलन का आयोजन तहसील साहू सदन गुण्डरदेही मे किया जा रहा है कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि अखिल भारतीय तैलिक महासभा महिला प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष आभा साहू उपस्थित रहेंगी कार्यक्रम की अध्यक्षता टहल सिंह साहू अध्यक्ष प्रदेश साहू संघ विशेष अतिथि शीलू साहू संयोजिका महिला प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ संदीप साहू अध्यक्ष अखिल भारतीय तैलिक महासभा युवा प्रकोष्ठ रमशीला साहू पूर्व केबिनेट मंत्री मोहन कुमारी साहू उपाध्यक्ष प्रदेश साहू संघ व जिला के पदाधिकारी होगे कार्यक्रम मे जिला व तहसील के सभी समस्त पदाधिकारी महिला प्रकोष्ठ के पदाधिकारी शामिल होगे कार्यक्रम मे विशेष रूप से महिलाओं के लिए फुगड़ी भंवरा सुरीली कुर्सी मटका फोड़ सुई धागा बिंदी लगाओ प्रतियोगिता रस्सा खींच प्रश्नोत्तरी तीज चीन आदि खेल का आयोजन किया गया है ।

## जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव की वार्षिक साधारण सभा 21को

**राजनांदगांव** 19 सितम्बर (देशबन्धु)। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव के अध्यक्ष नवाज खान की अध्यक्षता में 21 सितम्बर 2023 को दोपहर 12 बजे पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम राजनांदगांव में वार्षिक साधारण सभा का आयोजन किया गया है। जिसमें सभी संबंधितों को आवश्यक रूप से उपस्थित होने के कहा गया है।

# आदतन आरोपी से एक नग देशी पिस्टल व 1 जिन्दा कारतूस जप्त, 25 आर्म्स एक्ट के तहत हुई गिरफ्तारी

**राजनांदगांव,** 19 सितम्बर (देशबन्धु)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजनादगांव अभिषेक मीना के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक अमित पटेल के मार्गदर्शन में प्रभारी सायबर सेल निरीक्षक श्री भरत बरेठ एवं थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023-24 के मद्देनजर शांति पूर्ण चुनाव संपन्न कराने हेतु एवं गणेश पर्व में शांति व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टि से असमाजिक तत्वों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत् आज दिनांक 19.09.2023 को टाउन पेट्रोलिंग के दौरान मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि हर्ष सरदार नामक व्यक्ति कंचनबाग पानी टंकी के पास् राजनांदगांव में पिस्टल लेकर घुम रहा है, आसपास के लोग दहशत में हैं, कि सूचना पर तत्काल सायबर सेल राजनांदगांव एवं थाना कोतवाली स्टॉफ के सयुक्त टीम गठित कर मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर आरोपी को पकड़े नाम पता पूछने पर अपना नाम व पता हर्षित सिंह उर्फ हर्ष सरदार पिता सुखविंदर सिंह उम्र 23 वर्ष साकिन संगम चौक तुलसीपुर थाना कोतवाली जिला राजनांदगांव (छ0ग0) बताया, तलाशी लेने पर एक नग देशी पिस्टल एवं 01 नग 7.65 एम0एम0 का जिन्दा कारतूस उसके कब्जे से मिला, आरोपी द्वारा किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के मकसद से अवैध रूप से पिस्टल रखना पाये जाने से मौके पर जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपी का कृत्य आर्म्स एक्ट के तहत् सबूत पाये जाने से आरोपी के विरूद्ध थाना कोतवाली राजनांदगांव में अपराध क्रमांक 735/23 धारा 25 आर्म्स एक्ट कायम कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया।



■ आरोपी पूर्व में भी हत्या के प्रयास एवं मारपीट के प्रकरण में जेल जा चुका है

आरोपी आदतन अपराधी है, कुछ माह पूर्व हत्या के प्रयास के मामले में जेल से छुटा था, इसके विरूद्ध पूर्व में थाना कोतवाली में अप0 क्रं 14/17 धारा 327, 506, 34 भादवि0, अप0क्र0 208/19 धारा 294, 323, 506, 34 भादवि, अप0क्र0 350/19 धारा 294, 323, 506, 34 भादवि, अप0क0 149/20 धारा 294, 323, 506, 34 भादवि, अप0क्र0 273/23 धारा 147, 307 भादवि के अपराध में चालान किया गया है साथ ही आरोपी के अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने धारा 151-107,116(3) जा0फौ0 के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किया गया है।

उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक एमन साहू, प्रभारी सायबर से निरीक्षक भरत बरेठ, सायबर सेल से सउनि. संतोष सिंह, प्र0आर0 अनित शुक्ला, आरक्षक मनोज खुंटे, अवध किशोर साहू, मनीष वर्मा थाना कोतवाली से प्र0आर0 संदीप चैहान, आरक्षक राम खिलावन सिन्हा एवं थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

# सीमा यादव के नेतृत्व में दूसरे चरण की भरोसे की यात्रा की शुरुआत



■ 7 दिनों में 59 गांव 131 किलोमीटर का सफर तय करेगी भरोसे की यात्रा

■ पहले चरण की यात्रा में 36 गांव में पहुंची थी भरोसे की यात्रा

**छुरिया,** 19 सितम्बर (देशबन्धु)। जिला महिला कांग्रेस कमेटी की सचिव श्रीमती सीमा यादव के नेतृत्व में खुज्जी विधानसभा क्षेत्र में भूपेश बघेल सरकार के योजनाओं को लेकर भरोसे की यात्रा निकाली गई थी। यह भरोसे की यात्रा के माध्यम से खुज्जी विधानसभा के विभिन्न गांवों में पहुंचकर भूपेश बघेल सरकार की योजनाओं को अवगत कराया। जिसमें लोगों का अपार जनसमर्थन मिला। श्रीमती सीमा यादव ने बताया कि हमारा लक्ष्य है कि गांव के अंतिम व्यक्ति तक भूपेश बघेल जी द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाएं की जानकारी पहुंचे व योजनाओ का लाभ उनको मिल सके। मेरा प्रयास है कि हम सभी भरोसे की यात्रा के माध्यम से गांव गांव में जाकर भूपेश बघेल सरकार की योजनाओं के बारे में अवगत करायेंगे। आज जिस तरह पांच साल में काम किया है। किसानो ,युवाओ, बुजुर्गो के चहेरे पर खुशहाली आई है ?।आज हर वर्ग भूपेश बघेल जी के सरकार खुश हैं। हम भरोसे की यात्रा का दुसरा चरण शुरुआत करने जा रहे हैं।यह यात्रा के माध्यम से 7 दिनों में 59 गांव 131 किलोमीटर का सफर तय कर गांव गांव जाकर हम गांव के हर व्यक्ति से जुड़ने का प्रयास करेंगे व उन्हें भूपेश बघेल जी के सरकार की उपलब्धि के बारे में बतायेंगे, श्रीमती सीमा यादव ने सभी कांग्रेस पार्टी के सदस्यों व ग्रामीणों से भरोसे के यात्रा में जुड़ने की अपील की है..!

# मतदान करे,लोकतंत्र मजबूत करे,जल तरंग से निकली स्वीप रैली लोक स्वास्थ यांत्रिकी ने किया आयोजित

**राजनांदगांव** 19 सितम्बर (देशबन्धु)। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी के कार्यपालिका अभियंता समीर शर्मा ने जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा निर्देशित च्च्स्वीपज्ज कार्यक्रम के अंतर्गत शपथ, रंगोली व वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी के सभी कर्मचारी और अधिकारी गण उपस्थित थे जो राजनांदगांव जल तरंग कॉलोनी से जागरूकता रैली के इस महा अभियान के कार्यक्रम में रैली के रूप मे मुख्य मार्गो पर भ्रमण से निकल पड़े सबसे बड़ी बातें है कि च्च्स्वीपज्ज कार्यक्रम के अंतर्गत राजनांदगांव जिला कलेक्टर के निर्देश में चलाए जा रहे कार्यक्रम अन्य विभाग द्वारा भी समय-समय पर कराया जा रहा है। जिसका उद्देश्य स्वस्थ मतदान और मजबूत लोकतंत्र की दिशा को तय करने राज्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा दिए गए आदेशों के तारतम में किया जा रहे हैं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी के कार्यपालन अभियंता समीर शर्मा द्वारा शत-प्रतिशत मतदान हेतु अपील की गयी।




# एसडीओपी ने गणेश उत्सव व शांति समिति की ली बैठक

**डोंगरगांव,** 19 सितम्बर (देशबन्धु)। एसडीओपी नेहा वर्मा एवं एसडीएम असवन कुमार पूसाम के मार्गदर्शन में नगर पंचायत सभा कक्ष डोंगरगांव में गणेश उत्सव समिति व शांति समिति के जनप्रतिनिधियों की बैठक ली गई। बैठक में गणेश उत्सव समिति के प्रतिनिधियों से एसडीएम यशवंत कुमार ने कहां प्रशासन द्वारा स्थानीय गणेश उत्सव समिति को विशेष दिशा निर्देश का पालन करने के उद्देश्य से बताते हुए कहा गया है कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए सभी निर्देशों का विशेष पालन करते हुए सभी डीजे वालों को ध्वनि विस्तार यंत्र का प्रयोग कम धीमी स्वर में तथा धार्मिक गीतों के साथ उत्सव मनाने के लिए कहा गया है खासकर थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार शाह को विशेष पुलिस की कड़ी सुरक्षा का दायित्व देते हुए सभी गणेश उत्सव समिति के प्रतिनिधियों को शांति से विसर्जन करने का अनुरोध भी किया गया है इनके अलावा नगर में किसी भी प्रकार के यातायात बाधित न हो उनके लिए सुरक्षित बनाने का भी अपील की गई है गणेश उत्सव में अवस्था ना हो उनके लिए विशेष कर पुलिस की कड़ी सुरक्षा तथा पुलिस की विशेष टीम बढ़ाई जाएगी गणेश उत्सव स्थल में ही सजावट करने का निर्देश किया गया है एसडीम श्री पूसाम ने श्रद्धा पूर्ण रूप से व शांतिपूर्ण से गणेश उत्सव मनाने का सभी गणेश उत्सव समितियो के प्रतिनिधियों से अनुरोध किया गया है



बैठक में थाना प्रभारी नायब तहसीलदार नगर पंचायत के कर्मचारी गणेश उत्सव समिति के पदाधिकारी गण जन प्रतिनिधि गण एवं नगर के पत्रकार गण बड़ी संख्या में उपस्थित थे

# श्रमिकों ने एक साथ आमरण अनशन पर बैठने का लिया फैसला

■ मांग पुरी न होने पर श्रमिक पालिक रेल्वे एसडीएम कार्यलय में करेंगे आत्मदाह



**दल्लीराजहरा,** 19 सितम्बर (देशबन्धु) ।शासन प्रशासन से मिले धोखे से आहत होकर 11 श्रमिको ने 20 सितंबर से एक साथ अमरण अनशन पर बैठने का फैसला किया है। श्रमिकों ने कहा कि पिछले 6 माह से नगरपालिका उन्हें काम पर नही रख रहा है। जबकि रेलवे ने नगरपालिका दल्लीराजहरा को अलग से 18 लाख साल के अनुसार 3 साल का कार्य दिया है। इस पैसे को नगर पालिका सी एम ओ व पालिका ने साठगांठ कर डकार गये हैं। हमे मौखिक रूप से कहा गया था। कि रेल्वे के सफाई कार्य मे हम पुराने मजदूरों को ही रखा जायेगा। परंतु पिछले 6 माह से हमे घुमाया जा रहा है। जिससे हमारी आर्थिक स्थिति पूरी तरह खराब हो चुकी है। ऐसे में 04 सितम्बर से हमारे एक सदस्य द्वारा आमरण अनशन किया जा रहा था। जिसके बाद अनुविभागीय अधिकारी दल्लीराजहरा ने 08 सितम्बर को हमे आश्वस्त किया कि एक सप्ताह के अंदर आपके समस्या का हल निकल जायेगा आप लोग आमरण अनशन खत्म कर क्रमिक भुख हड़ताल में बदल दो हमने उन पर विश्वास कर आमरण अनशन को क्रमिक भूख हड़ताल में बदल दिया। परंतु 15 सितम्बर को एक सप्ताह पूरा होने के बाद भी अनुविभागीय अधिकारी द्वारा हमारी मांगो को नही माना गया न ही कोई उचित समाधान निकाला गया। जिससे आहत होकर हम सभी 11 श्रमिक एक साथ दिनांक 20 से आमरण अनशन पर बैठ रहे है। सभी मजदूरों ने आगे कहा कि अब किसी भी प्रसाशनिक अधिकारी से कोई बात नही होगा अगर बात करना हो तो सिर्फ कलेक्टर महोदय ही अनशन स्थल पर आकर बात कर सकते है। साथ ही मजदूरों ने यह भी कहा कि अगर 21सितम्बर तक मांग पूरा नही किया गया तो हमारे सदस्यों द्वारा 21 सितम्बर के बाद कभी भी एक एक कर अनुविभागीय कार्यलय, नगरपालिका कार्यलय, रेल्वे कार्यलय के सामने आत्मदाह कर अपनी आहुति दी जायेगी। मजदूरों के इतने कठोर निर्णय के बाद अब देखना होगा कलेक्टर महोदय से श्रमिकों को उम्मिद है इस मामले में कोई ठोस कार्यवाही करेंगे श्रमिकों.ने 20 सितम्बर से पुन: आमरण अनशन में बैठने से पूर्व सभी ट्रेड यूनियन से अंतिम बार उनके अनशन स्थल पर पहुँचने की मार्मिक अपील भी की है।

# तीज पर्व पर मेहंदी के माध्यम शत प्रतिशत मतदान करने का संदेश दिया भोज साहू पर्यावरण प्रेमी के द्वारा

**डोंगरगांव,** 19 सितम्बर (देशबन्धु)। पुरे छत्तीसगढ़ में तीज पर्व बड़े धूम-धाम से मनाया गया माता बहनें अपने मायके में पहुंच कर अपने पति के लंबी उम्र के लिए उपवास रखीं व सोलह श्रृंगार भी किया प्रत्येक माता बहनों ने अपने हाथों पर मेहंदी बनावाया था।लेकिन इधर भोज साहू पर्यावरण प्रेमी के द्वारा आने वाले विधानसभा चुनाव के जागरूकता को ध्यान में रखते हुए अपने हाथों में 100 प्रतिशत मतदान करने व मतदान मेरा अधिकार जैसे स्लोगन अपने हाथों में मेहंदी के माध्यम से सजाकर मायके आये बहनों को शत प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया। इससे पहले भी भोज साहू पर्यावरण प्रेमी के द्वारा रक्षाबंधन पर्व में भी शत प्रतिशत मतदान करने वाले राखी अपने हाथों में संजोए थे वहीं कबाड़ से जुगाड के माध्यम अस्पताल परिसर में बहुत बड़ा राखी बनाकर शत प्रतिशत मतदान करने के लिए स्लोगन लिखकर सेल्फी जोन बनाया है जो लोगों के लिए आकर्षक रहा।इस तरह अनेकों तरह से आम जनता को शत प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।




# प्रधान मंत्री के जन्मदिन को कांग्रेसियों ने बेरोजगारी दिवस के रूप में मनाया

**गंडई पंडरिया,** 19 सितम्बर (देशबन्धु)। बीते रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर गंडई कांग्रेसियों ने नगर के हृदय स्थल मैन चौक में राष्ट्रीय बेरोजगारी दिवस के रूप में मनाया गया। जहां कांग्रेसियों ने बीच सड़क में गैस सिलेंडर रखकर चाय बनाकर राहगीरों को पिलाया। वहीं कांग्रेसियों ने नरेंद्र मोदी मुर्दाबाद, अडानी मुर्दाबाद, बीजेपी मुर्दाबाद के नारे लगाए। कांग्रेसियों ने नारेबाजी करते हुए रमन सिंह और अरुण साव का पुतला दहन किया. इस बीच पुलिस और कांग्रेसियों में काफी झूमा झटकी भी हुई।

बतादें कि भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रभारी कृष्णा अल्लवरू राष्ट्रीय अध्यक्ष बी. वी. के आदेशानुसार एवं प्रदेश प्रभारी डॉ. पलक वर्मा, प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा के निर्देशानुसार एवं युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष आशीष देवांगन के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को राष्ट्रीय बेरोजगारी दिवस के रूप में मनाया गया। इस मौके पर पार्षद दिलीप ओगरे ने कहा कि केंद्र में मोदी कि झूठ कि सरकार है। जिन्होंने किसानों कि आय दुगना करने की बात कहा था पर पुरा नहीं किया। वहीं भूपेश सरकार कि कार्य एवं उनकी योजनाओं का बखान किया।



केसीजी जिले के यूथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष गुलशन तिवारी ने अपने उदबोधन में कहा कि पूरे प्रदेश में मोदी के जन्मदिन के अवसर पर बेरोजगारी दिवस मना रहे हैं. मोदी जी 2014 के चुनाव में आने से पहले जुमला किया था कि प्रत्येक वर्ष दो करोड़ युवाओं को रोजगार दिया जायेगा इस हिसाब से 9 साल की उनकी कार्यकाल में 18 करोड़ युवाओं को नौकरी देने का वादा किया था लेकिन एक भी बेरोजगार को नौकरी नहीं दी है उल्टा उनकी रोजगार छिनने का काम किया है. श्री तिवारी ने वादा खिलाफ़ी मोदी सरकार को इस बार उखाड़ फेखने की बात की है। उन्होंने आगे कहा कि अपनी गलती छुपाने मोदी सरकार ईडी का छापा मरवा करे हैं पर कांग्रेस पार्टी उनकी छापा से नहीं डरती। भड़काने एवं धर्म के नाम पर राजनीति करने का काम मोदी जी कर रहे हैं। कांग्रेस पार्टी महात्मा गांधी जी के आदर्शो पर चलने वाली पार्टी है।

वार्ड 1 के पार्षद भिज्ञेश यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी तीन बार हार का सामना करते आ रहे हैं। खैरागढ़ विधानसभा के बीजेपी प्रत्यासी विक्रांत सिंह मेरे फेसबुक, बाट्सअप पर लिखे गये वाक्य पर रात में 11 बजे फोन कर कहता है कि आप मेरे खिलाफ फेसबुक, वाट्सअप में लिख रहे हो आपसे ऐसी उम्मीद नहीं थी। पार्षद यादव ने आगे कहा कि मेरे जैसे एक छोटे से पार्षद के द्वारा फेसबुक व्हाट्सअप में लिखने से विक्रांत डर गये है।

इस अवसर पर युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष गुलशन तिवारी, उपाध्यक्ष मोहसिन खान, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष सुमित जैन, युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष आशीष देवांगन, पार्षद दिलीप ओगरे, भिज्ञेश यादव, लियाकत अली, हेमंत वैष्णव, रणजीत सिंह चंदेल, शुभम बघेल, पुनेंद्र साहू, नवीन चौबे, ताराचन्द बंजारे, असरफ सिद्धिकी, तुलसी रात्रे सहित सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहे।

# थाना परिसर में शांति समिति की हुई बैठक

■ नियमों के उल्लंघन पर होगी कार्यवाही :थाना प्रभारी सिंह

■ रात्रि 10 से सुबह 8 बजे तक लाऊडस्पीकर डी जे रहेगा प्रतिबंधित

**दल्लीराजहरा,**20 सितंबर (देशबन्धु)। धार्मिक त्यौहारों में कानून व्यवस्था बनाये रखने व सुरक्षा की दृष्टि से नगर में शांति बने रहे के संबध में 18 सितम्बर को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई बैठक में थाना प्रभारी मुकेश सिंह ने नगर पालिका अध्यक्ष शिबू नायर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष अशोक बाम्वेश्वर ऐलडरमेन प्रमोद तिवारी पूर्व पार्षद ईश्वर राव पार्षद रोशन पटेल रवि जायसवाल सहित समस्त प्रबुद्धजनों के उपस्थिति में कहा की पँर्व एवं सार्वजनिक उत्सव आयोजन के संबध में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल माननीय छ.ग राज्य न्यायालय व छ.ग शासन के दिशा निर्देश में कोई भी संस्था य व्यक्ति विशेष प्रशासन से विधिवत अनुमति से ही स्वागत पंडाल स्थापना व सार्वजनिक कार्यक्रम आयोजित करे सड़को को पंडाल व स्वागत द्वार लगाकर बधित न करे। धार्मिक जुलस आयोजित के दौरान ध्वनी यंत्रों की आवाज कम रखे सार्वजनिक मार्ग पंडल स्वागत द्वार निर्माण के दौरान यातायात में अवरोध की स्थिति न लाए। ध्वनि यंत्रों की अनुमति एसडीएम अधिकारी से लेना अनिवार्य है। रात्री 10 बजे से सुबह 8 बजे तक डी जे लाऊडस्पीकर पुरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। भगवान की प्रतिमाएं पूजन सामग्री नदी नालों मे प्रवाहित न करे स्थापित पंडालों में अवैध कनेक्शन न जोड़े विधुत तारों को खुले में न छोड़े आयोजन स्थल पर साफ सफाई रखे साथ ही पंडालों में अनावश्यक भीड़ एकत्रित न हो इसका भी भगवान की प्रतिमाएं स्थापित करने वाली संस्था को ध्यान रखना होगा।थाना प्रभारी सिंह ने आगे कहा की अगर किसी भी संस्था व व्यक्ति विशेष के संबध में उपर कही बातों व नियमों का उल्लंघन करने की शिकायत मिलती है,उनके खिलाफ अधिनियम 1950 की धारा 342 के अंतर्गत सख्त कार्यवाही की जाएगी।



# राजनीति में जो धर्म का उपयोग करे वो सबसे बड़ा कायर: अभिमन्यु मिश्रा

■ छत्तीसगढ़ का 15 साल तक शोषण करने वालों को धर्म के नाम पर भीख भी नही देगा छत्तीसगढ़िया

■ भाजपा को इस समय परिवर्तन नही पश्चाताप यात्रा की ज़रूरत

**राजनांदगांव,** 19 सितम्बर (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया पैनलिस्ट अभिमन्यु मिश्रा ने जारी बयान में भाजपा द्वारा छत्तीसगढ़ में धार्मिक समन्वय बिगाड़ने के प्रयासों पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि राजनीति में धर्म लाता है वो सबसे बड़ा कायर है राजनीति आपके कार्यों पर आधारित होनी चाहिए न कि धर्म पर यह सिद्ध करता है 15 साल सरकार होने के बाद भी इनके पास बताने को कुछ नही है, आज 15 साल के शासन के बाद या की कहा जाए छत्तीसगढ़ के शोषण के बाद अब सनातन के नाम पर बेशर्मी से वोट मांग रहे हैं, हमने पहले ही कहा है कि किस तरह भूपेश बघेल के 5 साल रमन सिंह के 15 साल पर भारी हैं और वो इसलिए हैं क्योंकि जहाँ एक ओर भाजपा ने चिट फण्ड कंपनियों का जाल बिछा कर जिसमे खुद मुख्यमंत्री ब्रांड अम्बेसडर बने थे उनके माध्यम से छत्तीसगढ़ियों की मेहनत की कमाई का पैसा खा गए, रतनजोत से आज भी बच्चे बीमार पड़ रहे हैं, आदिवासियों को नक्सल बता कर मारा ज़बरदस्ती उनकी ज़मीने हड़प ली, हर रोज़ किसान आत्महत्या करते रहे इन्होंने छत्तीसगढ़ को झिलमियारी कांड, नसबंदी कांड, गर्भाशय कांड, ऑखफोड़वा कांड, पोराबाई प्रकरण जैसे बदनुमा दाग दिए, छत्तीसगढ़ की संस्कृति को रौंद कर रखा गया जिसकी झलक आज भी छत्तीसगढ़ महतारी की फ़ोटो अनुचित जगह रख कर सिद्ध किया इसके उलट जब 15 साल के अंधकार के बाद 2018 में छत्तीसगढ़ में नया सवेरा आया कांग्रेस की सरकार व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सर्वप्रथम किसानों के कर्ज़ा माफ कर फिर से खुशहाल बनाया, चिटफण्ड कंपनियों के 400 मालिकों को पकड़ उनकी संपत्ति कुर्क कर पैसे वापस दिलाने का कार्य किया, आदिवासियों को उनकी जमीन वनाधिकार पट्टे के माध्यम से उन्हें लौटाई, छत्तीसगढ़ की संस्कृति को न केवल देश मे बल्कि विदेशों तक मे नाम किया आज छत्तीसगढ़ प्रदेश एक मॉडल स्टेट के रूप में देश विदेश में जाना जाता है देश भर में कई सरकारे हमारी योजनाएं अपना रही है आज चाहे किसान हो चाहे मज़दूर हो या महिला सुरक्षा का मामला हो या पत्रकार सुरक्षा की बात हो हर एक छेत्र में छत्तीसगढ़ अग्रणी है और हर एक वर्ग के लिए कार्य कर रही है ऐसे में अगर भाजपा नेता सोचते हैं कि छत्तीसगढ़ की जनता को वे धर्म के नाम पर मूर्ख बना लेंगे तो सबसे बड़े मूर्ख वे खुद हैं आज जनता जनती है समझती है की उनकी उन्नति के लिए क्या ज़रूरी है ।



श्री मिश्रा ने यह भी कहा कि डॉ रमन की बात अगर करे तो राजनांदगांव में उनका परिवर्तन यात्रा निकालना वाजिब भी है क्योंकि राजनांदगांव की जनता अब रमन सिंह से त्रस्त हो चुकी है व परिवर्तन का मन बना चुकी है कोई बाहरी थोपा हुआ विधायक अब उन्हें नही चाहिए उन्हें ऐसे विधायक चाहिए जो राजनांदगांव का हो जिसके दरवाजे वो कभी भी जा सकें न कि कोई ऐसा जिसका प्रोटोकॉल रायपुर से आता है रमन सिंह विधायक होने की ज़िम्मेदारी नही निभा पाए वे अबतक अपने मुख्यमंत्री के कार्यकाल के आभामंडल से बाहर नही आ पाए हैं इसलिए जनता इस बार विधायकी से भी छुट्टी कर घर बैठाने के मूड में है ।

किसानों की बात पर कहा कि जब भाजपा सरकार में थी तब 1400 प्रति चिंटल का वादा किया कभी बोनस नही दिया और आज झूठ बोल रहे कि केंद्र धान खरीद रही है जबकि केंद्र ने अड़ंगा डाला, श्री मिश्रा ने यह भी कहा कि छत्तीसगढ़ में आ कर धान खरीदी का झूठा श्रेय लेने की कोशिश करने वाले भाजपाई अपने शासित राज्यों में कितने में धान खरीदते हैं यह भी बताएं दे दें उन्हें भी 2640 रुपये जो कि कही नही है जनता इनके झूठ में अब फसने वाली नही है ।

उल्टा पुल्टा

रोजी अपने ब्वॉयफ्रेंड को अपनी मम्मी से मिलवाने ले गई।
दूसरे दिन...
रोजी- मेरी मम्मी को तुम बहुत पसंद आए।
ब्वॉयफ्रेंड - चल पगली, कुछ भी हो, मैं शादी तो तुमसे ही करूंगा, मम्मी से बोलना मुझे भूल जाएं।






# जयकारे के साथ जगह-जगह विराजे गणपति

## जय माता दी गणेशोत्सव के विसर्जन में शिव अघोरी रहेगा आकर्षण का केंद्र



### नगर में लौट रही है गणपति उत्सव की धूम

**महासमुंद**, 19 सितंबर (देशबन्धु)। अंचल में गणेशोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। गणेश चतुर्थी के मौके पर 19 सितंबर को गणपति बप्पा पंडालों और घरों में विराजमान हुए। स्थापना के दौरान गणपति के जयकारें लगते रहे। नगर पुरोहित पंकज तिवारी के अनुसार विघ्नहर्ता के स्थापना के दिन भर मुहूर्त था और लोग अपनी सुविधाानुसार गणपति की अराधना स्थापना करते रहे। हालाकि छोटी गणेश प्रतिमाओं की अपेक्षा बड़ी मूर्तियों का डिमांड ज्यादा रहा जिसके कारण मूर्तिकारों के निवास में लोग मूर्ति लेने देर शाम तक पहुंचते रहे। नगर के अनेक स्थानों पर बड़ी मूर्तियों के स्थापना से नगर में गणपति उत्सव का रौनक लौटने लगा है। गंजपारा, अंबेडकर चौक, बाजारवार्ड, खल्लारी मंदिर सितलीनाला, गायत्री मंदिर, पुराना रायपुर नाका, सुंदर साहू निवास के पास काली मंदिर, जय माता दी गणेशोत्सव समिति समेत अनेक स्थानों पर बड़ी मूर्तियों आकर्षक सजावट के साथ विराजित की गई है। जिसके कारण इस बार गणेश उत्सव में लोगों की चहल-पहल रहेगी।

### विधायक कार्यालय में विराजित गणपति



**महासमुंद।** मंगलवार को संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर के कार्यालय.निवास में विधिविधान से पूजा अर्चना कर भगवान गणेश जी की प्रतिमा स्थापित की गई ।यहां यह बताना लाजिमी होगा कि गणेशोत्सव की धूम पूरे शहर में है। शहर के विभिन्न चौक चौराहों में गणेश जी की प्रतिमा स्थापित की जा रही है। लोग अपने आफिस और घर में भी गणेश जी की प्रतिमा स्थापित कर रहे हैं। इसी तारतम्य में आज मंगलवार को संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने अपने निवास स्थित कार्यालय में विघ्नहर्ता गणेश जी की प्रतिमा स्थापित की। शुभ मूहूर्त में पूरे विधि विधान के साथ गणेश स्थापना की गई। इस दौरान कार्यालय के सभी स्टाफने मिलकर संसदीय सचिव श्री चंद्राकर के साथ पूजा अर्चना की।

उल्लेखनीय है कि चार दशक पूर्व गणेश उत्सव का नगर में धूम रहता था और ग्रामीण अंचलों से लोग गणेश उत्सव देखने पहुंचते थे। थामस गली वार्ड नंबर 13 स्थित जय माता दी गणेशोत्सव समिति द्वारा इस बार जोरशोर से तैयारी की गई है। पूरे गली को आकर्षक तरीके से सजाने के साथ ही झूमर और विद्युत प्रकाश की आकर्षक सजावट लोगों को बरबस ही आकर्षित कर रही है। समिति के बादल मक्कड़ ने बताया कि आयोजन में करीब 6 लाख रुपए का खर्च अनुमानित है। 22 सितंबर को 56 भोग का कार्यक्रम होगा। 25 सितंबर को आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। वही 28 सितंबर को आरूसाहू का कार्यक्रम होगा। उन्होंने बताया कि बप्पा के विसर्जन जुलूस को आकर्षक बनाने के लिए राजस्थान से शिव अघोरी की झांकी की प्रस्तुति नगर के लिए अनोखा आयोजन होगा। शौर्य प्रदर्शन के साथ 1 अक्टूबर को गणपति बप्पा का विसर्जन महामाई तालाब में किया जाएगा।

# श्रीगणेश चौक-चौराहों व घरों में विराजित हुए



**नयापारा राजिम,** 19 सितंबर (देशबन्धु)। विघ्नहर्ता श्रीगणेशजी विघ्नहरण करने के लिए लोग बड़े भक्तिभाव से आज मंगलवार को चौक चौराहो और घरों पर विराजित किए। आज के दिन गणेशजी का मां पार्वती के द्वारा अपने शरीर के मैल से निर्मित गजानन, एक दंत, गौरी पुत्र अनेक नामो से विख्यात भोले भाले एवं प्रथम पूजनीय गणेशजी का आगमन घरों में किया गया। 11 दिवस चलने वाली गणेश उत्सव में गणेश समितियों द्वारा विभिन्न संदेशों को लेकर गणेशजी की स्थापना की जा रही है। इसी कारण आज नगर के कुम्हार पारा से सैकड़ों की संख्या में गणेश पण्डाल वालों सहित लोगों ने अपने घरों में गणेशजी को विराजित करने अपने बच्चों सहित गणेश प्रतिमा लेजाने आए हुए थे, जिससे काफी भीड़ देखने को मिली जिससे आवागमन में असुविधा हो रही थी। लेकिन गणेश भक्त अपने गणेशजी को घर ले जाने का थोड़ी देर भी इंतजार नहीं कर पा रहे थे। कुम्हार पारा मे ही कई ऐसे गलियां है जिसके माध्यम से गणेशजी को लेकर गणेश भक्त अपने घर पहुंचने में लगे हुए थे।

## नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में प्रारंभ हुआ गणेश उत्सव



**बलौदाबाजार,** 19 सितंबर (देशबन्धु)। नगर एवं ग्रामींण क्षेत्र में गणेश उत्सव समितियों के द्वारा हर्षोल्लास के साथ भगवान श्री गणेश को स्थापित किया गया। वहीं चौंक चौराहों के अलावा निजी आवास में भी लोगों के द्वारा भगवान श्री गणेश जी की विधिवत स्थापना की गई। नगर के बस स्टैण्ड, सिविल लाईन, गार्डन चौंक, बाजार चौंक, संजय कालोनी सहित अधिकांश वार्डो में भी गणेश उत्सव का माहौल है। आयोजन समितियों द्वारा मुहुर्त के अलावा देर शाम तक भी बाजे गाजे के साथ भगवान गणेश को स्थापना स्थल तक लाकर पूजा पाठ के साथ विराजित किया गया।

# साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति ने गणेश चतुर्थी को मनाया विश्व तेली दिवस के रूप में



**राजिम**, 19 सितंबर (देशबन्धु)। भगवान शिव, माता पार्वती एवं श्रीगणेश जी की पूजा अर्चना कर साहू समाज राजिम भक्तिन मंदिर समिति ने विश्व तेली दिवस मनाया ।इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष लाला साहू उपाध्यक्ष नूतन साहू कोषाध्यक्ष भोले साहू महासचिव श्याम साहू महामंत्री रामकुमार साहू सहसचिव तरूण साहू नगर साहू संघ राजिम के अध्यक्ष भवानी शंकर साहू उपाध्यक्ष चोवा राम साहू गजानंद साहू सचिव राजू साहू एवं लक्ष्य साहू विशेष रुप से उपस्थित रहे।

# तीज पर्व धूमधाम से मनाया गया



**नवापारा राजिम,** 19 सितंबर (देशबन्धु)। नगर के अनेक घरों में व्रती महिलाओं ने भगवान शिवजी, पार्वती माता एवं गणेशजी की मिट्टी की बिना रंग रोगन की प्रतिमा विराजित कर पूरी रात उसकी पूजा अर्चना की. फूलों से सजे फूलेरा से व्रती महिलाओं ने बड़े सुंदर ढंग से सजावट कर रखी थी. व्रती सुहागिन महिलाओं ने हरितालिका व्रत की कथा पढ़, सुनकर आरती की. वहीं दिन भर निर्जला व्रत करने के बाद पूरी रात जागरण कर छत्तीसगढ़ी व्यंजन खुरमी, ठेठरी, चौसेला आदि बनाकर सुबह स्नान एवं पूजा पाठ कर. इन्हीं व्यंजनों के माध्यम से व्रत तोडते हैं. और फिर त्रिवेणी संगम में फुलेरा का विसर्जन करते हैं.



नगर के वार्ड क्रमांक 16 श्रीराम जानकी मंदिर में पंडित परमेश्वर मिश्रा के द्वारा तीज के पावन पर्व पर हरितालिका व्रत का महात्म सुनाया गया। उक्त कार्यक्रम कुलेश्वर रामायण मण्डली के द्वारा किया गया। इस अवसर पर सुहागिन महिलाएं अपनी सुहाग की लंबी उम्र की प्रार्थना कर जीवन को सफल बनाने के लिए पुजा-अर्चना कर कामनाएं की। कार्यक्रम मेंअन्नपूर्णादेवांगन, सरोजिनी सोनी, संतोषी देवांगन, सीता देवांगन, मंजू देवांगन, लक्ष्मी देवांगन, अन्नपूर्णा कंसारी, चमेली कहार, गीता कंसारी, कुमुदिनी मिश्रा, रामबाई सोनकर, सांता तारक, राजबाई साहू, सीता देवांगन, बाबरा साहू सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

# बीकाम तृतीय एवं द्वितीय वर्ष की छात्रों ने नवप्रवेशित छात्राओं का किया वेलकम



**धमतरी,** 19 सितंबर (देशबन्धु)। शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय के बी.काम तृतीय वर्ष एवं द्वितीय वर्ष के छात्राओं द्वारा प्रथम वर्ष की नव प्रवेशित छात्राओं के लिए फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम सर्वप्रथम विधिवत रूप से मां सरस्वती की छायाचित्र की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके बाद नवप्रवेशित छात्राओ का तिलक लगाकर और ब्रेशलेट पहना कर उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य ने अपने सम्बोधन में कहा कि अनेक विद्यालयों से इस महाविद्यालय में आगे की पढ़ाई के लिए नवप्रवेशित छात्राओं का आगमन हुआ है, ये निश्चित रूप से अपने लक्ष्य की प्राप्ति की ओर अग्रसर होकर पढ़ाई करके नये कीर्तिमान को हासिल कर महाविद्यालय का नाम रोशन करेंगी। महाविद्यालय की वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक डॉ. रोहिणी मरकाम ने महाविद्यालय में प्रवेशित छात्राओं का अभिनंदन करते हुवे अपने कर्तव्यों के प्रति सजग महाविद्यालय की समस्त गतिविधियों में अपनी भागीदारी देने की बात कही। वाणिज्य विभाग की ओर से उध्बोधन में सहायक प्राध्यापक दानेश्वर साहू ने नवप्रवेशी छात्रों से एक निश्चित लक्ष्य बनाके चलने और उस लक्ष्य को पाने के लिए निरंतर मेहनत करने के लिए प्रेरित किया ताकि वे आगे चल के एक काबिल इंसान बन सके। फ्रेशर पार्टी के इस अवसर पर बी.काम. भाग तीन एवं द्वितीय तथा प्रथम वर्ष की के द्वारा गीत, नृत्य, कॉमेडी व अन्य मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक डॉ. जे.एल. पाटले, ओ.पी. चंदे, खेल अधिकारी डॉ. सी.एस. बांधे, सहायक प्राध्यापक राजेश जांगड़े, हुकेश कुमार, आकाश कुमार साहू, रामचंद सोनी, सुश्री रोली जांगड़े, पोखराज साहू, श्रीमती पूर्णिमा साहू, डॉ. जयश्री रणसिंह, सुश्री तीजन साहू सहित कार्यालयीन स्टॉफ एवं बीकॉम तृतीय वर्ष, द्वितीय वर्ष एवं प्रथम वर्ष की छात्राओं की उपस्थिति में कार्यक्रम का सफल आयोजन हुआ।

इस फ्रेशर पार्टी में मिस फ्रेसर तेजश्वी मानिकपुरी एवम मिस ब्यूटी खुशबू मंडावी को चुना गया। कार्यक्रम का संचालन कु. राजेश्वरी, सोनाली बीकॉम तृतीय व अंचला ध्रुव एवं दिव्या यादव बीकॉम द्वितीय वर्ष की छात्राओं ने किया।

# भगवान शिव और पार्वती के पुनर मिलाप का प्रतीक है तीज पर्व : विजय देवांगन



### हटकेशर वार्ड में दो दिवसीय रामधुनी रामसत्ता महोत्सव का शुभारंभ

**धमतरी,** 19 सितंबर (देशबन्धु)। हटकेशर वार्ड में चल रहे दो दिवसीय रामधुनी रामसत्ता महोत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि महापौर विजय देवांगन, लक्ष्मी नारायण साहू, कांग्रेस सेवा दल के जिला अध्यक्ष होरीलाल साहू, एल्डरमेन लखन पटेल, आशुतोष खरे, रमेश देवांगन, शांतिलाल देवांगन, सालिक पटेल, सालिक साहू, चैंनसिग साहू, ईश्वर पटेल, संत ठाकुर सहित वार्ड के वरिष्ठ जनों की उपस्तिथि में हुआ।

इस अवसर महापौर विजय देवांगन ने माताओ एवं बहनों को तीजा पर्व की बधाई देते हुए कहा की भगवान शिव को पाने के लिए मां पार्वती ने कठोर तपस्या की थी भगवान शिव और पार्वती के पुनर मिलाप का प्रतीक है तीज पर्व तभी से हर वर्ष यह हरतालिका तीज का व्रत सुहागिन महिलाएं अपने पति को लंबी आयु और सौभाग्य के लिए रखती है। ये अवसर पर प्रभु के आराधना और भक्ति में लीन होने का माध्यम धार्मिक आयोजनों से होता है और तीज का यह त्योहार बहनों के सौभाग्य का त्योहार है। सभी बहनें भगवान शिव से अपने पति व परिवार के दीर्धायु व सुखद सफल जीवन की कामना के लिए व्रत पूजा >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# सीमेंट की बढ़ती कीमतों के लिए भाजपा व कांग्रेस जिम्मेदार : राजकुमार पात्रे



### 21 सितंबर को बसपा करेगी विरोध प्रदर्शन

**बलौदाबाजार,** 19 सितंबर (देशबन्धु)। बहुजन समाज पार्टी के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एडवोकेट राजकुमार पात्रे ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि विगत दिनों से छत्तीसगढ़ प्रदेश में निर्मित सीमेंट के कीमतों में अत्यधिक बढ़ोत्तरी का जिम्मेदार भाजपा व कांग्रेस पार्टी है। जबकि अन्य प्रदेशों में छत्तीसगढ़ में निर्मित सीमेंट का दाम छत्तीसगढ़ की तुलना में कम है, जो विचारणीय प्रश्न है, जिस पर आम नागरिकों को भी विचार करना चाहिए। सीमेंट के दामों में वृद्धि को लेकर बसपा 21 सितंबर को विरोध प्रदर्शन करेगी।

एडवोकेट श्री पात्रे ने आगे कहा कि सीमेंट संयंत्रों में कार्यरत मजदूरों, अधिकारियों की वेतन में कोई बढ़ोत्तरी नहीं हुई है, कच्ची सामाग्री की कीमत, परिवहन व्यय, बिजली दर में वृद्धि नहीं हुई है। इसके बावजूद सीमेंट संयंत्रो के द्वारा सीमेंट की कीमत में प्रति बेग 70 से 90 रुपये की बढ़ोत्तरी क्यों किया जा रहा है। इसका कारण आगामी विधानसभा चुनाव 2023-2024 के लिये कांग्रेस व भाजपा के द्वारा सीमेंट संयंत्रों से भारी भरकम चुनावी फण्ड लिया जाना है। जिसकी भरपाई सीमेंट प्रबंधकों द्वारा 70 से 90 रुपये प्रति बोरी कीमत बढ़ाकर आमजनता की मेहनत की कमाई से कर रही है। कांग्रेस व भाजपा किसानों, गरीबों की हितैषी होने का झूठी बात कहकर वाहवाही लुटते हैं वहीं दूसरी ओर गरीब, मजदूर, किसानों को बड़े-बड़े उद्योगपतियों के माध्यम से लूटने का काम करते हैं। प्रदेश में कांग्रेस की और केन्द्र में भाजपा की सरकार है, इसके बावजूद सीमेंट संयंत्रों के द्वारा स्थानीय लोगों को अधिक दाम एवं अन्य राज्य को कम दाम में सीमेंट दिया जा रहा है। जबकि स्थानीय लोगों के लिये सीमेंट की कीमत कम होनी चाहिए। हमारे जमीन, पत्थर, >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# दिगंबर जैन मंदिर बलौदाबाजार में प्रारंभ हुआ पयुर्षण पर्व



**बलौदाबाजार,** 19 सितंबर (देशबन्धु)। जैन समाज के अध्यक्ष दिनेश जैन ने दस दिनों तक चलने वाले पयुर्षणपर्व कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि पयुर्षणपर्व का पहला दिन उत्तम क्षमा धर्म का दिन है पयुर्षण के दस दिन हमारी वास्तविक अवस्था की ओर अग्रसर होने के प्रयोग के दिन होते हैं वास्तव में इन दस दिनों में हमारे भीतर जो विकृतियों हैं उनको हटाना चाहिए जैसे-जैसे हम उनको हटाते जाएंगे धर्म अपने आप हमारे भीतर प्रकट होता जाएगा आज पर्यूषण पर्व के पहले दिन भगवान श्री के शांति धारा कलश की बोली का सौभाग्य समाज के सचिव अमित जैन को प्राप्त हुआ।

समाज में सांगानेर से आए हुए समय भैया जी द्वारा मंत्रउच्चारण का कार्य किया गया। पर्यूषणपर्व का पहला दिन बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। जिसमें समाज के संरक्षक इंद्र कुमार जी, महावीर जी, पंडित धन प्रसाद जी, पदमचंद जी, रमेश जी, कपूर चंद जी एवं समाज के अध्यक्ष दिनेश जैन जी, नरेंद्र जैन, सुधीर जैन, नितेंद्र जैन, अनुराग जैन, युवराज जैन, मयूर जैन, तुषार जैन, समाज के सहसचिव सुभाष जैन, सुमित जैन आदि एवं महिला मंडल की अध्यक्षता सुमन जैन, ममता जैन, निर्मल जैन, अंजू जैन, डिंपल जैन, दीपिका जैन, बिना जैन, ज्योति जैन, नविता जैन, नेहा जैन, रंजन जैन, शोभा जैन आदि उपस्थित थे।

# कबड्डी प्रतियोगिता में शामिल हुए तुषार



**महासमुंद,** 19 सितंबर (देशबन्धु)। सिरपुर क्षेत्र के ग्राम बंदोरा में युवा ग्रामीण के तत्वाधान में कबड्ड़ी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ । आयोजन में किसान नेता अशवंत तुषार साहू शामिल हुए और खिलाडीयो से परिचय प्राप्त किया । अपने संबोधन में श्री साहू ने कहा कि खेल में हार जीत नहीं देखते हैं। हारने वाले खिलाड़ी जीतने वाले से महज कुछ कदम पीछे रहते हैं। इसका ये मतलब नहीं होता कि खिलाड़ी खेलना छोड़ दे। इंसान ठोकरें खाकर ही आगे बढ़ता है। प्रयास करना चाहिए कि जितने वाले से भी दो कदम आगे निकल जाए। उन्होंने कहा कि आज खेलकूद में लड़के ही नही लडकिया भी आगे हैं। जो स्वर्ण पदक लाकर देश का सम्मान >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## दुर्गा पंडाल का भूमि पूजन आज

**महासमुंद,** 19 सितंबर (देशबन्धु)। बस स्टैंड दुर्गा पूजा उत्सव समिति महासमुन्द द्वारा 20 सितंबर बुधवार को दोपहर 3 बजे स्थानीय दादा बाड़ा में दुर्गा पंडाल का भूमि पूजन किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए समिति के भाउराम साहू ने सभी सदस्यों से उपस्थित की अपील की है।

**चौक-चौराहा व घरों में विराजे गणपति बप्पा**

**सिमगा,** 19 सितंबर। आज गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर नगर के चौक चौराहा एवं घरों में भगवान गणेश की प्रतिमा विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर स्थापना किया गया। गणेश चतुर्थी का पर्व पूरे 10 दिनों तक मनाया जायेगा।



# नकली नोट की कहानी बनाकर लूट करने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार

**कसडोल/बलौदाबाजार,** 19 सितम्बर (देशबन्धु)। थाना गिधौरी पुलिस द्वारा नकली नोट की कहानी बनाकर लूट की घटना कारित करने वाले 02 शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों द्वारा नकली नोट से ज्यादा पैसे कमाने का लालच देकर, घटना को अंजाम दिया गया। पूरी प्लानिंग के सांथ, धोखे से बुलाकर जान से मारने की धमकी देते हुए 1,50,000 लुट कर आरोपी फरार हो गए थें। आरोपियों से नगदी 74,400 एवं एक प्लैटिना मोटरसाइकिल किया गया बरामद विकास खंड के गिधौरी पुलिस थाना क्षेत्र में 150000 रुपए लूट कर भागने वाले आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।



मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी फिरंगी पटेल ग्राम सेमरा थाना गिधौरी 18 सितंबर को थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 15 सितंबर को एक आदमी फोन कर बताया कि हम लोग नकली नोट चलन में लाने के लिए ज्यादा नोट देकर बदले में कम पैसा लेते है, बोलकर प्रार्थी फिरंगी पटेल को बताने पर प्रार्थी लालच में आकर ठीक है, कहने पर आरोपी पिताम्बर बरिहा ग्राम सेमरा प्रार्थी कें घर नकली नोट है बोलकर असली नोट 800 दिया और प्रार्थी के पुछने पर 1,50,000 है तो मुझे इसके बदले 13,00,000 नकली नोट देंगे बोला और बताया कि आज शाम 6 बजे मेरा साथी जयलाल बरिहा पैसा लेकर आयेगा तुम खपरीडीह नाला के पास आ जाना बताया। तब प्रार्थी शाम को 6 बजे खपरीडीह नाला के पास उसका फोन आने से 1,50,000 लेकर गया तो

## 1 लाख 50 हजार लूट कर भागे थे आरोपी

वहां एक मोटर सायकल में पिताम्बर बरिहा व जयलाल बरिहा दोनो मिले और पैसे जो लाये हो निकाल कर दो कहने पर प्रार्थी बोला कि पहले 13,00,000 दो कहने पर। तब आरोपियों द्वारा तुम हमको जानते नही हो हमारे आदमी और है, जान से हाथ धोना पड़ेगा कहकर जबरदस्ती डरा धमका कर 1,50,000 को लुटकर भाग गये। रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश कुमार यादव, एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अभिषेक सिंह के द्वारा अपराध की गंभीरता को देखते हुए त्वरित कार्यवाही करने हेतु आदेशित करने पर थाना प्रभारी कैलास चन्द्र दास के नेतृत्व में थाना स्टाफएवं सायबर सेल बलौदाबाजार स्टाफका संयुक्त टीम गठीत कर आरोपीयों का पता तलाश कर आरोपी पिताम्बर बरिहा पिता श्यामलाल बरिहा उम्र 23 साल एवम जयलाल बरिहा पिता गोपी बरिहा उम्र 27 साल दोनो गिधापाली बम्हनी थाना बसना जिला महासमुंद को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक मोटर सायकल प्लेटिना एवं लुटे गये 1,50,000 में से कुल वजाप्ता सामान व नगदी 74,400 को जप्त किया गया है। आरोपीयों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में उप जेल बलौदाबाजार भेजा गया। संपुर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी कैलास चन्द्र दास, प्रधान आरक्षक मानिकराम बंजारे आरक्षक, पवन डहरिया, रामलाल कैवर्त, जगराम लहरे, राहुल सागर, नरेन्द्र निषाद एवं सायबर सेल बलौदाबाजार से प्रधान आरक्षक अंजोर मांझी, नरेश खुंटे आरक्षक अजय यादव का विशेष योगदान रहा।

# दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में मंथन का भव्य आयोजन

## एनईपी 2020 पर परिचर्चा के साथ किया गया गुरुओं का सम्मान



**भाटापारा,** 19 सितंबर। खमरिया भाटापारा स्थित दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में दिनांक 15 सितंबर 2023 को भारत सरकार द्वारा लागू की गई नई शिक्षा प्रणाली 2020 पर मंथन 2023 में गहन सामूहिक चर्चा की गई साथ ही साथ राष्ट्र निर्माता गुरुओं के सम्मान में पुरस्कार समारोह (अवार्ड सेरीमनी) का भी आयोजन किया गया था। जिनमें बलौदा बाज़ार जिला से लगभग 15 विद्यालयों के प्रधानाचार्य तथा शिक्षक/शिक्षिकाओं ने भाग लिया। यह कार्यक्रम मंथन 2023 दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य श्री योगेश पोपट के मार्गदर्शन में कराया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री बी0एन0 राव रेड्डी (मोटिवेशनल स्पीकर, मैथ्स गुरू) विशेष अतिथि श्री एम0एन0 सिंह (मुख्य प्रवक्ता एनएच गोयल रायपुर), विद्यालय के प्रबंधक श्री अश्विनी जी शर्मा, सह-प्रबंधक श्री संदीप गोयल, प्रधानाचार्य श्री योगेश पोपट (डीडब्ल्यूपीएस भाटापारा,) श्री एस0के0 पाण्डेय (प्रधानाचार्य अंबुजा विद्यापीठ रवान) श्री जी0वी0 राजशेखर राव ( प्रधानाचार्य टाटा डी0ए0वी0 स्कूल) श्री जी0सी0 दास (प्रधानाचार्य अहिल्याबाई इंटरनेशनल स्कूल) श्रीमती पूजा जैन (प्रधानाचार्या पाठशाला स्कूल) श्री तेजराम साहू (प्रधानाचार्य भारती विद्या मंदिर) श्रीमती सुनीता बहादुर (प्रधानाचार्या आदर्श पब्लिक स्कूल) श्री पी0सी0 झाँ (बाँगड़ पब्लिक स्कूल) श्री अजय कुमार साहू (प्रधानाचार्य एक्स्ट्रा ऑर्डिनरी वर्ल्ड क्लास स्कूल) श्रीमती प्रीति ताम्हणे (प्रधानाचार्या मॉडर्न इंग्लिश स्कूल भाटापारा) तथा दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के सभी शिक्षक उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलित करके किया गया। विद्यालय के छात्र कलाकारों द्वारा बहुत ही सुंदर स्वागत गान व नृत्य प्रस्तुत किया गया। मॉडरेटर की भूमिका में श्री पवन केसरवानी, श्रीमती गौरी चाँदवानी तथा श्याम बहादुर रहे। प्रधानाचार्य श्री योगेश पोपट द्वारा अतिथियों को पुष्पगुच्छ तथा मोमेंटो भेंट करके सम्मान किया गया। प्रबंधक श्री अश्विनी शर्मा ने भी अपने संबोधन में नई शिक्षा प्रणाली 2020 पर प्रकाश डालते हुए लोगों की उपस्थिति के लिए आभार जताया। प्रबंधक श्री अश्वनी शर्मा, मुख्य अतिथि श्री बी एन राव रेड्डी, विशेष अतिथि श्री एमएन सिंह, प्रधानाचार्य श्री योगेश पोपट द्वारा समस्त शिक्षकों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मंच का संचालन श्री सी0ल0 शुक्ल एवं सुश्री नम्रता मंधानी द्वारा किया गया। अंत में श्री राहुल भटालिया के वोट आफ थैंक्स के पश्चात उपस्थित लोगों द्वारा राष्ट्रगान गाकर कार्यक्रम के समापन की घोषणा की गई। सभी के लिए रात्रि भोज की भव्य व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम बहुत ही आकर्षक, सुनियोजित तथा अनुशासित रहा।

# नवाखाई में देवी-देवताओं को नई फसल का भोजन पहले करते हैं अर्पण : दयालू गाडा



**नयापारा राजिम,** 19 सितंबर (देशबन्धु)। नवा खाई के पर्व का सभी गाडा समाज धूमधाम से मना रहे हे समाज के विशेष सलाहकार दयालू गाडा ने सभी को बधाई शुभकामनाएं देते हुऐ बताया कि आज के दिन नया धान के बाली का पूजा अर्चना कर जंगल पहाड़ियों में रहने वाले देवी देवताओं को पहले भोजन अर्पण किया जाता है जिसमें नया धान का चिवड़ा हारसा की रोटी नारियल फल फूल इत्यादि अर्पण किया जाता है और साथ ही पूरे देशवासियों के लिए समृद्धि के लिए कामना किया करते हैं जिसमें भगवान जगन्नाथ समलेश्वरी माता बूढी मां वस्त्रहीन माता ऐसी सभी देवी को दीप जलाकर कामना करते हैं और आने वाला साल सुख समृद्धि और खान- पान व्यापार-व्यवसाय और परिवार सुख -समृद्धि रहै यही कामना करते। हमारे पूर्वजों द्वारा निश्चित रूप से यह त्योहार जो आदिवासी और अनुसूचित जाति गाड़ा समाज की परंपरा हे जिससे हम प्रथम नवा खाई का पर्व मनाते हैं हम सभी देशवासियों को शुभकामनाएं देते हे । गणेश चतुर्थी के दिन उपवास रहते हैं और पंचमी के दिन नवा खाई का पर्व मनाते हैं गाड़ा समाज के विशेष सलाहकार दयालु राम गाड़ा सभी नागरिक बंधु को बहुत-बहुत हार्दिक अभिनंदन करते हैं।

## नारी शक्ति बिल का स्वागत : विभा केसरवानी



**बलौदाबाजार,** 19 सितम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ केसरवानी महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती विभा विजय केसरवानी ने लोकसभा में केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत नारी शक्ति वंदन महिला आरक्षण अधिनियम का स्वागत करते हुए सभी महिला बहनों को बधाई दिया है तथा विश्वास प्रकट किया है की 27 वर्षों से अटका महिला आरक्षण अधिनियम पास होकर कानून बन जायेगा। श्रीमती विभा ने कहा की नारी सशक्तिकरण के लिए महिला आरक्षण आवश्यक है। इस आरक्षण के माध्यम से महिलाओं को फैसला लेने की प्रक्रिया एवं देश के विकास में सहभागी बनने का अवसर मिलेगा। नारी शक्ति वंदन अधिनियम से हमारा लोकतंत्र मजबूत होगा। अब संसद और विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी और बढ़ेगी। वर्तमान में लोकसभा में महिला सांसदों की संख्या 15 प्रतिशत से कम है, जबकि कई राज्य विधानसभाओं में उनका प्रतिनिधित्व 10 प्रतिशत से भी कम है।

# नारियल को चाहिए, अब गणेश का आशीर्वाद

**भाटापारा,** 18 सितंबर (देशबन्धु)। भोलेनाथ की कृपा खूब रही। आशीर्वाद चाह रहा है श्री गणेश से नारियल बाज़ार कि सावन की तरह भादो का महिना भी बेहतर मांग वाला रहे। वैसे तेजी नहीं आई है लेकिन चिल्हर बाज़ार जोरदार मार्जिन लेकर चल रहा है।



तीन प्रमुख पर्व में से एक पर्व जा चुका है। अब बारी है गणेश पूजा और दुर्गोत्सव की। मांग खूब रहती है इन दोनों पर्व में भी नारियल की। लिहाजा होलसेल मार्केट के पास गणेश पूजा के लिए आर्डर पहुँच चुके हैं। हैरत इस बात को लेकर है कि गीला और सूखा दोनों में मांग लगभग एक सामान है द्य इसके पहले तक सूखा नारियल खूब बिका करता था।

## सावन जैसा हो, भादो का भी महीना

**तैयार भादो के लिए**

भोलेनाथ की कृपा इस बरस सावन में खूब रही। उम्मीद से ज्यादा अच्छा गुजरा। अब श्री गणेश से आशीर्वाद मांग रहे नारियल बाज़ार ने कीमत स्थिर रखी हुई है। पहली बार नारियल का थोक बाज़ार यह देखकर हैरत में है कि गणेश पूजा के लिए मांग दोगुनी बढ़त लिए हुए है। इसे देखकर उम्मीद है कि नवरात्रि पर बीते साल का रिकॉर्ड टूट सकता है।

**थोक और चिल्हर**

गणेश पूजा के लिए होलसेल मार्केट में डिमांड पहुंच चुकी है। नारियल गीला 70 नग का बोरा 650 रूपए पर स्थिर है। सूखा नारियल में मांग का दबाव बढ़ा हुआ देखा जा रहा है। इसलिए इसका 100 नग से पैक बोरा 1450 रूपए पर खुदरा दुकानें सौदे कर रहीं हैं। रिटेल मार्केट में गीला और सूखा नारियल की बिक्री 20 रूपए प्रति नग की दर पर की जा रही है।

**यहां से देशभर**

देश में केरल, कर्नाटक, तमिलनाडू और आंध्रप्रदेश में नारियल की व्यावसायिक खेती होती है। अब बिहार भी उत्पादक राज्य में शामिल हो चुका है। उत्पादन की बात करें, तो 30 प्रतिशत उत्पादन की हिस्सेदारी रखता है कर्नाटक। 27.49 प्रतिशत के साथ तमिलनाडू दूसरे स्थान पर है। 24.22 प्रतिशत के साथ केरल तीसरे स्थान पर और 8.22 प्रतिशत उत्पादन के साथ आंध्रप्रदेश चौथे स्थान पर है।

## निधन

### जगदीश सेन



**महासमुंद,** 19 सितंबर। स्थानीय वार्ड नंबर 1 शंकर नगर निवासी जगदीश सेन 72 वर्ष का 19 सितंबर को निधन हो गया। अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे एकता चौक स्थित सुपर सेलून के संचालक रोहित सेन के पिता थे।

### अमृतलाल सिन्हा



**दुर्ग,** 19 सितंबर। लोक निर्माण विभाग दुर्ग के सेवानिवृत कर्मचारी, बम्लेश्वरी कॉलोनी बोरसी दुर्ग निवासी अमृत लाल सिन्हा (64 वर्ष) का मंगलवार को आकस्मिक निधन हो गया। जिनकी अंतिम यात्रा आज 20 सितंबर बुधवार को निवास स्थान बम्लेश्वरी कालोनी बोरसी से 11 बजे शिवनाथ नदी मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान करेगी। वे राहुल, प्रियंका व निहारिका के पिता थे।

### आनंद कुमार तिवारी



**भिलाईनगर,** 19 सितंबर। एमआईजी 1/713 आमदी नगर हुडको निवासी सिविल इंजीनियर आनंद कुमार तिवारी, पुत्र एसके तिवारी (पूर्व प्राचार्य,पीएसपी) का निधन 18 सितंबर को इस्पात नगरी भिलाई के निजी अस्पताल में हो गया। वे 50 साल के थे, उनका अंतिम संस्कार 20 सितंबर को रामनगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। पार्थिव शरीर उनके निवास से सुबह 10 बजे रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे आईपीएस मप्र कैडर अरविंद तिवारी के अनुज थे।

# युवाओं ने मनाया अजजा आयोग के सदस्य गणेश ध्रुव का जन्मदिन



**भाटापारा,** 19 सितंबर। भाटापारा आदिवासी नेता छत्तीसगढ़ शासन अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य गणेश सिह ध्रुव जी के जन्मदिवस के अवसर पर युवा कांग्रेस के द्वारा भाटापारा भामाशाह चौक श्यामा श्याम होटल के समक्ष आतिशबाजी से स्वागत कर केक काटकर जन्मदिन मनाया गया जिसमें विशेष रूप से निगम मंडल सदस्य सतीस अग्रवाल जी,ब्लॉक अध्यक्ष ग्रामीण अमर मंडावी,अजय ठाकुर,चंदू साहू, जिला कांग्रेस सचिव राजा तिवारी,जिला उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस मनमोहन कुर्रे,विकास शर्मा,राजा वर्मा,कमलेश साहू,अल्पसंख्यक विभाग प्रदेश सचिव आदिल चनिजा,एन, इस,यू आई प्रदेश सचिव आकिब मेमन,युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष मोहन निषाद,किसान कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष कुलेश्वर साहू,जिला संयोजक फैजान अहमद,जिला उपाध्यक्ष अमित मारकंडे, विधानसभा अध्यक्ष हरीश लहरे,ग्रामीण कांग्रेस महासचिव सद्दाम खान,देव आशीष कुर्रे खेल विभाग अध्यक्ष,शहर अध्यक्ष शशांक चौबे,उपाध्यक्ष रोहन,मंसूर खान,सोनू असरफी,मोनू,अभिषेक सलूजा,आदि युवा साथी उपस्थिति रहे।

# नवाखाई पर्व आज, गाड़ा समाज की बागबाहरा में हुई बैठक

**बागबाहरा,** 19 सितम्बर (देशबंधु)। गाड़ा समाज बागबाहरा की बैठक नगर में हुई। जहाँ उपस्थित सदस्यों ने आज 20 सितंबर बुधवार को नवाखाई का पर्व पारम्परिक रूप से धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया है। इसकी जानकारी देते हुए गाड़ा समाज बागबाहरा के अध्यक्ष शंकर तांडी ने बताया कि 20 सितंबर बुधवार को नवाखाई पर्व है। जिसे समाज के लोग हर साल उत्साहपूर्वक मनाते है। इस दिन पंचांग के अनुसार शुभ मुहूर्त समय सुबह 6 बजे से 9 बजे तक एवं दोपहर 1ः30 बजे से 2ः15 बजे तक नवा अन्न खाना शुभ है। उन्होंने समाज के लोगों से अपील की है कि सभी समाजिक बंधु माताएं, बहने एवं समाज के युवा इस पर्व को अपने परिवार के साथ आनंदपूर्वक एवं उल्लासमय के साथ मनाएं। इस बैठक में समाज के वरिष्ठ सदस्य नोहर सिंह चौहान , बिसम्भर बघेल, पदुनामो सिका , बैनर्जी बारीक़ , महेश जगत ,. अभेराम तांडी , सदाराम महानंद , गोपाल बघेल, पंकज दीप, आदि नारायण बघेल, जोहन लाल दीप , भोलाराम बघेल, पप्पू नाग, रामूराम जगत, रुद्रधर बघेल, विष्णु बघेल, दुष्यंत व्यवहार, भावेश जगत, बिसरूराम तांडी , आकाश जगत, हेमंत सोनवानी, शशांक दीप , गौरव जगत, रोहन सोनवानी, दिलीप कुमार जगत , दीपक सोनवानी, गोपाल नागेश, सुनील सोनवानी, ईशु सोनवानी, आदि लोग उपस्थित थें।

# त्यौहारों को लेकर शांति समिति की बैठक



**नवापारा राजिम,** 19 सितंबर (देशबन्धु)। गणेश उत्सव, झांकी, विसर्जन व ईद मिलादुन्नबी उत्सव को लेकर रविवार को पुलिस थाना गोबरा नवापारा परिसर में थाना प्रभारी आशीष सिंह राजपूत के नेतृत्व में शांति समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक में नगर के सभी वर्गों के गणमान्य नागरिकगण शामिल हुए। टीआई आशीष सिंह ने नगर वासियों से अपील की है कि आने वाला सभी त्यौहारों को भाईचारा,शांतिपूर्ण एवं प्रशासन के गाइडलाइन का पालन करते हुए मनाएं। किसी भी प्रकार के अशांति फैलाने वाले के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जिस पर उपस्थित लोगों ने सभी त्यौहार को शांतिपूर्ण,भाईचारा एवं प्रशासन के गाइडलाइन का पालन करते हुए मनाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया। टीआई ने बताया कि गणेश उत्सव समिति के सदस्यों की एक बैठक लेकर शांतिपूर्ण तरीके से आयोजन करने की समझाईश भी दी जायेगी. वहीं साउण्ड सर्विस वालों को भी धीमी आवाज में साउण्ड बजाने हेतु हिदायत दी गई एवं झांकी विसर्जन में केवल दो दिन डीजे, बाक्स बजाने की अनुति दी जायेगी. बैठक में प्रमुख रूप से भाजपा नेता परदेसीराम साहू,भाजयुमो नेता नागेंद्र वर्मा,भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला मंत्री रेशम सिंह हुंदल,पूर्व पार्षद सौरभ जैन,राजू रजक,धीरज साहू, अंकित मेघवानी,कांग्रेस नेता राजा चावला,पार्षदगण मंगराज सोनकर,मयाराम साहू,एल्डरमेन रामा यादव, शाहीद रजा,अल्तमस खान, मुस्ताक ढेबर,जाकिर चौहान,चांगल जी, अनस रिजवी, सहित नगर के साउंड सर्विस एवं गणेश उत्सव समिति के सदस्य गण उपस्थित थे।

## हरिद्वार में ब्राह्मण महाकुंभ का आयोजन 24 को

**महासमुंद,** 19 सितंबर (देशबंधु)। हरिद्वार उत्तराखंड में 24 सितंबर को विशाल शर्मा एवं डॉ अनीता मिश्रा के संयोजन में ब्राह्मण महाकुंभ का आयोजन 11 सूत्रीय मांगों को लेकर किया गया है। उक्त जानकारी देते हुए छग प्रचारक अनुपम त्रिपाठी ने बताया कि इस महाकुंभ में सभी ब्राह्मण संगठन शामिल होकर अपनी एकता व अखंडता प्रदर्शित करेंगे।

## प्रादेशिकी का शेष...

### भगवान शिव और पार्वती...

करते हैं। माँ बहनों का आशीर्वाद सदैव फलीभूत होता है, मैं खुशनसीब हूं, कि आप सभी का आशीर्वाद मुझे मिलता रहा है। आगे भी आप लोगो का आशीर्वाद मुझे मिलता रहे। इस अवसर पर आयोजक नागेश्वर मानस प्रचार समिति समिति के सदस्य सहित वार्ड वासी अधिक संख्या में उपस्थित रहे।

### सीमेंट की बढ़ती कीमतों...

पानी से सीमेंट उत्पादन कर सीमेंट संयंत्रों द्वारा हमें ही अधिक दाम पर सीमेंट बेचा जा रहा है, जो कि निन्दनीय है। इस पर राज्य एवं केन्द्र सरकार को अंकुश लगाकर स्थानीय लोगों को कम दाम में सीमेंट उपलब्ध कराना चाहिए।

### कबड्डी प्रतियोगिता में शामिल...

बढ़ाया है। खेल से भविष्य सवरता है । मंच संचालन होरी लाल पटेल ने किया। इस अवसर पर शंकर पटेल, लोकेश साहू, लुकेश ध्रुव, गोविंदा ,लेखराज, धनी ,हेमेंद्र, विनोद यादव आदि उपस्थित थे।

# खैरझीटी में वृद्ध महिला का शव ईसाई धर्म परिवर्तन करने वाली साहू परिवार नहीं कर पाए गांव में दफन

**मगरलोड,** 19 सितंबर (देशबन्धु)। विकासखंड मगरलोड के ग्राम पंचायत खैरझीटी में साहू परिवार ताराचंद साहू की मां फग्नीबाई साहू 70 वर्ष का रात्रि 3 बजे मौत हो गया सुबह परिवार के लोग गांव के शासकीय भूमि में शव को दफनाने की बात हुई तो ग्रामीणों ने कहा जब वह गांव की रीति नियम को नहीं मानता और ईसाई धर्म परिवर्तित कर ईसाइयों की रीति नियम को अपनाता है तो गांव के बाहर शव को दफन करने की बात हुई जिस पर तनाव बढ़ने लगा और साहू से ईसाई धर्म में परिवर्तित परिवार के लोग पुलिस सुरक्षा सहित तहसीलदार नायब तहसीलदार को बात से अवगत कराया। सुबह 9 बजे से दोपहर 3 तक ईसाई धर्म में परिवर्तित साहू परिवार गांव के शासकीय भूमि में दफन करने अड़े रहे वही सैकड़ो की संख्या में पहुंचे बजरंगी दल के कार्यकर्ताओं के साथ ग्रामीणों ने भी लाश को गांव के बाहर दफन करने अड़े रहे। ग्राम खैरझीटी में 3 परिवार के लोग ईसाई धर्म में परिवर्तित हो गए हैं। माहौल लगातार तनावपूर्ण होने से वृद्ध महिला की लाश को सड़क पर रखकर ईसाई धर्म में परिवर्तित साहू परिवार लोग घरअंदर दुबक गए उसके साथ ईसाई धर्म मानने वाले गोपालपुरी धमतरी चरोटा गातापार छाती मंदरोद कमरोद के लोग भी बड़ी संख्या में पहुंचे थे। पुलिस तहसीलदार के काफी मशक्कत करने के बाद शव को एंबुलेंस वाहन मंगाकर मोहदी ले जाने की सहमति बनी और शव को पुलिस अपने कब्जे में लेकर एंबुलेंस की गाड़ी से बाहर के लिए रवाना किया गया तब कहीं मामला शांत हुआ। वृद्ध महिला की लाश को परिवार द्वारा रोड में छोड़ देने पर बजरंगियों ने हनुमान चालीसा पाठ किया और शव को रखे जगह पर गोबर से लिप कर पवित्रीकरण किया गया बजरंगियों द्वारा विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने लगातार जय श्री राम के नारे लगाते रहे और गांव को हिंदू धर्म में आस्था रखने की बात कही और जो अपने हिंदू धर्म के इष्ट देवो को नहीं मानता, लालच देकर धर्म परिवर्तन कराने वाले ईसाई मिशनरियों का विधर्मियों का लगातार विरोध करने की बात कही ग्रामीण अध्यक्ष शैलेंद्र साहू सचिव टीकम कश्यप सरपंच ललित ध्रुव उप सरपंच ओंकार साहू सहित बजरंग दल के संदीप अग्रवाल जिला अध्यक्ष रंजीत साहू विभाग मंत्री बजरंग दल छत्तीसगढ़ चित्रेश साहू डाकेश्वर साहू इंद्र कुमार निखिल सत्यम रामचंद्र देवांगन योगेश योगेंद्र प्रांजल रवि कुमार भीम यादव सहित सैकड़ो बजरंगी सेना के साथ ग्रामीण जन उपस्थित रहे मामला को सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक निपटाने में तहसीलदार प्रेमु साहू, नायब तहसीलदार डहरिया मगरलोड थाना प्रभारी सहायक निरीक्षक चंद्रकांत साहू सहायक उप निरीक्षक तेजू राम सिन्हा प्रधान आरक्षक जैतराम सहित बड़ी संख्या में पुलिस के जवान उपस्थित रहे।



# थानेश्वर मंदिर में तीज पर्व धूमधाम से मनाया गया

**पिथौरा,** 19 सितंबर (देशबन्धु)।स्थानीय थानेश्वर मंदिर में हरितालिका व्रत अवसर पर भगवान शिव का विशेष श्रृंगार कर मंदिर को फूल पत्तो से आकर्षक सजाया गया था ।संध्या के समय मंदिर के मुख्य द्वार पर रंगोली बना दीप प्रज्ज्वलित की गई । यहां महिलाओं द्वारा तीज पर्व धूमधाम से मनाया गया ।इस अवसर मंदिर के पुजारी कृष्णा शर्मा ने हरितालिका व्रत की महिमा का वर्णन करते माँ पार्वती द्वारा किये तीज पर्व पर भगवान शिव की महिमा का वर्णन किया उन्होंने बताया कि माता पार्वती ने सुयोग्य वर प्राप्ति के लिये इस व्रत को किया था जिससे माता पार्वती को भगवान शिव वर के रूप में मिले थे तब से आज तक सुयोग्य वर पाने कुँवारी कन्याओं सहित सुहागिन महिलाओं द्वारा यह व्रत अपने पति की दीर्घायु जीवन और उज्ज्वल भविष्य के लिये रखी जाती है ।इस व्रत का फल में परिवार में सुख शांति समृद्धि आती है । संध्या से लेकर अर्द्ध रात्रि तक महिलाओं द्वारा यहाँ भगवान शिव व माता पार्वती विशेष पूजा अर्चना करते महाआरती की गई । लाखागढ़ मानस मंडली द्वारा रामायण पाठ का भी आयोजन किया गया था जहाँ आत्मा राम गजेंद्र ने प्रवचन भजन के माध्यम से भगवान शिव का गुणगान किया गया । सुहागिन महिलाओं द्वारा भी भजन की प्रस्तुति की गई । इस अवसर मंदिर समिति सदस्य सहित श्रद्धालु उपस्थित थे ।



# जिले में धूमधाम से मनाया गया हरतालिका तीज का त्यौहार

## सुहागिनो ने निर्जला व्रत रख की पति के दीघार्यु जीवन की कामना





**गरियाबंद,** 19 सितंबर (देशबन्धु)। जिले में सोमवार को हरतालिका तीज का त्यौहार सुहागिन महिलाओ द्वारा धूमधाम से मनाया गया। उत्साह के साथ महिलाओ ने वर्षो से चली आ रही इस परम्परा का निर्वहन करते हुए निर्जला व्रत रख अपने पति के दीर्घायु जीवन की कामना की। अखंड सौभाग्य के निमित्त सोलह श्रृंगार करके विधि-विधान से भगवान शिव-पार्वती की पूजा-अर्चना की।

इस अवसर पर नगर के पुराना मंगल बाजार में भी महिलाए पूजा अर्चना करते नजर आए। यहां तीज मनाने एकजुट हुए महिलाओ ने बताया कि सभी सुहागिन महिलाओ ने सुबह से निर्जला व्रत रखा। शाम बाद फुलेरा सजाया और एकजुट होकर भगवान शिव और माता पार्वती की आराधना करके पति की दीर्घायु जीवन की मनोकामना की। इसके साथ ही कुंवारी युवतियों ने सुयोग्य वर के लिए प्रार्थना की। इस दौरान सभी सुहागिन महिलाओ ने रेत से भगवान शंकर और माता पार्वती की प्रतिमा तैयार कर पांच प्रकार के व्यंजन चढ़ाए। प्रतिमा को हल्दी, कुमकुम, चंदन, बेलपत्र चढ़ाने के साथ ही भगवान शंकर-पार्वती को चढ़ने वाले फल एवं सुहाग की सामग्री भी अर्पित की। जिसके बाद रात्रि में ही व्रतधारी महिलाओ ने एक-दूसरे के घर में पहुंच हल्दी कुमकुम का सौभाग्य तिलक लगाया और रात्रि जागरण किया। दूसरे दिन सुबह महिलाओं ने प्रात: गौरपूजन किया। जिसके बाद घरों में सुंदर मंडप के नीचे गौर को विराजित कर उसका विधि, विधान से पूजन किया।

इस अवसर पर व्रतधारी राधिका सिन्हा, लक्ष्मी सिन्हा ने बताया कि माता पार्वती ने हरतालिका तीज का व्रत रखा था, जिसके प्रभाव से उन्हे महादेव पति के रूप में प्राप्त हुए। तब से ही ये मान्यता चली आ रही कि इस दिन गौरी-शंकर की विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना करने से अखंड सौभाग्य की प्राप्ति होती है। गौरतलब हो कि हरितालिका तीज का व्रत सुहागन महिलाओं और कुवांरी युवतियो द्वारा रखे जाने वाल वर्ष का सबसे कठिन व्रत है। व्रत निर्जला, निराहार होता है। यह सबसे लंबी अविध का वत्र भी माना जाता है। जो सूर्योदय से शुरू होकर दूसरे दिन सूर्योदय तक, उपासक को निराहार निर्जला रहकर व्रत पूरा करना होता है। इसके साथ ही रात्रि जागरण कर चार पहर की पूजा की जाती है। इस अवसर पर धरमीन बाई सिन्हा, सुमन लता केला, लता सिन्हा, संध्या सोनी, लक्ष्मी सिन्हा, रत्ना सिन्हा, कीर्ति सिन्हा, वंदना सिन्हा, पूनम सोनी, रूपाली सोनी, बिझवारींन सिन्हा, लीना सिन्हा सहित बड़ी संख्या में महिलाए उपस्थित थे।

# तीज त्यौहार में पौधारोपण के साथ विभिन्न कार्यक्रम



**पलारी,** 19 सितंबर (देशबन्धु)। विकास खण्ड के ग्राम ओडान में तीज त्यौहार के अवसर पर माताओं बहनों ने उपवास रखकर अपने सौभाग्य की लंबी उम्र की कामना किये अपने क्षेत्र एवम परिवारिक सम्बन्धियो के उज्ज्वल भविष्य की मनोकामनाएं की साथ ही रोपे पीपल बरगद सिंदूर फलदार फूलदार छाँयादार पौधे साथ ही विभिन्न प्रकारों के क्षेत्रिय खेल का आयोजन किया गया। जिसमें चम्मच दौड़, मटका फोड़, कुर्सी दौड़ मुख्य आकर्षण रहा साथ मे पेड़ नही हम प्राण लगाबो सदस्यों द्वारा अनेक प्रकार के पौधे रोपे गए, कार्यक्रम में शामिल अतिथियों को भेंट स्वरूप पौधे दिए गए ।इस सुअवसर पर मुख्य अतिथि सरपँच राजकुमारी कमल, चरण घृतलहरे जनपद सदस्य टिकेश्वर वर्मा उपसरपंच, देवव्रत वर्मा पुर्व सोसायटी अध्यक्ष भाजपा सयोजक संडी तिलक राम वर्मा सेवानिवृत्त रामस्वरूप वर्मा सोसायटी अध्यक्ष तोमन चंद्राकर शुरेंद्र चंद्राकर भागिरथी साहू यशवंत साहू भागीराम नकुल राकेश वर्मा आरती राधा वर्मा गोदावरी साहू प्रभा वर्मा यशवंत दुष्यंत जीतेंद्र कमल आदि सम्मिलित हुए।

# केबिनेट मंत्री डॉ. डहरिया देंगे क्षेत्रवासियों को सवा 12 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की सौगात



**आरंग,** 19 सितंबर (देशबन्धु)। नगरीय प्रशासन विकास एवं श्रम मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया के अनुशंसा एवं प्रयासों से लोक निर्माण विभाग संभाग क्रमांक 01 रायपुर के द्वारा कुकरा सण्डी भानसोज नहरपार मार्ग निर्माण हेतु 11 करोड़ 26 लाख तथा ग्राम बकतरा में नवीन हाई स्कूल भवन निर्माण हेतु 75 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति मिली है तथा समग्र योजनांर्तगत धीवर समाज सामुदायिक भवन निर्माण लागत 6.50 लाख, साहू समाज सामुदायिक भवन निर्माण लागत 6.50 लाख की स्वीकृति मिली है। जिसका 20 सितंबर दिन बुधवार दोपहर 01 बजे क्षेत्रीय विधायक व केबिनेट मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया के करकमलो से भूमिपूजन किया जायेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता खिलेश्वर देवांगन अध्यक्ष जनपद पंचायत आरंग करेंगे। वहीं विशिष्ठ अतिथि के रूप में हेमलता डुमेन्द्र साहू उपाध्यक्ष जनपद पंचायत आरंग, माखन कुर्रे जिला पंचायत सदस्य रायपुर, थानसिंग साहू जिला पंचायत सदस्य रायपुर, द्वारिका साहू संचालक अपेक्स बैंक छ.ग. रानी पवन धीवर जनपद सदस्य आरंग, पुष्पा पिंटू कुर्रे जनपद सदस्य आरंग, कोमल सिंह साहू अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी आरंग, रेश्मिका ज्ञानिक धीवर सरपंच ग्राम पंचायत बकतरा, संतोषी साहू सरपंच भानसोज, मालिक राम पटेल अध्यक्ष शाला विकास समिति हाई स्कूल बकतरा, ओमप्रकाश यादव जोन अध्यक्ष मंदिरहसौद, चन्द्रप्रकाश साहू जोन अध्यक्ष भानसोज, हरि बंजारे जोन प्रभारी भानसोज कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे।

# अपहरण की घटना को अंजाम देने वाला आरोपी वली खान गिरफ्तार, 4 साथी फरार

**आरंग,** 19 सितंबर (देशबन्धु)। प्रार्थी कृष्णा यादव ने थाना मंदिर हसौद में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह ग्राम धमनी में रहता है तथा रोजी मजदूरी का काम करता है। प्रार्थी दिनांक 31.08.2023 को रात्रि में खाना खाने के बाद सो गया था कि रात्रि 12.30 बजे करीब बाथरूम जाने के लिए घर के बाहर निकला तो देखा कि उसके घर के पास एक कार खड़ी थी तथा कार के पास 05 व्यक्ति खड़े थे उसमें से एक व्यक्ति प्रार्थी से बोला कि शराब कहां मिलेगा तब प्रार्थी हमारे गांव मे शराब नही मिलता है कहते हुए घर के अन्दर जाने लगा तो तभी अन्य 04 व्यक्ति ब्यक्ति प्रार्थी को पकड़ लिए और प्रार्थी को खीचते हुए कार की ओर ले जाते हुए कार मे बिठा लिये और बोले कि तुम्हारा भतीजा सागर कहां है उसे बुलाकर लाओ तभी तुम्हे छोड़ेंगे, प्रार्थी द्वारा मुझे नही मालूम कि भतीजा कहां है तब वे लोग प्रार्थी के साथ मारपीट करते हुए उसे ग्राम खंडवा जिला धमतरी के जंगल मे ले गये वहां ले जाकर उसे कार से बाहर फेंक कर प्रार्थी के साथ पुन: मारपीट करने लगे तथा अपने पास रखे चाकू से प्रार्थी के शरीर पर वार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर फरार हो गये जिसके पश्चात् प्रार्थी धीरे-धीरे ग्राम खंडवा पहुंच कर अस्पताल में अपना ईलाज करवाया। जस पर आरोपियों के विरूद्ध थाना मंदिर हसौद में अपराध क्रमांक 521/23 धारा 365 भादवि. का अपराध पंजीबद्ध किया गया।



वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी मंदिर हसौद के नेतृत्व में थाना मंदिर हसौद पुलिस की टीम द्वारा घटना के संबंध में प्रार्थी से विस्तृत पूछताछ करते हुए आरोपियों की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। टीम के सदस्यो द्वारा घटना स्थल सहित प्रार्थी द्वारा बताये मार्गो में लगे सी.सी.टी.व्ही. कैमरों के फुटेजों का अवलोकन करने के साथ-साथ अपहरण की घटना को कारित करने हेतु आरोपियों द्वारा जिस चारपहिया वाहन का उपयोग किया गया था उसके संबंध में भी जानकारी एकत्र कर आरोपियों को चिन्हांकित करने के प्रयास किये जा रहे थे। इसी दौरान टीम के सदस्यो द्वारा प्रकरण में संलिप्त आरोपियों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई जिस पर टीम के सदस्यो द्वारा अभनपुर निवासी वली खान निवासी अभनपुर को पकड़कर कड़ाई से पूछताछ करने पर उसके द्वारा अपने अन्य 04 साथियों के साथ मिलकर अपहरण की उक्त घटना को कारित करना स्वीकार किया गया।

जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा आरोपी वली खान को गिरफ्तार कर उसके विरूद्ध कार्यवाही किया गया। प्रकरण में संलिप्त अन्य आरोपी फरार है, जिनकी पतासाजी कर गिरफ्तार करने के हर संभव प्रयास किये जा रहे है।

गिरफ्तार आरोपी- वली खान पिता स्व. नन्हे खान उम्र 28 साल निवासी ग्राम झांकी थाना अभनपुर रायपुर। कार्यवाही में निरीक्षक रोहित मालेकर थाना प्रभारी मंदिर हसौद, थाना मंदिर हसौद से प्र.आर अशोक वर्मा, आर. निहाली साहू एवं दिनेश झा की महत्वपूर्ण भूमिंका रही।

# कोमाखान के आत्मानंद स्कूल में लोकतांत्रिक पद्धति से स्टूडेंट कॉउंसिल का गठन




**शिक्षकों द्वारा छात्र-छात्राओं को दी गई मतदान प्रक्रिया की जानकारी**

**बागबाहरा,** 19 सितंबर (देशबन्धु)। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कोमाखान में प्रत्यक्ष प्रणाली से स्टूडेंट कॉउंसिल का गठन लोकतान्त्रिक तरीके से छात्र-छात्राओं को कराया गया। साथ ही छात्र-छात्राओं को वोटिंग प्रक्रिया की सामान्य जानकारी स्कूल के प्राचार्य हीरा सिंह नायक द्वारा दिया गया। विद्यालय में बैलेट बॉक्स में गोपनीय माध्यम से मतदान कर संस्था के छात्र-छात्राओं ने हेड बॉय, हेड गर्ल, स्पोर्ट्स कैप्टन, हाऊस कैप्टन का चुनाव किया गया। उच्च प्राथमिक विभाग के शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता विकास हेतु स्टूडेंट कॉउंसिल का चयन चुनाव के माध्यम से वोट डालकर दिया गया। जिसमे छात्र-छात्राओं के अलावा शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी भाग लिया। विद्यार्थी प्रतिनिधियों को विभिन्न प्रभार सौंपा गया। हेड बॉय के रूप में डार्विन साहू, उप हेड बॉय धीरज कुमार चंद्राकर, हेड गर्ल के रूप में मान्या यादव, उप हेड गर्ल साहिबा परवीन का चुनाव किया गया। साथ ही स्पोर्ट कैप्टन तुषार वैष्णव, कुसुमलता साहू, हाउस इंचार्ज अरपा ग्रीन हाउस होमेश्वरी चक्रधारी महानदी रेड हाउस धीरज चंद्राकर, शिवनाथ ब्लू हाउस कुसुमलता साहू, इंद्रावती यलो हाउस तुषार वैष्णव, अनुशासन प्रभारी काव्या धृतलहरे, नूतन साहू कल्चरल इंचार्ज मेराज खान, कुसुमलता साहू को दायित्व सौंपा गया है। इस मतदान प्रक्रिया का संचालन व्याख्याता ईशा शुक्ला, जेबा मकरानी, प्रतिभा साहू द्वारा किया गया। जुनैद अहमद द्वारा अमिट स्याही लगाई गई। प्रथम वोट आचार्य हीरा सिंह नायक, अनिरुद्ध साहू उप प्राचार्य, देवानंद वेदव्यास प्रधानपाठक द्वारा किया गया। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी शिक्षक सोहन पटेल, व्याख्याता रवि कुमार ध्रुव, जोया मकरानी, शीतल कौर, गुरुदेव पटेल, कुंदन यादव, रुपाली साहू, नंदिता ताम्रकार, ऋतुराज साहू, हिमांशु सोनी आदि उपस्थित थें। सभी विद्यार्थियों ने मतदान प्रक्रिया में बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इसी तरह प्रथम पाली में प्राथमिक विभाग के शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को दिए गए प्रोजेक्ट वर्क क्ले आर्ट मिटटी की कला का प्रदर्शन कराया गया। जिसमे छात्र-छात्राओं ने मिटटी और क्ले से विभिन्न प्रकार की आर्ट का निर्माण किया है। छोटे बच्चो के मन में प्रतिभा कौशल को विकसित करने के लिए यह तरीका काफी महत्वपूर्ण है। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कोमाखान में इस तरह के शिक्षकों द्वारा कराए गए कार्यो की क्षेत्र के लोगों ने खूब प्रशंसा किया है। जिससे छात्र-छात्राओं को भविष्य में आगे बढ़ने का यह कदम बहुत ही महत्वपूर्ण रखता है।

# धूमधाम से घर-घर विराजे विघ्नहर्ता गणेशोत्सव का छाया हर्षोल्लास



**कुरुद,** 19 सितंबर (देशबन्धु)। देवो में प्रथम पूज्य गणपति महराज जी का पावन उत्सव गणेश चतुर्थी का आगाज आज हो गया है। शुभमुहूर्त में विघ्नहर्ता बप्पा श्री गणेशजी जी का आगमन घर-घर हो गया है। वहीं नगर के प्रमुख स्थानों में बड़े-बड़े पंडालों में भी लंबोदर महराज जी विराज रहे है ।हर्षोल्लास का वातावरण मंगलमूर्ति सिद्धि विनायक जी के आगमन पर छाया हुआ है ।विगत दिनों से कुरुद सहित अंचल में धूमधाम के साथ गौरी के लाला के आगमन की तैयारी के लिए आमजन जुट हुए थे ।यहां का स्थल सजावट व विसर्जन झांकी की भव्यता देखते ही बनती है।

आज दोपहर से ही कुरुद के प्रमुख स्थानों पर एक से बढ़कर से सजे मनमोहक पंडालो पर बप्पा जी का आगमन हो रहा है। नया बस स्टैंड, संजय नगर, कारगिल चौक, सरोजनी चौक, ब्राह्मण पारा, बैगा पारा, पुराना बाजार, नया बाजार, इंदिरा नगर, पचरीपारा, शंकर नगर, सिरसा चौक, कचहरी चौक, थाना चौक, गांधी चौक, बजरंग चौक, दानीपारा, धोबनी तालाब सहित विभिन्न स्थानों पर तेजी से गणेशोत्सव समिति द्वारा पंडालो में श्री गणेश जी धूमाल-डीजे की मधुर थाप से सजे शोभायात्रा के साथ पधार रहे है।

भारत में त्योहारों का मौसम शुरू हो चुका है और यह साल के सबसे महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक है गणेश चतुर्थी ।गणेश चतुर्थी देवी पार्वती और भगवान शिव के पुत्र भगवान गणेश की जयंती का प्रतीक है और भक्त इस दौरान धन, समृद्धि और सफलता की कामना करते हुए अपने घरों में उनका स्वागत करते हैं ।हिंदू कैलेंडर के अनुसार, गणेश चतुर्थी भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष में आती है, इसे गणेशोत्सव भी कहा जाता है, यह 10 दिनों का त्योहार होता है जिसका समापन अंतिम दिन (अनंत चतुर्दशी) गणेश विसर्जन के साथ होता है ।गणेश जी का जन्म भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की चर्तुथी ति ?थि को हुआ था ।इस वजह से हर साल भाद्रपद शुक्ल चतुर्थी को गणेश चतुर्थी मनाई जाती है ।गणेश जी की चार भुजाएं हैं और वे अपनी चारों भुजाओं में क्रमश- अंकुश, पाश, मोदक से भरा पात्र और वरद मुद्रा धारण करते हैं ।वे पीले वस्त्र पहनने वाले, बड़े पेट वाले और कानों वाले हैं. वे लाल चंदन धारण करते हैं ।गणेश जी को भोग में मोदक प्रिय है और फूलों में लाल रंग का पुष्प उनको भाता है।

# स्व.पीलाबाई को श्रद्धांजलि देने हजारों की तादाद में जैन सैलाब उमड़ा



**बिलाईगढ़,** 19 सितंबर (देशबन्धु)। विधानसभा बिलाईगढ़ के अंतर्गत ग्राम टुंडरी में आज कांग्रेस नेता छत्रसाल साहू के दिवंगत पत्नी पीलाबाई को श्रद्धांजलि देने हजारों के तादाद में कार्यकर्ता एकत्र होकर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। बिलाईगढ़ विधानसभा के वरिष्ठ कांग्रेस नेता छत्रसाल साहू के दिवंगत पत्नी पीलाबाई को श्रद्धांजलि देने हजारों की तादाद में कांग्रेस कार्यकर्ता टुंडरी पहुंचे हुए थे।

ज्ञात हो कि पीला बाई का 10 सितंबर को आकस्मिक निधन हो जाने से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ पड़ी है ।आज दशगात्र कार्यक्रम में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री डॉ शिवकुमार डहरिया नगरीय प्रशासन विकास एवं श्रम मंत्री छत्तीसगढ़ शासन ने भी आज टुंडरी पहुंचकर स्वर्गीय पीला बाई को श्रद्धा सुमन अर्पित कर अपनी संवेदना प्रकट किया साथ ही दिवंगत आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना कर शोक संतृप्त परिजनों से भी मिले।

श्रद्धांजलि देने वालों में से प्रमुख रूप से मंत्री डॉ शिवकुमार डहरिया, जिला अध्यक्ष अरुण मालाकार, हितेंद्र ठाकुर, दिनेश यदु, निरंजन अग्रवाल, गोपाल पांडे, सिद्धार्थ मिश्रा, उत्तम अग्रवाल, सुमित्रा घृतलहरे, नल कुमार पटेल, आशीष अग्रवाल, गोपलाल पटेल, प्रेमशिला नायक, भूपेंद्र नायक, जिला शिक्षा अधिकारी डीजे रानी, डॉक्टर एफ आर निराला, डॉक्टर सुरेश खूंटे, डॉक्टर सी एस पैकरा, हेमंत दुबे, खगेश्वर वैष्णो, यादराम हिरवानी, धनेश यादव, शैलेंद्र देवांगन, भागवत साहू, एस एन साहू, रामनारायण भट्ट, पी के धृतलहरे, डॉक्टर हरिराम पटेल, धरमलाल वर्मा, हर नारायण साहू, दिगंबर दास, कौशल हिरवानी, पुरुषोत्तम, जवाहर पटेल, लक्ष्मी पटेल, नीतीश बंजारे, परमेश्वर कैवर्त्य, इतवारी साहू, गणेश यादव, मनहरण खटकर, हरिदास भारद्वाज, धनसाय साहू, वीरेंद्र श्रीवास्तव, पुनिराम चौहान, संतोष साहू, सुनील सिंघानिया, सुमित अग्रवाल, असारत खान, गुलाम मुर्तजा खान, अशोक धृतलहरे, सरजू प्रसाद, शेखर भट्ट, बलराम देवांगन, फिरित लाल खटकर, भूपेंद्र साहू, नीलू चन्दन साहू, परमानन्द साहू, दीपक टंडन, धरमलाल वर्मा आदि हजारों कार्यकर्ताओं ने दुखद बेला में एकत्र होकर स्वर्गीय पिलाबाई को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

# तिजहारिनों ने शुरू की पति की दीर्घायु के लिए व्रत, सुबह से शिव मंदिरों में उमड़ी भीड़



**खरोरा,** 19 सितंबर (देशबन्धु)। हरितालिका पर्व होने के चलते बीती रात विवाहित महिलाओं ने भात (करेले की सब्जी) का सेवन कर पति की दीर्घायु के लिए कठिन शुरू कर लिया। यहाँ आज सुबह से महिलाएं शिव मंदिरों में पहुंचकर भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा- अर्चना कर पति की दीर्घायु और परिवार की मंगल कामना की। इधर तीज पर्व पर जहां घरों में परिवार के सदस्यों के बीच रौनक बनी रही। वहीं मायके लौटी महिलाओं का आसपास की रहने वाली सहेलियों और अन्य लोगों से मेल-जोल का क्रम बना रहा। तिजहारिनों के मायके लौटने के बाद महिलाओं का अपने माता-पिता और भाईयों व बहनों के बीच हंसी ठिठोली का क्रम बना रहा।

इधर हरितालिका तीज पर्व को लेकर कपड़ा और आभूषण दुकानों में महिलाओं की भीड़ भी उमड़ रही है। इसके अलावा पूजन सामग्रियों की खरीदी करने महिलाओं का बाजार क्षेत्र में चहल-पहल बनी हुई है।

इधर विवाहित महिलाएं दोपहर बाद पूजन की तैयारियों में जुट गई। इससे व्रतधारी महिलाएं देर रात तक भजन- कीर्तन, पूजा- अर्चना किया।

तीजा पर्व को लेकर महिलाओं में उत्साह और भक्तिभाव का माहौल बना हुआ है। सौभाग्यवती महिलाएं अपने मायके में रहकर तीजा व्रत धारण किया। कल सुबह विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर व्रत धारण किया जाएगा। विवाहित महिलाओं ने रविवार को कड़वा भोजन करने के बाद सोमवार दिनभर पति की दीर्घायु को लेकर दिय व्रत रखा। इधर पर्व को लेकर बाजार में महिलाओं ने जमकर खरीदो को वहाँ तीजा पर्व को लेकर कपड़ ज्वेलरी, श्रृंगार सहित अन्य दुकानों में महिलाओं को अब अच्छी खासी उपस्थिति रही। गत दो-तीन दिनों से तीजा में पर्व को लेकर खरीदी के लिए अच्छी खासी उपस्थिति लोगों की बनी हुई है। आगामी दिनों में भी बाजार में चहल पहल बने रहने को संभावना है। वहाँ पर्व के चलते वाहनों में भी भीड़ का माहौल बना हुआ

# झेरिया यादव समाज फुलझर राज के बसना तहसील में महिलाओं की गठन किया



**बिलाईगढ़,** 19 सितंबर (देशबन्धु)। छ.ग झेरिया यादव समाज से सम्बद्ध इकाई फुलझर राज के अंतर्गत बसना तहसील में आज नया इतिहास रचते हुये समाज के विकास में कंधा से कंधा मिलाकर चलने के लिए नारी शक्ति की गठन किया गया ।आज बसना तहसील के कार्यक्रम की प्रारम्भ भगवान श्री कृष्ण के पूजा अर्चना करने के पश्चात श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का आय व्यय का हिसाब किया गया। तत्पश्चात महिला प्रकोष्ठ का गठन किया गया ।बसना तहसील अध्यक्ष सुंमन यादव, कार्यकारी अध्यक्ष प्यारी यादव, उपाध्यक्ष सुश्री रमला यादव, सचिव दिपीका यादव, केंद्रीय महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष श्रीमती संतोषी यादव, उपाध्यक्ष हेमलता यादव, नवनिर्वाचित नारी शक्ति ने समाज के विकास बच्चों की शिक्षा और संगठन में भरपूर सहयोग देने की बात कही और उपस्थित सभी नारी शक्ति ने सामाजिक महिलाओं को मुख्यधारा में जोड़ने के लिए हरसंभव प्रयास करने के लिए एकजुटता दिखाई आज के कार्यक्रम को सफल बनाने में फुलझर राज अध्यक्ष जगत राम यादव, एवं फुलझर राज कोषाध्यक्ष खुलूराम यादव जी एवं बसना तहसील अध्यक्ष नरेन्द्र यादव सचिव कुंजराम यादव एवं केंद्रीय पदाधिकारी एवं तहसील पदाधिकारी झेरिया यादव समाज के संगठन में महत्वपूर्ण योगदान देते हुए दिन रात एक करने वाले फुलझर राज झेरिया यादव समाज बसना-सरायपाली के सभी पदाधिकारियों को बहुत बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं इसकी जानकारी मीडिया प्रभारी ओमप्रकाश यादव ने दी।